RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 38
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 25 नवंबर, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर





योगदान का मतलब हर मैच में शतक बनाना कतई नहीं
स्पोर्ट्स-11



www.dailypioneer.com


# पांच किलो मुफ्त अनाज योजना मार्च तक बढ़ी

## ● केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दी मंजूरी

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** मंत्रिमंडल ने बुधवार को राशन कार्डधारकों को राहत प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के तहत मुफ्त खाद्यान्न आपूर्ति को मार्च, 2022 तक यानी चार महीने के लिए बढ़ाने का फैसला किया। सरकार के इस फैसले से राजकोष पर 53,344 करोड़ रुपए का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। पीएमजीकेएवाई योजना के तहत मुफ्त खाद्यान्न वितरण करने की घोषणा पिछले साल मार्च में कोविड महामारी के दौरान गरीबों को राहत प्रदान करने के लिए की गई थी।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के तहत 2-3 रुपए प्रति किलो की बेहद सब्सिडी प्राप्त दर पर प्रदान किए जाने वाले सामान्य कोटे के ऊपर पीएमजीकेएवाई योजना के तहत यह मुफ्त खाद्यान्न वितरण होगा। इस फैसले की जानकारी देते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि मंत्रिमंडल ने पीएमजीकेएवाई कार्यक्रम को मार्च, 2022 तक चार महीने के लिए बढ़ा दिया है। उन्होंने कहा कि इससे राजकोष पर 53,344 करोड़ रुपए का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। उन्होंने कहा कि पीएमजीकेएवाई की कुल लागत



नई दिल्ली में मंत्रिमंडल के निर्णयों की जानकारी देते केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर

इस चालू कार्यक्रम के सभी पांच चरणों सहित लगभग 2.6 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच जाएगी। कोविड-19 महामारी के दौरान देशव्यापी लॉकडाउन के बीच गरीबों को राहत प्रदान करने के लिए यह योजना अप्रैल, 2020 में तीन महीने के लिए शुरू की गई थी। तब से इसे कई बार बढ़ाया जा चुका है।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के तहत सामान्य कोटे से अधिक पांच किलो खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है। केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा, पीएमजीकेएवाई को मार्च, 2022 तक चार महीने के लिए बढ़ा दिया गया है। पिछले साल देश में कोविड-19 महामारी के तेजी से फैलने कारण आर्थिक गतिविधियां प्रभावित होने के चलते सरकार ने मार्च, 2020 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के करीब 80 करोड़ लाभार्थियों को मुफ्त अनाज वितरण करने की घोषणा की थी। इस योजना के पहले चरण और दूसरे चरण को क्रमशः अप्रैल से जून, 2020 और जुलाई से नवंबर, 2020 तक चालू किया गया था। योजना का तीसरा चरण, मई से जून 2021 तक चालू था, जबकि योजना का चौथा चरण मौजूदा में जुलाई-नवंबर, 2021 के लिए चालू है। एक सरकारी बयान में कहा गया है, दिसंबर, 2021 से मार्च, 2022 तक पांचवे चरण के लिए खाद्य सब्सिडी की अतिरिक्त लागत 53,344.52 करोड़ रुपए होने का अनुमान है। पीएमजीकेएवाई के तहत पांचवें चरण के लिए खाद्यान्न के स्तर पर कुल ( शेष पेज 9 )

### प्रधानमंत्री आवास योजना में 3.61 लाख घरों का होगा निर्माण

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत 17 राज्यों और संघ शासित प्रदेशों में 3.61 लाख घरों के निर्माण को मंजूरी दे दी है। इस मंजूरी के साथ योजना के तहत स्वीकृत घरों की कुल संख्या 1.14 करोड़ हो गई है। एक बयान में बुधवार को यह जानकारी दी गई। केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई केंद्रीय मंजूरी एवं निगरानी समिति (सीएसएमसी) की बैठक में यह मंजूरी दी गई। बयान के अनुसार, केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय ने कहा कि 1.14 करोड़ स्वीकृत घरों में से 89 लाख से अधिक का निर्माण किया जा रहा है और 52.5 लाख मकान लाभार्थियों को वितरित किए गए हैं। इसके अलावा सचिव ने राज्यों और संघ शासित प्रदेशों को बिना देरी किए मुद्दों को हल करने के लिए कहा है ताकि घरों के निर्माण में तेजी लाई जा सके।

### तीन कृषि कानून निरस्त करने संबंधी विधेयक पर कैबिनेट ने लगायी मुहर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने तीन कृषि कानूनों को निरस्त करने संबंधी विधेयक को बुधवार को मंजूरी दे दी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने यह जानकारी दी। संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान तीन कृषि कानूनों को निरस्त करने से संबंधित विधेयक पेश किए जाने के लिए सूचीबद्ध है। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद अनुराग ठाकुर ने संवाददाताओं को बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह फैसला किया गया।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 19 नवंबर को गुरु पर्व के अवसर पर राष्ट्र के नाम संबोधन में तीन कृषि कानूनों को वापस लेने के फैसले की घोषणा की थी। उन्होंने बताया कि आज केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इन तीन कृषि कानूनों को वापस लेने के संबंध में औपचारिकताएं पूरी कर ली गईं। सूचना प्रसारण मंत्री ने बताया कि संसद के 29 नवंबर को शुरू होने वाले शीतकालीन सत्र के दौरान लोकसभा एवं राज्यसभा में इन कानूनों को निरस्त करने संबंधी प्रक्रिया पूरी की जाएगी। एक सवाल के जवाब में ठाकुर ने कहा, संसद में भी इस कार्य (तीन कृषि कानूनों को निरस्त करने) को प्राथमिकता के आधार पर लिया जाएगा।

उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल के कार्य को हमने पूरा कर लिया है और संसद को जो करना है, उस दिशा में काम को हम सत्र के पहले हफ्ते और पहले दिन से ही आरंभ करेंगे। ठाकुर ने हालांकि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) एवं कृषि से जुड़े अन्य मुद्दों के अध्ययन करने के लिए समिति के गठन से जुड़े सवालों का जवाब नहीं दिया जिसके बारे में प्रधानमंत्री ने घोषणा की थी। वहीं, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व ( शेष पेज 9 )

# गुमनाम स्वतंत्रता सेनानियों का योगदान भी लोगों तक पहुंचे

## ● चौधरी हरमोहन सिंह यादव के जन्म शताब्दी समारोह में बोले राष्ट्रपति

**भाषा।** कानपुर

**राष्ट्रपति** रामनाथ कोविंद ने कहा कि देश को तमाम लोगों के महत्वपूर्ण योगदान के बाद स्वतंत्रता प्राप्त हुई है और आजादी में भूमिका निभाने वाले गुमनाम लोगों का भी ब्योरा जनता तक पहुंचाना सभी का कर्तव्य है। जिले के दो दिवसीय दौरे पर आए राष्ट्रपति कोविंद बुधवार को चौधरी हरमोहन सिंह यादव के जन्म शताब्दी समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, आजादी के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में देश में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है।

इस दौरान हम स्वतंत्रता संग्राम के उन गुमनाम नायकों के योगदान को याद करेंगे जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति दे दी थी। इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानियों अजीजन बाई, मैनावती, जयदेव कपूर, शिव वर्मा, विजय कुमार सिन्हा और डॉ. गया प्रसाद को याद करते हुए राष्ट्रपति ने कहा, ऐसे कई स्वतंत्रता सेनानियों के महत्वपूर्ण योगदान के कारण भारत को स्वतंत्रता मिली है, इसलिए हम सभी का कर्तव्य है कि ऐसे गुमनाम





कानपुर पहुंचने पर बुधवार को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का स्वागत करती राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान की जानकारी जनता तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा, किसी भी राष्ट्र के उज्जवल भविष्य की नींव, अतीत के अनुभव और पूर्वजों की विरासत से मजबूती प्राप्त करती है। एक सुदृढ़, यशस्वी, विकसित और समृद्ध भारत के लिए निर्माण में हम सबकी सक्रिय भागीदारी होनी चाहिए। चौधरी हरमोहन सिंह यादव के जीवन पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रपति कोविंद ने कहा, हरमोहन सिंह का जीवन सादगी और जनसेवा का उत्तम उदाहरण है। 1984 में उन्होंने सांप्रदायिक सौहार्द का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। अपनी जान जोखिम में डालकर उन्होंने उन्मादी भीड़ का डटकर मुकाबला किया और बड़ी संख्या में लोगों की लजान बचाई। उन्होंने कहा, उनका जीवन भावी पीढ़ी के लिए अनुकरणीय है। हरमोहन सिंह सादगी और जनसेवा के प्रेरणास्रोत थे। उन्होंने लोगों के जीवन में, विशेषकर हाशिए पर रहने वालों और किसानों के जीवन में खुशियाँ लाने का प्रयास किया। राष्ट्रपति ने कहा कि ग्राम सभा से लेकर राज्यसभा तक, कृषि के बारे में हरमोहन सिंह के विचारों को नीति निर्माताओं ने बहुत गंभीरता से सुना। शिक्षा के क्षेत्र में हरमोहन सिंह के प्रयासों की सराहना करते हुए राष्ट्रपति ने कहा, वह समझते थे कि शिक्षा हर परिवार और समाज की प्रगति का आधार है। वह कहते थे कि शिक्षा लोगों के जीवन को बेहतर बनाने और समाज तथा ( शेष पेज 9 )

# मोदी से मिलीं ममता



नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भेंट करतीं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी

## ● पश्चिम बंगाल में बीएसएफ का अधिकार क्षेत्र बढ़ाए जाने का मुद्दा उठाया

**भाषा।** नई दिल्ली

**पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और राज्य में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के अधिकार क्षेत्र में विस्तार के मुद्दे को उठाते हुए इसे वापस लेने की मांग की। तृणमूल कांग्रेस की मुखिया ने प्रधानमंत्री से यह भी कहा कि किसी भी सूरत में देश के संघीय ढांचे को नुकसान नहीं पहुंचाया जाना चाहिए।

प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद संवाददाताओं से बातचीत में बनर्जी ने कहा कि उन्होंने अगले साल पश्चिम बंगाल में होने वाले वैश्विक उद्योग सम्मेलन का उद्घाटन करने के लिए प्रधानमंत्री को आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने त्रिपुरा में हिंसा का मुद्दा भी उठाया, जिसमें तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं द्वारा कथित तौर पर हमले किए गए हैं। उत्तर प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनाव के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, यदि अखिलेश यादव (समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष) को हमारी मदद की जरूरत होगी तो हम उन्हें मदद ( शेष पेज 9 )

# मेघालय में कांग्रेस के 12 विधायक तृणमूल कांग्रेस में शामिल

**भाषा।** नई दिल्ली

**तृणमूल** कांग्रेस (टीएमसी) ने बुधवार को कहा कि मेघालय में कांग्रेस के 17 में से 12 विधायक पार्टी में शामिल हो गए हैं। इन 12 विधायकों में पूर्व मुख्यमंत्री मुकुल संगमा भी शामिल हैं। विधानसभा में विपक्ष के नेता संगमा कथित तौर पर कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व से नाखुश चल रहे थे। इस बीच कांग्रेस विधायक एच एम शांगप्लियांग ने राज्य में पार्टी के 12 विधायकों के तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) में शामिल होने की बात कही। टीएमसी के एक वरिष्ठ नेता ने दावा किया कि नए विधायकों के साथ आने से तृणमूल कांग्रेस राज्य में प्रमुख विपक्षी दल बन गई है। सूत्रों ने कहा कि 2023 में मेघालय में होने वाले चुनावों को देखते हुए, राज्य में टीएमसी के विकल्पों का पता लगाने के लिए चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर की टीम के सदस्य शिलांग में हैं। मेघालय प्रदेश तृणमूल कांग्रेस की औपचारिक शुरुआत 2012 में राज्य की 60 में से 35 सीटों पर चुनाव लड़ने के इरादे से की गई थी।

# मुठभेड़ में टीआरएफ के तीन आतंकी ढेर



श्रीनगर में आतंकियों से मुठभेड़ के दौरान डटे सुरक्षाबलों के जवान

**भाषा।** श्रीनगर

**श्रीनगर** में हाल में आम नागरिकों की हत्या के मामले में वांछित द रजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) आतंकवादी संगठन के एक स्वयंभू कमांडर समेत तीन आतंकवादियों को सुरक्षा बलों ने बुधवार को मार गिराया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शहर के रामबाग इलाके में कुछ देर तक मुठभेड़ चली। उन्होंने कहा कि टीआरएफ का स्वयंभू कमांडर मेहरान शल्ला समेत तीन आतंकवादी एक कार में जा रहे थे जिन्हें सुरक्षा बलों ने रोक लिया। अधिकारियों ने कहा कि आतंकवादियों ने जब भागने की कोशिश की तो सुरक्षा बलों ने उन्हें मार गिराया। शहर के जमालता इलाके के रहने वाले शल्ला के अलावा दो अन्य आतंकवादी मंजूर अहमद मीर और अराफात शेख थे। ए दोनों पुलवामा निवासी थे। अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादी लश्कर-ए-तैयबा के सहयोगी संगठन टीआरएफ से जुड़े थे। उन्होंने कहा कि पिछले महीने श्रीनगर के ईदगाह इलाके में एक स्कूल के भीतर दो शिक्षकों की गोली मारकर हत्या करने समेत अनेक आम नागरिकों की हत्या के सिलसिले में मेहरान की सुरक्षा बलों को तलाश थी। दूसरी ओर आतंकवादियों ने बुधवार को जम्मू कश्मीर के बांदीपुरा जिले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक शिविर पर ग्रेनेड फेंका। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कोई नुकसान नहीं हुआ क्योंकि ग्रेनेड अपने लक्ष्य से चूक गया। अधिकारियों ने कहा कि आतंकियों ने बांदीपुरा के सुंबल में सीआरपीएफ शिविर की ओर ग्रेनेड फेंका। उन्होंने कहा कि ग्रेनेड सड़क किनारे फट गया और किसी को नुकसान नहीं हुआ।

### कार्वाई के दौरान बलिदान होने वाले सीआरपीएफ कर्मियों की अनुग्रह राशि बढ़ी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने कार्वाई के दौरान या अन्य कारणों से ड्यूटी पर जान गंवाने वाले अपने कर्मियों के परिवारों को दी जाने वाली अनुग्रह राशि बढ़ा दी है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि नए नियमों के अनुसार, लड़ाई के दौरान जान गंवाने वाले कर्मियों के परिवारों को 35 लाख रुपए की अनुग्रह राशि दी जाएगी। उन्हें अबतक 21.5 लाख रुपए दिए ( शेष पेज 9 )

# बसपा-कांग्रेस की निलंबित विधायक वंदना सिंह और अदिति सिंह भाजपा में शामिल



लखनऊ में विधायक अदित सिंह और वंदना सिंह ने ली भाजपा की सदस्यता

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव की सरगर्मी के बीच बुधवार को बहुजन समाज पार्टी की निलंबित विधायक वंदना सिंह और कांग्रेस की निलंबित विधायक अदिति सिंह ने भारतीय जनता पार्टी के मुख्यालय में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने दोनों महिला विधायकों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई और उनका स्वागत करते हुए कहा, आज पहली बार दो महिला विधायक भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो रही हैं। एक अखिलेश को चुनौती देने के लिए आजमगढ़ और एक सोनिया-प्रियंका (कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा) को। दोनों परिश्रमी हैं और अपने-अपने क्षेत्र में लोकप्रिय हैं। दोनों विधायकों की सराहना करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, दलित शोषित और पीड़ित के पक्ष में रहती हैं और आज भाजपा को मजबूत करने, उप्र के विकास और 2022 में भाजपा की प्रचंड जीत के लिए दोनों ने भाजपा की ( शेष पेज 9 )

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 58,340 | ⇩ | 323 | |
| निफ्टी | 17,415 | ⇩ | 88 | |
| सोना | 46,613 | ⇩ | 119 | /10g |
| चांदी | 61,671 | ⇩ | 517 | /kg |

## क्विक न्यूज

### पनडुब्बी सूचना लीक मामले में तीसरी चार्जशीट दाखिल


**नई दिल्ली।** पनडुब्बी रेट्रोफिटिंग सूचना लीक मामले में सीबीआई ने अपनी तीसरी चार्जशीट में नौसेना के दो कमांडर जगदीश और अभिषेक शॉ को आरोपी बनाया है। सूत्रों ने बताया कि मामले में ताजा चार्जशीट में सीबीआई ने आईएनएस सिंधुरत्न-एमआरएलसी (मीडियम रिफिट लाइफ सर्टिफिकेशन) परियोजना के लिए अग्रिम भुगतान से संबंधित जानकारी को कथित तौर पर लीक करने के लिए कमांडर अजीत पांडे और सेवानिवृत्त नौसेना अधिकारी कमोडोर रणदीप सिंह को भी नामित किया है। इससे पहले, जांच एजेंसी ने छह आरोपियों और हैदराबाद स्थित फर्म एलन प्रबलित प्लास्टिक लिमिटेड (एआरपीएल) के खिलाफ दो आरोप पत्र दायर किए थे। एजेंसी ने 21 सितंबर को गिरफ्तार किए कमांडर जगदीश के खिलाफ जांच पूरी करने के बाद तीसरा आरोप पत्र दायर किया।

# गंभीर को आईएसआईएस कश्मीर ने दी धमकी

## ● घर के बाहर सुरक्षा बढ़ाई गई

**भाषा।** नई दिल्ली

**भाजपा** के सांसद गौतम गंभीर को आईएसआईएस कश्मीर से कथित तौर पर जान से मारने की धमकी मिलने के बाद बुधवार को उनके दिल्ली स्थित आवास के बाहर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस उपायुक्त (मध्य) को भेजी गई एक शिकायत में कहा गया कि मंगलवार को रात करीब नौ बजकर 32 मिनट पर गौतम गंभीर के आधिकारिक ईमेल आईडी पर आईएसआईएस कश्मीर की तरफ से जान से मारने की धमकी मिली। अधिकारियों ने बताया कि ई-मेल में लिखा है, हम तुम्हें और तुम्हारे परिवार को जान से मार देंगे। उन्होंने बताया



कि शिकायत में, मामले का संज्ञान लेने, प्राथमिकी दर्ज करने और सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम करने का आग्रह किया गया है। पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ की ओर से गूगल को पत्र लिखकर उस ईमेल आईडी के संचालक समेत अन्य संबंधित जानकारी मांगी गई है, जिससे कथित धमकी भरा संदेश भेजा गया। विशेष प्रकोष्ठ के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि इससे उस उपकरण के आईपी पते के बारे में जानकारी मिल ( शेष पेज 9 )

# जेवर हवाईअड्डे के पहले चरण पर 8,914 करोड़ का निवेश

## ● प्रधानमंत्री आज रखेंगे इस हवाईअड्डे की आधारशिला, कुल 29,560 करोड़ रुपए की लागत आने का अनुमान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली, लखनऊ

**ग्रेटर** नोएडा के जेवर में प्रस्तावित नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के पहले चरण में करीब 8,914 करोड़ रुपए का निवेश होगा और यहां से सालाना 1.2 करोड़ यात्रियों की आवाजाही होने लगेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बृहस्पतिवार को इस हवाईअड्डे की आधारशिला रखेंगे। इस अवसर पर उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उपस्थित रहेंगे। करीब 1,330 एकड़ भूभाग में फैले इस हवाईअड्डे से सितंबर, 2024 तक परिचालन शुरू होने की उम्मीद है।



जेवर हवाईअड्डे के होने वाले शिलान्यास समारोह की तैयारियों में जुटे कर्मचारी

शुरुआत में जेवर हवाईअड्डे पर दो हवाईपट्टियां चालू होंगी।

इस हवाईअड्डे के विकास का ठेका ज्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल को दिया गया है। नागर विमानन मंत्रालय में सचिव राजीव बंसल ने बताया कि हवाईअड्डे के विकास के पहले चरण पर कुल 8,914 करोड़ रुपए की लागत आने का अनुमान है जिसमें से 4,588 करोड़ रुपए का पूंजीगत व्यय होगा। वहीं 4,326 करोड़ रुपए की राशि भूमि अधिग्रहण एवं पुनर्वास पर खर्च होगी। पहला चरण पूरा होने के बाद यह हवाईअड्डा सालाना 1.2 करोड़ यात्रियों का परिचालन करने की स्थिति में होगा। विकास के सभी चारों चरण पूरा होने के बाद यह क्षमता बढ़कर सात करोड़ यात्रियों तक पहुंच जाएगी। बंसल के मुताबिक, इस हवाईअड्डे के विकास पर कुल 29,560 करोड़ रुपए की लागत आने का अनुमान है। अभी इसमें उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से भूमि अधिग्रहण एवं पुनर्वास के मद में खर्च की जाने वाली राशि शामिल नहीं है। इस हवाईअड्डे का विकास यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड (वाईआईएपीएल) करेगी जिसमें ज्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल की 100 फीसद ( शेष पेज 9 )

### कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से दिल्ली के लिए पहली घरेलू उड़ान कल से

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर

**कुशीनगर** अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से दिल्ली के लिए पहली घरेलू उड़ान शुक्रवार को रवाना होगीं। हवाई अड्डा निदेशक ए. के. द्विवेदी ने बताया, शुक्रवार से, कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा संचालित हो रहा है। स्पाइसजेट कुशीनगर और दिल्ली के बीच एक उड़ान सेवा शुरू कर रहा है। अगले महीने से और दो शहरों के लिए उड़ानें हवाई अड्डे से शुरू होंगी। इनमें कोलकाता के लिए 17 दिसंबर से और मुंबई के लिए 18 दिसंबर से उड़ानें शुरू होंगी। कुशीनगर में बने इस अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 20 अक्टूबर को किया था। कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से पहली यात्री उड़ान सेवा 26 नवम्बर को शुरू हो रही है। इस दिन विमानन सेवा प्रदाता कम्पनी स्पाइस जेट का विमान दिन में 12 बजे दिल्ली से उड़ान भरकर 1:35 बजे कुशीनगर पहुंचेगा। यानी सड़क मार्ग से लगने वाला अमूमन 15 घण्टे का समय महज डेढ़ घण्टे में सिमट जाएगा। कुशीनगर से दिल्ली की फ्लाइट 1:55 बजे उड़ान भरेगी और लैंडिंग शाम 3:55 बजे होगी। ( विस्तृत पेज 2 )

# कुशीनगर विकास के नए रनवे से उड़ान भरने को तैयार

- शुक्रवार से शुरू होगी कुशीनगर और दिल्ली के बीच पहली यात्री हवाई सेवा
- अगले माह से कोलकाता और मुंबई के लिए भी शुरू हो जाएगी फ्लाइट

**पायनियर समाचार सेवा।** गोरखपुर, लखनऊ



कुशीनगर का शुमार कभी पूर्वांचल के सबसे पिछड़े जिलों में होता था। 2017 में मुख्यमंत्री बनने के बाद योगी आदित्यनाथ ने यहां बुनियादी सुविधाओं को तो मजबूत किया ही, इसके ऐतिहासिक महत्व को देखते हुए विकास की नई संभावनाओं को भी तलाशा।

**तथागत** बुद्ध की महापरिनिर्वाण स्थली कुशीनगर योगी सरकार के प्रयास से विकास के नए रनवे से उड़ान भरने को पूरी तरह तैयार है। इसका बड़ा आधार बना है कुशीनगर में बना इंटरनेशनल एयरपोर्ट जिसका उदघाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बीते 20 अक्टूबर को किया था। इस एयरपोर्ट से पहली यात्री उड़ान सेवा शुक्रवार 26 नवम्बर को शुरू हो रही है। पहली पैसेंजर फ्लाइट दिल्ली और कुशीनगर के बीच होगी। इससे दिल्ली की यात्रा महज डेढ़ से दो घण्टे में पूरी हो जाएगी। अगले माह से कुशीनगर से कोलकाता और मुंबई के लिए भी यात्री उड़ान सेवा प्रारंभ हो जाएगी।

बुद्धभूमि के रूप में सांस्कृतिक समृद्धता के बावजूद कुशीनगर का शुमार कभी पूर्वांचल के सबसे पिछड़े जिलों में होता था। 2017 में मुख्यमंत्री बनने के बाद योगी आदित्यनाथ ने यहां बुनियादी सुविधाओं को तो मजबूत किया ही, इसके ऐतिहासिक महत्व को देखते हुए विकास की नई संभावनाओं को भी तलाशा। कुशीनगर में इंटरनेशनल एयरपोर्ट की सौगात भी इसी संभावनाओं को परवान चढ़ाने की दिशा में बड़ा कदम है। एयरपोर्ट कुशीनगर ने न केवल इस जिले समेत आसपास के जिलों और सीमावर्ती बिहार के लोगों की सुगम हवाई यात्रा का मार्ग प्रशस्त किया है बल्कि पर्यटन विकास और निवेश के नए द्वार भी खोल दिया। कुशीनगर इंटरनेशनल एयरपोर्ट से पहली यात्री उड़ान सेवा 26 नवम्बर को शुरू हो रही है। इस दिन विमानन सेवा प्रदाता कम्पनी स्पाइस जेट का जहाज दिन में 12 बजे दिल्ली से उड़ान भरकर 1. 35 बजे कुशीनगर पहुंचेगा। यानी सड़क मार्ग से लगने वाला अमूमन 15 घण्टे का समय महज डेढ़ घण्टे में सिमट जाएगा। कुशीनगर से दिल्ली की फ्लाइट का 1.55 पर टेकऑफ होगा और लैंडिंग 3. 55 बजे होगी। कुशीनगर से दिल्ली पहुंचने में सिर्फ दो घण्टे लगेंगे। दिल्ली से कुशीनगर और कुशीनगर से दिल्ली के बीच यह सेवा सप्ताह में चार दिन सोमवार, बुधवार, शुक्रवार और रविवार को उपलब्ध होगी। इसके साथ ही दिसम्बर में कुशीनगर से कोलकाता और मुंबई के लिए भी हवाई सेवा प्रारम्भ हो जाएगी। इसके लिए भी स्पाइस जेट ने एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया से मंजूर शेड्यूल जारी कर दिया है। कोलकाता के लिए 17 दिसम्बर और मुंबई के लिए 18 दिसम्बर से फ्लाइट शुरू होगी। स्पाइस जेट का विमान 17 दिसम्बर को दोपहर में 1.35 बजे कोलकाता से उड़ान भरकर दोपहर बाद 3.20 बजे कुशीनगर पहुंचेगा जबकि 3. 40 बजे कुशीनगर से उड़ान भरकर कोलकाता

## नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे में प्रदेश की उल्लेखनीय उपलब्धियों पर मुख्यमंत्री ने दी बधाई

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे-5 2020-21 में उत्तर प्रदेश द्वारा उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल किए जाने पर राज्य की जनता को बधाई दी है। उन्होंने कहा कि नेशनल फैमिली हेल्थ सर्वे-5 2020-21 की यह उपलब्धियां स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार तथा महिला सशक्तीकरण सहित जीवन की सुगमता के लिए प्रदेश सरकार द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सफलता का उदाहरण हैं। राज्य सरकार के प्रवक्ता ने बताया कि विगत साढ़े चार वर्ष से अधिक की अवधि में महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलम्बन तथा कन्या भ्रूण हत्या रोकने के प्रयास सफल हुए हैं। सर्वे के अनुसार वर्ष 2015-16 में लिंगानुपात प्रति 1000 पुरुषों पर महिलाओं की संख्या 995 से बढ़कर वर्ष 2020-21 में 1017 हो गया है। सर्वे के अनुसार प्रदेश में खाना पकाने के लिए स्वच्छ ईंधन का इस्तेमाल करने वाले परिवारों तथा बेहतर सैनिटेशन सुविधा का उपयोग करने वाले परिवारों के प्रतिशत में भी उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

# बाईपास व रिंग रोड के कार्यों को शीघ्र पूरा किया जाए

- उपमुख्यमंत्री ने की लोक निर्माण विभाग व सेतु निगम के कार्यों की प्रगति की समीक्षा

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उपमुख्यमंत्री** केशव प्रसाद मौर्य ने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये हैं कि बाईपास व रिंग रोड के कार्यों को शीघ्रातिशीघ्र पूरा किया जाय तथा अधूरे व जर्जर पुलों के निर्माण कार्य में और अधिक तेजी लाई जाय। उन्होने कहा कि विभाग में नवनियुक्त सहायक अभियन्ताओं की क्षमता व प्रतिभा का भरपूर लाभ लिया जाय। उन्होने निर्देश दिये कि अवशेष वित्तीय स्वीकृतियां तत्काल जारी की जांय। उन्होने कहा कि बिना किसी भेदभाव के सभी क्षेत्रों में समान रूप से कार्य कराये जांय। केशव प्रसाद मौर्य बुधवार को लोक निर्माण विभाग स्थित तथागत सभागार में लोक निर्माण विभाग व सेतु निगम के कार्यों की प्रगति की समीक्षा के दौरान यह निर्देश दिए।

उन्होंने योजनावार व मदवार बजट की जानकारी हासिल की और अब तक जारी की गयी वित्तीय स्वीकृतियों की जानकारी हासिल करते हुये कहा कि शेष वित्तीय स्वीकृतियां अविलम्ब जारी की जाएं। उन्होंने कहा कि फाइनेन्शियल मैनेजमेन्ट सिस्टम को और मजबूत किया जाय। अभियन्ताओं व कार्मिकों को कार्यों के प्रति प्रेरित करने वाले स्लोगन कार्यालयों में लिखे जाएं। श्री मौर्य ने कहा कि अच्छा कार्य करने वाले अभियन्ताओं को प्रोत्साहित किया जाय तथा जिनका परफार्मेन्स ठीक नहीं है उन्हें सचेत किया जाय और कार्यों के प्रति उदासीनता बरतने वाले अधिकारियों के विरूद्ध कार्यवाही की जाय। उन्होने निर्देश दिये कि चौधरी चरण सिंह, कांवड़ पथ, ब्रज 84 कोसी परिक्रमा, अयोध्या 84 कोसी परिक्रमा, अन्तर्राष्ट्रीय, अन्तर्राजीय सीमाओं पर बनने वाले द्वार जैसी प्रक्रियाधीन परियोजनाओं को धरातल पर उतारने के लिये सभी औपचारिकताएं सम्बन्धित अधिकारियों से समन्वय व तारतम्य बनाकर पूरी की जाएं।

# कल से कांग्रेस चलाएगी 15 दिन का सदस्यता महाअभियान

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** कांग्रेस कमेटी ने विधानसभा चुनाव के पहले उत्तर प्रदेश में एक करोड़ नये सदस्य बनानें का एक महत्वकांक्षी कार्यक्रम घोषित किया है। इसके तहत पूरे प्रदेश में 23000 सदस्यता प्रभारियों के नेतृत्व में घर घर जाकर कांग्रेस के सदस्य बनायें जायेंगे और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी द्वारा घोषित प्रतिज्ञाओं का पत्र वितरित किया जायेगा।

प्रदेश कांग्रेस कार्यालय पर बुधवार को प्रेस वार्ता के दौरान प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू ने कहा कि उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी संविधान दिवस के दिन 26 नवंबर से सदस्यता अभियान शुरू करने जा रही है। एक परिवार के नये 4 सदस्यों को जोड़ते हुए 10 दिसम्बर तक यानि 15 दिनों में कांग्रेस पार्टी ने 1 करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य रखा है। इस अभियान के अर्न्तगत न्याय पंचायत और वार्डों के 23000 प्रभारी कांग्रेस पार्टी के नये सदस्य बनायेंगे। संविधान दिवस के दिन खासतौर पर दलित बस्तियों में भीम चर्चा के तहत संविधान निर्माता डा. भीमराव अम्बेकर के जीवन और योगदान पर विशेष चर्चा होगी और रात्रि भोज का आयोजन भी किया जायेगा। लल्लू ने कहा कि प्रत्येक जिला, शहर नगर और जिले के सभी ब्लाक, शहर, नगर के सभी वार्ड, न्याय पंचायत एवं ग्रामसभा स्तर पर इस सदस्यता अभियान को चलाया जायेगा। इस सदस्यता अभियान के तहत प्रत्यके कार्यकर्ता प्रतिदिन 25 नये सदस्य बनायेगा इसके लिए मोबाइल नंबर 8230005000 पर मिस्ड काल करना होगा। उन्होंने कहा कि प्रियंका गांधी ने लड़की हूँ लड़ सकती हूँ का जो नारा दिया है, उसको मद्देनजर महिला विद्यालयों और कालेजों पर बैनर आदि लगाकर सदस्यता अभियान चलाया जायेगा।

# यूपी स्टेट इन्स्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज के लिए 131 पदों का सृजन

- शासनादेश जारी, प्रतिनियुक्ति व सीधी भर्ती के माध्यम से होगी शैक्षणिक व गैर शैक्षणिक संवर्ग के पदों पर नियुक्तियां

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**पुलिस** की विवेचना मे वैज्ञानिक साक्ष्यों का अधिकाधिक समावेश किये जाने आदि के प्रयास गम्भीरता से किये जा रहे हैं। इसी कड़ी में लखनऊ में बनने वाले उत्तर प्रदेश स्टेट इन्स्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज के संचालन के लिए शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक पदों के सृजन का निर्णय लिया गया है।

अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश कुमार अवस्थी ने बताया कि यूपी स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज की स्थापना का मुख्य उद्देश्य बेहतर पुलिसिंग, अपराध नियत्रंण एवं फॉरेंसिक साइंसेज के क्षेत्र में क्षमता निर्माण तथा वैज्ञानिक संस्थाओं के प्रति जागरूकता तथा वैज्ञानिक दृष्टिकोण का विकास करना है। इसमे अध्ययन के अलावा पुलिसए अभियोजनए फॉरेंसिक वैज्ञानिक एवं न्यायिक अधिकारियों को प्रशिक्षण भी प्रदान किया जायेगा। जिससे प्रदेश के पुलिस एवं न्याय विभाग के अधिकारियों की व्यवसायिक दक्षता मे वृद्धि होगी तथा न्यायालय के कार्यो में सुगमता होगी। अवस्थी ने बताया कि इस संबंध में शासनादेश जारी कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक संवर्ग के कुल 131 पदों का सृजन शासन द्वारा किया गया है। इन पदों पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर तथा सीधी भर्ती के माध्यम से नियुक्तियां की जायेगी। उत्तर प्रदेश स्टेट इन्स्टीट्यूट ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज के संचालन के लिए निदेशक, अतिरिक्त निदेशक, प्रशासनिक अधिकारी, वित्त अधिकारी, पुस्तकालय सहायक, लेखाधिकारी, एकाउन्टेन्ट, कैम्पस सुपरवाइजर व सुरक्षा अधिकारी हेतु एक एक पद सृजित किया गया है।

शासनादेश के अनुसार उप निदेशक, सहायक लेखाधिकारी, कम्प्यूटर प्रोग्रामर के 2–2 पद भी सृजित किये गये हैं। इसके अलावा असिस्टेंट रजिस्ट्रार के 5, प्रोफेसर के 3, एसोसिएट प्रोफेसर के 6, असिस्टेंट प्रोफेसर के 16, वैज्ञानिक अधिकारी के 5, वैज्ञानिक सहायक के 6, वरिष्ठ सहायक के 8, कनिष्ठ सहायक के 16, प्रयोगशाला सहायक के 14, स्टैनों के 4, कम्प्यूटर ऑपरेटर के 3, रिकार्ड कीपर के 4 पदों का सृजन किया गया है। इन पदों पर प्रतिनियुक्ति के आधार पर तथा सीधी भर्ती के माध्यम से नियुक्तियां की जायेगी। सीधी भर्ती के माध्यम से नियुक्ति किये जाने के लिए एनएफएसयू गॉधीनगर, गुजरात के मानक के आधार पर शैक्षणिक एवं गैर शैक्षणिक संवर्ग की नियमावली तैयार करते हुये कार्यवाही की जायेगी। शासनादेश में यह भी कहा गया है कि इसके अलावा चतुर्थ श्रेणी के 20 पद व वाहन चालक के 6 पद भी सृजित किये गये हैं, जिन्हे आउटसोर्स के माध्यम से भरा जायेगा। उल्लेखनीय है कि यूपी स्टेट इंस्टीट्यूट ऑफ फारेसिंक साइंसेज लखनऊ का 50 एकड़ भूमि पर ग्राम पीपरसण्ड परगना बिजनौर तहसील सरोजनी नगर लखनऊ में निर्माण किया जा रहा है जिसमें से लगभग 5 एकड़ भूमि पर सेन्टर ऑफएक्सीलेंस की स्थापना होगी।

# संजय सिंह व कृष्णा पटेल ने अखिलेश से की मुलाकात, गठबंधन की मुहिम हुई तेज

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**उत्तर** प्रदेश में वर्ष 2022 में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए राज्य की मुख्य विपक्षी पार्टी सपा का छोटे दलों को एक मंच पर लाने की मुहिम काफी तीव्र गति से चल रही है। इस क्रम में बुधवार को सपा मुखिया अखिलेश यादव से आम आदमी पार्टी से राज्यसभा सांसद एवं पार्टी के यूपी प्रभारी संजय सिंह तथा अपना दल (कमेरावादी) की राष्ट्रीय अध्यक्ष कृष्णा पटेल ने मुलाकात की। दोनों दल के नेताओं के सलाहकार को विधानसभा चुनाव की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

सपा प्रमुख से मुलाकात के बाद कृष्णा पटेल ने अपना दल कमेरावादी के कार्यालय में पत्रकार वार्ता करके बताया की अभी हमारी सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के साथ चर्चा हुई और हमारा गठबंधन हो गया है। हम समान विचारधारा वालों के साथ गठबंधन कर रहे हैं। बहुत जल्द हम संयुक्त मंच पर दिखेंगे। एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा सीटों को लेकर हमारी कोई बहुत बड़ी प्राथमिकता नहीं थी। प्राथमिकता सिर्फ हमारे साथ चलने की थी और आज हमारा गठबंधन हो गया है और हम साथ हैं। सीटों को लेकर अभी कुछ विशेष चर्चा नहीं हुई है। सीट बंटवारे के सवाल पर कृष्णा पटेल ने कहा देखिए, हम लोगों की बहुत सी सीटों पर बातचीत हुई है और बहुत सी सीटों पर बातचीत चल रही है। हमारी लगभग 20 से 25 सीटें रहेंगी।

वहीं दूसरी और बुधवार को ही आम आदमी पार्टी नेता और उत्तर प्रदेश प्रभारी संजय सिंह की सपा मुखिया अखिलेश यादव से मुलाकात कर गठबंधन की चर्चाओं को हवा दी है। बुधवार सुबह आप नेता संजय सिंह ने अखिलेश यादव से जनेश्वर मिश्रा ट्रस्ट के कार्यालय में मुलाकात की। यह दोनों नेताओं की तीसरी मुलाकात है। दोनों नेताओं के बीच एक घंटे तक बातचीत हुई। इस बारे में संजय सिंह ने कहा कि हमारा लक्ष्य बीजेपी के कुशासन को हटाना है और इसीलिए हम साथ आने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सपा से गठबंधन की दिशा में बातचीत शुरू हो चुकी है।

उधर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि सन् 2022 में होने वाले चुनाव जनता के लिए महत्वपूर्ण है। भाजपा लोकतंत्र को हराना चाहती है। भाजपा की नीतियां जनहित विरोधी हैं। उससे लोग ऊब गए हैं। अब जनता का रुझान समाजवादी पार्टी की ओर है। समाजवादी पार्टी जनता के लिए सरकार बनाना चाहती है। अखिलेश यादव यहां पार्टी मुख्यालय में डॉ लोहिया सभागार में एकत्र कार्यकर्ताओं को सम्बोधित कर रहे थे।

# भाजपा नेता बहुजन समाज पार्टी में शामिल

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**बसपा** सुप्रीमो मायावती के विचारों व पार्टी की नीतियों से प्रेरित होकर बुधवार को राष्ट्रीय महासचिव एवं राजयसभा सांसद सतीश चंद्र मिश्र के नेतृत्व में उनके लखनऊ कार्यालय पर भाजपा नेता राहुल रावत, अमित कुमार पुत्र स्वर्गीय राम खिलावन रावत (पूर्व विधायक हसनगंज, उन्नाव) तथा सौरभ गौतम अपने सैकड़ों समर्थकों के साथ बसपा में शामिल हुए। इस मौके पर सतीश चंद्र मिश्र ने कहा कि हमारे पास बहुत कम समय है। इसी समय में हमें लोगों के पास जाना है। पार्टी के विकास कार्यों के बारे में बताना है।

# लेखपाल व एजी ऑफिस के एकाउंटेंट सहित पांच गिरफ्तार

## प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली करने वाले गिरोह का खुलासा

- नीली बत्ती लगी फॉर्च्यूनर गाड़ी, आई 20 कार और साढ़े 5 लाख रुपए की नकदी बरामद

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**एसटीएफ** ने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में ऑनलाइन परीक्षा केन्द्रों पर केन्द्र संचालकों से सेटिंग कर अभ्यर्थियों की जगह साल्वर बैठाकर एवं एप के माध्यम से नकल कराने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया। एसटीएफ ने गोरखपुर से गिरोह में शामिल एक लेखपाल और एजी ऑफिस इलाहाबाद के एकाउंटेंट सहित पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से नीली बत्ती लगी एक फॉर्च्यूनर गाड़ी, एक आई 20 कार और साढ़े 5 लाख रुपए भी बरामद हुए। छानबीन के दौरान एसटीएफ की फील्ड यूनिट गोरखपुर को ज्ञात हुआ कि एक व्यक्ति जो ऑन लाइन परीक्षाओं में सेटिंग कराता है, वह विष्णुपुरम भेडियागढ़ मोहल्ले में कुछ अभ्यर्थियों की सेटिंग कराने के लिये आने वाले हैं। इस सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते संतोष कुमार यादव को गिरफ्तार किया। पूछताछ में संतोष कुमार यादव ने बताया कि मकान 812 एफ विष्णुपुरम भेडियागढ़ में पहले मंजिल पर साल्वर गैंग के कुछ सदस्य मौजूद हैं। तत्पश्चात शीघ्रता से उक्त मकान के प्रथम तल पर पहुंचकर उसे खुलवाने का प्रयास किया गया तो अन्दर बैठे व्यक्तियों ने करीब एक घण्टे बाद दरवाजा खोला। जिसमें प्रथम तल के हाल में साक्ष्य मिटाने हेतु कम्प्यूटर के सामान और कागजात बिखरे पड़े थे ए जहां चार अन्य अभियुक्तों अंकित कुमार श्रीवास्तव उर्फ आकाश श्रीवास्तव, विनय कुमार यादवए नीरज लाकड़ा और अभिनाश यादव को गिरफ्तार किया गया।

संतोष कुमार यादव ने पूछताछ में बताया कि उसने आज ही आकाश उर्फ अंकित श्रीवास्तव को दो अभ्यर्थियों को एसएससी की परीक्षा में चयन के लिये साढ़े पांच लाख रुपये दिया था। आकाश उर्फ अंकित श्रीवास्तव ने पूछताछ पर बताया कि वह वर्तमान में गीडा में लेखपाल के पद पर कार्यरत है। पिछले कई वर्षों से भर्ती परीक्षा में धांधली व फर्जीवाड़ा करता रहा है। इसके पहले इसकी मां के नाम पर स्वयं का अनिता ऑनलाइन सेन्टर गोरखपुर में था, जो बाद में बन्द हो गया। जब सेन्टर चलता था तब भी यह भर्ती परीक्षा में धांधली करता था। यह ऑनलाइन परीक्षा कराने वाले सेन्टर के कई संचालकों के संपर्क में है। जो विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं के प्रवेश पत्र बरामद हुए है, उनमें से कुछ अभ्यर्थियों की सेटिंग सेन्टर संचालकों से कर चुका है। जो मूल दस्तावेज एवं हस्ताक्षर युक्त चेक बरामद हुए है वह धांधलीकर अभ्यर्थियों के चयन कराने के लिए लिया है। बरामद सीपीयू मानीटर आदि के बारे में बताया कि साल्वर को अपने घर बैठाकर स्क्रीन शेयर करने वाले किसी ऐप से सेन्टर संचालक से मिलकर घर से ही प्रश्न साल्व करा देता था। अभिनाश यादव ने बताया कि वह वर्तमान में एजी आफिस इलाहाबाद में एकाउंटेण्ट के पद पर नियुक्त है। आकाश उर्फ अंकित श्रीवास्तव ने मुझे साल्वर के तौर पर बुलाया था। विनय यादव ने बताया कि वह प्रतियोगी परीक्षा देने वाले अभ्यर्थियों को खोज कर इन लोगों से सेटिंग कराता है।

# अबू सलेम गिरोह का अपराधी हारिश खान गिरफ्तार

**लखनऊ।** मुम्बई सीरियल बम ब्लास्ट के मास्टर माइण्ड डी कम्पनी के अंडरवर्ल्ड डॉन अबू सलेम व अम्बेडकरनगर के कुख्यात अपराधी जफर सुपारी और खान मुबारक के निकट सहयोगी 25 हजार रुपए के इनामी अपराधी हारिश खान को एसटीएफ ने नोएडा से गिरफ्तार किया। हारिश खान अबू सलेम व खान मुबारक का पैसा एनसीआर क्षेत्र में प्रापर्टी में लगाने व इस गैंग का भय दिखाकर पैसा वसूलने का काम करता था। नोएडा में दिल्ली के एक व्यापारी को गोली मारने की घटना में वह वांछित चल रहा था। उसके कब्जे से एक पिस्टल और कारतूस बरामद हुए हैं। गिरफ्तार अपराधी हारिश खान ने पूछताछ पर बताया कि वर्ष 2004 में वह अपने पूरे परिवार के साथ मुम्बई चला गया था। जहां पर उसके दादा की कपड़े की दुकान थी। उसी दौरान वर्ष 2006 में छोटा राजन से जुड़े हुए अमजद खान एवं हिमांशु चौधरी की मुम्बई में हत्या हो गयी।

पायनियर वर्गीकृत

### सूचना

मैंने अपना नाम राजा रस्तोगी से बदलकर राजकुमारी रस्तोगी पत्नी आलोक कुमार रस्तोगी कर लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। पता–शाहगंज भरवारी कौशाम्बी।

### सूचना

मेरा नाम पहले तेजबीर सिंह था जिसे मैने बदलकर तेजबीर सिंह चढ्ढा कर लिया है। तथा मेरे पिता. जी का नाम पहले सुरजीत सिंह चढ्ढा था उसे बदलकर सुरजीत सिंह कर लिया है। भविष्य में हम दोनों को इसी नाम से जाना–पहचाना जाए। तेजबीर सिंह चढ्ढा, एच–1/4, किदवई नगर, कानपुर।

### सूचना

सूच्य हो कि मैंने अपने पुत्र विवेक कुमार सिंह उर्फ प्रिन्स का चाल–चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब से उसके किसी कृत्य व लेन–देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं रहेगा। सुरेन्द्र नाथ सिंह पुत्र स्व0 राम प्रसाद सिंह निवासी–मो0 बेहटी, निकट– पाटनदीन चौराहा, शिवाला के पास, कस्बा, परगना, तहसील व थाना–लहरपुर, जिला–सीतापुर

# गन्ना किसानों की समृद्धि के लिए सरकार ने किए बड़े पैमाने पर काम

## चार सालों में चीनी मिलों में नई परियोजनाओं पर किया 3,333 करोड़ रुपए निवेशः भूसरेड्डी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



**अपर** मुख्य सचिव चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास संजय आर भूसरेड्डी ने बताया कि विगत चार वर्षों में प्रदेश सरकार द्वारा गन्ना किसानों के हित में चीनी मिलों के साथ साथ गन्ना आपूर्ति के लिए बड़े पैमाने पर कार्य किया गया है। चीनी उद्योग एवं खाण्डसारी से जुड़ी उपर्युक्त परियोजनाओं पर विगत 4 वर्षों में लगभग कुल 3,333 करोड़ रूपये का निवेश किया गया है। जिनसे प्रदेश के गन्ना उत्पादक कृषकों को अपनी गन्ना फसल के विक्रय में सुगमता आयेगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश सरकार ने ग्रामीण क्षेत्र में लघु एवं कुटीर उद्योगों के विकास तथा स्थानीय रोजगार सृजन के दृष्टिगत खाण्डसारी इकाइयों की स्थापना से जुड़े नियमों को सरलीकृत किया गया, जिसके फलस्वरूप खाण्डसारी इकाईयों के 275 नवीन लाइसेंस निर्गत किये गये। इन परियोजनाओं पर कुल 1,161.20 करोड़ रूपये का निवेश होने का अनुमान है। श्री भूसरेड्डी ने बताया कि पूर्वांचल क्षेत्र में किसानों को पुनः गन्ना खेती हेतु प्रेरित कर आर्थिक रूप से समृद्ध बनाने के लिए तथा यूपी राज्य चीनी निगम के अधीन बंद चीनी मिलों के संचालन का निर्णय लेते हुए मुण्डेरवा एवं पिपराईच में 5,000 टीसीडी क्षमता की नई चीनी मिलें एवं सल्फरलेस शुगर उत्पादन का संयंत्र स्थापित कर संचालित की गई इसके साथ ही 27 मेगावाट का नया कोजन प्लाण्ट भी लगाया गया। इन परियोजनाओं पर कुल 873.30 करोड़ रूपये का निवेश किया गया। निगम क्षेत्र की मोहिउद्दीनपुर चीनी मिल की पेराई क्षमता बढ़ाकर 3,500 टीसीडी की गई तथा 15 मेगावाट का कोजन लगाया गया, जिस पर 165 करोड़ रूपये का निवेश किया गया। सहकारी क्षेत्र की चीनी मिल रमाला की पेराई क्षमता को बढ़ाते हुए 5,000 टीसीडी का नया प्लाण्ट स्थापित किया गया तथा 6 चीनी मिलों यथा सरसांवा, अनूपशहर, सम्पूर्णानगर, बेलरायां, पुवांया एवं नानपारा में तकनीकी अपग्रेडेशन एवं 6 आसवनियों यथा ननौता, सम्पूर्णानगर, अनूपशहर, कायमगंज, नानपारा एवं घोसी में जेडएलडी प्लाण्ट की स्थापना कर आसवनियों को दोबारा संचालित किया गया। 2 चीनी मिलों नजीबाबाद एवं सठियांव में नये आसवनी प्लाण्ट स्थापित किये गये। इन परियोजनाओं पर कुल 647.25 करोड़ रूपये का निवेश किया गया।

इसके अतिरिक्त 11 निजी चीनी मिलों में गन्ने की उपलब्धता को देखते हुए गन्ना आपूर्ति को सुगम बनाने हेतु इन चीनी मिलों की 20,600 टीसीडीपेराई क्षमता बढ़ायी गई है तथा इन पर लगभग 515 करोड़ रूपये का निवेश हुआ है। उन्होंने बताया कि किसानों की गन्ना आपूर्ति समस्या के दृष्टिगत सहकारी क्षेत्र की चीनी मिल रमाला बागपत की पेराई क्षमता बढ़ाकर 5,000 टीसीडी की गई तथा 27 मेगावाट का नया कोजन प्लाण्ट स्थापित किया गया जिस पर कुल 309.46 करोड़ रूपये का निवेश किया गया। उन्होंने यह भी बताया कि सहकारी क्षेत्र की स्नेहरोड–बिजनौर चीनी मिल में 40 केएलपीडी क्षमता की नई आसवनी स्थापित की गई जिस पर कुल 51.37 करोड़ रूपये का निवेश किया गया है।

## सार्वजनिक नीलामी सूचना

पत्रांक संख्या–813/–11 (साइ0स्टैण्ड–नीलामी)/2021 दिनांक : 24 नवम्बर 2021

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता कि वित्तीय वर्ष 2021–22 (नवम्बर, 2021 से 31मार्च, 2022 तक) के लिए तहसील परिसर में बने साइकिल/ मोटरसाइकिल स्टैण्ड(मुख्य गेट के बगल उत्तर तरफ) की नीलामी वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए दिनांक 24.11.2021 को अपरान्ह 3.00 बजे तहसील सभाकक्ष गें निश्चित की गयी थी, किन्तु अवकाश होने के कारण बोली नहीं कराई जा सकी। अतः नीलामी हेतु अग्रिम तिथि 08.12.2021 नियत की जाती है। कार्यवाही की सामान्य शर्ते यथावत रहेंगी।

साइकिल/मोटर साइकिल स्टैण्ड का विवरण।

| क्रमांक | नाम स्टैण्ड | स्टैण्ड का विवरण |
|---|---|---|
| 1 | साइकिल/मोटर साइकिल /दो पहिया वाहन | तहसील परिसर सदर तहसील गोण्डा मुख्य गेट के बगल उत्तर तरफ बना स्टैण्ड |

नीलाम अधिकारी/नायब तहसीलदार, सदर गोण्डा

## कार्यालय नगर पंचायत महोना जनपद लखनऊ

पत्रांक–800/न0पं0म0/कु0प्र0सू0/2021–22 दिनांक : 23.11.2021

### कुटेशन सूचना

नगर पंचायत महोना में स्वच्छ भारत मिशन (IEC) के अन्तर्गत जागरूकता अभियान हेतु विभिन्न कार्य नुक्कड़ नाटक, वाल राइटिंग, होर्डिंग, साइनबोर्ड, स्वच्छता किट आपूर्ति कार्य संस्थाओं/फर्म से मुहर. बंद कुटेशन 30.11.2021 को समय अपरान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित किये जाते है। उक्त कुटेशन दिनांक 30.11.2021 को समय अपरान्ह 2:00 बजे सक्षम अधिकारी के समक्ष खोले जायेंगे कुटेशन के साथ पंजीयन प्रमाण–पत्र, आयकर नम्बर व जी0एस0टी0 नम्बर की प्रमाणित प्रति संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा। सामग्री आपूर्ति से सम्बन्धित नियम व शर्तें प्रत्येक कार्य दिवस में कार्यालय समय में देखा जा सकता है। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये एक या सभी कुटेशन निरस्त करने का सुरक्षित अधिकार होगा। नियमानुसार टैक्स की कटौती की जायेगी।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत महोना
लखमऊ

अध्यक्ष
नगर पंचायत महोना
लखमऊ

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः (0522) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

आज़ादी का अमृत महोत्सव

# भारत के एविएशन मैप के शीर्ष पर उत्तर प्रदेश
# नोएडा के जेवर में दुनिया का चौथा सबसे बड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट



प्रधानमंत्री जी के विज़न के तहत फ्यूचर-रेडी एविएशन सेक्टर के लिए ऐतिहासिक कदम

भारत में पहली बार इंटीग्रेटेड मल्टी-मॉडल कार्गो हब की अवधारणा के साथ एयरपोर्ट का निर्माण, लॉजिस्टिक लागत में कमी और समय की होगी बचत

लोकल उत्पाद और उपज अन्तरराष्ट्रीय बाज़ारों में होंगे अधिक प्रतिस्पर्धी

दिल्ली, नोएडा, गाज़ियाबाद, अलीगढ़, आगरा, फरीदाबाद जैसे शहरों के साथ करोड़ों लोगों को लाभ

हर साल करीब सवा करोड़ यात्रियों का आवागमन

देश में सर्वाधिक 5 इंटरनेशनल एयरपोर्ट वाला राज्य

उत्तरी भारत के लॉजिस्टिक गेटवे के रूप में प्रदेश ग्लोबल लॉजिस्टिक मैप पर उभरेगा

## नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट का शिलान्यास
## नरेन्द्र मोदी
### प्रधानमंत्री द्वारा

गरिमामयी उपस्थिति

**योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

**ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया**
मंत्री, नागरिक विमानन, भारत सरकार

**केशव प्रसाद मौर्य**
उप मुख्यमंत्री
उत्तर प्रदेश

**नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी'**
मंत्री, नागरिक उड्डयन, राजनैतिक पेंशन, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ़ एवं हज, उत्तर प्रदेश

**डॉ. महेश शर्मा**
सांसद, गौतमबुद्ध नगर

**सुरेन्द्र सिंह नागर**
सांसद, राज्यसभा

**धीरेन्द्र सिंह**
विधायक, जेवर

**दिनांक :** 25 नवम्बर, 2021
**समय :** मध्याह्न 12:00 बजे
**स्थान :** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट साइट, जेवर, गौतमबुद्ध नगर

कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखें
DD News
https://pmevents.ncog.gov.in
DD National/Uttar Pradesh
UPGovtOfficial
CMOUttarpradesh
CMOfficeUP

₹5730 करोड़ से अधिक का निवेश, पहले चरण में 3300 एकड़ भूमि पर निर्माण

एक लाख से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर

निवेश की संभावनाओं को बल। फिल्म सिटी, मेडिकल डिवाइस पार्क, एपैरल पार्क और उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर अलीगढ़ नोड के निर्माण से पश्चिमी उत्तर प्रदेश को विशेष लाभ

एयरपोर्ट के साथ ही एयरो सिटी के निर्माण की योजना

हॉस्पिटैलिटी और टूरिज्म सेक्टर को बढ़ावा

नेट जीरो एमिशन के साथ संचालन

डिजिटल टेक्नोलॉजी पर आधारित संचालन

एयरपोर्ट के साथ ग्राउंड ट्रांसपोर्टेशन सेंटर का भी विकास, जिससे एयरपोर्ट तक रोड, रेल और मेट्रो से निर्बाध कनेक्टिविटी

वर्ष 2024 तक निर्माण पूरा करने का लक्ष्य

# सोच ईमानदार, काम दमदार

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

# यूपी के शहरों ने लिखा नया इतिहासः टंडन

● प्रदेश के शहरों ने स्वच्छता सर्वेक्षण में हासिल किए 18 पुरस्कार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**लखनऊ** नगर विकास मंत्री आशुतोष टण्डन ने कहा है कि प्रधानमंत्री के संकल्प के अनुरूप और मुख्यमंत्री के मार्ग दर्शन में प्रदेश के शहरों ने इस वर्ष फिर स्वच्छता सर्वेक्षण में 18 पुरस्कार हासिल करके नया इतिहास रचा है।

श्री टंडन ने अपने सरकारी आवास पर आयोजित प्रेस वार्ता में कहा कि स्वच्छ अमृत महोत्सव 2021 में राज्य के शहरों को देश के प्रतिष्ठित 18 पुरस्कारों से सम्मानित किया गया। विगत दिवस में नई दिल्ली स्थितविज्ञान भवन में आयोजित स्वच्छ अमृत महोत्सव 2021 में राष्ट्रपति रामनाथ कोविन्द ने नम्बर वन बेस्ट गंगा टाउन का पुरस्कार वाराणसी शहर को प्रदान किया। वाराणसी को यह पुरस्कार एक लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की श्रेणी में मिला हैं। श्री टंडन ने बताया कि स्वच्छ अमृत महोसव 2021 प्रदेश की राजधानी लखनऊ को बेस्ट स्टेट कैपिटल इन सिटीजन फीड बैक का पुरस्कार दिया गया। उन्होंने बताया कि प्रदेश के एक अन्य बड़े शहर मेरठ को फास्टेस्ट मूवर बिग सिटी के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। गाजियाबाद को बेस्ट बिग सिटी इनोवेशन एण्ड बेस्ट प्रेक्टिसेस पुरस्कार से सम्मानित किया गया। नोएडा को 3 लाख से 10 लाख तक के आबादी के शहरों की श्रेणी में इण्डियाज क्लीनेस्ट मीडियम सिटीका पुरस्कार मिला। श्री टंडन ने बताया कि इस महोत्सव में एक लाख से कम आबादी वाले शहरों की श्रेणी में कन्नौज को नम्बर वन बेस्ट गंगा टाउन का पुरस्कार मिला।

हापुड़ शहर को 1 लाख से अधिक आबादी वाले शहरों की श्रेणी में बेस्ट सिटी इन मैक्सीमम सिटीजन्स पार्टीसिपेशन पुरस्कार से सम्मानित किया गया। पटियाली को 1 लाख से कम आबादी वाले शहरों की श्रेणी में बेस्ट सिटी इन मैक्सीमम सिटीजन्स पार्टीसिपेशनपुरस्कार से सम्मानित किया गया। हसनपुर शहर को 50 हजार से 1 लाख की श्रेणी में फास्टेस्ट मूवर सिटी पुरस्कार से सम्मानित किया गया। आवागढ़ शहर को 25 हजार आबादी वाले शहरों की श्रेणी में एवं गजरौला को 50 हजार से 1 लाख की श्रेणी में बेस्ट सिटी इन सिटीजन फीडबैक पुरस्कार से सम्मानित किया गया। मेरठ कैन्ट को 1 लाख की आबादी वाले शहर की श्रेणी में इण्डियाज क्लीनेस्ट कैन्टोनमेन्ट के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। साथ ही वाराणसी कैन्ट को लाख से अधिक आबादी वाले शहर की श्रेणी में बेस्ट कैन्टोनमेन्ट इन सिटीजन फीडबैक के पुरस्कार से सम्मानित किया गया। गार्वेज फ्री सिटी शहरों की श्रेणी में प्रदेश के 5 शहरों को स्टार रेटिंग का पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। इसमे 10 लाख की आबादी से अधिक शहरों की श्रेणी में लखनऊ एवं गाजियाबाद को, 1 लाख से 10 लाख की आबादी वाले शहरों की श्रेणी में नोएडा, अलीगढ़ एवं झाँसी को स्टार रेटिंग का पुरस्कार मिला।

# पृथक कृषि फीडर पर सुबह 7 से शाम 5 बजे तक मिल रही निर्बाध बिजलीः श्रीकांत

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के ऊर्जा मंत्री श्रीकान्त शर्मा ने कहा कि अब सिंचाई व अन्य कृषि कार्यों के लिए किसान को रात भर जागकर खेतों में ठंड से परेशान नहीं होना पड़ रहा है। फीडर सेपरेशन कर दिन में उसे दस घंटे खेत पर निर्बाध बिजली मिल रही है। उन्होंने कहा कि पूर्व सरकारों में किसानों को रात भर जागना पड़ता था। बिजली का कोई अता-पता नहीं होता था। अब पृथक कृषि फीडर पर सुबह 7 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली रहती है। किसानों को 7.55 रुपये की बिजली मात्र 1.25 रुपये में मिल रही है। प्रदेश की योगी सरकार में गांवों को 18 घंटे बिजली देने और सिंचाई के लिए 10 घंटे बिजली देने के लिए किए जा रहे फीडर सेपरेशन के कार्य में 334 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। वर्ष 2017-18 तक 513 कृषि व ग्रामीण फीडर अलग किए गए थे। वहीं प्रदेश की वर्तमान सरकार में 2020-21 तक 2227 फीडर अलग किए गए।

ऊर्जा मंत्री ने कहा कि पूर्व सरकारों में डीजल पर निर्भरता से सिंचाई पर प्रति यूनिट 25-30 रुपये खर्च आता था। जो अब महज 1.25 रुपये हो गया है। उन्होंने उपभोक्ताओं से अपील की कि एकमुश्त समाधान योजना का लाभ लें और पूरे प्रदेश में 24 घंटे सस्ती एवं निर्बाध आपूर्ति के संकल्प को पूरा करने में सहयोग करें। योजना के तहत 30 नवंबर तक मूल बकाये का भुगतान कर 30 सितंबर तक के बकाये के सरचार्ज से मुक्ति पाएं। उपभोक्ता अपने क्षेत्र के अधीक्षण अभियंता, एसडीओ कार्यालय या सीएससी पर पंजीकरण करा सकते हैं और बिल जमा कर सकते हैं। उपभोक्ता वेबसाइट पर ऑनलाइन पंजीकरण भी कर सकते हैं। इसकी जानकारी नजदीकी बिजली घर व टोल फ्री नम्बर 1912 पर भी ली जा सकती है।

# चुनाव को लेकर विपक्षी पार्टी करा रही दुष्प्रचारः कौशल किशोर



संवाददाता। माल

**आगामी** चुनाव को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा बुलाई गयी जनसभा को सम्बोधित करते हुये केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर व कैबिनेट मंत्री महेंद्र सिंह ने सपा, बसपा व कांग्रेस कोआड़े हाथों लिया। साथ ही भाजपा सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं व उपलब्धियों को गिनाते हुए प्रदेश में पुनः भाजपा की सरकार बनाने की लोगों से अपील की।

पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत बुधवार को कस्बे के पूर्व माध्यमिक विद्यालय परिसर में भाजपा द्वारा आयोजित जनसभा को सम्बोधित करने पहुचे केंद्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर और प्रदेश सरकार के जलशक्ति मंत्री महेंद्र सिंह ने सपा, बसपा व कांग्रेस को हर मोर्चे पर विफल बताते हुये जमकर कोसा। सभा को सम्बोधित करते हुये केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर ने कहा कि टिकट व उम्मीदवारी को लेकर क्षेत्र में दुष्प्रचार कर जनता को भ्रमित किया जा रहा है। उन्होंने विना किसी का नाम लिए कहा कि सपा के एक नेता ने जो कुछ वर्ष पूर्व मेरी हत्या की सुपारी दी थी। उसके द्वारा एक सदरौना गांव के बाबा को क्षेत्र में घुमाकर यह दुष्प्रचार प्रचार किया जा रहा है कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व द्वारा विधान सभा चुनाव में उक्त बाबा को टिकट दिया जायेगा।

# झुग्गी-झोपड़ियों में रहने वालों से मिलने पहुंची मंत्री स्वाति सिंह

● शिविर लगाकर राशनकार्ड, आधार कार्ड, मतदाता, जाति व आय प्रमाण पत्र बनवाने का दिया आश्वासन

संवाददाता। सरोजनीनगर

**प्रदेश** सरकार में राज्यमंत्री स्वाती सिंह ने बुधवार को सरोजनीनगर में गहरू रोड एवं खुदा ताल नहर किनारे झुग्गी-झोपड़ियों में बसे नट समुदाय के बीच पहुंचकर वहां की स्थिति को परखा। उन्होंने यहां प्रत्येक झोपड़ी में पहुंचकर लोगों से बातचीत करते हुए उनका हालचाल लिया। इसके बाद वो सेंट्रल इंस्टीट्यूट आफ पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलाजी, बिजनौर रोड पहुंचकर वहां चल रहे कौशल विकास मिशन का निरीक्षण किया और विद्यार्थियों से व्यवस्था के बारे में जानकारी ली। दोपहर बाद गहरू रोड नट बस्ती में पहुंची, स्वाती सिंह ने एक-एक झुग्गी में जाकर व्यवस्था देखीं और नट समाज के लोगों के साथ बातचीत कीं। उन्होंने उन्हें आश्वस्त किया कि कोई भी जरूरत पड़े तो हमारा दरवाजा पहले भी चौबीस घंटे खुला रहता है। उन्होंने यहाँ पुनर्वास की व्यवस्था के साथ ही पात्र लोगों के कार्ड बनवाने हेतु अधिकारियों से शिविर लगाने को निर्देशित किया।

# शुद्ध व त्रुटिरहित मतदाता सूची तैयार कराने में विशेष ध्यान दिया जाए



● चुनाव की तैयारियों को लेकर मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने की वीडियो कांफ्रेंसिंग

● संवेदनशील व अति संवेदनशील बूथों की सूचना 28 नवम्बर तक उपलब्ध कराएं

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अजय कुमार शुक्ला ने विधान सभा चुनाव की तैयारियों को लेकर समस्त जनपदों के जिला निर्वाचन अधिकारियों एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा की गयी। मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा 30 नवम्बर तक चलने वाले विशेष मतदाता पुननीक्षण-2021 की समीक्षा करते हुए समस्त जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिये कि 18 से 19 वर्ष के नये मतदाताओं के पंजीकरण पर विशेष बल दिया जाये। साथ ही कोई भी मतदाता न छूटने पाये इसको सुनिश्चित कराते हुए शुद्ध, समावेशी एवं त्रुटि रहित मतदाता सूची तैयार कराने में विशेष ध्यान दिया जाए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने पंजीकरण के लिए प्राप्त आवेदनों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण ढंग से निस्तारण सुनिश्चित कराने के कड़े निर्देश देते हुए कहा कि पंजीकरण के लिए प्राप्त आवेदनों का गहन परीक्षण करके निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित प्रक्रिया का शतप्रतिशत अनुपालन कराते हुए ही आवेदनों के निस्तारण की आवश्यक कार्यवाही की जाए। उन्होंने समस्त जिला निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिये कि एक आवेदन के गलत निस्तारण होने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। इस विषय में रोल आब्जर्वर के रूप में तैनात मण्डलायुक्तों को स्थानीय स्तर पर गुणवत्तापूर्ण निस्तारण एवं समावेशी सूची बनाना सुनिश्चित करने के लिए निर्देशित किया। बैठक में अपर पुलिस महानिदेशक कानून एवं व्यवस्था प्रशान्त कुमार ने निर्देश दिया कि प्रदेश के सभी सेक्टर, जोनल ऑफीसर के साथ सेक्टर पुलिस आफीसर भी संयुक्त रूप से संवेदनशील एवं अति संवेदनशील बूथों का भ्रमण कर उसकी सूचना 28 नवम्बर तक उपलब्ध कराएं।

# अधिकरण में हो विशेषज्ञों की नियुक्तिः न्यायमूर्ति गोविन्द माथुर

## राज्य लोक सेवा अधिकरण के 47 वां स्थापना दिवस का हुआ आयोजन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**इलाहाबाद** हाईकोर्ट के पूर्व मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति गोविन्द माथुर ने कहा कि राज्य लोक सेवा अधिकरण की कार्यप्रणाली बेहतर बनाने के लिए रिटायर्ड जज और ब्यूरोक्रेट के बजाय विशेषज्ञों को सदस्य बनाया जाना चाहिए। यदि 40-45 की उम्र के विशेषज्ञों को ट्रिब्यूनल का सदस्य बनाया जाए तो ट्रिब्यूनल मजबूत होंगे।

इंदिरा भवन के सभागार में राज्य लोक सेवा अधिकरण के 47वें स्थापना दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि वादों के निस्तारण में सूचना प्रौद्योगिकी का महत्वपूर्ण योगदान होता है। उन्होंने कहा कि राज्य लोक सेवा अधिकरण, लोक सेवकों के मुकदमों का निस्तारण त्वरित गति से करते हुए कर्मचारियों की समस्याओं को दूर करने में अहम योगदान देता है। उन्होंने कहा कि अधिकरण कठिन से कठिन परिस्थितियों में विचलित हुए बगैर अपनी बात को रखने में सक्षम है जो न्यायपालिका की सुरक्षा एवं संरक्षा की गारंटी है। उन्होंने राज्य लोक सेवा अधिकरण की स्मारिका जस्ट नेचुरल का विमोचन भी किया। उन्होंने कहा कि यह अधिकरण अपने कार्यों के प्रति कटिबद्ध है तथा यह निरन्तर तेजी से आगे बढ़ रहा है। 47 वर्ष पूर्ण कर अधिकरण एक परिपक्व संस्था के रूप में उभर कर सामने आया है। यहां का बार कठिन से कठिन परिस्थितियों में विचलित हुए बगैर अपनी बात को रखने में सक्षम है जो न्यायपालिका की सुरक्षा एवं संरक्षा की गारंटी है। उच्च न्यायालय लखनऊ खण्ड पीठ लखनऊ के न्यायमूर्ति डीके उपाध्याय ने अपने सम्बोधन में आज के परिवेश में अधिकरण की महत्ता पर विशेष बल दिया। उच्च न्यायालय तेलंगाना की न्यायमूर्ति जी श्रीदेवी ने अपने सम्बोधन में उप्र में कार्यकाल के दौरान के अनुभव व अधिकरण की कार्य प्रणाली साझा की। न्यायमूर्ति सुधीर कुमार सक्सेना ने मुख्य अतिथियों को तुलसी का पौधा एवं प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया।


## कार्यालय नगर पंचायत रूरा कानपुर देहात

संख्या- 315/एन0पी0आर0/अलाव/2021 दिनांक : 21.11.2021

**कोटेशन सूचना**

नगर पंचायत रूरा के समस्त फर्मों व लकड़ी विक्रेताओं को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2021-22 में शीत लहर एवं ठण्ड को दृष्टिगत रखते हुए नगर के प्रमुख चिन्हित स्थलों पर अलाव जलवाये जाने के लिये जलाऊ सूखी लकड़ी (ठिंगर स्वरूप में) फ्री आपूर्ति हेतु दिनांक 28.11.2021 को अपरान्ह 3.00 बजे लकड़ी विक्रेताओं अथवा उनके द्वारा नियुक्ति प्रतिनिधि के समक्ष अधोहस्ताक्षरी द्वारा कार्यालय नगर पंचायत रूरा अपरान्ह 3.30 बजे खोले जायेंगे। किसी भी कोटेशन अथवा समस्त कोटेशन को स्वीकृत अथवा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत रूरा**
**कानपुर देहात**



## उरई विकास प्राधिकरण, उरई

पत्रांकः 32/उ0वि0प्रा0/वि0/2021-22 दिनांकः- 23, नवम्बर, 2021

**एकल विड/दू-विड पद्धति से पुनः ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि उरई विकास प्राधिकरण द्वारा निम्न कार्य हेतु उरई विकास प्राधिकरण अथवा अन्य किसी सरकारी विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जा रही है। कार्य से संबन्धित विस्तृत निविदा-नोटिस तथा ड्राफ्ट निविदा प्रपत्र प्राधिकरण की वेब-साईट www.odaorai.com पर उपलब्ध है। जिसमें धरोहर धनराशि निविदा डालने की तिथि श्रेणी, कार्य पूर्ण करने की अवधि एवं ई-निविदा प्रपत्र मूल्य एवं अन्य नियम व शर्तों का उल्लेख है। कार्य से संबन्धित ई-निविदा प्रपत्र वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध होंगे तथा ई-निविदित करने होंगे।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत/ निविदा प्रपत्र का मूल्य (जी0एस0टी0 सहित) | ठेकेदार की श्रेणी/धरोहर धनराशि | ई-निविदा पोर्टल पर निविदा प्रपत्र डाउनलोड/ अपलोड करने की प्रारम्भ तिथि | ईं-निविदा पोर्टल पर निविदा प्रपत्र अपलोड करने एवं निविदा प्रपत्र का मूल्य व धरोहर धनराशि ऑनलाइन जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | टू-विड निविदा की तकनीकी विड/ वित्तीय विड खोलने की तिथि एवं समय | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | कलैक्ट्रेट उरई के समीप विकास भवन चौराहा का निर्माण कार्य एवं सड़क चौड़ीकरण का कार्य। | 3428986.00 /2950.00 | श्रेणी ''बी'' /3.42.899.00 | 24.11.2021 | 09.12.2021 | तकनीकी बिड 10.12.2021 अपरान्ह- 03.00 बजे | 3 माह |
| 2 | कालपी रोड स्थित पटेल चौक का निर्माण/विकास कार्य। | 2232002.17 /2360.00 | श्रेणी ''बी'' /2.23.201.00 | 24.11.2021 | 09.12.2021 | तकनीकी बिड 10.12.2021 अपरान्ह- 03.00 बजे | 3 माह |
| 3 | चुर्खी रोड चौराहा का परिवर्तन एवं परिवर्धन कर महाराणा प्रताप चौक का निर्माण/विकास कार्य। | 1422815.00 /1770.00 | श्रेणी ''बी'' /1.42.282.00 | 24.11.2021 | 09.12.2021 | तकनीकी बिड 10.12.2021 अपरान्ह- 03.00 बजे | 3 माह |
| 4 | जालौन रोड चौराहा का परिवर्तन एवं परिवर्धन कर अटल चौक का निर्माण/विकास कार्य। | 12.30.020.22 /1770.00 | श्रेणी ''बी'' /123003.00 | 24.11.2021 | 09.12.2021 | तकनीकी बिड 10.12.2021 अपरान्ह- 03.00 बजे | 3 माह |
| 5 | पटेल चौक उरई के समीप सड़क चौड़ीकरण का कार्य। | 1,35308.00 /590.00 | श्रेणी ''बी'' /13.531.00 | 24.11.2021 | 09.12.2021 | तकनीकी बिड 10.12.2021 अपरान्ह- 03.00 बजे | 3 माह |

निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि NEFT/RTGS के माध्यम से उरई विकास प्राधिकरण के खाता संख्या 50200030003792 एच0डी0एफ0सी0 बैंक (IFSC code-HDFC0002048) में जमाकर रसीद की स्कैन कापी निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा। उक्त निविदा इस विभाग से अथवा अन्य किसी विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों के मध्य इस शर्त के साथ आमंत्रित की जाती है कि सर्व न्यून निविदा होने की स्थिति में सम्बन्धित ठेकेदार/फर्म को अनुबन्ध से पूर्व विभाग में पंजीकरण कराया जाना आवश्यक होगा यदि सम्बन्धित ठेकेदार/फर्म सभी नियम व शर्तों को पूर्ण करते हुये निर्धारित समय में पंजीकरण कराये जाने में असमर्थ रहते हैं तो उनकी निविदा बिना किसी सूचना के निरस्त कर दी जायेगी। निविदा के सम्बनध में कोई बदलाव अथवा अतिरिक्त सूचना वेबसाईट पर ही उपलब्ध कराई जायेगी। कृपया इच्छुक ठेकेदार नियमित रूप से उक्त वेबसाईटों का अवलोकन करते रहें।

**सहायक अभियन्ता**
**उरई विकास प्राधिकरण, उरई।**

**सचिव**
**उरई विकास प्राधिकरण, उरई।**


# सड़कों को 30 नवम्बर तक गड्ढा मुक्त करने का निर्देश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**शहर** का विकास कार्यों करने के लिए नगर निगम द्वारा सड़कों को गड्ढामुक्त करने का निर्धारण 30 नवम्बर तक कर दिया गया है। 325.79 किमी में 324 किमी सड़कों का निर्माण कर लिया गया है। वहीं 15वें वित्त से 74 करोड़ से 151.19 किमी सड़कों के रेस्टोरेशन का कार्य कराया जाना प्रस्तावित है। निविदा प्रक्रिया अंतिम चरण में है जिसे इस सप्ताह में शुरू कराने की बात कही है।

बुधवार को नगर आयुक्त अजय कुमार द्विवेदी ने मुख्य अभियन्ता सिविल एवं सभी अधिशासी अभियन्ता के साथ नगर निगम क्षेत्रांतर्गत सड़कों को गड्ढामुक्त किये जाने कार्यों की समीक्षा की है। नगर निगम ने प्रस्तावित कुल 325.79 किमी सड़कों को माह नवम्बरए 2021 तक पैचवर्क गड्ढा मुक्त किए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया था। समीक्षा के दौरान मुख्य अभियंता ने बताया गया कि पैचवर्क संबंधी में निविदा पूर्व में जारी कराते हुए निर्धारित लक्ष्य 324 किमी सड़को को पैचवर्क द्वारा गड्ढामुक्त कराने का कार्य 99 प्रतिशत तक पूर्ण कर लिया गया है। इसके अतिरिक्त 15वाँ वित्त आयोग से प्राप्त धनराशि 74 करोड़ द्वारा कुल 151.19 किमी सड़कों के रेस्टोरेशन का कार्य कराया जाना प्रस्तावित है।

# ओटीएस के फायदे गिनाने बकाएदारों के घर पहुंचे अफसर

**मोहनलालगंज।** बकाएदारों को ओटीएस के फायदे बताने गुरुवार को लेसा सिस गोमती प्रशासन के अफसर खुद उनके घर पहुंच गए। मोहनलालगंज में एक्सईएन की अगुवाई में सभी एसडीओ ने मातहतों के साथ मोर्चा संभाला। लिहाजा पचास बकाएदारों के घर टीम एक साथ दस्तक देने पहुंच गई। इस दौरान कुछ बकाएदारों ने फौरन ओटीएस रजिस्ट्रेशन करा लिया जबकि अन्य ने दो दिन की मोहलत मांगी है। सेस तृतीय खण्ड में एक लाख से अधिक बिजली बिल बकाएदारों को ओटीएस के जरिए बकाया चुकाने की नसीहत देने गुरुवार को अधिशाषी अभियन्ता आरएन वर्मा टीम के साथ खुद उनके घर पहुंच गए। एसडीओ भरत सिंह के साथ एक्सईएन ने तकरीबन दो घण्टे तक गोशाईगंज की गलियों में घूमकर बकाएदारों को ओटीएस के फायदे बताए। लिहाजा आधा दर्जन से अधिक बकाएदारों ने दो दिन की मोहलत मांगकर रजिस्ट्रेशन कराने का भरोसा दिया। जबकि एक बकाएदार ने मौके पर ही ओटीएस रजिस्ट्रेशन करा लिया। इसी तरह एसडीओ संजीव वर्मा ने अमेठी सबडिवीजन और एसडीओ संजय त्रिवेदी ने मोहनलालगंज सबडिवीजन के गांव की खाक छानकर बड़े बकाएदारों को ओटीएस का लाभ उठाने के लिए जागरुक किया।

# संस्थागत प्रसव में यूपी ने लगाई छलांग, 83.4 फीसद पहुंचा ग्राफ

● एनएफएचएस-5 के आंकड़े जारी, दस्त संक्रमण दर 5.6 फीसद पहुंची

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ की सरकार ने स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक जोरदार छलांग लगाई है। इसकी पुष्टि नेशनल फेमिली हेल्थ सर्वे (एनएफएचएस-5) के आंकड़े बता रहे हैं। इसके पहले वर्ष 2015-16 में सर्वे हुआ था। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वेक्षण 2020-21 के आंकड़ों के अनुसार परिवार नियोजन के प्रति लोगों के बीच जागरूकता बढ़ी है।

एनएफएचएस-5 के मुताबिक दंपति के बीच परिवार नियोजन के साधनों की उपयोगिता 45.5 प्रतिशत से 62.4 प्रतिशत बढ़ गई है। वहीं प्रदेश में कुल प्रजनन दर 2.7 भी 2.4 आ गई है। मातृत्व स्वास्थ को लेकर लोग पहले से ज्यादा सतर्क हुए हैं। संस्थागत प्रसव 67.8 प्रतिशत से 83.4 प्रतिशत पहुंच गया है। प्रसव पूर्व जांचें 26.4 प्रतिशत से अब 42.4 प्रतिशत होने लगी हैं। वहीं बाल स्वास्थ्य में भी प्रदेश ने कमाल कर दिखाया है। छह माह की उम्र के बच्चों का स्तनपान 41.6 प्रतिशत बढ़कर 59.7 प्रतिशत हो गया है। वहीं दस्त के मरीज के मामले या संक्रमण दर 15 प्रतिशत से घटकर 5.6 प्रतिशत हुई है। संभवतः ऐसा परिवर्तन इज्जत घर के निर्माण से हुआ है। प्रदेश में कोरोना काल में स्वास्थ्य योजनाओं को घर घर पहुंचाने के विभिन्न जतन किए जा रहे हैं। इसका परिणाम कुल टीकाकरण का ग्राफ 51.1 प्रतिशत से 69.6 प्रतिशत हुआ है। मातृ स्वास्थ्य में यूपी में काफीअच्छा काम हुआ है। प्रदेश में टीकाकरण के प्रति जागरूकता बढ़ी है। इसके लिए टीकाकरण के कार्य में लगे सभी सदस्य बधाई के पात्र हैं। एक बेहतर टीम के बदौलत ही यूपी में टीकाकरण का ग्राफबढ़ा है।

## अवैध खनन में लगी ट्रैक्टर-ट्राली सीज

**निगोहां।** पुलिस ने बीते मगंलवार की देर शाम करनपुर गांव में अवैध मिट्टी खनन की सूचना पर छापेमारी की तो खनन करा रहे लोग मिट्टी लदी ट्रैक्टर ट्राली को मौके पर छोड़कर भाग निकले। जिसके बाद पुलिस मिट्टी लदी ट्रैक्टर ट्राली को थाने लाकर सीज करने की कार्यवाही की। थाना प्रभारी जीतेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया मगंलवार की देर शाम करनपुर गांव में अवैध मिट्टी खनन किये जाने की सूचना पर पुलिस टीम के साथ छापेमारी की गयी तो खनन करा रहे लोग मिट्टी लदी बिना नम्बर की ट्रैक्टर ट्राली को मौके पर छोड़कर भाग निकले, जिसके बाद मिट्टी लदी ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में लेकर थाने लाकर 207 एमवी एक्ट में सीज करने की कार्यवाही करने के साथ जुर्माने के लिये खनन विभाग को रिपोट भेजी है।

## तीन जुआरी पकड़े, नकदी व ताश बरामद

**निगोहां।** पुलिस ने मगंलवार को बेनीगंज गांव के पास जुआ होने की सूचना पर छापेमारी कर फड़ से तीन जुआरियो को 820 रुपये व ताश के पत्तो के साथ पकड़कर जुआ अधिनियम की धारा में मुकदमा दर्ज किया। थाना प्रभारी जीतेन्द्र प्रताप सिहं ने बताया बेनीगंज गांव में स्थित एक महाविद्यालय के पास जुआ होने की सूचना पर पुलिस टीम के साथ छापेमारी कर तीन जुआरियों अनूप कुमार, किशन कुमार, प्रेम कुमार निवासीगण निगोहां को पकड़ा गया। तीनो के विरूद्व पुलिस ने जुआ अधिनियम की धारा में मुकदमा दर्ज किया है।

## दो लुटेरे नकदी व लूट के सामान के साथ गिरफ्तार

**लखनऊ।** राह चलते लोगों से मोबाइल व पर्स लूट और गाड़ियों की बैट्री तथा मोबाइल चोरी करने वाले गैंग के दो बदमाशों को बुधवार को इंस्पेक्टर चिनहट घनश्याम मणि त्रिपाठी की टीम ने गिरफ्तार कर उनके पास से मोबाइल ई.रिक्शा की बैट्री व नकदी बरामद किया है। पुलिस के मुताबिक पकड़े गए गिरोह के दोनों सदस्य शातिर किस्म के अपराधी हैं और इनका एक संगठित गिरोह है जो घूम घूम कर घटनाओं को अंजाम देते हैं। इंस्पेक्टर चिनहट घनश्याम मणि त्रिपाठी ने बताया पकड़े गए दोनों आरोपियों ने पूछताछ में अपना नाम सेमरा चिनहट निवासी सूरज दीक्षित और दूसरे ने अपना नाम बाराबंकी जिले के रामसनेही घाट थाना क्षेत्र स्थित सकौली व हाल पता चिनहट कस्बा निवासी अजय सिंह बताया। आरोपी सूरज दीक्षित के पास से चोरी का एक मोबाइल व 3310 रुपए की नकदी बरामद हुई है जबकि आरोपी अजय के पास से दो ई.रिक्शा की बैट्री और 4050 रुपए की नकदी बरामद हुई है।

## प्रखर श्रीवास्तव व प्रियांशी गर्ग को चार-चार लाख की स्कॉलरशिप



**लखनऊ।** शहर के दो मेधावी छात्रों प्रखर श्रीवास्तव एवं प्रियांशी गर्ग को भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा चार-चार लाख रूपये की स्कॉलरशिप से नवाजा गया है। यह दोनों ही सिटी मोन्टेसरी स्कूल राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस के छात्र हैं। सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि सी.एम.एस. छात्रों को यह स्कॉलरशिप विज्ञान विषय में उच्च स्तरीय शिक्षा हेतु प्रदान की जायेगी, जिसके अन्तर्गत दोनों छात्रों को पाँच वर्षों तक प्रतिवर्ष 80,000 रुपए अर्थात कुल चार लाख रुपये की धनराशि प्रदान की जाएगी। इन मेधावी छात्रों ने इस वर्ष की आईएससी (कक्षा-12) परीक्षा-2021 में अपने मेधात्व का अभूतपूर्व परचम लहराते हुए पूरे देश में 'टॉप वन परसेन्ट' मेरिट सूची में स्थान अर्जित किया है एवं इसी अभूतपूर्व प्रदर्शन हेतु इन छात्रों को विज्ञान की उच्चस्तरीय शिक्षा हेतु इस प्रतिष्ठित स्कॉलरशिप हेतु चयनित किया गया है।

## अम्मार की तूफानी बल्लेबाजी की बदौलत नौवीं की टीम जीती

**मोहनलालगंज।** मध्यक्रम के बल्लेबाज मोहम्मद अम्मार की तूफानी पारी की बदौलत गुरुवार को मोहनलालगंज के देवकली इण्टर कालेज में आयोजित क्रिकेट मैच में नौवीं के कप्तान चित्रसेन की टीम ने मेजबान दसवीं की टीम को करारी शिकस्त दी। अम्मार ने दो छक्के और एक चौका जड़कर 26 रन बनाए। कप्तान चित्रसेन ने भी 14 रन बनाए। इस तरह नौवीं की टीम ने 6 विकेट पर 56 रन का स्कोर खड़ा किया। जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी दसवीं के कप्तान अनुराग सिंह की टीम शुरुआत से ही ताश के पत्ते की तरह बिखरने लगी। ओपनर आदित्य बिना खाते खोले ही पवेलियन लौट गए। फिर एक एक कर सभी बल्लेबाज 54 रन के स्कोर पर ही ढ़ेर हो गए। हालांकि कप्तान अनुराग सिंह ने तीन छक्के और एक चौका लगाकर 24 रन की शानदार पारी खेली। इस तरह नौवीं की टीम ने तीन रन से मैच जीत लिया और मोहम्मद अम्मार को मैन आफद मैच चुना गया। विजेता रही टीम में बलवन्त अभिषेक सिंह वैभव यादव आकाश और रणविजय समेत अन्य खिलाड़ी शामिल रहे।

## सिविल अस्पताल के कर्मियों ने पेश की मदद की मिसाल

**लखनऊ।** गाजीपुर निवासी पुनीत राम रोजगार की तलाश में अपनी पत्नी सरिता ,छोटे छोटे चार बच्चियों के साथ आज गाजीपुर से चारबाग स्टेशन पहुंचा था। स्टेशन पर उतरने के पश्चात उसके पत्नी की तबियत खराब हो गई। तबियत खराब होने पर सिविल अस्पताल पहुचने से पहले ही रास्ते मे उसकी मौत हो गई। चिकित्सालय पहुचने पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पत्नी की मौत के बाद वह असहाय की मुद्रा में था। पूछने पर उसने बताया कि उसके पास मृत शरीर को गाजीपुर ले जाने के लिए पैसा नही है, बच्चे भी भूख से परेशान थे। जिसके बाद उसकी हालत देख इमरजेंसी के कर्मियों ने अस्पताल के अन्य कर्मियों के साथ आपस मे सहयोग कर धन की व्यवस्था की। इसके पश्चात शव वाहन की व्यवस्था कर मृत शरीर को परिवार के साथ गाजीपुर भिजवाया।

# लविवि: विभागों से छिनेगा पीजी परीक्षा का अधिकार

● परीक्षा विभाग चार नए जिलों के जुड़ने के बाद अब प्रक्रिया में करेगा बदलाव, सेंट्रलाइज्ड व्यवस्था की तैयारी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**नए सत्र** से लखनऊ विश्वविद्यालय में यूजी-पीजी की सेमेस्टर परीक्षाएं सेंट्रलाइज्ड प्रक्रिया के तहत होंगी। अभी विवि में यूजी लेवल का परीक्षा कराने की जिम्मेदारी परीक्षा नियंत्रक के पास है। जबकि पीजी लेवल के परीक्षा डिपार्टमेंट लेवल पर आयोजित होते है। जिसमे पीजी लेवल के परीक्षा की पूरी जिम्मेदारी डिपार्टमेंट के हेड के पास होती है। जिसके तहत सभी कॉलेजों के स्टूडेंट्स का सेंटर एलयू कैम्पस में बनाकर पीजी लेवल का एग्जाम कराया जाता रहा है। पर चार नए जिलों के जुडने् से पीजी कोर्सेज की परीक्षा डिपार्टमेंट लेवल पर कराना



संभव नहीं है। ऐसे में परीक्षा विभाग एक बार फिर से पूरी प्रक्रिया को सेंट्रलाइज्ड करने की तैयारी कर रहा है।

एलयू ने कुछ सालों पहले पीजी स्तर की परीक्षा कराने की जिम्मेदारी विभागों को दे दी थी। जिसके बाद विभाग पीजी परीक्षा की तैयारी से लेकर उसे सम्पन्न कराने की जिम्मेदारी निभा रहे हैं। परीक्षा के बाद कॉपियों को मूल्यांकन के लिए परीक्षा विभाग को भेज दिया जाता है। वहीं से रिजल्ट तैयार होकर जारी कर दिया जाता है। अभी तक एलयू से सम्बद्ध 92 कॉलेजों में विभिन्न पीजी कोर्सेज संचालित होते है। जिसमें करीब दस हजार स्टूडेंट्स है। इन सभी स्टूडेंट्स की परीक्षा के लिए यूनिवर्सिटी अपने कैम्पस में ही सेंटर बनाकर परीक्षा करा लेता है। पर चार नए कॉलेज जुड़ जाने के बाद उन जिलों के स्टूडेंट्स का सेंटर बनाने और एग्जाम कराने की जिम्मेदारी विभाग लेवल से करा पाना संभव नहीं है। ऐसे में एक बार फिर से पूरा एग्जाम सेंट्रलाइज्ड प्रक्रिया से तहत आयोजित कराने की तैयारी हो रही है।

लखनऊ यूनिवर्सिटी के परीक्षा नियंत्रक प्रो एएम सक्सेना ने बताया कि अब लखनऊ यूनिवर्सिटी का कार्यक्षेत्र काफी बढ़ गया है। ऐसे में पीजी एग्जाम अब डिपार्टमेंट लेवल पर करा पाना संभव नहीं है। चार नए जिलों में पीजी कोर्स के एग्जाम कराने के लिए सेंटर बनाने से लेकर पेपर पहुंचाने और फिर कांपियों को मूल्यांकन सेंटर तक पहुंचाने का कार्य भी बढ़ गया है। जो डिपार्टमेंट लेवल पर हो पाना संभव नहीं है। जल्द ही कुलपति के साथ बैठक कर इस परीक्षा प्रक्रिया में बदलाव और नए नियमों को लेकर मीटिंग किया जाएगा। वहीं चार नए जिलों में मौजूद पीजी कॉलेजों की संख्या देखी जाए तो जिला सीतापुर में आट्र्स संकाय के 23, कॉमर्स के 4, साइंस के 3, एजुकेशन के 4 कालेज हैं जबकि जिला हरदोई में आट्र्स संकाय के 29, कामर्स के 3, साइंस के 9, एग्रीकल्चर के 2 कालेज हैं। जिला रायबरेली में आट्र्स संकाय के 19, एजुकेशन के 2, साइंस के 1, कॉमर्स के 3 कालेज हैं। जिला लखीमपुर खीरी में आट्र्स संकाय के 16, कामर्स के 3, साइंस के 1 व एग्रीकल्चर के 1 कालेज हैं।

**सेशन 2020-21 में एलयू से जुड़े पीजी कॉलेजों की संख्या**

| संकाय | कॉलेजों की संख्या |
|---|---|
| आट्र्स | 36 |
| एजुकेशन | 14 |
| साइंस | 8 |
| कॉमर्स | 34 |

**नोट:** यह संख्या केवल लखनऊ परिक्षेत्र की है

# 101 वर्ष का हुआ लखनऊ विवि, स्थापना दिवस आज

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**लखनऊ विश्वविद्यालय** गुरुवार को 101 वर्ष का हो जाएगा। इस मौके पर विवि की तरफ से स्थापना दिवस मालवीय सभागार में मनाया जाएगा। इस बार स्थापना दिवस के मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होने वाले विवि के पूर्व छात्र रहे दिनकर पी श्रीवास्तव को सम्मानित किया जाएगा।

इतिहास के पन्नो पर नजर डालें तो लखनऊ विश्वविद्यालय की स्थापना 18 मार्च 1921 को हुई थी। स्थापना में तत्कालीन संयुक्त प्रान्त के उपराज्यपाल सर हरकोर्ट बटलर तथा अवध के तालुकेदारों का विशेष योगदान रहा। इससे पूर्व अवध के तालुकेदारों ने लार्ड कैनिंग की स्मृति में 27 फरवरी 1864 को लखनऊ में कैनिंग कालेज के नाम से एक विद्यालय स्थापित करने के लिए पंजीकरण कराया गया। 1 मई 1864 को कैनिंग कालेज का औपचारिक उद्घाटन अमीनुद्दौला पैलेस में हुआ। प्रारम्भ में 1867 तक कैनिंग कालेज कलकत्ता विश्वविद्यालय से सम्बद्ध किया गया था। तत्पश्चात् 1888 में इसे इलाहाबाद विश्वविद्यालय से सम्बद्ध किया गया। सन 1905 में प्रदेश सरकार ने गोमती की उत्तर दिशा मे लगभग 90 एकड़ का भूखण्ड कालेज को स्थानांतरित किया, जिसे बादशाहबाग के नाम से जाना जाता है। मूलरूप से यह अवध के नवाब नसीरूद्दीन हैदर का निवास स्थान था। इसी कैनिंग कालेज के परिसर में सैडलर आयोग के द्वारा लखनऊ में एक आवासीय और अध्यापन विश्वविद्यालय खोलने के प्रस्ताव को तत्कालीन संयुक्त राज्य के उप राज्यपाल सर हरकोर्ट बटलर, महमूदाबाद के राजा मुहम्मद अली खान आदि के प्रयासों से 7 अगस्त 1920 को इलाहाबाद विश्वविद्यालय की सीनेट ने अतिविशिष्ट बैठक में अपनी सहमति प्रदान की। सहमति के दो माह बाद 8 अक्टूबर 1920 को विधान परिषद ने लखनऊ विश्वविद्यालय की स्थापना संबंधी विधेयक पारित किया, जिसे 1 नवम्बर 1920 को उपराज्यपाल और 25 नवम्बर 1920 को गवर्नर जनरल की मंजूरी मिली थी।

**कई देशों में राजदूत रह चुके हैं दिनकर प्रकाश श्रीवास्तव:** विवि के पूर्व छात्र दिनकर पी श्रीवास्तव ने वर्ष 1976 में उन्होंने लखनऊ विश्वविद्यालय के राजनीति शास्त्र विभाग से एमए की पढ़ाई पूरी की थी। विश्वविद्यालय एल्युमिनाई एसोसिएशन की अध्यक्ष प्रो निशी पांडेय ने बताया कि वर्ष 1978 में भारतीय विदेश सेवा में शामिल होने के बाद दिनकर पी श्रीवास्तव ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कई अहम पदों की जिम्मेदारी निभाई है।

## क्विक न्यूज

### मानसिक मंदित और जलनिगम कर्मी की सड़क हादसे में मौत

**मोहनलालगंज।** रफ्तार ने बुधवार को मोहनलालगंज में मानसिक मंदित और जलनिगम कर्मी की जान ले ली। दोनों शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर पुलिस मामले की जांच कर रही है। मोहनलालगंज के गौरा कालोनी में बुधवार की दोपहर रायबरेली की ओर से आ रही बेकाबू कार ने हाईवे क्रास कर रहे अज्ञात मानसिक मंदित को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में अधेड़ ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस के मुताबिक मृतक मानसिक मंदित था और कुछ माह से वहीं आसपास घूमता रहता था। वहीं दूसरी ओर नवलखेड़ा निवासी जलनिगम कर्मी बालगोविन्द गुरुवार की शाम ड्यूटी जा रहा था। तभी हाईवे पर नगर के निकट अचानक उनकी बाइक आगे चल रही ट्रैक्टर ट्राली में पीछे से घुस गई। हादसे में गंभीर रुप से जख्मी बालगोविन्द ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर ट्रैक्टर ट्राली को कब्जे में ले लिया है। मृतक के परिवार में पत्नी प्रेमलता और मासूम बेटी आयुषी हैं।

### दाखिले में पिछड़ा बीबीएयू, परिणाम के आज आने के आसार

**लखनऊ।** इस बार प्रवेश प्रक्रिया में बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय राजधानी के अन्य विश्वविद्यालयों से पिछड़ा गया है। स्थिति यह है कि बुधवार को भी बीबीएयू का प्रवेश परीक्षा परिणाम नहीं आया। सारे दिन विद्यार्थी परिणाम की प्रतीक्षा करते रहे। राजधानी में लखनऊ विश्वविद्यालय और बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर केन्द्रीय विश्वविद्यालय सहित आधा दर्जन से अधिक सरकारी विश्वविद्यालय हैं। साथ ही 200 के आस पास डिग्री कॉलेज हैं। इन सभी जगहों पर दाखिले पूरे हो गए है या अन्तिम चरण में चल रहे हैं। सभी जगहों पर स्नातक और स्नातकोत्तर के प्रथम सेमेस्टर की पढ़ाई भी शुरू हो गई है पर बीबीएयू शहर का एकलौता विश्वविद्यालय है जहां पर अभी तक स्नातक और स्नातकोत्तर में दाखिले के लिए आयोजित प्रवेश परीक्षा का परिणाम नहीं आया है। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक प्रो कमान सिंह ने मंगलवार को कहा था कि 24 नवम्बर को परिणाम आ जाएगा पर सारे दिन विद्यार्थी प्रतीक्षा करते रहे। प्रवेश परीक्षा का परिणाम जारी नहीं हुआ है। हालांकि प्रो कमान सिंह का कहना है कि हर हाल में गुरुवार को प्रवेश परीक्षा का परिणाम आ जाएगा।

### शादी समारोह में महिलाओं के साथ अश्लीलता करने वाले तीन गिरफ्तार

**लखनऊ।** राजधानी के सआदतगंज इलाके में रविवार की देर रात बारात में डांस के दौरान स्थानीय युवकों द्वारा महिलाओं और पुरुषों से की गई मारपीट और बदसलूकी के मामले में सहादतगंज पुलिस ने आखिरकार मुकदमा दर्ज कर तीन आरोपियों रज्जबगंज सहआदतगंज के रहने वाले सोहेल, रज्जब गंज सहआदतगंज के ही रहने वाले शरीक और निवाज़ गंज ठाकुरगंज के रहने वाले शाहनवाज को सीसीटीवी फुटेज और वीडियो कैमरे द्वारा शिनाख्त कर गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर बृजेश कुमार यादव ने बताया कि दूल्हे के पिता सखावत की तहरीर पर तीन लोगों को नामजद करते हुए अन्य अज्ञात लोगों के खिलाफमुकदमा दर्ज किया गया है। बारात में डांस के दौरान हुई मारपीट का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था वायरल वीडियो और सीसीटीवी कैमरों की मदद से बारात में घुसकर मारपीट करने वाले 3 आरोपियों की पहचान कर उन्हें गिरफ्तार किया गया है। इंस्पेक्टर का कहना है कि तहरीर में करीब 10 लोगों के द्वारा मारपीट किए जाने की बात कही गई है 3 लोग गिरफ्तार किए गए अन्य लोगों की पहचान कर उनकी गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे हैं।

### केजीएमयू का दीक्षांत समारोह 17 दिसंबर को, पीएम के शामिल होने की संभावना

**लखनऊ।** इस बार किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी का दीक्षांत समारोह 17 दिसम्बर को मनाया जाएगा। समारोह के मुख्य अतिथि के रूप में पीएम नरेंद्र मोदी के शामिल होने की संभावना है। विवि की तरफसे राजभवन के जरिये पीएम को निमंत्रित किया गया है। हालांकि अभी पीएम के शामिल होने की आधिकारिक पुष्टि उनके कार्यालय की तरफसे नही की गई है। समारोह का आयोजन पूर्व की भांति अटल बिहारी वाजपेई साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर में होगा। समारोह में 40 से 50 मेधावियों को मेडल प्रदान किए जाएंगे। इसमें चांसलरए हीवेट समेत दूसरे अहम मेडल शामिल हैं। कुलपति डॉ बिपिन पुरी के अनुसार सभी विभागों से मेधावियों की सूची मांगी गई है। मेरिट के आधार पर मेधावियों के नाम मेडल के लिए तय किए जाएंगे। कुलपति ने बताया कि दीक्षांत की तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। कमेटियों का गठन कर दिया गया है। कुलपति ने बताया कि 18 दिसंबर को केजीएमयू अपना 116 वां स्थापना दिवस मनाएगा। इसकी तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसमें 132 से अधिक अलग अलग मेधावियों को मेडल दिए जाएंगे।

### डेंटल फैकल्टी में दिव्यांगों को मिलेगी विशिष्ट इलाज की सुविधा

**लखनऊ।** किंग जार्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के डेंटल फैकल्टी में शनिवार से दिव्यांगों के लिए विशिष्ट ओपीडी का संचालन शुरू होगा। इस ओपीडी के लिए इनका रजिस्ट्रेशन अलग काउंटर के जरिये होगा। फैकल्टी की तरफसे दिव्यांगों को यह सुविधा डेंटल सर्जरी के छठवें फ्लोर पर उपलब्ध होगी। प्रोस्थोडॉन्टिक्स विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ पूरन चंद्र ने बताया कि पंजीकरण काउंटर पर दिव्यांग जनों और ऐसे बुजुर्ग जो चलने फिरने की स्थिति में नहीं है उनके लिए अलग काउंटर की व्यवस्था की गई है। यहां पर आकर बिना लाइन में लगे उनका पर्चा बनाया जाएगा। इसके अलावा इसी काउंटर के पास और लिफ्ट के पास एक व्हीलचेयर का भी इंतजाम किया गया है ताकि क्लीनिक तक आने में मरीजों को असुविधा न हो। दिव्यांगों को लेकर प्रोस्थोडॉन्टिक्स विभाग के डॉ भास्कर अग्रवाल ने एक अलग तरह की डेंटल चेयर बनाई है। यह डेंटल चेयर व्हील चेयर पर बैठे मरीजों के लिए बनाई गई है। इसमें व्हील चेयर पर आने वाले मरीजों को उन्हीं की व्हील चेयर पर बैठा कर इलाज दिया जा सकेगा।

### दीक्षांत समारोह में एलयू लांच करेगा अपना मोबाइल एप

**लखनऊ।** इस बार 26 नवम्बर को लखनऊ विश्वविद्यालय अपने 64वें दीक्षांत समारोह के दौरान स्टूडेंट्स आधारित मोबाइल ऐप लांच करेगा। समारोह में इस एप को लांच कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल करेंगी। इस एप से यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स के साथ ही किसी भी व्यक्ति को यूनिवर्सिटी से जुड़ी सूचनाएं आसानी से प्राप्त हो सकेंगी। एप को मोबाइल पर डाउनलोड करने के बाद यह सुविधा मिलने लगेगी, समारोह में शिक्षकों की ओर से लिखी गईं खेल प्रबंधन, स्वास्थ्य, शिक्षा सहित नौ किताबों का विमोचन भी किया जाएगा। एलयू का दीक्षांत समारोह 26 नवंबर को सुबह 10 बजे से होना है। समारोह के लिए मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम तय कर दिया गया है। समारोह में 15 टॉपर्स को मेडल, डिग्री के साथ.साथ नई शिक्षा नीति के अंतर्गत सर्वप्रथम दो स्टूडेंट्स को पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा भी दिया जाएगा। दीक्षांत समारोह की तैयारी देखने के लिए बुधवार को मालवीय सभागार में इसका रिर्हसल किया गया। कुलाधिपति एवं राज्यपाल आनंदी बेन पटेल की भूमिका में डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो पूनम टंडन रहीं। वहीं उप मुख्यमंत्री डा दिनेश शर्मा की भूमिका एनएसएस के कोआर्डिनेट डा राकेश द्विवेदी ने निभाई।

### निवेश के नाम पर लाखों की ठगी करने वाला जालसाज गिरफ्तार

**लखनऊ।** गाजीपुर पुलिस ने एक ऐसे ठग को पकड़ा है जो निवेश के नाम एक पीड़ित से 44 लाख 50 हजार रुपए हड़प कर एशो आराम कर रहा था। इंस्पेक्टर गाजीपुर अनिल कुमार के मुताबिक जनपद गोरखपुर निवासी मोहम्मद अहमद खान ने तहरीर देकर बताया कि गोरखपुर जिले के धम्माल जामा मस्जिद रोड निवासी उरुज अफाक ख़ान ने अपनी फर्म में निवेश करने के नाम 44 लाख 50 हजार रुपए ऐंठ लिया। इंस्पेक्टर का कहना है कि पीड़ित की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू की गई तो सही पाया गया। पुलिस ने बुधवार को शातिर दिमाग वाले ठग उरुज अफाक ख़ान को गिरफ्तार कर लिया।

# कैप्टन मनोज पाण्डेय सैनिक स्कूल के चार पूर्व छात्र राष्ट्रपति के हाथों सम्मानित

**संवाददाता।** सरोजनीनगर

**सरोजनीनगर स्थित** कैप्टन मनोज कुमार पाण्डेय, उत्तर प्रदेश सैनिक स्कूल सदा से ही अपनी उपलब्धियों के लिए देश का सिरमौर सैनिक स्कूल बना हुआ है। आज इसकी उपलब्धियों की महान परम्परा में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि शामिल हुई है। यहां के चार पूर्व छात्र सैनिक स्कूल नम्बर 704 लेफ्टिनेंट जनरल राज शुक्ला युद्ध सेवा मेडल, सेना मेडल, आर्मी कमांडर आर्मी ट्रेनिंग कमांड को और स्कूल नम्बर 632 लेफ्टिनेंट जनरल मुकेश कुमार, सेना मेडल, इन्फेंट्री रेजीमेंट को राष्ट्रपति राम नाथ कोविन्द ने भारतीय सशस्त्र सेनाओं में उनके उत्कृष्ट योगदान को देखते हुए परम् विशिष्ट सेवा मेडल









से अलंकृत किया। साथ ही स्कूल नम्बर 577 लेफ्टिनेंट जनरल सुनील श्रीवास्तव विशिष्ट सेवा मेडल, आर्टिलरी रेजिमेंट एवं स्कूल नम्बर 923 मेजर जनरल प्रतीक शर्मा सेना मेडल, इन्फेंट्री रेजीमेंट को अति विशिष्ट सेवा मेडल से अलंकृत किया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य कर्नल राजेश राघव ने अत्यंत प्रसन्नता व्यक्त करते हुए इन सभी सम्मानित अधिकारियों की उपलब्धियों को विद्यालय, प्रदेश एवं देश के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण एवं सम्मान बढ़ाने वाले अवसर के रूप में बताया और कहा कि इस महान उपलब्धि से सैनिक स्कूल में पढ़ने वाले प्रत्येक छात्र सैनिक को इससे आगे बढ़ने में बहुत अधिक प्रेरणा मिलेगी। वहीं प्रधानाचार्य ने प्रसन्नता व्यक्त की कि यहां के पूर्व छात्र सैनिक स्कूल नंबर 706 वाइस एडमिरल एबी सिंह अब आपरेशनल कमांड वेस्ट बनकर इस सैनिक स्कूल के नाम को और ऊंचाइयों पर ले जाएंगे। बताते चलें कि देश के पहले सैनिक स्कूल उत्तर प्रदेश सैनिक स्कूल ने अपनी स्थापना से लेकर आज तक सेवा के क्षेत्र में अनेक कीर्तिमान स्थापित किये हैं। जो किसी भी सैनिक स्कूल के छात्र सैनिक द्वारा परमवीर चक्र प्राप्त करने वाला या देश का पहला सैनिक स्कूल है। साथ ही बेटियों को अपने विद्यालय में प्रवेश देने वाला यह पहला सैनिक स्कूल है।

## डेंगू के 10 नए मरीज मिले, पांच को पकड़ाया नोटिस

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**राजधानी में** डेंगू मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। डेंगू प्रभावित इलाकों में स्वास्थ्य विभाग लगातार अभियान चला रहा है। बुधवार को डेंगू के 10 नए मरीज सामने आए है। यह मरीज इन्दिरानगर, अलीगंज, एनके रोड, टूडियागंज, चन्दरनगर, सिल्वर जुबली, रेडक्रास, बीकेटी आदि क्षेत्र में पाये गये हैं। डेंगू-मलेरिया पर काबू पाने के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीमों ने नगर मलेरिया इकाई एवं जिला मलेरिया अधिकारी की टीम द्वारा शारदानगर, खरिका प्रथम, आलमनगर, बालागंज, त्रिवेणीनगर, फैजुल्लागंज, इन्दिरानगर वार्ड के आस पास के क्षेत्रों का भ्रमण किया गया। इन घरों में कूलर, खाली बर्तन, गमले आदि में डेंगू मच्छर के लार्वा मिले हैं। पांच घरों को नोटिस जारी कर चेतावनी दी गई है।

## मामूली कहासुनी के बाद बड़े भाई को उतारा मौत के घाट, आरोपी गिरफ्तार

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मामूली** कहासुनी के बाद एक नशेड़ी भाई ने अपने बड़े भाई 28 वर्षीय गोलू की गर्दन पर कैंची से ताबड़तोड़ वारकर मौत के घाट उतार दिया। यह जघन्य अपराध करने के बाद खूनी भाई बिट्टू मौके से भाग निकला। लेकिन देर रात पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने आनन-फानन में खून से लथपथ गोलू को अस्पताल भेजा जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

खून के रिश्ते को कलंकित करने वाली यह वारदात गाजीपुर थाना क्षेत्र स्थित बड़ी जुगौली की है। यहां मूल रूप से जनपद कानपुर निवासी किशोरी लाल के 26 वर्षीय बेटा गोलू व बड़ा बेटा बिट्टू वर्मा गोमतीनगर के बड़ी जुगौली में एक साथ रहते हैं। गोलू मैकेनिक का काम करता था, जबकि बिट्टू वर्मा नशेड़ी बताया जा



आरोपी बिट्टू वर्मा

रहा है। बताया जा रहा है कि बुधवार की शाम बिट्टू वर्मा नशे की हालत में कमरे पर पहुंचा तो भाई की हालत देख गोलू वर्मा ने उसे समझाने की कोशिश की लेकिन भाई की बात उसे नागवार गुजरी और लड़ने के लिए अमादा हो गया। बात इतनी बढ़ गई कि नशेड़ी बिट्टू वर्मा कैंची से ताबड़तोड़ वारकर गोलू को लहुलुहान कर दिया और मौके से भाग निकला। हालांकि देर रात पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया।

## अतीक अहमद के पुत्र उमर के विरुद्ध स्थाई रूप से गैर जमानती वारंट जारी

**लखनऊ ( विधि सं. )।** सीबीआई की विशेष न्यायिक मजिस्ट्रेट समृद्धि मिश्रा ने राजधानी के एक प्रापर्टी डीलर का अपहरण कर देवरिया जेल में मारने पीटने व जबरिया रंगदारी वसूलने के मामले में फरार मुल्जिम मो. उमर व योगेश कुमार के विरुद्ध स्थाई गिरफ्तारी वारंट जारी करने का आदेश दिया है। बीते 21 अक्टूबर को अदालत ने इन दोनों की सम्पति कुर्क करने का आदेश जारी किया था। मो. उमर सपा के पूर्व सांसद अतीक अहमद का पुत्र है। इस मामले मे अतीक समेत अन्य मुल्जिमो का मुकदमा कमिट कर विचारण के लिए सत्र अदालत को भेजा जा चुका है। सीबीआई ने बाद में मो. उमर, योगेश कुमार, नीतेश मिश्रा व महेंद्र कुमार सिंह के खिलाफभी आईपीसी की धारा 147, 149, 329, 364ए, 386, 394, 411, 420, 467, 468, 471, 506 व 120बी के तहत आरोप पत्र दाखिल किया।

## हाईकोर्ट ने चंडीगढ़ के डीजीपी को नोटिस जारी करने का दिया आदेश

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**सेरेब्रल पाल्सी** से जूझ रही एक नाबालिग लड़की के मामले में हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने चंडीगढ़ के डीजीपी को नोटिस जारी करने का आदेश दिया है। पीठ ने इसके साथ ही चंडीगढ़ की बाल कल्याण समिति, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व बाल सुरक्षा संस्था को भी नोटिस जारी करने का आदेश दिया है।

जस्टिस डीके उपाध्याय एवं जस्टिस राजन रॉय की पीठ ने यह आदेश अनूप गुप्ता नामक शीर्षक से दर्ज एक जनहित याचिका पर दिया है। पीठ इस याचिका पर बाल गृह के बच्चों के हित से जुडे मुद्दों की सुनवाई कर रही है। पीठ के समक्ष पिछली सुनवाई के दौरान एमिकस क्यूरी अपूर्व तिवारी द्वारा एक प्रार्थना पत्र दाखिल करते हुए बताया गया कि सेरेब्रल पाल्सी से जूझ रही एक 17 वर्षीय लड़की को चंडीगढ की बाल कल्याण समिति के अनुरोध पर यहां लाया गया है। उसे दृष्टि सामाजिक संस्थान में रखा गया है। उसकी मां की मृत्यु हो चुकी है और उसके पिता ने दूसरी शादी करने के बाद उसे त्याग दिया है। कहा गया कि लड़की के कुछ रिश्तेदार मेरठ में रहते हैं व उसका पैत्रिक सम्पत्ति में हिस्सा है। यह सम्पत्ति उसके पिता के कब्जे में है। एमिकस क्यूरी ने आशंका जाहिर करते हुए कहा कि ऐसा लगता है कि लड़की को उक्त सम्पत्ति से वंचित रखने के लिए उसे इस प्रकार लखनऊ भेजा गया है। उन्होंने लड़की के जीवन व सम्पत्ति के अधिकार की सुरक्षा की दलील दी। पीठ ने इस पर चंडीगढ के डीजीपी समेत उपरोक्त संस्थाओं को नोटिस जारी करने का आदेश दिया। साथ ही यूपी विधिक सेवा प्राधिकरण को वर्तमान सुनवाई के बावत उपरोक्त संस्थाओं को अवगत कराने के आदेश भी दिया है।

## महज 40 मिनट में विसंक्रमित होंगे सर्जिकल उपकरण

**लखनऊ।** अब आपरेशन के लिए सर्जिकल इंस्ट्रूमेंट को महज 40 मिनट में विसंक्रमित किया जा सकेगा। इसके लिए पीजीआई के टेक्नीशियन ने एक डिवाइस ईजाद की है। इस डिवाइस से उपकरणों की नमी कम होने से आईसीयू में संक्रमण की दर कम होगी। बुधवार को एनेस्थीसिया विभाग के प्रमुख डॉ अनिल अग्रवाल व डॉ देवेन्द्र गुप्ता द्वारा एक समारोह में इस डिवाइस का प्रदर्शन किया गया।

इस डिवाइस का नाम ड्रायर कैबिनेट रखा गया है और इसे बनाने में सिर्फ15 हजार रुपए का खर्च आया है। डिवाइस को बनाने वाले एनेस्थीसिया विभाग के टेक्नीशियन धीरज सिंह ने बताया कि कोरोना के पीक समय में आईसीयू में उपयोग किए जाने वाले उपकरणों की मांग बढ़ने से इसकी कमी होने लगी थी। ऐसे उपकरणों को दोबारा इस्तेमाल करने के लिए इन्हें धुला जाता है। फिर इन्हें प्लाज्मा स्टरलाइजेशन (विसंक्रमित करने वाली मशीन) की मदद से विसंक्रमित किया जाता है। जिसमें करीब 14 घंटे लगते हैं।

# मूल स्वरूप में लाई जाएंगी जमुना व मोती झील

● निरीक्षण कर मण्डलायुक्त ने एसडीएम सदर को दिए डिमार्केशन के निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**जमुनाझील, मोतीझील** का मण्डलायुक्त एवं सांसद प्रतिनिधि द्वारा निरीक्षण किया गया। मंडलायुक्त द्वारा एलडीएए नगर निगम के अधिकारी की मौजूदगी में मण्डलायुक्त ने जमुना झील की सफाई करने, सुरक्षा व्यवस्था के लिए गाडों की नियुक्ति करने, झीलों से अवैध कब्जा हटाने का निर्देश दिए। साथ ही मोती झील एवं जमुना झील का डिमार्केशन करने के लिए एसडीएम सदर को निर्देशित किया।

बुधवार को सांसद प्रतिनिधि दिवाकर त्रिपाठी व राघवेंद्र शुक्ला के साथ हुई बैठक के बाद बुधवार को मण्डलायुक्त रंजन कुमार ने ऐशबाग स्थित ऐतिहासिक जमुनाझील व मोतीझील का निरीक्षण कर झीलों की स्थिति को देखा । इस मौके पर



लरवनऊ विकास प्राधिकरण व नगर निगम के अधिकारी भी मौजूद रहे जिन्हें मण्डलायुक्त ने जमुना झील की सफाई करन, सुरक्षा व्यवस्था के लिए गाडों की नियुक्ती करने, झीलों से अवैध कब्जा हटाने का निर्देश दिए। दोनों झीलों को मूल स्वरूप में वापस लाने का निर्देश दिया। नगर निगम से अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव, चीफ़ इंजीनियर रामनगीना त्रिपाठी एवम एलडीए से प्रताप शंकर मिश्रा अधिशाषी अभियंता उपस्थित थे। इस मौके पर झील बचाओ अभियान के संरक्षक गनेश कनौजियाए सदस्य उमाशंकर सिंह, अमन त्रिपाठी व रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन के लोग भी मौजूद रहे। सफाई अभियान के सदस्य अभय वाजपेई ने बताया कि दोनों झील पर दो दर्जन अवैध पक्के कब्जे हैं, जिन्हें हटाए बगैर सौन्दर्यीकरण में बाधा आएगी। मोती झील एवं जमुना झील का डिमार्केशन करने के लिए एसडीएम सदर को निर्देशित किया गया। नजूल ऑफिसर को मोती झील से संबंधित न्यायालय में चल रहे वाद को शीघ्र निस्तारण के लिए निर्देशित किया गया।

**झील** के सौन्दर्यीकरण के साथ अवैध कब्जे भी हटाए जाएंगे। नगर निगम को झील की सफाई और एलडीए को निमार्ण के लिए कहा गया है। मोतीझील से ऐशबाग मिल रोड तक मिलने वाली सड़क का निर्माण किया जाएगा, जिससे लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

**रघुवेंद्र शुक्ला, सांसद प्रतिनिधि**

# तालाब की जमीन खाली कराने के लिए 43 दिन से भटक रही प्रधान

**संवाददाता।** मोहनलालगंज

**जबरौली में** तालाब की जमीन को खाली कराने के लिए महिला ग्राम प्रधान पिछले 43 दिन से फरियाद लेकर तहसील के चक्कर काट रही है। प्रधान का आरोप है कि तालाब के एक बड़े हिस्से पर अवैध कब्जा कर प्लाटिंग कर रखी गई है। लेकिन राजस्व कर्मी तालाब की पैमाइश कर अवैध कब्जे खाली कराने में बहानेबाजी कर रहे हैं। थक हारकर प्रधान ने बुधवार को इण्टरनेट मीडिया पर पोस्ट डालकर कार्रवाई की गुहार लगाई है।

मोहनलालगंज के जबरौली गांव में तालाब की तकरीबन 28 बीघे जमीन के बड़े हिस्से पर अवैध कब्जे का मामला सामने आया है। ग्राम प्रधान रेनू अवस्थी का आरोप है कि 12 अक्टूबर को एसडीएम से शिकायत कर तालाब की जमीन अवैध कब्जा मुक्त कराने की गुहार लगाई थी। लेकिन एसडीएम के आदेश पर भी राजस्व कर्मी तालाब की पैमाइश कर अवैध कब्जे चिन्हित करने में टालमटोल कर रहे हैं। अवैध कब्जे की शिकायत लेकर भटक रही प्रधान का आरोप है कि शिकायत को 43 दिन बीत चुके हैं फिर भी राजस्व टीम सरकारी भूमि को अवैध कब्जा मुक्त कराने में दिलचस्पी नहीं ले रही है। प्रधान के मुताबिक राजस्व कर्मी तालाब की पैमाइश के लिए वन विभाग का जंगल साफ कराने की शर्त रख रहे हैं।

**मैसेज वायरल होते ही संयुक्त टीम गठित:** जबरौली गांव में तालाब की जमीन से अवैध कब्जे खाली कराने की शिकायत पर सुनवाई नहीं हुई तो बुधवार को प्रधान ने इण्टरनेट मीडिया पर पोस्ट डालकर राजस्व विभाग की कलई खोल दी। जिसके बाद हड़कंप मच गया और शाम तक आनन.फानन कार्रवाई के लिए संयुक्त टीम गठित कर दी गई। हालांकि जनप्रतिनिधियों का आरोप है कि एसडीएम को छोड़कर मोहनलालगंज तहसील के अन्य राजस्व अधिकारी फील्ड विजिट से कतराते रहते हैं। लिहाजा तहसील समाधान दिवस और आईजीआरएस के जरिए आने वाली सरकारी जमीन पर अवैध कब्जे की अधिकतर शिकायतों पर कार्रवाई में राजस्व कर्मियों के मनमानी की शिकायतें सामने आती रहती हैं।

### क्या कहती हैं एसडीएम

**एसडीएम** शुभी सिंह ने बताया जबरौली में तालाब की जमीन पर अवैध कब्जे की शिकायत पर दो बार राजस्व टीम जा चुकी है। वन विभाग का जंगल भी इसी जमीन से सटा हुआ है। इसलिए पैमाइश में समस्या आ रही है। गुरुवार को राजस्व और वन विभाग की टीम को बुलाया गया है। संयुक्त रुप से सर्वेक्षण कराकर तालाब की पैमाइश कराई जाएगी। अवैध कब्जे मिले तो उन्हें खाली कराया जाएगा।

## घरेलू सहायक
### सरकार की मदद

**घरेलू** सहायकों की आमदनी बहुत कम होती है तथा उनको कोई सामाजिक संरक्षण नहीं मिलता है, पर असली समस्या व्यवहार संबंधी है। क्या हम जानते हैं कि भारत में कितने घरेलू सहायक हैं? क्या उनको कानूनों का संरक्षण प्राप्त है? क्या उनको अच्छा वेतन, अवकाश व बीमारी में छुट्टी मिलती है? इन सवालों का जवाब नहीं है। वे अकुशल, असंगठित व अनौपचारिक कार्यबल पिरामिड में सबसे नीचे हैं। वे लाखों घरों को स्वच्छ और सूखा रखते हैं, पर अपने मालिकों के साथ एक ही मेज पर बैठने के उनके कोई सामाजिक अधिकार नहीं हैं। वे मालिकों की दया पर निर्भर हैं, उनका मजाक उड़ाया जाता है, उत्पीड़न होता है, पिटाई होती है, उनको भूखा रखा जाता है, छोटी सी गलती पर वेतन काटा जाता है, दिव्यांग बना दिया जाता है, बलात्कार का शिकार बनाया जाता है तथा कभी-कभी हत्या तक की जाती है। अंतत: केंद्र सरकार ने एक सेवायोजन नीति बना कर घरेलू सहायकों की सहायता का निर्णय किया है। सोमवार को उसने घरेलू सहायकों का एक अखिल भारतीय सर्वेक्षण शुरू किया ताकि उनकी संख्या, उनकी जीवन व नौकरी की स्थितियों तथा सामाजिक-जनसंख्यात्मक चरित्र का पता लगाया जा सके। हालांकि, यह राष्ट्रीय स्तर पर किया जाने वाला पहला आधिकारिक प्रयास है, पर कुछ एनजीओ सालों से इन सहायकों की स्थिति बेहतर बनाने के प्रयास कर रहे थे। वर्तमान समय में सारे कार्यक्रम और योजनायें उनके द्वारा एकत्र आंकड़ों पर आधारित हैं। यह एक मोटा



अनुमान है कि घरेलू सहायकों की संख्या 5 मिलियन से कम है जिसमें 3 मिलियन से अधिक महिलायें हैं। वे अपने मालिकों के घरों में अंधकारमय जीवन जीते हैं। उनको कामगार के रूप में स्वीकार नहीं किया जाता है। उनका वेतन अन्य क्षेत्रों की तुलना में एक तिहाई होता है। उनको कोई सामाजिक संरक्षण या बेहतर कार्यस्थितियां नहीं मिलती हैं। उनमें से लगभग आधे गरीब राज्यों के प्रवासी हैं तथा देश की सर्वाधिक भेदभाव से ग्रस्त जनसंख्या का हिस्सा हैं। उनका संबंध वंचित जातियों व आदिवासी अल्पसंख्यकों से है तथा आमतौर से वे भूमिहीन व अशिक्षित होते हैं। राज्य से कोई संरक्षण न मिलने के कारण वे अपनी सहायता के लिए एनजीओ की ओर देखते हैं। हालांकि, शहरों में उनमें से अनेक ने स्वयं को अनौपचारिक समूहों के रूप में संगठित किया है और वे ट्रेड यूनियनों से जुड़ गए हैं। इससे उनका वेतन बेहतर हुआ है, कल्याणकारी अधिकार मिले हैं तथा बच्चों के लिए शैक्षिक सहायता मिली है।

वर्तमान समय में केवल दो कानून-असंगठित श्रम सामाजिक सुरक्षा कानून, 2008 तथा कार्यस्थल पर महिला उत्पीड़न सुरक्षा, निषेध व समाधान कानून, 2013 घरेलू सहायकों को 'श्रमिक' का दर्जा देते हैं। लेकिन उनको किसी विधिक ढांचे में सहायता नहीं मिल पाती है। उनको हाल ही में स्वीकृत सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 में भी स्थान नहीं मिला है। एक समय संसद में घरेलू कामगार कल्याण व सामाजिक सुरक्षा विधेयक लाने का प्रयास हुआ था। कुछ राज्यों ने उनके लिए न्यूनतम वेतन, काम के निश्चित घंटे, छुट्टियों, सामाजिक सुरक्षा तथा मातृत्व लाभ देने का प्रयास किया, पर उनके अधिकारों को संरक्षण देने वाला कोई कानून नहीं है। राष्ट्रीय सर्वेक्षण के बाद फौरन ऐसा कानून बनाया जाना चाहिए। इससे भी ज्यादा ऐसी व्यवस्था बनाना है जो कानून का क्रियान्वयन करे। लेकिन राज्य से ज्यादा जनता की जिम्मेदारी है कि वह घरेलू सहायकों का उत्पीड़न बंद करे तथा उनको गरिमापूर्ण जीवन जीने में सहायता करे। निसंदेह उनको संगठित कार्यबल का हिस्सा बनाया जाना चाहिए, पर उनके सामने असली समस्या व्यवहार संबंधी है। क्या मालिक उनके प्रति अपना व्यवहार बदलेंगे?

# कृषि कानून वापसी के नतीजे

वास्तव में किसी राजनीतिक पार्टी को कृषि कानूनों की वापसी का कोई चुनावी लाभ नहीं मिलेगा क्योंकि कोई इनके पक्ष में नहीं था।

**अमिताभ शुक्ला**
(लेखक चंडीगढ़ दि पायनियर के स्थानीय संपादक हैं)





प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तीन कानूनों को वापस लेने की घोषणा की जिनको भाजपा को छोड़ कर पंजाब की सभी राजनीतिक दलों ने 'काला कानून' कहा था। लेकिन इसका चुनावी राज्य की जमीनी नीतियों पर बड़ा प्रभाव नहीं पड़ेगा, भले ही इससे कांग्रेस, शिरोमणि अकाली दल व आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं में उत्साह की भावना है जो पिछले एक साल से अधिक समय से इनका विरोध कर रहे थे। इसका कारण समझना आसान है। सिख बहुल राज्य में भाजपा का कोई गठबंधन सहयोगी नहीं है, हालांकि हटाए गए मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने कुछ सकारात्मक संकेत जरूर दिए हैं, लेकिन राज्य के ज्यादातर हिस्सों में उनकी उपस्थिति नगण्य या बहुत कम है। हालांकि, कानून वापसी की घोषणा से भाजपा को इस दृष्टिकोण से लाभ मिलेगा कि अब उसके नेताओं का राजनीतिक बहिष्कार समाप्त हो जाएगा और उनको चुनाव में प्रचार अभियान चलाने में सहायता मिलेगी। पंजाब में इस घोषणा को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए चुनाव-पूर्व राहत की तरह देखा जा रहा है जहां भाजपा तीन कानूनों के खिलाफ उभरते किसान आंदोलन का मुकाबला कर रही थी। एक वरिष्ठ नेता ने संक्षेप में कहा कि यह मोदी द्वारा पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के उद्घाटन जैसी चीज है। इस एक्सप्रेसवे से भाजपा को पूर्वी उत्तर प्रदेश में वोट मिलेंगे और कानूनों की वापसी से पश्चिम उत्तर प्रदेश में पार्टी को राहत मिलेगी जहां वह कठोर संघर्ष का सामना कर रही थी।

भाजपा पिछले लगभग पच्चीस साल से पंजाब में शिरोमणि अकाली दल-एसएडी के साथ मिल कर चुनाव लड़ रही थी। इसे एक हिंदू-सिख चुनावी गठबंधन माना जाता था और इस समीकरण ने भाजपा को शहरी क्षेत्रों में अपनी स्थिति मजबूत करने का अवसर दिया था जहां हिंदुओं की संख्या काफी है। लेकिन कानूनों के मुद्दे पर एसएडी का भाजपा से गठबंधन टूटने तथा उसकी मंत्री हरसिमरत कौर बादल के मोदी कैबिनेट से बाहर जाने के बाद यह समीकरण संकट में पड़ गया था। लेकिन कानून वापसी के बाद भी एसएडी अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने भाजपा के प्रति नरमी नहीं दिखाई है। वास्तव में एसएडी ने बहुजन समाज पार्टी के साथ गठबंधन कर दलित वोटबैंक में सेंध लगाने का प्रयास किया है जो चरणजीत सिंह चन्नी के मुख्यमंत्री बनाए जाने के बाद कांग्रेस की ओर खिसक रहा था। लेकिन कानून की वापसी से पंजाब की राजनीति पर असर नहीं होगा जो पहले की तरह भावनात्मक बदलाव के कारण अनुमान से परे है। उदाहरणार्थ, तमाम नाटक के बावजूद हमेशा यह उम्मीद थी कि नवजोत सिंह सिद्धू पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष पद से अपना इस्तीफा वापस ले लेंगे। वास्तव में ऐसा ही हुआ।

वास्तव में इस्तीफा देने के बाद उनके आक्रामक राजनीतिक व्यवहार को बदलने का कोई खास प्रयास नहीं हुआ जो अपनी ही पार्टी के राजनेताओं के साथ दृष्टिकोण में समन्वय के बजाय टकराव का अधिक है। अब स्पष्ट है कि इस्तीफे के साथ सिद्धू का तर्क निश्चित रूप से इस चुनावी राज्य में अपनी कट्टरपंथी पंथी-धार्मिक राजनीति का प्रतीक खड़ा करना था। पिछले वर्षों में कट्टरपंथी अकालियों ने यही रास्ता अपनाया था तथा धर्म के साथ राजनीति को मिलाने का प्रयास किया था। 1984 के पहले कांग्रेस पार्टी के एक हिस्से ने यही काम करते हुए खतरनाक रूप से अकालियों से मुकाबले के लिए अतिवादी नेताओं से संबंध बढ़ाए थे।

लेकिन अब अकालियों ने भी पिछले वर्षों में नरम दृष्टिकोण अपनाया है और वे धर्म तथा पंथ या समुदाय के खतरे में होने की बात करने के बजाय बेरोजगारी, संकट, किसानों के विरोध प्रदर्शन, ग्रामीण क्षेत्रों में घटती आय, आदि प्रमुख मुद्दों की बात कर रहे हैं। एक वरिष्ठ कांग्रेसी नेता ने केवल धार्मिक मुद्दों के प्रति राज्य कांग्रेस अध्यक्ष के लगाव को देखते हुए कहा, 'सिद्धू की ओर देखें, वे एक दिशाहीन मिसाइल हो गए हैं और यह नहीं सोच पा रहे हैं कि जमीन पर उनको समर्थन मिल रहा है अथवा नहीं।' सिद्धू को सबसे बड़ा झटका मुख्यमंत्री की कुर्सी जाने से लगा जिस पर लंबे समय से उनकी नजर थी और जिसके लिए वे अपने धुर विरोधी अमरिंदर सिंह को पद से हटाने में सफल हुए थे।

मुख्यमंत्री चन्नी खामोशी से पूरा तमाशा देख रहे हैं और ताजा हवा की तलाश में उनका यह दृष्टिकोण ठीक भी लगता है। राज्य में पिछले दो दशकों में मुख्यमंत्री रहे कभी न मुस्कराने तथा कठोर मुखमुद्रा वाले प्रकाश सिंह बादल तथा तटस्थ दृष्टिकोण अपनाने वाले अमरिंदर सिंह की तुलना में यह एकदम अलग है। चन्नी के पास समय बहुत कम है और वे कमसे कम कांग्रेस को उस दौड़ में अंत तक ले जाने में सक्षम हुए हैं जिसमें एसएडी व आप से कड़ा मुकाबला है। चन्नी कहते हैं कि यह 'आम आदमी की, आम आदमी के लिए और आम आदमी द्वारा संचालित सरकार है।' यह चुनाव अभियान में कांग्रेस का प्रमुख नारा बन सकता है।

अमरिंदर सिंह ने अपनी नई पार्टी पंजाब लोक कांग्रेस शुरू की है, पर वे अभी इसे पूरी गति नहीं दे पाए हैं और इसमें कोई शामिल नहीं हुआ है। इसमें अभी वे लोग भी नहीं आए हैं जो सालों से उनके सहयोगी थे। अपने सीमित आकर्षण को देखते हुए अमरिंदर सिंह भी अपने फार्महाउस से निकल कर कहीं नहीं गए हैं, जबकि सभी राजनीतिक पार्टियां व उनके नेता राज्य का दौरा करने, उम्मीदवारों की सूची को अंतिम रूप देने तथा चुनावी रणनीति बनाने में व्यस्त हैं। पटियाला के पूर्व महाराजा भाजपा को संकेत दे रहे हैं। उनको शायद उम्मीद थी कि मोदी द्वारा तीन कानून वापस लेने के पहले उनको विश्वास में लिया जाएगा। वास्तव में भाजपा ने पंजाब की सभी 117 सीटों पर उतरने का फैसला किया है और संभवत: अमरिंदर सिंह को उन विद्रोही कांग्रेस उम्मीदवारों को मैदान में उतारने का मौका मिलेगा जो अंतिम समय में टिकट से वंचित हो जाएंगे।

अपने अनेक विधायकों के कांग्रेस के साथ जाने के कारण आप को भी नुकसान हुआ है और पिछले पांच साल में पार्टी का प्रदर्शन खराब रहा है। अब मूल पार्टी का बहुत कम हिस्सा उसके पास बचा है। 2017 में यह 20 विधायकों वाली प्रमुख विपक्षी पार्टी थी, पर अब इसके लगभग आधे विधायक चले गए हैं। उन्होंने इस्तीफा दिया है, उनको हटाया गया है तथा वे विद्रोही अथवा असंबद्ध हो गए हैं। इससे आप विधानसभा में खामोशी से तीसरे स्थान पर पहुंच गई। इसके बावजूद सडकों पर लड़ने की भावना, मुख्य पार्टियों के सभी हाशियाकृत तबकों के साथ मेलजोल बढ़ाने, तथा राजनीति में नयापन लाने के कारण यह पंजाब में एक समूह की पसंद बनी हुई है। हालांकि, आम आदमी पार्टी ने मुख्यमंत्री पद के लिए कोई चेहरा सामने नहीं रखा है और उसके पास नेता के रूप में पेश करने के लिए भी कोई एक चेहरा नहीं है।

तीन कानूनों की वापसी राज्य में राजनीतिक विमर्श में प्रमुखता प्राप्त करेगी क्योंकि सभी राजनीतिक पार्टी इसका श्रेय लेना चाहती हैं। लेकिन अभियान के दौरान वास्तव में कोई राजनीतिक पार्टी इसका चुनावी लाभ लेने की स्थिति में नहीं होगी क्योंकि यह एक तथ्य है कि किसी ने इसका समर्थन नहीं किया था। कानूनों का समर्थन करने वाली एकमात्र पार्टी भाजपा का राज्य में कोई खास महत्व नहीं है। हालांकि, भाजपा की केन्द्र सरकार ने करतारपुर गलियारा खोल कर सही कदम उठाया है। इसके साथ ही पंजाब में सीमा सुरक्षा बल का क्षेत्राधिकार अंतरराष्ट्रीय सीमा से 50 किलोमीटर तक विस्तारित करने का मुद्दा भी महत्वपूर्ण है, जबकि भाजपा के अलावा अन्य पार्टियां इसे देश के संघीय चरित्र का उल्लंघन मानती हैं। चूंकि कानूनों की तरह सभी राजनीतिक पार्टियां इसके भी खिलाफ थीं, इसलिए भाजपा नीत केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध एक और रूप ले रहा है।

# कृषि कानून वापसी और जीत की राजनीति

> विपक्ष की प्रतिक्रिया दिलचस्प है। कांग्रेस राहुल गांधी को लेकर छाती पीट रही है, जिन्होंने भविष्यवाणी की थी कि मोदी कानूनों को निरस्त कर देंगे

**कल्याणी शंकर**
(लेखिका राजनीतिक टिप्पणीकार हैं)



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झुकने के लिए नहीं जाने जाते हैं। हालांकि, राजनीतिक मजबूरियों ने उन्हें पिछले हफ्ते तीन विवादित कृषि कानूनों को वापस लेने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने महसूस किया है कि जब भी राजनीतिक विरोध और जन आंदोलन एक साथ आते हैं, तो यह राजनीति को प्रभावित करता है। एक चतुर राजनेता के रूप में, उन्होंने पीछे हटने का विकल्प चुना। शुक्रवार को अपने राष्ट्रीय टेलीविजन संबोधन में उन्होंने माफी मांगी : "आज, मैं अपने देशवासियों से क्षमा मांगता हूं और शुद्ध हृदय और ईमानदार मन से कहता हूं कि शायद कुछ कमी थी।" मोदी ने हड़ताली किसानों, अपने भक्तों और अपने विरोधियों को भी चौंका दिया। उन्होंने एक झटके में आगामी संसद सत्र और विधानसभा चुनावों में विपक्ष से हमले के केंद्रीय मुद्दे को सात राज्यों में ले लिया था। मोदी के अनुयायी उनके विरोधियों से ज्यादा भ्रमित थे। वे कृषि कानूनों का इतने उत्साह के साथ बचाव कर रहे थे कि उनके नीचे चढ़ने से उन्हें विश्वासघात का अहसास हुआ। लेकिन मोदी जानते हैं कि वह क्या कर रहे हैं, भले ही ऐसा लगता है कि निरसन उनकी छवि की कीमत पर है।

रोलबैक ने उसे ख्याति और ईंट-पत्थर जीत लिया है। भारत और विदेशों में सुधार समर्थक लॉबी मोदी के ऊपर चढ़ने से स्तब्ध है क्योंकि उन्हें आशंका है कि यह सुधार प्रक्रिया को रोक देगा, जिससे नई तकनीक और निवेश आएगा। वे मोदी पर भरोसा कर रहे थे कि वह सुधार की पहल करेंगे, खासकर श्रम और कृषि में। किसान-समर्थक लॉबी उन किसानों की जीत से खुश है, जिन्होंने एक साल तक ठंड और गर्मी के साथ-साथ कोविड -19 का भी विरोध किया। विपक्ष को भी लगता है कि किसानों को उनके समर्थन का दिन जीत गया है। संयोग से, रोलबैक के परिणामस्वरूप चुनावी रणनीति में बदलाव हो सकता है-भाजपा और विपक्ष दोनों के लिए।



भाजपा मणिपुर, गोवा, उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और गुजरात में शासन कर रही है और कांग्रेस केवल पंजाब में शासन कर रही है। बीजेपी के लिए यूपी में जीत बेहद जरूरी है. पार्टी इस बात से खुश है कि विपक्ष एकजुट नहीं है और उसने अभियान को तेज करना और पार्टी मशीनरी को सक्रिय करना शुरू कर दिया है। भाजपा के पास पर्याप्त धन और बाहुबल है और साथ ही एक अच्छी तरह से तेल वाली पार्टी मशीनरी भी है। विपक्ष की प्रतिक्रिया दिलचस्प है। कांग्रेस राहुल गांधी के उस विजन को लेकर अपना सीना पीट रही है, जिसने भविष्यवाणी की थी कि मोदी कृषि कानूनों को निरस्त कर देंगे। लेकिन एक मजबूत संगठन के बिना चुनावी राज्यों में जीतना मुश्किल है। मसलन, कांग्रेस इस समय यूपी में चौथे नंबर पर है. यह केवल अपनी स्थिति में सुधार कर सकता है और राज्य को नहीं जीत सकता। समाजवादी पार्टी किसान आंदोलन को केंद्रीय चुनावी मुद्दा बनाने की उम्मीद कर रही थी। पार्टी जाटों द्वारा समर्थित राष्ट्रीय लोक दल के साथ गठबंधन करने के लिए भी तैयार हो रही है। अब उसे अपनी चुनावी रणनीति पर फिर से काम करना होगा। विभाजित विपक्ष के परिणामस्वरूप त्रिशंकु विधानसभा हो सकती है। कांग्रेस पंजाब को आसानी से जीत सकती थी, लेकिन गांधी भाई-बहनों ने पिछले महीने कैप्टन अमरेंद्र सिंह से छुटकारा पाकर इसे बिगाड़ दिया है. कैप्टन ने अपनी पार्टी बना ली है और बीजेपी के साथ गठबंधन की तैयारी कर रहे हैं। वह चुनाव नहीं जीत सकते, लेकिन वह कांग्रेस को नुकसान पहुंचा सकते हैं। आम आदमी पार्टी का उभार भी चिंता का विषय है।

उत्तराखंड का उधम सिंह नगर जिला, जहां बड़ी संख्या में सिख किसान रहते हैं, आंदोलन का एक अनिवार्य केंद्र था। राज्य में मुख्यमंत्री पद का मजबूत चेहरा भी नहीं है। अब तक कांग्रेस और भाजपा बारी-बारी से शासन करती रही हैं।

हिमाचल प्रदेश में हाल के उपचुनावों में मिली जीत से कांग्रेस उत्साहित है। हाल के उपचुनावों में बीजेपी को पूरी तरह पराजय का सामना करना पड़ा था. इसमें एक मजबूत मुख्यमंत्री का भी अभाव है।गोवा तृणमूल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी जैसी बाहरी पार्टियों को आकर्षित कर रहा है। हालांकि कांग्रेस 2017 में नंबर एक पार्टी के रूप में उभरी, लेकिन भाजपा ने गठबंधन बनाकर राज्य को छीन लिया। मणिपुर में भी यही हुआ और कांग्रेस हार गई। प्रधान मंत्री और गृह मंत्री अमित शाह दोनों के गृह राज्य गुजरात में पहले ही मुख्यमंत्री का बदलाव देखा जा चुका है। फिर भी, उसके पास एक ठोस मुख्यमंत्री पद का चेहरा नहीं है। यही हाल कांग्रेस का है। लड़ाई कड़ी होगी। किसान की समस्या अभी भी थमी नहीं है। किसान संघों ने अपना आंदोलन जारी रखने का फैसला किया है और न्यूनतम समर्थन मूल्य पर संवैधानिक गारंटी, बिजली कानून को निरस्त करने और लखीमपुर खीरी हत्याकांड के दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वे इस संघर्ष में मारे गए छह सौ विषम किसानों के लिए मुआवजे की भी मांग करते हैं। क्या इन सभी मुद्दों पर सरकार झुकेगी? हमें इंतजार करना होगा और देखना होगा।

## आप की बात

### देश के वीरों का सम्मान

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने राष्ट्रपति भवन में एक समारोह में ग्रुप कैप्टन अभिनंदन वर्धमान को वीर चक्र से सम्मानित किया। देश के लिए शहीद हुए अन्य जवानों को भी मरणोपरांत कीर्ति चक्र, वीर चक्र, महावीर चक्र, शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया। अभिनंदन द्वारा दिखाई गई बहादुरी अद्वितीय है। निश्चित रूप से देश के हर नागरिक को इस पर गर्व है। देश के लिए लड़ रहे ऐसे वीरों की वीरता खासकर हर छात्र तक पहुंचनी चाहिए। क्योंकि ये देश का भविष्य हैं। साहसिक सैनिकों की कहानियाँ छात्रों तक पहुंचती रहनी चाहिए। इस कारण देश की रक्षा के लिए कैसे आगे आए? सोच कैसी रखे यह उन्हें स्कूल स्तर से ही पता चलेगा। वे देश के रक्षा बलों पर भी मोहित होंगे। यह कैसे काम करते है? और इसमें शामिल होने के लिए क्या आवश्यक है? इसकी तैयारी करके मैं रक्षा बलों में ही करियर बनाना चाहता हूं। छात्रों का यह विचार स्कूल से ही पक्का हो जाएगा। करियर के अलग-अलग रास्ते हैं। लेकिन रक्षा बलों में करियर को समाज में एक विशेष महत्व है। यहां सेवा करने वाले व्यक्ति के प्रति समाज का रवैया किसी भी अन्य करियर क्षेत्र की तुलना में बहादुर व्यक्ति ऐसा है।

– **जयेश राणे**, मुंबई

### क्यों जारी है आंदोलन?

**राकेश** टिकैत का बयान उनकी राजनीतिक मंशा को उजागर करता है और सरकार की सदाशयता को सरकार की कमजोरी समझने की भूल कर रहे हैंऔर अपनी राजनीति चमकाने के लिए अब भी किसानों को उकसाना चाह रहे हैं अब वक्त आ गया है कि किसान श्याम अपने देश का उपयोग करके तीनों के सिविल वापस लेनी जाने के बाद अपने अपने काम धंधे में लग जाएं सरकार कोई उनकी दुश्मन नहीं है इसलिए उस पर भरोसा रखें यह आंदोलन मुख्य रूप से तीनों कृषि बिल पास किए जाने के बाद और उसके विरोध में ही शुरू हुआ था। इन्हें बिना शर्त वापस लेना ही इस आंदोलन की मुख्य मांग थी, जो पूरी हो चुकी है। अब इनमें अन्य मांगों को जोड़ने का सीधा मतलब यही है कि संयुक्त किसान मोर्चा को लग रहा है कि सरकार दबाव में आ गई है, सो उससे जितना हो सके अपनी मांगें मनवा ली जाएं। यह नजरिया उचित नहीं है। इन मांगों के साथ समाज के उन हिस्सों के हित जुड़े हुए हैं, जो अपनी मांगों के साथ सड़क पर नहीं उतरे हैं और यह विश्वास बनाए हुए हैं कि उनके वोटों से निर्वाचित सरकार उनके हितों का भी ख्याल रखेगी। सिलसिला अभी चलता रहा तो एक के बाद एक मांगे बढ़ती जाएंगी।

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### कड़ी चेतावनी

**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सखत रुख अपनाते हुए उन सभी को कड़ी चेतावनी दे डाली है जो लखनऊ में सीएए एवं एनआरसी के नाम पर धरना प्रदर्शन करने वाले हैं, एवं शाहीन बाग बनाने वाले हैं। इस बार ऐसी कोई भी साजिश कामयाब नहीं होने दी जाएगी। वे अब की बार सावधान रहें उन्हें इस बार अब कोई मौका नहीं दिया जाएगा। हम भी उनके इस बयान का स्वागत करते हैं। पिछली बार दिल्ली के शाहीन बाग को आज तक पूरा भारत नहीं भुला पाया है जब बिना वजह से एक लंबे समय तक शाहीन बाग को चलाया गया था जबकि भारतीय अल्पसंख्यकों का इस कानून से कोई भी मतलब नहीं है, कोई भी लेना देना नहीं है। सीएए- एनआरसी विदेश में रहने वाले अल्पसंख्यकों के लिए लाया गया कानून है। अत: हम सहमत हैं कि अब दिल्ली जैसा शाहीन बाग लखनऊ तो क्या पूरे देश में कहीं भी कायम नहीं होना चाहिए पिछली बार इस शाहीन बाग के कारण देश को काफी नुकसान उठाना पड़ा था।

– **मनमोहन राजावत**, शाजापुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**हालांकि** कांग्रेस और माकपा दोनों ने त्रिपुरा पर शासन किया है, लेकिन उनमें भाजपा को हराने की क्षमता नहीं है।

– **अभिषेक बनर्जी**
तृणमूल कांग्रेस महासचिव



**जलवायु** परिवर्तन के मामले में हम कदम पीछे नहीं हटा सकते और वहां पर स्थिर बने भी नहीं रह सकते जहां पर हैं।

– **बराक ओबामा**
पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति



**बसपा** चुपचाप काम करने और कम बोलने में विश्वास रखती है, इसलिए हमारी पार्टी दूसरों की तरह घोषणापत्र जारी नहीं करती है।

– **मायावती**
बसपा सुप्रीमो

पायनियर
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 25 नवंबर, 2021



# जनता के लिए खुले रखें अपने दरवाजे: गहलोत

## ● पुनर्गठित मंत्रिपरिषद की पहली बैठक में बोले मुख्यमंत्री



**भाषा**। जयपुर

**मुख्यमंत्री** अशोक गहलोत ने बुधवार को अपने मंत्रियों से कहा कि वे आम जनता के लिए अपने दरवाजे खुले रखें, उनकी बात सुने-समझें और उचित मदद करें। साथ ही उन्होंने मंत्रियों से विधायकों की बातों पर भी गौर करने को कहा। मुख्यमंत्री गहलोत बुधवार शाम को यहां अपनी पुनर्गठित मंत्रिपरिषद की पहली बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में फैसला किया गया कि सभी मंत्री हफ्ते के पहले तीन दिन (सोमवार, मंगलवार और बुधवार) राजधानी जयपुर में रहकर जनसुनवाई करेंगे और विभागीय योजनाओं की समीक्षा करेंगे। बैठक के बाद खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने संवाददाताओं को बताया, मुख्यमंत्री ने सभी मंत्रियों को साफ कहा कि मंत्री जयपुर में जहां भी रहते हैं अपने दरवाजे खुले रखें, सुबह जन सुनवाई कर, लोगों की बात सुनें समझे, उनकी मदद करें।

खाचरियावास के अनुसार इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने कहा, विधायक कोई आता है तो उनका तुरंत प्रभाव से एक्शन लें। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री गहलोत ने सभी मंत्रियों से एक्शन मोड में रहने और सरकार की योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने के साथ-साथ उनके क्रियान्वयन पर निगरानी रखने को कहा।

बैठक के बाद जारी सरकारी बयान के अनुसार, बैठक में निर्णय किया गया कि सभी मंत्री सप्ताह के पहले तीन दिन-सोमवार, मंगलवार व बुधवार- जयपुर मुख्यालय पर ही रहकर जन अभाव अभियोग के निराकरण के साथ ही विभागीय योजनाओं की नियमित समीक्षा करेंगे। इसी तरह सभी प्रभारी मंत्रियों को अपने प्रभार वाले जिलों का महीने में कम से कम 2 दिन का दौरा करना होगा। इस दौरान वे जनसुनवाई करेंगे और जनप्रतिनिधियों के साथ जिले की समस्याओं, राज्य सरकार की योजनाओं एवं कार्यक्रमों के प्रभावी क्रियान्वयन का फीडबैक लेंगे और जिला प्रशासन के साथ इनकी समीक्षा करेंगे। बैठक में कहा गया कि आमजन की आकांक्षाओं को पूरा करने तथा राज्य के चहुंमुखी विकास के उद्देश्य से राज्य सरकार ने बीते करीब तीन साल में कई महत्वपूर्ण योजनाएं एवं कार्यक्रम लागू किए। साथ ही कई जनकल्याणकारी घोषणाएं भी की गई है।

कोरोना की विषम परिस्थितियों में भी सरकार ने जनता को राहत देने में कोई कमी नहीं छोड़ी है। जमीनी स्तर तक सरकार की योजनाओं, कार्यक्रमों व नीतियों का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित कर राज्य में सुशासन को और अधिक गति दी जाए। मंत्रिपरिषद ने 17 दिसंबर को राज्य सरकार के कार्यकाल के तीन साल पूरे होने के उपलक्ष्य में विभिन्न परियोजनाओं एवं विकास कार्यो के प्रस्तावित लोकार्पण एवं शिलान्यास पर भी विस्तृत चर्चा की।

मंत्रिपरिषद ने निर्णय किया कि राज्य में खाद्य पदार्थों में मिलावट की रोकथाम के लिए अगले साल से युद्ध स्तर पर अभियान शुरू किया जाएगा। बैठक में बताया गया कि राज्य सरकार निवेश के प्रवाह को बढ़ाने व राज्य के औद्योगिक विकास को गति देने के लिए आगामी 24 एवं 25 जनवरी को इन्वेस्ट राजस्थान सम्मेलन के रूप में एक महत्वाकांक्षी कार्यक्रम का आयोजन करने जा रही है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत मंत्रिमंडल में बहुप्रतीक्षित फेरबदल के तहत रविवार को सत्तारूढ़ कांग्रेस के 15 विधायकों ने मंत्री पद की शपथ ली थी।

## राकांपा नेता ने कंगना के खिलाफ राजद्रोह की शिकायत दर्ज कराई

**मुंबई**। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के एक नेता ने बुधवार को अभिनेत्री कंगना रनौत के खिलाफ यहां एक मजिस्ट्रेटी अदालत में शिकायत दर्ज कराते हुए 1947 में भारत की स्वतंत्रता को भीख के रूप में वर्णित करने वाली उनकी टिप्पणी के लिए राजद्रोह का मुकदमा शुरू करने का अनुरोध किया।

राकांपा की अल्पसंख्यक शाखा के राष्ट्रीय महासचिव यूसुफ परमार ने भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की धारा 124ए (राजद्रोह) और राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण कानून, 1971 की धारा दो के तहत उपनगर बोरीवली में मजिस्ट्रेटी अदालत में शिकायत दर्ज कराई। वकील एशले कुशर के माध्यम से दायर शिकायत में दावा किया गया है कि इस महीने की शुरुआत में नई दिल्ली में पद्म श्री पुरस्कार मिलने के बाद अदाकारा ने सोशल मीडिया के साथ-साथ टीवी शो में भी आधारहीन बयान देना शुरू कर दिया।



कन्याकुमारी में आदिकेसेवा पेरूमल मंदिर का निरीक्षण करते तमिलनाडु के मंत्री पीके सेकर बाबू

## शिरडी मंदिर को प्रसादालय खोलने की अनुमति मिली

**शिरडी (महाराष्ट्र)**। महाराष्ट्र के अहमदनगर जिले में प्रशासन ने शिरडी के श्री साईबाबा संस्थान ट्रस्ट को मंदिर का प्रसादालय (भोजन सुविधा) खोलने और भक्तों को प्रसाद वितरित करने की अनुमति दे दी है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। जिला प्रशासन के एक अधिकारी ने कहा कि अहमदनगर के जिलाधिकारी राजेंद्र भोसले ने एक आदेश जारी किया, जिसमें मंदिर ट्रस्ट को इन सुविधाओं को फिर से शुरू करने की अनुमति दी गई, जिन्हें कोविड-19 महामारी के कारण अस्थाई रूप से बंद कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन ने मंदिर ट्रस्ट से यह सुनिश्चित करने को कहा है कि प्रसाद का वितरण और उसका उपभोग मंदिर परिसर में नहीं हो। अधिकारी ने आदेश का हवाला देते हुए कहा कि सभी कर्मचारियों का पूर्ण टीकाकरण सुनिश्चित करते हुए प्रसादालय 50 प्रतिशत श्रद्धालुओं की क्षमता के साथ खुल सकता है। मंदिर ट्रस्ट रोजाना 15,000 श्रद्धालुओं को ऑनलाइन पास के जरिए और 10,000 श्रद्धालुओं को काउंटर से जारी पास के माध्यम से मंदिर में प्रवेश करने की अनुमति दे रहा है।

## संशोधन के विरोध में आदिवासियों ने किया प्रदर्शन

**बेरहामपुर**। ओडिशा के गंजाम जिले में बुधवार को वन (संरक्षण) कानून, 1980 में संशोधन के केंद्र सरकार के प्रस्ताव के खिलाफ विभिन्न आदिवासी संगठनों ने प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने प्रस्तावित संशोधन को यह कहते हुए वापस लेने की मांग की है कि इससे जंगल नष्ट होगा और यह वन संसाधनों पर आदिवासी लोगों के अधिकारों को छीन लेगा। पर्यावरण मंत्रालय ने अक्टूबर में वन भूमि पर सीमाई बुनियादी ढांचे के विकास के लिए पूर्व सरकारी अनुमोदन की जरूरत को खत्म करने के लिए वन (संरक्षण) कानून, 1980 (एफसीए) में संशोधन का प्रस्ताव दिया था। तीर और धनुष समेत अन्य पारंपरिक हथियारों के साथ ढोल बजाते हुए आदिवासियों ने दक्षिणी रेंज के राजस्व मंडल आयोग (आरडीसी) कार्यालय पहुंचने से पहले बेरहामपुर का चक्कर लगाया। एक आदिवासी संगठन आदिवासी भारत महासभा के टूना मलिक ने कहा कि प्रस्तावित संशोधन से वन क्षेत्रों में रहनेवाले आदिवासी लोगों के वन संसाधनों पर अधिकार को सुनिश्चित करनेवाला वन अधिकार कानून (एफआरए) कमजोर हो जाएगा। समुदाय अपनी विभिन्न जरूरतों को पूरा करने के लिए इस संसाधन पर निर्भर हैं।

## रिकॉर्ड 40 घंटे में क्षतिग्रस्त पटरी की मरम्मत की

**अमरावती**। दक्षिण भारत को उत्तर और पूर्व से जोड़ने वाली अहम विजयवाड़ा-चेन्नई ग्रैंड ट्रंक रेलवे लाइन की मरम्मत सैंकड़ों कामगारों ने रिकॉर्ड 40 घंटे में कर दी। पिछले सप्ताह भारी बारिश के बाद नेल्लोर और पादुगुपाडु के बीच रेलवे पटरी क्षतिग्रस्त हो गई थी। एक अधिकारी ने कहा कि पादुगुपाडु के पास करीब 1.8 किलोमीटर तक रेलवे पटरी क्षतिग्रस्त हो गई थी क्योंकि कोवुरु में सिंचाई टैंक टूट गए थे और ग्रैंड ट्रंक लाइन पर पानी भर गया था। इसमें से 600 मीटर तक पटरी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई थी और गिट्टी तथा पटरी के लिए बने तटबंध 2.5 मीटर की गहराई तक बह गए और पटरी यहां लटकने वाली स्थिति में आ गई। इसके बाद इस महत्वपूर्ण लाइन पर सैंकड़ों ट्रेनों का परिचालन रद्द करना पड़ा या उनका मार्ग बदला गया। एससीआर विजयवाड़ा मंडल के प्रबंध शिवेंद्र मोहन ने एक विज्ञप्ति में बताया कि करीब 300 श्रमिक, 25 अधिकारी और 50 निरीक्षक लगातार मरम्मत कार्य में लगे रहे और उन्होंने प्रभावित खंड को बहाल कर दिया। रिकॉर्ड 40 घंटे में सेवा को पहले की तरह सामान्य रूप में बहाल कर दिया गया।

## स्वामी के खिलाफ टिप्पणी पर नई याचिका दायर करें

**मुंबई**। बंबई उच्च न्यायालय ने दिवंगत आदिवासी अधिकार कार्यकर्ता स्टेन स्वामी के वकीलों को एक विशेष एनआईए अदालत द्वारा उनके खिलाफ एल्गार परिषद-माओवादी संबंध मामले में की गई टिप्पणी के सिलसिले में बुधवार को एक नई याचिका दायर करने को कहा। न्यायमूर्ति नितिन जामदार और न्यायमूर्ति सारंग कोतवाल की खंड पीठ स्वामी के वकील एवं वरिष्ठ अधिवक्ता मिहिर देसाई द्वारा जमशेदपुर जेसुइट प्रोविंस (जेजेपी) की ओर से दायर एक अंतरिम अर्जी पर सुनवाई कर रही है। जेजेपी ने अनुरोध किया है कि पादरी और स्वामी के सहयोगी फादर फ्रेजर मैसकारेनहास को वाद के लिए उनका निकट परिजन माना जाए। देसाई ने कहा कि वे मामले से स्वामी का नाम हटवाना चाहते हैं। मामले में सुनवाई शुरू होने का इंतजार करते हुए पांच जुलाई को एक निजी अस्पताल में स्वामी की मृत्यु हो गई थी। इससे पहले, मार्च में राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के मामलों के लिए शहर की एक विशेष अदालत ने स्वामी की जमानत याचिका खारिज करते हुए कहा था कि उनके खिलाफ प्रथम दृष्टया साक्ष्य हैं।

## एमएसआरटीसी कर्मचारियों के वेतन में वृद्धि की घोषणा

**मुंबई**। महाराष्ट्र के परिवहन मंत्री अनिल परब ने एमएसआरटीसी कर्मचारियों की करीब एक महीने से जारी हड़ताल को समाप्त कराने के प्रयास में बुधवार को वेतन वृद्धि की घोषणा की। उन्होंने कर्मचारियों से आंदोलन वापस लेने की अपील करते हुए कहा कि मूल वेतन में औसतन 2,500 रुपए से 5,000 रुपए बढ़ोतरी की घोषणा की। परब ने बुधवार शाम यहां महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) कर्मचारियों के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ लंबी बैठक के बाद यह घोषणा की। उन्होंने कहा कि वेतन वृद्धि सेवा मानदंड के वर्षों के अनुसार दी जाएगी और इससे राज्य सरकार पर 60 करोड़ रुपए का अतिरिक्त मासिक बोझ और 750 करोड़ रुपए का वार्षिक बोझ पड़ेगा। परब के साथ बातचीत में भाग लेने वाले और आंदोलन का नेतृत्व कर रहे भाजपा के विधान पार्षदों सदाभाऊ खोत तथा गोपीचंद पडलकर ने कहा कि वे शाम को हड़ताल के बारे में अपने रुख की घोषणा करेंगे। कर्मचारियों की मुख्य मांग नकदी संकट से जूझ रहे निगम का राज्य सरकार में विलय करने की है। हड़ताल 28 अक्टूबर को शुरू हुई और 9 नवंबर से तेज हो गई जब एमएसआरटीसी के सभी डिपो बंद हो गए।

## कांग्रेस को कोई खत्म नहीं कर पाएगा: वेणुगोपाल

**नई दिल्ली**। कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने अपनी पार्टी के कुछ नेताओं के तृणमूल कांग्रेस में शामिल होने को नाटक करार देते हुए बुधवार को कहा कि देश की सबसे पुरानी पार्टी इस तरह के प्रयासों से कमजोर नहीं होगी और उसे कोई खत्म नहीं कर पाएगा। उन्होंने संवाददाताओं से कहा कि पहले भी कांग्रेस को कमजोर करने का प्रयास किया गया, लेकिन यह सफल नहीं हुआ और आगे भी सफल नहीं होगा क्योंकि यह पार्टी जनता के मुद्दे उठाती आ रही और उठाती रहेगी। कुछ कांग्रेस नेताओं के तृणमूल कांग्रेस में शामिल होने को लेकर वेणुगोपाल ने कहा, हमें इसकी चिंता नहीं है। अगर कोई सोचता है कि एक दिन कांग्रेस को खत्म कर देगा तो ऐसा कभी नहीं होगा। पहले भी कई लोगों ने यह कोशिश की थी। उन्होंने जोर देकर कहा कि हमारा मकसद स्पष्ट है कि हमें सरकार की जनविरोधी एवं गरीब विरोधी नीतियों के खिलाफ लड़ना है। कांग्रेस महासचिव ने कहा, इसकी (कुछ नेताओं के कांग्रेस में शामिल होना) बहुत ज्यादा चिंता की जा रही है। यह सब महज नाटक है। कांग्रेस नेता कीर्ति आजाद और हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष अशोक तंवर मंगलवार को तृणमूल कांग्रेस में शामिल हो गए। कांग्रेस की पृष्ठभूमि वाले कई अन्य नेता पिछले कुछ महीनों में तृणमूल कांग्रेस में शामिल हुए हैं। इनमें सुष्मिता देव, लुईजिन्हो फालेरियो और अभिजीत मुखर्जी प्रमुख हैं।

# मप्र में आम्बेडकर जन्म स्मारक को राष्ट्रीय धरोहर घोषित करेंगे मोदी

**भाषा**। इंदौर

**संविधान** निर्माता डॉ. भीम राव आम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस (पुण्यतिथि) पर छह दिसंबर को मध्यप्रदेश के महू स्थित उनके जन्म स्मारक को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा राष्ट्रीय धरोहर घोषित किया जाएगा और इसके मद्देनजर राज्य सरकार इस स्मारक के विकास का नया खाका बनाने में जुट गई है।

राज्य सरकार के जनसंपर्क विभाग की ओर से बुधवार को जारी विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई। विज्ञप्ति में बताया गया कि आम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर उनके महू स्थित जन्म स्मारक और उनके जीवन से जुड़े चार अन्य अहम स्थानों को प्रधानमंत्री द्वारा वर्चुअल कार्यक्रम के माध्यम से राष्ट्रीय धरोहर घोषित किया जाएगा। विज्ञप्ति में बताया गया कि

## ● राज्य सरकार तैयारी में जुटी

इंदौर के जिलाधिकारी मनीष सिंह ने इस कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लेने के लिए महू के आम्बेडकर जन्म स्मारक का दौरा किया और अफसरों को जरूरी निर्देश दिए।

विज्ञप्ति के मुताबिक जिलाधिकारी ने राष्ट्रीय धरोहर के रूप में इस स्मारक का रख-रखाव करने के लिए राज्य सरकार के अनुसूचित जाति विकास विभाग के आयुक्त से आवश्यक बजट मंजूर करने का अनुरोध भी किया है।

विज्ञप्ति में बताया गया कि लाखों लोगों की आस्था के इस केंद्र के विकास की नई योजना में भवन में सुधार और रख-रखाव के नियमित कामों के अलावा, आम्बेडकर के अस्थि कलश स्मारक की स्थापना, उनके द्वारा संसद में दिए गए भाषणों को एक दीर्घा में प्रस्तुत किया जाना, विशाल तिरंगा झंडा लगाना आदि शामिल है।

गौरतलब है कि आम्बेडकर के महापरिनिर्वाण दिवस पर केंद्र सरकार आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के तहत पंचतीर्थ कार्यक्रम आयोजित कर रही है। इस कार्यक्रम के तहत छह दिसंबर को विभिन्न सोशल मीडिया मंचों के जरिए लोगों को पंचतीर्थ (महू समेत आम्बेडकर के जीवन से जुड़े पांच प्रमुख स्थान) के दर्शन भी कराए जाएंगे। दलितों के मसीहा के रूप में मशहूर आम्बेडकर ने ब्रितानी राज के सैन्य अफसर रामजी मालोजी सकपाल और भीमाबाई की संतान के रूप में 14 अप्रैल 1891 को महू के काली पलटन इलाके में जन्म लिया था।




पटना में नीतीश सरकार के 15 साल पूरे होने के अवसर पर मुख्यमंत्री की कलाकृति के सामने जश्न मनाते जेडीयू के कार्यकर्ता

# कोष की हेराफेरी मामले के मुख्य आरोपी ने 100-200 हिंदू लड़कियों का धर्मांतरण कराया

## ● आरोपपत्र दाखिल

**भाषा**। अहमदाबाद

**पुलिस** द्वारा गुजरात की एक अदालत में दाखिल आरोप-पत्र के मुताबिक, वडोदरा में एक परमार्थ न्यास द्वारा विदेशी धन की कथित रूप से हेराफेरी से संबंधित एक मामले के मुख्य आरोपी ने पैसे का उपयोग करके 100 से 200 हिंदू लड़कियों को इस्लाम कबूल करवाकर उनकी शादी कर दी। वडोदरा पुलिस ने मंगलवार को उस मामले में आरोप-पत्र दाखिल किया जिसमें एक परमार्थ न्यास के प्रबंध न्यासी और उनके सहयोगियों ने विदेशी कोष हासिल किया था और अवैध रूप से उन्हें लोगों को इस्लाम धर्म कबूलवाने, मस्जिद बनाने और सीएए विरोधी प्रदर्शनकारियों और राष्ट्रीय राजधानी में 2020 के सांप्रदायिक दंगों के बाद दिल्ली में दंगाइयों को कानूनी मदद मुहैया कराने के लिए इस्तेमाल किया था। वडोदरा के अतिरिक्त मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी पीए पटेल की अदालत में 1,860 पन्नों का आरोप-पत्र दाखिल किया गया जिसमें पांच आरोपियों के नाम हैं। पुलिस ने आरोप पत्र के माध्यम से अदालत को बताया कि मामले के मुख्य आरोपियों में से एक, दिल्ली निवासी मोहम्मद उमर गौतम ने 100 से 200 हिंदू लड़कियों का इस्लाम में धर्मांतरण किया और उनकी शादी कर दी। दस्तावेज में कहा गया कि इतना ही नहीं वडोदरा स्थित एएफएमआई परमार्थ न्यास के प्रबंध न्यासी मुख्य आरोपी सलाउद्दीन शेख के करीबी सहयोगी गौतम ने न्यास के कोष का इस्तेमाल करते हुए विभिन्न धर्मो के करीब 1000 लोगों का भी धर्मांतरण कराया।

पुलिस ने कहा कि जिन लोगों का इस्लाम में धर्मांतरण कराया गया उनमें 10 मूक-बधिर लोग भी शामिल हैं। गौतम, शेख और शेख के लिए काम करने वाले मोहम्मद मंसूरी नाम के शख्स को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है, जबकि वडोदरा पुलिस ने गुजरात के भरूच जिले के मूल निवासी लंदन में रह रहे अब्दुल्ला फेफडावाला और मूल रूप से मुंबई के रहने वाले संयुक्त अरब अमीरात में रह रहे मुस्तफा थानावाला को भगोड़ा दिखाया है। गौतम को उत्तर प्रदेश के आतंकवाद निरोधी दस्ते (एटीएस) ने जून में धोखे से लोगों का इस्लाम में धर्मांतरण कराने के आरोप में गिरफ्तार किया था। बाद में, उप्र एटीएस ने गौतम के सहयोगी शेख को भी वडोदरा से गिरफ्तार किया, जो धर्मांतरण और ऐसे अन्य उद्देश्यों के लिए एएफएमआई न्यास के कोष की हेराफेरी करने में शामिल था।

## अवसंरचना बनाने में अधिक अंतरराष्ट्रीय सहयोग की जरूरत: राजनाथ सिंह

**भाषा**। नई दिल्ली

**रक्षामंत्री** राजनाथ सिंह ने बुधवार को कहा कि भविष्य में आपदाओं को रोकने और उनके प्रबंधन के लिए जरूरी अवसंरचना के निर्माण में और अंतरराष्ट्रीय सहयोग की जरूरत है। आपदा प्रबंधन पर पांचवीं विश्व कांग्रेस का डिजिटल माध्यम से उद्घाटन करने के बाद राजनाथ सिंह ने कहा कि भारत आपदा से बचने के लिए ढांचा निर्माण में मित्र देशों को विशेषज्ञता की पेशकश करने में अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

रक्षा मंत्रालय द्वारा जारी बयान के मुताबिक उन्होंने कहा कि सटीक उपकरण और सेंसर, कृत्रिम बुद्धिमत्ता के इस्तेमाल से आपदा के खतरे का क्रांतिकारी तरीके से आकलन किया जा सकता है और पूर्व चेतवानी दी जा सकती है। बयान के मुताबिक, रक्षामंत्री ने भविष्य की आपदा को रोकने और प्रबंधन के लिए अवसंरचना स्थापित करने के लिहाज से और अंतरराष्ट्रीय सहयोग पर जोर दिया। मंत्रालय के मुताबिक राजनाथ सिंह ने वर्ष 2030 के सतत विकास लक्ष्यों के क्रियान्वयन पर कोविड-19 महामारी के पड़ने वाले असर का व्यापक आकलन करने, इन लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए वैश्विक और राष्ट्रीय रणनीतियों में नए विचारों को समाहित करने की जरूरत को लेकर सुझाव दिया।



पटना में एक पुरानी जीप को चलाते आरजेडी के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव

## महंत गिरि भारी मानसिक तनाव में थे: सीबीआई

**नई दिल्ली**। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के पूर्व अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरि अपने शिष्य आनंद गिरि, पुजारी आद्या प्रसाद तिवारी, उनके बेटे संदीप तिवारी की वजह से भारी मानसिक तनाव में थे और उन्होंने समाज की नजरों में मानहानि और अपमान से बचने के लिए जीवन लीला समाप्त कर ली थी। उनकी मौत की जांच कर रही सीबीआई ने अपने आरोप पत्र में यह दावा किया है। सीबीआई ने वह वीडियो भी बरामद किया है जिसे महंत ने आत्महत्या करने से पहले कथित तौर पर रिकॉर्ड किया था। इसमें उन्होंने आरोप लगाया है कि आनंद गिरि संपादित वीडियो जारी करने वाले थे जिसमें उन्हें महिला के साथ आपत्तिजनक स्थिति में दिखाया गया है। एजेंसी ने 20 नवंबर को आरोप पत्र दाखिल किया है जिसमें प्रयागराज स्थित बड़े हनुमान मंदिर के पुजारी आनंद गिरि, आद्या प्रसाद तिवारी और संदीप तिवारी को आरोपी बनाया गया है और सभी इस समय आत्महत्या के लिए उकसाने, आपराधिक साजिश रचने के आरोप में न्यायिक हिरासत में हैं।

# बीएसएफ ने अंतरराष्ट्रीय सीमा के उल्लंघन को लेकर पाकिस्तान के समक्ष कड़ा विरोध दर्ज कराया

**भाषा**। जम्मू

**बीएसएफ** ने सीमा पर ड्रोन भेजकर अंतरराष्ट्रीय सीमा का उल्लंघन करने को लेकर पाकिस्तान के समक्ष बुधवार को कड़ा विरोध दर्ज कराया और उससे ऐसी गतिविधियों से परहेज करने को कहा। सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के एक प्रवक्ता ने बताया कि बीएसएफ के प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व कमांडेंट अजय सूर्यवंशी ने किया और पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व 13 विंग चिनाब रेंजर्स के विंग कमांडर लेफ्टिनेंट कर्नल अकील ने किया। प्रवक्ता ने बताया कि यहां ऑक्ट्रोई सीमा चौकी में पाकिस्तानी रेंजर्स के साथ कमांडेंट स्तर की बैठक के दौरान विरोध दर्ज कराया गया। प्रवक्ता ने कहा कि बैठक के दौरान, दोनों सीमा सुरक्षा बलों के कमांडरों ने सीमा स्तंभों के रखरखाव और सीमा पर नवीनतम बुनियादी ढांचा गतिविधियों, पाकिस्तान के ड्रोन संचालन और अन्य गतिविधियों सहित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि पाकिस्तानी रेंजर्स ने बीएसएफ के रक्षा निर्माण कार्य पर आपत्ति जताई। प्रवक्ता ने कहा कि दोनों कमांडर आपसी समझ के साथ सभी परिचालन मामलों और सीमा मुद्दों को हल करने के लिए सहमत हुए। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान की ओर से ड्रोन द्वारा अंतर्राष्ट्रीय सीमा (आईबी) के उल्लंघन के संबंध में बीएसएफ ने कड़ा विरोध दर्ज कराया और पाकिस्तानी कमांडर को ऐसी गतिविधियों से परहेज करने के लिए भी कहा। प्रवक्ता ने कहा कि बैठक सौहार्दपूर्ण और रचनात्मक माहौल में हुई और दोनों कमांडर सीमा पर शांतिपूर्ण माहौल बनाए रखने के लिए काम करने पर सहमत हुए।

# कोरोना को लेकर सावधानी बेहद जरूरी : हिफजुर्रहमान

## ● जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में पांच दिवसीय कार्यशाला

**गणेशपुर**। हमारे देश में कोरोना भले कमजोर पड़ गया हो लेकिन इसको लेकर सावधानी बेहद जरूरी है। लोगों को जागरूक करने में पारंपरिक लोक माध्यम सशक्त भूमिका निभा सकते है। इनमें कठपुतली यानी पुतुल कला भी अहम है। ये बातें जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डायट) गणेशपुर, बाराबंकी में इंडियन साइंस कम्युनिकेशन सोसाइटी और भारत सरकार की संस्था- भारतीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद के सहयोग से चल रही पांच दिवसीय जन संचार माध्यमों से कोरोना जागरूकता कार्यशाला एवं आउटरीच कार्यक्रम में डायट के प्राचार्य हिफजुर्रहमान ने कहीं। उन्होंने कहाकि दुनियाभर में कोरोना ने जो तबाही मचायी है, वह अभूतपूर्व है। इसकी आज भी कोई दवाई नहीं है लेकिन टीकाकरण से इसका खतरा कम हो सकता है। इसलिए हमें टीकाकरण के बारे में अधिक से अधिक लोगों को जागरूक करना चाहिए। वहीं बाबा साहब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय लखनऊ के डॉ. एके सिंह ने प्रतिभागियों को पुतुल नाटक के मंचन के लिए स्क्रिप्ट लेखन से लेकर संवाद तक पहुंचने के गुर बताए। उन्होंने कहाकि नाटक की भाषा सरल और रोचक हो। यदि स्थानीय भाषा का प्रयोग किया जाए तो यह और भी अच्छा रहेगा। विशेषज्ञ राजेंद्र कुमार त्रिवेदी और इश्तियाक अली ने विद्यार्थियों को पुतुल निर्माण के बारे में विस्तार से बताया। बाद में छात्रों ने रद्दी कागज से कई प्रकार की आकर्षक पुतुल बनाईं। विज्ञान लेखक संघ के सचिव डॉ. वीपी सिंह ने बताया कि पुतुल ऐसा माध्यम है जो दो तरफा संवाद कर सकता है। डॉ. सिंह ने स्क्रिप्ट लेखन, विज्ञान सूचना के स्रोत एवं प्रस्तुतीकरण के संदर्भ में भी बताया। उन्होंने कहाकि विज्ञान एवं तकनीक की कठिन से कठिन बातें सीधे, सरल शब्दों में आम लोगों तक पहुंचनी चाहिए, तभी उनकी उपयोगिता है। निर्जीव कठपुतलियों में संवाद की क्षमता बेहद प्रभावशाली होती है। कार्यशाला संयोजक और डायट के वरिष्ठ शिक्षक राहुल सिंह सूर्यवंशी ने बताया कि 22 से 26 नवंबर तक चलने वाली इस कार्यशाला में 30 प्रतिभागी भाग ले रहे हैं जो प्रशिक्षण के उपरांत जिले के 30 गावों में जाकर लोगों को कोरोना के प्रति जागरूक करेंगे।



डायट बाराबंकी के प्राचार्य हिफजुर्रहमान को स्मृति चिन्ह भेंट करते बाबा साहब भीमराव अंबेडकर विश्वविद्यालय के डॉ. अरविन्द कुमार सिंह

**मालेगांव विस्फोट मामला**

# भाजपा सांसद प्रज्ञा मुंबई की अदालत में पेश

भाषा। मुंबई



**महाराष्ट्र** में 2008 के मालेगांव विस्फोट मामले में आरोपी एवं भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की भोपाल से सांसद प्रज्ञा सिंह ठाकुर बुधवार को यहां एक विशेष एनआईए अदालत में पेश हुईं। ठाकुर, पिछली बार जनवरी 2021 में अदालत आई थीं। वह जमानत पर जेल से बाहर हैं।दिन में, उनके वकीलों ने राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) के मामलों के लिए विशेष न्यायाधीश पी. आर. सित्रे से कहा कि चूंकि ठाकुर इलाज के सिलसिले में मुंबई में हैं, इसलिए वह अदालत में उपस्थित होंगी। उन्हें अदालत ने समन जारी नहीं किया था। भोपाल से सांसद, ठाकुर दोपहर 12 बजकर 25 मिनट पर पहुंचीं और अदालत कक्ष में अगली पंक्ति में एक वकील की कुर्सी पर बैठीं। उनके बैठने से पहले उनके सहायकों ने कुर्सी पर मलमल का एक कपड़ा बिछाया। न्यायाधीश ने ठाकुर से उनके स्वास्थ्य के बारे में पूछा, जिस पर उन्होंने कहा, कभी ठीक रहता है, कभी नहीं। सांसद ने न्यायाधीश को बताया कि वह शहर के कोकिलाबेन अस्पताल में इलाज करा रही हैं और चूंकि इलाज से उनके स्वास्थ्य में सुधार हुआ है इसलिए वह आगे के इलाज के लिए आई हैं।

उनकी बीमारी के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि उन्हें कई बीमारियां हैं। उन्होंने कहा कि वह अगले दो दिन मुंबई में रुकेंगी और यदि जरूरत पड़ी तो अस्पताल में भर्ती होंगी। न्यायाधीश सित्रे ने उनसे सुनवाई के घटनाक्रम से अद्यतन रहने को कहा। हाल के महीनों में सामने आए कुछ वीडियो में देखा जा सकता है कि भोपाल से सांसद ठाकुर नवरात्र उत्सव के दौरान गरबा नृत्य में हिस्सा ले रही हैं और कबड्डी खेलने की भी कोशिश कर रही हैं, जबकि उन्हें मेडिकल आधार पर जमानत मिली है। इन वीडियो के सामने आने पर विवाद छिड़ गया था।

अब से पहले की पेशी के दौरान, ठाकुर ने अदालत कक्ष में गंदगी और सुविधाओं की कमी की शिकायत की थी। हालांकि, बुधवार को उन्होंने कहा, मौजूदा व्यवस्था अच्छी है। न्यायाधीश ने कहा कि कोविड महामारी को लेकर कुछ पाबंदियां थीं और अब बेहतर तरीके से साफ-सफाई की जा रही है।

## वानखेड़े के पिता ने बंबई उच्च न्यायालय की एकल पीठ के आदेश को चुनौती दी

**मुंबई।** एनसीबी के क्षेत्रीय निदेशक समीर वानखेड़े के पिता ज्ञानदेव वानखेड़े ने बुधवार को बंबई उच्च न्यायालय का रुख कर इसकी एकल पीठ के उस आदेश को चुनौती दी, जिसमें महाराष्ट्र के मंत्री नवाब मलिक को समीर वानखेड़े या उनके परिवार के खिलाफ टिप्पणी करने या सोशल मीडिया पोस्ट करने से रोकने से इनकार कर दिया गया था। ज्ञानदेव वानखेड़े ने अपनी याचिका पर तत्काल सुनवाई करने की अपील की और न्यायमूर्ति एस. जे. कथावाला और न्यायमूर्ति मिलिंद जाधव की खंडपीठ से उन्हें राहत देने का अनुरोध किया। उनकी याचिका पर बृहस्पतिवार को सुनवाई होने की संभावना है। सोमवार को न्यायमूर्ति माधव जामदार की एकल पीठ ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता मलिक के खिलाफ वानखेड़े की मानहानि के मुकदमे में कोई अंतरिम राहत देने से इनकार कर दिया था।



बिहार के सीवान में पंचायत चुनाव के दौरान मतदान के लिए लाइन लगाए हुए मतदाता।

## फडणवीस ने राज ठाकरे से उनके घर पर की मुलाकात

**मुंबई।** भाजपा के वरिष्ठ नेता देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को यहां महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के प्रमुख राज ठाकरे से मुलाकात की, जिससे अगले साल की शुरुआत में होनेवाले बृहन्मुंबई महानगरपालिका (बीएमसी) चुनाव से पहले राजनीतिक गलियारों में दोनों दलों के बीच गठबंधन की अटकलें तेज हो गई हैं। फडणवीस और उनकी पत्नी अमृता ने मध्य मुंबई के दादर में राज ठाकरे और उनकी पत्नी शर्मिला से उनके नए आवास शिवतीर्थ में मुलाकात की। इन चारों को मनसे अध्यक्ष के घर की बालकनी में बातचीत करते हुए देखा गया। भाजपा पदाधिकारियों ने इसे सौहार्दपूर्ण पारिवारिक मुलाकात बताया है चुनाव के मद्देनजर अहम करार दे रहे हैं।

2014 से 2019 के बीच महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान फडणवीस ने राज ठाकरे के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध बनाए रखे थे। 2017 के बीएमसी चुनाव में भाजपा ने मुंबई में शिवसेना के गढ़ में 82 सीटों पर जीत हासिल की थी। शिवसेना ने 84 सीटें जीतकर सत्ता अपने हाथ में रखी।

भाजपा की नजर अब शिवसेना से यह जीत छीनने की है, जो पिछले तीन दशकों से महानगरपालिका पर शासन कर रही है। पिछले बीएमसी चुनाव में कांग्रेस 31 सीटों पर जीत हासिल कर तीसरे स्थान पर रही थी। वहीं राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) और मनसे को क्रमश: नौ और सात सीटें मिली थीं। बाद में उस साल, मनसे के सात पार्षदों में से छह ने शिवसेना का दामन थाम लिया था। पार्टी को भाजपा पर बढ़त मिल गई थी। राज ठाकरे 2019 के लोकसभा चुनाव से पहले भाजपा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर लगातार हमलावर थे लेकिन 2020 में उन्होंने अपनी पार्टी के नए भगवा झंडे का अनावरण किया।

## सरकारी अधिकारियों के परिसरों में छापेमारी की कार्रवाई की

**बेंगलुरु।** कर्नाटक के भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो ने ज्ञात स्रोत से अधिक आय के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए सरकारी अधिकारियों के राज्य में करीब 60 ठिकानों पर छापेमारी की। एसीबी के करीब 400 अधिकारियों ने विभिन्न विभागों के 15 अधिकारियों के बेंगलुरु, मंगलुरु, मांड्या और बेल्लारी स्थित ठिकानों की तलाशी ली। आठ अधीक्षकों, 100 अधिकारियों और 300 कर्मचारियों की टीम ने 15 अधिकारियों के खिलाफ ज्ञात स्रोत से अधिक आय के मामले में 60 ठिकानों की तलाशी ली। मंगलुरु स्मार्ट सिटी के कार्यकारी अभियंता केएस लिंगेगौडा, मांड्या के कार्यकारी अभियंता के श्रीनिवास, डोड्डाबल्लापुरा के राजस्व निरीक्षक लक्ष्मी नरसिंहैया, बेंगलुरु निर्मिति केंद्र के पूर्व परियोजना प्रबंधक वासुदेव, बेंगलुरु नंदनी डेयरी के महा प्रबंधक बी कृष्णा रेड्डी, गडग कृषि विभाग के संयुक्त निदेशक टीएस रुद्रेशप्पा और बाइलाहोंगला सहकारी विकास अधिकारी एके मस्ती आदि अधिकारियों के खिलाफ कार्वाई की गई है।

## उप्र और अन्य राज्यों में चुनाव नहीं होते तो केंद्र कृषि कानून वापस नहीं लेता : पवार

**पुणे।** राकांपा अध्यक्ष शरद पवार ने बुधवार को दावा किया कि भाजपा नीत केंद्र सरकार तीन विवादित कृषि कानूनों को वापस नहीं लेती, अगर उत्तर प्रदेश और अन्य राज्यों में विधानसभा चुनाव नहीं होने होते। सतारा जिले के महाबलेश्वर में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए उन्होंने एक बार जोर देकर कहा कि महाराष्ट्र में शिवसेना नीत महा विकास अघाडी (एमवीए) सरकार अपना पांच साल का कार्यकाल पूरा करेगी और भरोसा जताया कि अगर राज्य में आज चुनाव हो तो तीन दलों का गठबंधन फिर से सत्ता में वापसी करेगा। पवार राकांपा की युवा इकाई के सम्मेलन में शामिल होने से पहले संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे।



गत शुक्रवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने तीनों कृषि कानूनों को वापस लेने की घोषणा की थी जिसके खिलाफ किसान करीब एक साल से दिल्ली की सीमा पर धरना दे रहे हैं। एक सवाल के जवाब में पवार ने कहा, उत्तर प्रदेश और पड़ोसी राज्यों में चुनाव होने वाले हैं। हमारी सूचना के मुताबिक सत्ता से जुड़े लोग जब इन राज्यों के कुछ गांवों में गए तो स्थानीय लोगों द्वारा उनके साथ अलग व्यवहार किया गया। इसपर विचार करने के बाद संभवत: उन्होंने आकलन किया कि किस तरह का व्यवहार होगा जब वे गांवों में मतदान के लिए जाएंगे। ऐसा लगता है कि इस पृष्ठभूमि के आधार पर यह व्यावहारिक फैसला लिया गया।

अगर इन राज्यों में हाल फिलहाल चुनाव नहीं होते तो यह फैसला नहीं लिया जाता। जब पूछा गया कि भाजपा के महाराष्ट्र प्रदेश अध्यक्ष चंद्रकांत पाटिल ने टिप्पणी की है कि नए साल पर राज्य में सरकार बदल जाएगी, तब पवार ने कहा कि एमवीए की दो साल पहले सरकार बनी थी तब भी कहा गया था कि 15 दिनों में यह सरकार गिर जाएगी। इसके बाद सुना गया गया कि एक महीने में, दो महीने में, तीन महीने और इसी तरह सरकार गिर जाएगी। पाटिल के पास समय है और वह ज्योतिष शास्त्र में हाथ आजमा रहे हैं और उसके आधार पर ऐसे आकलन कर रहे हैं। उन्हें इसका आनंद लेने दीजिए। यह सरकार पांच साल का कार्यकाल पूरा करेगी और अगर हम एक साथ चुनाव में जाते हैं तो दोबारा सत्ता में आएंगे। केंद्रीय एजेंसियों द्वारा महाराष्ट्र में की जा रही कार्वाई के बारे में पवार ने कहा कि इसमें नया कुछ नहीं है।

## क्विक न्यूज

### पुणे में बैंक में लूट के दौरान प्रबंधक की गोली लगने से मौत

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे जिले की जुन्नार तहसील में बुधवार को एक सहकारी बैंक में लूट के दौरान हुई गोलीबारी में प्रबंधक की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी।मृतक की पहचान राजेंद्र भोर (लगभग 50 वर्ष) के रूप में हुई है नारायणगांव थाने के एक अधिकारी ने बताया कि घटना दोपहर में करीब एक बजकर 50 मिनट पर तंडाली गांव में अनंत बिगर शेती सहकारी पतसंस्था में हुई। उन्होंने कहा, हेल्मेट पहने दो व्यक्ति बैंक में घुसे और गोलीबारी करने के बाद कुछ नकदी लेकर फरार हो गए। इस दौरान भोर को गोलियां लग गईं और उन्हें एक अस्पताल में मृत घोषित कर दिया गया। जिला पुलिस अधीक्षक अभिनव देशमुख ने कहा कि अनुमान है कि लुटेरों ने बैंक से दो लाख रुपए लूट लिए। मामले की जांच जारी है।

### बाघ के नाखून दांत के साथ पांच व्यक्ति गिरफ्तार

**नागपुर।** महाराष्ट्र के नागपुर जिले में बाघ के नाखून और दांत कथित तौर पर रखने और बेचने की कोशिश करने के आरोप में पांच व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। एक वन अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। नागपुर वन विभाग के उप संरक्षक भरत सिंह हाडा ने कहा कि नागपुर वन विभाग की एक टीम ने एक गुप्त सूचना पर कार्वाई करते हुए मंगलवार को उमरेड बस स्टॉप पर जाल बिछाया और तीन आरोपियों को पकड़ लिया, जो वहां जानवरों के अंग बेचने आए थे।अधिकारी ने एक विज्ञप्ति में कहा कि तीनों द्वारा उपलब्ध कराई गई सूचना के आधार पर बाद में दो और आरोपियों को पकड़ लिया गया। उन्होंने कहा कि वन विभाग ने आरोपयों के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम, 1972 के प्रासंगिक प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया है।

### इंदौर में पुलिस आयुक्त प्रणाली लागू कर दी जाएगी : मिश्रा

**भोपाल।** मध्य प्रदेश के गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने बुधवार को कहा कि प्रदेश के दो महानगरों इंदौर और भोपाल में इस महीने के अंत तक पुलिस आयुक्त प्रणाली लागू कर दी जाएगी। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, भोपाल एवं इंदौर में नवंबर महीने के अंत से पहले पुलिस आयुक्त प्रणाली लागू कर दी जाएगी। इन दोनों शहरों में नगर निगम के दायरे में आने वाले सभी पुलिस थाने इस प्रणाली के तहत आएंगे। मिश्रा ने कहा कि भोपाल एवं इंदौर शहरों में इस व्यवस्था को लागू करने के लिए पृथक-पृथक पुलिस आयुक्त, अतिरिक्त पुलिस आयुक्त स्तर के कुल तीन अधिकारी, उपायुक्त स्तर के आठ अधिकारी तथा अतिरिक्त पुलिस आयुक्त स्तर के 12 अधिकारी तथा सहायक पुलिस आयुक्त स्तर के 29 अधिकारी पदस्थ किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि गृह विभाग के द्वारा दण्ड प्रक्रिया संहिता की धारा जैसे 107।116, 144, 133, पुलिस एक्ट, मोटरयान अधिनियिम, राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए), राज्य सुरक्षा अधिनियम (जिला बदर), कारागार अधिनियम, अनैतिक देह व्यापार अधिनियम, शासकीय गोपनीय अधिनियम इत्यादि में संशोधन कर पुलिस को अतिरिक्त अधिकार दिए जाएंगे। इससे पहले मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा था कि प्रदेश की राजधानी भोपाल और इंदौर में पुलिस आयुक्त प्रणाली लागू की जा रही है, ताकि अपराधियों पर और बेहतर तरीके से नियंत्रण किया जा सके। उन्होंने कहा था कि भौगोलिक दृष्टि से महानगरों का विस्तार हो रहा है और जनसंख्या भी लगातार बढ़ रही है।

### मुंबई में नकली नोट छापने के आरोप में व्यक्ति गिरफ्तार

**मुंबई।** दक्षिणी मुंबई के पाइधोनी मे अपने घर मे कथित तौर पर नकली नोट छापने के मामले में 47 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर अपराध शाखा की खुफिया इकाई ने मंगलवार शाम पाइधोनी के करीम मंजिल में आरोपी शब्बीर कुरैशी के फ्लैट पर छापा मारा। उन्होंने बताया कि पुलिस ने 2,000 रुपए के 53 नकली नोट बरामद किए, जिन पर सिर्फ एक सीरियल नंबर छपा था। उन्होंने बताया कि अपराध शाखा टीम ने नकली नोट के अलावा एक कंप्यूटर, मॉनिटर, प्रिंटर, इंक और प्रिंटिग पेपर भी बरामद किए है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने खुलासा किया स्वापक रोधी प्रकोष्ठ (एएनसी) ने मादक पदार्थ तस्करी से संबंधित एक मामले में उसका नाम दर्ज किया है। वही, वह राजस्थान के अजमेर में नकली डिमांड ड्राफ्ट के एक मामले में भी संलिप्त है।

### पटना की सड़कों पर खुद जीप चलाते नजर आए लालू

**पटना।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) सुप्रीमो लालू यादव बुधवार को पटना मे खुली जीप चलाते हुए नज़र आए। लालू जीप को अपनी पत्नी और पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी के आवास के आसपास की सड़कों पर चलाते दिखे। गुर्दे, हृदय समेत अन्य बीमारियों से जूझ रहे 73 वर्षीय अपने नेता के इस अंदाज़ को देखकर उनके समर्थक भी काफी उत्साहित दिखे और उन्होंने इस दौरान लालू यादव जिंदाबाद के नारे लगाए। वही राजद सुप्रीमो लालू ने अपना गाड़ी चलाते हुए वीडियो ट्विटर पर साझा करते हुए लिखा, आज वर्षों बाद अपनी प्रथम गाड़ी को चलाया। इस संसार में जन्मे सभी लोग किसी ना किसी रूप में ड्राइवर ही तो है।



जम्मू में अन्तरराष्ट्रीय बार्डर पर सुरक्षा में तैनात बीएसएफ की महिला जवान

## भाजपा का 26 नवंबर से देशभर में संविधान गौरव अभियान

**नई दिल्ली।** भाजपा 26 नवंबर यानी संविधान दिवस से लेकर छह दिसंबर तक देशभर में संविधान गौरव अभियान चलाएगी और इस दौरान वह सभी राज्यों के जिला मुख्यालयों में यात्राएं निकालने के साथ ही विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन करेगी। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य ने पार्टी मुख्यालय में आयोजित एक संवाददाता सममेलन में यह घोषणा की। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा पूरे देश में 26 नवंबर (संविधान दिवस) से छह दिसंबर (बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर परिनिर्वाण दिवस) तक संविधान गौरव अभियान चलाएगा।

इस अभियान के दौरान जिला मुख्यालयों पर संविधान गौरव यात्राएं निकलेंगी, यात्राओं के समापन पर संगोष्ठी आयोजित की जाएगी, जिनमें अनुसूचित जाति की प्रतिभाओं का सम्मान भी किया जाएगा और मुख्य अतिथि द्वारा संविधान की शपथ भी दिलाई जाएगी। इस दौरान मोर्चे की ओर से सोशल मीडिया पर एक अभियान चलाया जाएगा। आर्य ने बताया कि इस अभियान की शुरुआत भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे. पी. नड्डा मणिपुर में करेंगे। इस दौरान भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव सी. टी. रवि अन्य नेताओं के साथ दिल्ली में मौजूद रहेंगे। इस अभियान के तहत आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों में पार्टी के वरिष्ठ नेता, सांसद, विधायक और अन्य जनप्रतिनिधि व पार्टी के पदाधिकारी भी शामिल होंगे। यह पूछे जाने पर कि क्या पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनावों के मद्देनजर पार्टी ने यह अभियान चलाने का फैसला किया है, आर्य ने कहा कि भाजपा चुनावों को ध्यान में रखते हुए ऐसे कार्यक्रम नहीं करती। उन्होंने कहा कि इस आयोजन के पीछे महापुरुषों और उनके योगदानों को याद करना है और देश व संविधान के प्रति कर्तव्यों के बारे में जनजागरूकता फैलाना है।

## न्यायालय ने जयललिता का आवास स्मारक में तब्दील करने का आदेश रद्द किया

**चेन्नई।** मद्रास उच्च न्यायालय ने तमिलनाडु की दिवंगत मुख्यमंत्री जे जयललिता के आवास वेद नीलयम को स्मारक बनाने संबंधी पूर्ववर्ती अन्नाद्रमुक सरकार का आदेश बुधवार को रद्द कर दिया। जयललिता का यह आवास चेन्नई के पोएस गार्डन इलाके में स्थित है। न्यायमूर्ति एन शेषासाई ने इस संपत्ति को स्मारक बनाने के लिए 22 जुलाई 2020 को जारी आदेश रद्द करते हुए अधिकारियों को इस संपत्ति की चाबी याचिकाकर्ता को देने का निर्देश दिया। साथ ही उच्च न्यायालय ने आयकर विभाग को भी कर देनदारी याचिकाकर्ताओं से वसूलने की अनुमति दे दी, जो करोड़ों रुपए में है। इस आदेश के खिलाफ जयललिता की भतीजी जे दीपा जयकुमार और उनके भाई जे दीपक की याचिका स्वीकार करते हुए यह व्यवस्था दी। रिट याचिका स्वीकार कर ली। इस मकान को जयललिता की मां ने 1960 के दशक में खरीदा था और करीब तीन दशक जयललिता इस आवास में रही थी।

## कांग्रेस नेताओं का एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल

**बेंगलूरू।** पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि पर आयोजित एक कार्यक्रम में सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि देने को लेकर कर्नाटक कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं डी. के. शिवकुमार और सिद्धारमैया की बातचीत वाला एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने पर भारतीय जनता पार्टी ने आरोप लगाया कि कांग्रेस, जे. पी. नड्डा के नेतृत्व वाली पार्टी के डर से देश के पहले गृह मंत्री के प्रति सम्मान दिखा रही है। एक मिनट 15 सेकेंड के इस वीडियो में कथित तौर पर दोनों नेताओं के बीच बातचीत को दिखाया गया है, जो 31 अक्टूबर को एक कार्यक्रम में यहां पार्टी कार्यालय में मंच पर बैठे हुए हैं।

31 अक्टूबर को पटेल की जयंती भी मनाई जाती है। यह बातचीत मेज पर रखे माइक और वहां लगे कैमरों में कैद हो गई। वीडियो में सिद्धारमैया को कार्यक्रम की शुरुआत में शिवकुमार को यह याद दिलाते हुए देखा जा सकता है कि इस दिन पटेल की जयंती भी है। लेकिन यह इंदिरा गांधी की पुण्यतिथि है और उनका (पटेल का) जन्मदिन है। हम उनकी तस्वीरों को साथ नहीं रखते। इसके बाद सिद्धारमैया को यह कहते हुए सुना जा सकता है, लेकिन होगा यह कि, भाजपा इसका फायदा उठाएगी। इस पर शिवकुमार जवाब देते हैं, हां...लेकिन हमने कभी (उनकी तस्वीरें एकसाथ) नहीं रखी। इसके बाद वीडियो में देखा जा सकता है कि शिवकुमार पार्टी के एक कार्यकर्ता से कह रहे हैं कि क्या पटेल की तस्वीर है और वह उसे तस्वीर लगाने का निर्देश देते हैं। इसके बाद वह सिद्धारमैया से कहते हैं कि वह पटेल की तस्वीर इंदिरा गांधी के बगल में लगा देंगे, जिस पर पूर्व मुख्यमंत्री कहते हैं, यह ठीक होगा। वीडियो साझा करते हुए भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने उसके डर के कारण पटेल के प्रति सम्मान दिखाया।

## व्यापार में धकेलने वाले गिरोह का भंडाफोड़ सरगना समेत नौ गिरफ्तार

**इंदौर।** बांग्लादेशी युवतियों को मानव तस्करी के जरिए भारत भेजकर उन्हें देह व्यापार में धकेलने वाले गिरोह का खुलासा करते हुए मध्यप्रदेश पुलिस ने इसके सरगना और आठ सदस्यों को बुधवार को गिरफ्तार किया। गिरोह के सरगना की गिरफ्तारी पर 20,000 रुपए का इनाम घोषित था। पुलिस के मुताबिक, गुजरे 10 साल में यह गिरोह बहुत बड़ी तादाद में बांग्लादेशी युवतियों को अवैध तौर पर सरहद पार कराते हुए देह व्यापार के लिए भारत के अलग-अलग हिस्सों में भेज चुका है। पुलिस अधीक्षक आशुतोष बागरी ने इंदौर में संवाददाताओं को बताया कि गिरोह के गिरफ्तार सरगना की पहचान बांग्लादेशी नागरिक मामून हुसैन (41) के रूप में हुई है।

इन दिनों वह मुंबई में रह रहा था। उन्होंने बताया, मामून ने करीब 25 साल पहले किशोरावस्था में भारत आने के बाद विजय दत्त के फर्जी नाम से राशन कार्ड बनवा लिया था। राशन कार्ड के बूते उसने इसी फर्जी नाम से आधार कार्ड, मतदाता परिचय पत्र और पासपोर्ट तक बनवा लिया था। बागरी के मुताबिक, मामून की बांग्लादेश में रहने वाली पत्नी भी उसके गिरोह में शामिल है और वह एक गैर सरकारी संगठन से जुड़ी होने का दिखावा करते हुए अनाथ, बेसहारा और जरूरतमंद युवतियों को भारत में घरेलू काम-काज से जुड़ा रोजगार दिलाने के बहाने जाल में फंसाती है। उन्होंने बताया, गुजरे 10 साल में ऐसी हजारों बांग्लादेशी युवतियों को मामून के गिरोह ने अवैध रूप से सरहद पार कराते हुए भारत के अलग-अलग हिस्सों में भेजा और देह व्यापार में धकेल दिया। दलालों को अपने गिरोह से जोड़ रखा था जो देह व्यापार में धकेली गईं बांग्लादेशी युवतियों को मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, तमिलनाडु, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश और अन्य राज्यों में ग्राहकों के पास भेजते थे।

## गाड़ी पर नंबर प्लेट ना होने को लेकर ओवैसी के चालक ने भरा 200 रुपए का जुर्माना

**मुंबई।** पुलिस ने ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी की गाड़ी पर नंबर प्लेट नहीं होने के मामले में उनके चालक पर 200 रुपए का जुर्माना लगाया। इसी वाहन से ओवैसी महाराष्ट्र के सोलापुर शहर आए थे। जब ओवैसी सोलापुर में एक कार्यक्रम में हिस्सा लेने आए थे। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओवैसी, तेलंगाना के हैदराबाद निर्वाचन क्षेत्र से लोकसभा सांसद हैं। अधिकारी ने बताया कि ओवैसी की गाड़ी एसयूवी के चालक पर जुर्माना लगाने वाले पुलिस कर्मी को स्थानीय पुलिस अधिकारियों ने बाद में पांच हजार रुपए का नकद इनाम भी दिया। उन्होंने कहा, एआईएमआईएम के प्रमुख ओवैसी एक एसयूवी गाड़ी में सोलापुर के सदर बाजार इलाके स्थित सरकारी अतिथि गृह पहुंचे और आराम करने चले गए।



आगरा में 'आजादी का अमृत महोत्सव' के अवसर पर राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन की टीम ताजमहल परिसर में मॉकड्रिल करते हुए।

क्रिप्टोकरेंसी उद्योग की अपील

# सरकार सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर दृष्टिकोण अपनाए

**भाषा।** नई दिल्ली



**क्रिप्टो करेंसी** उद्योग ने बुधवार को सरकार से भारत में क्रिप्टो परिसंपत्तियों को विनियमित करने के लिए सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए दृष्टिकोण अपनाने की अपील की और देश में निवेशकों को शांत रहने तथा जल्दबाजी में किसी निष्कर्ष पर नहीं पहुंचने के लिए कहा। सरकार संसद के शीतकालीन सत्र में क्रिप्टोकरेंसी से संबंधित विधेयक पेश कर सकती है। इसमें निजी क्रिप्टोकरेंसी को प्रतिबंधित करने तथा रिजर्व बैंक द्वारा जारी डिजिटल मुद्रा को विनियमित करने के लिए ढांचा तैयार करने की बात कही गई है।

लोकसभा के बुलेटिन के अनुसार, संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान निचले सदन में पेश किए जाने वाले विधेयकों की सूची में क्रिप्टोकरेंसी एवं आधिकारिक डिजिटल मुद्रा विनियमन विधेयक 2021 सूचीबद्ध है। इस विधेयक में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा जारी आधिकारिक डिजिटल मुद्रा के सृजन के लिए एक सहायक ढांचा सृजित करने की बात कही गई है। इस प्रस्तावित विधेयक में भारत में सभी तरह की निजी क्रिप्टोकरेंसी को प्रतिबंधित करने की बात कही गई है। हालांकि, इसमें कुछ अपवाद भी है, ताकि क्रिप्टोकरेंसी से संबंधित प्रौद्योगिकी एवं इसके उपयोग को प्रोत्साहित किया जाए। भारत में अभी क्रिप्टोकरेंसी के उपयोग के संबंध में न तो कोई प्रतिबंध है और न ही कोई नियमन की व्यवस्था है। बाय-यूक्राइन के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) शिवम ठकराल ने कहा कि कंपनी उम्मीद करती है कि विधेयक भारतीय क्रिप्टो धारकों, भारतीय क्रिप्टो उद्यमियों और निवेशकों की आकांक्षाओं को ध्यान में रखेगा, जिन्होंने भारत में क्रिप्टो करेंसी के विकास में अपना विश्वास रखा है।उन्होंने कहा, नई ब्लॉकचेन परियोजनाओं के फलने-फूलने के लिए क्रिप्टो विधेयक में पर्याप्त लचीलापन होना चाहिए और हमारा मानना है कि व्यापार के लिए भारत में किसी भी एक्सचेंज में सूचीबद्ध होने से पहले नई क्रिप्टोकरेंसी के लिए एक मानक प्रक्रिया होनी चाहिए।

# आर्थिक वृद्धि दर दूसरी तिमाही में 7.8 प्रतिशत, पूरे वित्त वर्ष में 9.4 प्रतिशत रहेगी : रिपोर्ट

**भाषा।** मुंबई

**चालू वित्त** वर्ष की सितंबर तिमाही में सालाना आधार पर सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की आधिकारिक वृद्धि दर 7.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है। एचडीएफसी बैंक के अर्थशास्त्रियों की तैयार की गई एक रिपोर्ट में यह दावा किया गया है।

बुधवार को जारी इस रिपोर्ट के मुताबिक वर्ष 2021-22 में वास्तविक जीडीपी 9.4 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। हालांकि, वर्ष 2022-23 में इसके घटकर 7.5 प्रतिशत रह जाने का अनुमान है।वर्ष 2020-21 में महामारी की तगड़ी मार से जीडीपी में 7.3 प्रतिशत का संकुचन देखा गया था। वर्ष 2021-22 के लिए भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने 9.5 प्रतिशत वृद्धि का पूर्वानुमान जताया है जबकि वर्ष 2022-23 में इसके सुस्त पड़कर 7.8 प्रतिशत रहने की बात कही है।दरअसल वर्ष 2020-21 में अर्थव्यवस्था की हालत ठीक नहीं थी जिससे मौजूदा वित्त वर्ष के लिए आधार कम है और इस साल उच्च वृद्धि दर रहने के पीछे इस निम्न आधार को ही बड़ा कारण बताया जा रहा है। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में निम्न आधार की वजह से जीडीपी में करीब 20 प्रतिशत का उछाल आया था। जहां तक सितंबर में समाप्त दूसरी तिमाही के आधिकारिक आंकड़ों का सवाल है तो उसके 30 नवंबर को आने की उम्मीद है। एचडीएफसी बैंक की इस रिपोर्ट में अनुमान लगाया गया है कि दूसरी तिमाही में रहने वाली 7.8 प्रतिशत की अनुमानित वृद्धि दर के पीछे भी पिछले साल का निम्न आधार ही अहम कारण रहेगा। हालांकि इस तिमाही में आर्थिक गतिविधियों में आई तेजी का भी असर नजर आएगा। जुलाई-सितंबर, 2020 में जीडीपी में 16.9 फीसदी का संकुचन आया था। यह रिपोर्ट कहती है, दबी मांग के समर्थन और यात्रा संबंधी बंदिशें हटने से आर्थिक गतिविधियां अगस्त की शुरुआत में महामारी की दूसरी लहर से पहले की स्थिति में पहुंच गई और उसके बाद से मजबूत ही बनी हुई हैं। इस रिपोर्ट के मुताबिक, सितंबर तिमाही में कृषि क्षेत्र की वृद्धि दर चार प्रतिशत रहेगी जबकि उद्योग क्षेत्र में यह 6.3 प्रतिशत और सेवा क्षेत्र के लिए 8.6 प्रतिशत रहेगी।

## अपने खिलाफ शिकायतों का ब्योरा वेबसाइट पर डालें एक्सचेंज, डिपॉजिटरी : सेबी

**नई दिल्ली।** निवेशक शिकायत निपटान तंत्र में पारदर्शिता लाने के लिए भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने शेयर बाजारों, डिपॉजिटरी और समाशोधन निगमों (क्लियरिंग कॉरपोरेशन) को निर्देश दिया है कि वे अपनी वेबसाइट पर उनके खिलाफ प्राप्त शिकायतों और उनके निवारण का ब्योरा डालें। सेबी ने एक परिपत्र में कहा कि उन्हें इसके बारे में अगले महीने की सातवीं तारीख तक इस ब्योरे का खुलासा करना होगा। इसके अलावा नियामक ने उनकी वेबसाइटों पर शिकायतों के आंकड़ों को जारी करने के लिए एक प्रारूप भी निर्धारित किया है।प्रकटीकरण के तहत इन संस्थाओं को उस महीने के दौरान प्राप्त शिकायतों, आगे बढ़ाई गई शिकायतों, तीन महीने से अधिक समय से लंबित शिकायतों और शिकायत के समाधान में लगने वाले औसत समय के बारे में खुलासा करना होगा। इस परिपत्र के प्रावधान एक जनवरी, 2022 से लागू होंगे। गौरतलब है कि मंगलवार को सेबी ने मर्चेंट बैंकरों से कहा था कि वे अपनी वेबसाइट पर प्राप्त शिकायतों से संबंधित निवेशक चार्टर और ब्योरे का खुलासा करें।

# अंतिम घंटे में बिकवाली से सेंसेक्स 323 अंक टूटा, इन्फोसिस, रिलायंस नुकसान में

**भाषा।** मुंबई




**शेयर** बाजार में एक दिन की तेजी के बाद बुधवार को फिर से गिरावट रही। कारोबार के आखिरी घंटे में की गई बिकवाली से बीएसई सेंसेक्स 323 अंक से अधिक लुढ़क गया। मुख्य रूप से इन्फोसिस, रिलायंस इंडस्ट्रीज और एचडीएफसी में नुकसान से बाजार में गिरावट आई।

तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स कारोबार के दौरान ज्यादातर समय बढ़त में था। पर अंत में यह बिकवाली दबाव से 323.34 अंक यानी 0.55 प्रतिशत की गिरावट के साथ 58,340.99 अंक पर बंद हुआ। पिछले छह कारोबारी सत्रों में सेंसेक्स में यह पांचवीं गिरावट है। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 88.30 अंक यानी 0.5 प्रतिशत की गिरावट के साथ 17,415.05 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स के शेयरों में मारुति, इन्फोसिस, टेक महिंद्रा, आईटीसी, रिलायंस, एलएंडटी, अल्ट्राटेक सीमेंट और एचडीएफसी सर्वाधिक 2.62 प्रतिशत तक नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में आईसीआईसीआई बैंक, एनटीपीसी, कोटक बैंक, बजाज फाइनेंस, पावरग्रिड और एचसीएल टेक शामिल हैं। इनमें 1.45 प्रतिशत तक की तेजी रही।सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 22 नुकसान में रहे।

जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, वैश्विक बाजारों में मिले-जुले रुख के बीच उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में शेयर बाजार बढ़त को बरकरार नहीं रख पाया। मुद्रास्फीति बढ़ने के बावजूद यूरो क्षेत्र में कारोबारी गतिविधियां नवंबर में बढ़कर 55.8 पहुंच गईं जो अक्टूबर में 54.2 थी। इससे निवशकों में भरोसा बढ़ा है।

## ड्रीम स्पोर्ट्स ने आठ अरब डॉलर के मूल्यांकन पर 6,252 करोड़ रुपए जुटाए

**नई दिल्ली।** खेल प्रौद्योगिकी कंपनी ड्रीम स्पोर्ट्स ने फाल्कन एज, डीएसटी ग्लोबल, डी। कैपिटल, रेडबर्ड कैपिटल और टाइगर ग्लोबल की अगुवाई में विभिन्न निवेशकों से 84 करोड़ डॉलर (करीब 6,252.2 करोड़ रुपए) का वित्तपोषण जुटाया है। इस लिहाज से कंपनी का मूल्यांकन आठ अरब डॉलर बैठता है। एक बयान में कहा गया है कि वित्तपोषण के इस दौर में टीपीजी और फुटपाथ वेंचर्स जैसे मौजूदा निवेशकों ने भी भाग लिया। यह खेल प्रौद्योगिकी क्षेत्र में वैश्विक स्तर पर सबसे बड़े निवेश में से एक है। ड्रीम स्पोर्ट्स के पास ड्रीम कैपिटल, फैनकोड, ड्रीम11, ड्रीमसेटगो, ड्रीम गेम स्टूडियोज और ड्रीमपे जैसे ब्रांड हैं।

## भारत के पास अगले एक दशक में हवाई यात्रा क्षेत्र में शीर्ष पर पहुंचने की क्षमता : सिंधिया

**कोलकाता।** नागर विमानन मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बुधवार को कहा कि भारत में लगभग एक दशक में हवाई यात्रा में शीर्ष पर पहुंचने की क्षमता है। उन्होंने विमानन क्षेत्र को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। उन्होंने कहा कि सरकार क्षेत्रीय और लंबी दूरी के अंतरराष्ट्रीय मार्गों पर कनेक्टिविटी में सुधार के लिए प्रतिबद्ध है। सिंधिया ने बताया कि सरकार ने 2025 तक हवाईअड्डों की संख्या मौजूदा के 136 से बढ़ाकर 220 तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। सिंधिया ने कहा, 70 वर्ष में 74 हवाईअड्डे बने थे। हमने पिछले सात साल में 62 और हवाईअड्डे बनाए हैं। अब हमारे पास 136 हवाईअड्डे हैं। लेकिन यहीं पर हम रुकने वाले नहीं हैं।



हमारा लक्ष्य 2025 तक कुल 220 हवाईअड्डों तक पहुंचने का है और इसमें हेलीपोर्ट और वाटर पोर्ट भी शामिल हैं। हमारे सामने बहुत कार्य हैं, जिन्हें पूरा करना है। कल हम जेवर हवाईअड्डे का शुभारंभ करने जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि संपर्क और यात्रा के लिए एक नया बाजार खुल गया है, नागर विमानन क्षेत्र में अब विकास को दूसरी और तीसरी श्रेणी के शहरों द्वारा संचालित किया जाएगा।

# सरकार इलेक्ट्रोलाइजर के अनुसंधान, विकास को बढ़ावा देने के लिए जल्द लाएगी योजना

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** मंत्री भगवंत खुबा ने बुधवार को कहा कि इलेकट्रोलाइजर के मामले में अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने के लिए जल्दी ही एक योजना शुरू की जाएगी। यह देश में नवकीरणीय ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य हासिल करने की दिशा में कदम है। इलेक्ट्रोलाइजर एक प्रणाली है जो रसायनिक प्रक्रिया (इलेक्ट्रोलाइसिस) के जरिए हाइड्रोजन का उत्पादन करती है। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्यमंत्री खुबा ने यह बात सेंट्रल बोर्ड ऑफ इरिगेशन एंड पावर द्वारा यहां आयोजित हाइड्रोजन ऊर्जा-नीतियों, बुनियादी ढांचा विकास और चुनौतियों पर पहले अंर्ताष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही। अपने संबोधन में खुबा ने सीओपी26 (जलवायु परिवर्तन सम्मेलन) में देश में कार्बन उत्सर्जन शुद्ध रूप से शून्य स्तर पर लाने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की घोषणा को रेखांकित किया। भारत ने 2030 तक 5,00,000 मेगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा और 2070 तक शुद्ध रूप से कार्बन उत्सर्जन शून्य स्तर पर लाने का लक्ष्य रखा है। मंत्री ने आईआईटी और अन्य संगठनों के प्रौद्योगिकीविदों से हाइड्रोजन ऊर्जा के क्षेत्र में अधिक से अधिक शोध करने का आग्रह किया ताकि इलेट्रोलाइजर के उत्पादन की लागत को कम करने में मदद मिल सके।



जम्मू में खेतों से गोभी तोड़कर बेचने के लिए बाजार भेजने की तैयारी करती महिलाएं

## वृद्धि को प्रोत्साहन के लिए ब्याज दरों के मोर्चे पर उदार रुख को जारी रखे रिजर्व बैंक : एसोचैम

**नई दिल्ली।** उद्योग मंडल एसोचैम ने बुधवार को कहा कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को आर्थिक वृद्धि की रफ्तार को कायम रखने के लिए जब तक जरूरी हो ब्याज दरों के मोर्चे पर उदार रुख को बरकरार रखा चाहिए। एसोचैम ने कहा कि जहां मुद्रास्फीति विशेष रूप से थोक मूल्य सूचकांक आधारित महंगाई की चिंता को दूर करने की जरूरत है। इसके अलावा उदार रुख को पलटने को छोड़कर अन्य उपाय किए जाने चाहिए। एसोचैम ने एक बयान में कहा कि रिजर्व बैंक और उसकी मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) ने मौजूदा नीतिगत दरों को बनाए रखने के लिए एक सराहनीय काम किया है।

## क्विक न्यूज

### भारत ने एडीबी के साथ शहरी इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार को 30 करोड़ डॉलर का ऋण करार किया

**नई दिल्ली।** भारत सरकार और एशियाई विकास बैंक (एडीबी) ने 13 राज्यों के शहरी क्षेत्रों में व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा तक पहुंच को मजबूत करने और बेहतर बनाने के लिए 30 करोड़ डॉलर के ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए है। इससे शहरी क्षेत्रों में रहने वाले 25.6 करोड़ लोगों को लाभ होगा जिनमें झुग्गी-झोपड़ी इलाकों में रहने वाले 5.1 करोड़ भी लोग शामिल हैं। बुधवार को एक बयान में यह जानकारी दी गई। स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा जारी बयान के अनुसार, मंगलवार को इस ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।वित्त मंत्रालय के आर्थिक मामलों के विभाग में अतिरिक्त सचिव रजत कुमार मिश्रा ने भारत सरकार की ओर से ऋण समझौते पर हस्ताक्षर किया, जबकि एडीबी की ओर से उसके इंडिया रेजिडेंट मिशन के कंट्री निदेशक ताकेओ कोनिशी ने हस्ताक्षर किया। समझौते का उद्देश्य शहरी क्षेत्रों के कार्यक्रम में व्यापक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवा और महामारी संबंधी तैयारी को मजबूत करना है।

### एनपीसीआई का वित्तीय अपराधों को रोकने के लिए आधार से जुड़ी प्रौद्योगिकी के इस्तेमाल का प्रस्ताव

**नई दिल्ली।** भारतीय राष्ट्रीय भुगतान निगम (एनपीसीआई) के एक शीर्ष अधिकारी ने बुधवार को कर चोरी सहित वित्तीय अपराधों का पता लगाने के लिए आधार से जुड़ी प्रौद्योगिकियों के इस्तेमाल का प्रस्ताव रखा।एनपीसीआई के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) दिलीप असबे ने कहा कि ऐसी प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल तीन-चार वर्षों में किया जाएगा। उन्होंने कहा, कर चोरी हमारे देश में एक बड़ा मुद्दा है। आज पैन और आधार को आपस में जोड़ने के साथ, जब किसी ग्राहक के पास कई बैंकों में खाता है, तो आधार वहां जुड़ा हुआ है। हम संदिग्ध मामलों के लिए डेटा पर थोड़ी और नजर क्यों नही रख सकते ताकि यह पता लगा सकें कि क्या देश में कर चोरी हो रही है? असबे ने कहा कि जनता की भलाई के लिए आधार के कई इस्तेमाल संभव हैं। उन्होंने कहा, मुझे यकीन है कि इसका इस्तेमाल तीन-चार साल में किया जाएगा, लेकिन क्या हम इतना समय इंतजार कर सकते हैं? अधिकारी ने कहा कि एक विशिष्ट पहचान पत्र के तौर पर आधार का काफी महत्व है लेकिन अब भी इसका पूरा दोहन नही किया गया है।

### एयर इंडिया की विनिवेश प्रक्रिया दिसंबर तक पूरा करने का प्रयास: सचिव

**नई दिल्ली।** सरकार अपने स्वामित्व वाली एयरलाइन एयर इंडिया के विनिवेश की प्रक्रिया दिसंबर के अंत तक पूरा करने की कोशिश कर रही है। नागर विमानन सचिव राजीव बंसल ने बुधवार को कहा कि इस साल के अंत तक एयर इंडिया का नियंत्रण टाटा समूह को सौंपने की प्रक्रिया पूरी करने के सभी प्रयास किए जा रहे हैं। बंसल एयर इंडिया के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक भी हैं। टाटा समूह की कंपनी टालेस प्राइवेट लिमिटेड ने एयर इंडिया के लिए सबसे ऊंची बोली लगाई थी। गत 25 अक्टूबर को सरकार ने टाटा समूह की शीर्ष कंपनी टाटा संस के साथ हिस्सेदारी खरीद समझौते पर हस्ताक्षर किए थे। करीब 18,200 करोड़ रुपए के इस सौदे से सरकार को 2,700 करोड़ रुपए की नकदी मिलेगी। वही टाटा एयर इंडिया का 15,300 करोड़ रुपए का बकाया कर्ज भी लेगी। एयर इंडिया के साथ ही टाटा समूह को किफायती विमान सेवा एयर इंडिया एक्सप्रेस और संयुक्त उद्यम एआईएसएटीएस में एयर इंडिया की 50 प्रतिशत हिस्सेदारी भी मिलेगी। बंसल ने कहा कि एयर इंडिया लगातार नुकसान में चल रही थी और इसका मासिक घाटा 600 करोड़ रुपए से भी ज्यादा हो गया था। एयर इंडिया के बेड़े में 27 बोइंग 737 समेत 43 विमान हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि एयर इंडिया के विनिवेश से देश के विमानन क्षेत्र को नई ऊर्जा मिलेगी। गत 31 अगस्त को इस एयरलाइन पर कुल 61,562 करोड़ रुपए का कर्ज था।

### स्मार्टफोन के सार्वभौमिक प्रमाणक के रूप में इस्तेमाल पर काम कर रहा है यूआईडीएआई : सीईओ

**मुंबई।** भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण (यूआईडीएआई) किसी भी निवासी की पहचान के लिए स्मार्टफोन को सार्वभौमिक प्रमाणक के रूप में उपयोग करने पर विचार कर रहा है। यूआईडीएआई के एक शीर्ष अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। यूआईडीएआई के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) सौरभ गर्ग ने ईटीबीएफएसआई कन्वर्ज शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि प्रमाणीकरण के लिए वर्तमान में उंगलियों के निशान, आंखों (आईरिस) और वन-टाइम पासवर्ड (ओटीपी) का उपयोग किया जाता है और इसका दायरा बढ़ाने के प्रयास जारी हैं। गर्ग ने कहा, हम देख रहे है कि स्मार्टफोन एक सार्वभौमिक सत्यापक के रूप में कैसे विकसित हो सकता है। इस दिशा में काम चल रहा है और हमें आशा है कि हम इस दिशा में तेजी से आगे बढ़ने में सक्षम होंगे। इससे लोगों को जहां वे रह रहे है, वही से प्रमाणीकरण करने में मदद मिलेगी।

### नीति आयोग ने डिजिटल बैंक के गठन का विचार रखा

**नई दिल्ली।** नीति आयोग ने बुधवार को पूर्ण रूप से प्रौद्योगिकी आधारित डिजिटल बैंक गठित करने का प्रस्ताव किया। यह बैंक देश में वित्तीय चुनौतियों से पार पाने के लिए सैद्धांतिक रूप से अपनी सेवाओं की पेशकश को लेकर भौतिक शाखाओं के बजाय इंटरनेट और अन्य संबंधित चैनलों का उपयोग करेगा। आयोग ने इस संदर्भ में डिजिटल बैंक: भारत के लिए लाइसेंसिंग और नियामकीय व्यवस्था को लेकर प्रस्ताव शीर्षक से जारी परिचर्चा पत्र में यह प्रस्ताव किया है। इसमें डिजिटल बैंक लाइसेंस और नियामकीय व्यवस्था को लेकर रूपरेखा प्रस्तुत की गई है। पत्र में कहा गया है कि डिजिटल बैंक उसी रूप में है, जैसा कि बैंकिंग नियमन अधिनियम, 1949 (बी आर अधिनियम) में परिभाषित किया गया है।इसमें कहा गया है, दूसरे शब्दों में, ए संस्थाएं जमा प्राप्त करेंगी, ऋण देंगी और उन सभी सेवाओं की पेशकश करेंगी जिसका प्रावधान बैंकिंग नियमन अधिनियम में है। हालांकि, नाम के मुताबिक डिजिटल बैंक मुख्य रूप से अपनी सेवाओं की पेशकश करने के लिए भौतिक शाखाओं के बजाय इंटरनेट और अन्य संबंधित विकल्पों का उपयोग करेगा। परिचर्चा पत्र के अनुसार, भारत का सार्वजनिक डिजिटल बुनियादी ढांचे खासकर यूपीआई (यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस) ने साबित किया है कि कैसे डिजिटल तरीके से चीजों को सुगम बनाया जा सकता है और पहुंच बढ़ाई जा सकती है।यूपीआई के जरिए लेन-देन मूल्य के हिसाब से चार लाख करोड़ रुपए को पार कर गया है। वही आधार सत्यापन 55 लाख करोड़ को पार कर गया है।नीति आयोग के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) अमिताभ कांत ने परिचर्चा पत्र की भूमिका में लिखा है कि इसमें वैश्विक परिदृश्य पर गौर किया गया है। और उसी के आधार पर, विनियमित संस्थाओं के रूप में डिजिटल बैंक गठित करने की सिफारिश की गई है। उन्होंने कहा, प्राप्त टिप्पणियों के आधार पर, परिचर्चा पत्र को अंतिम रूप दिया जाएगा और नीति आयोग की सिफारिश के रूप में साझा किया जाएगा।

# पेज एक का शेष

## पांच किलो...

खपत लगभग 163 लाख टन होने की संभावना है। अब तक पीएम-जीकेएवाई (पहले से चौथे चरण) के तहत, केंद्र ने राज्यों, केंद्रशासित प्रदेशों को कुल लगभग 600 लाख टन खाद्यान्न आवंटित किया है, जो खाद्य सब्सिडी में लगभग 2.07 लाख करोड़ रुपए के बराबर है। बयान में कहा गया है, कुल मिलाकर, सरकार पीएमजीकेएवाई चरण एक से पांच में लगभग 2.60 लाख करोड़ रुपए खर्च करेगी। अभी तक राज्योंकेंद्र शासित प्रदेशों के द्वारा 93.8 प्रतिशत खाद्यान्न का उठाव किया गया है।

## तीन कृषि...

पर तीनों कृषि सुधार कानून को निरस्त करने की घोषणा की थी। उन्होंने कहा कि इस घोषणा के बाद मंत्रिमंडल की पहली बैठक में उपरोक्त निर्णय किया जाना प्रधानमंत्री जी की कथनी और करनी की एकरूपता का परिचायक है।

## गुमनाम स्वतंत्रता...

देश को बेहतर बनाने का सबसे अच्छा साधन है। इससे पहले राष्ट्रपति का स्वागत उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने चकेरी हवाई अड्डे पर किया। बृहस्पतिवार को राष्ट्रपति कोविंद हरकोर्ट बटलर तकनीकी विश्वविद्यालय के शताब्दी समारोह में शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि चौधरी हरमोहन सिंह यादव विधान परिषद और राज्यसभा के सदस्य समेत कई महत्वपूर्ण राजनीतिक पदों पर रहे और और उन्हें 1984 के दंगों में सिखों की रक्षा के लिए राष्ट्रपति ने 1991 में शौर्य चक्र से सम्मानित किया था। शौर्य चक्र वीरता के कार्यों के लिए नागरिकों को दिया जाने वाला पदक है।

## मोदी से...

करने को तैयार हैं। बनर्जी ने यह भी स्पष्ट किया प्रधानमंत्री के अलावा उन्होंने किसी अन्य नेता से मिलने का समय नहीं मांगा था क्योंकि उन्हें पता है कि सभी पंजाब चुनावों में व्यस्त होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि वह जब 30 नवंबर को दो दिवसीय दौरे पर महाराष्ट्र जाएंगी तब मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के प्रमुख शरद पवार से मुलाकात करेंगी।

## कार्रवाई के...

जा रहे थे। उन्होंने बताया कि सेवा में रहने के दौरान दुर्घटना, खुदकुशी या बीमारी की वजह से जिन कर्मियों की मौत होगी, उनके परिवारों को अब 25 लाख रुपए दिए जाएंगे, जो अब तक दिए जा रहे 16.5 लाख रुपए से अधिक हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इस बाबत सितंबर में अर्धसैनिक बल के संचालन मंडल की वार्षिक बैठक के दौरान यह निर्णय लिया गया। अनुग्रह राशि दो कोष से दी जाएगी जिसमें बल के कर्मी स्वैच्छिक अंशदान करते हैं। इसमें जोखिम कोष और केंद्रीय कल्याण कोष शामिल है। अधिकारियों ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर अन्य केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों (सीएपीएफ) या अर्धसैनिक बलों में भी इसी तरह का निर्णय लिया जा रहा है। सीआरपीएफ ने मृत कर्मी की बेटी या बहन की शादी के लिए दी जाने वाली आर्थिक सहायता भी बढ़ा दी है। अधिकारियों ने कहा कि इसे 50,000 रुपए से बढ़ा कर एक लाख एक लाख रुपया कर दिया गया है। सीआरपीएफ देश का सबसे बड़ा अर्धसैनिक बल है जिसमें करीब सवा तीन लाख कर्मी हैं। बल की तैनाती कश्मीर घाटी से लेकर नक्सल प्रभावित क्षेत्र तक में की गई है।

## बसपा-कांग्रेस...

सदस्यता ग्रहण की है। मैं प्रदेश अध्यक्ष के नाते आपका स्वागत करते हुए उम्मीद करता हूं कि आपके आने से पार्टी मजबूत होगी। गौरतलब है कि आजमगढ़ जिले के सगड़ी विधानसभा क्षेत्र से 2017 में वंदना सिंह ने बसपा के टिकट पर चुनाव जीता जिन्हें राज्यसभा चुनाव के दौरान बसपा प्रमुख मायावती ने पार्टी से निलंबित कर दिया था। वंदना सिंह के पति पूर्व विधायक सर्वेश सिंह सीपू की समाजवादी पार्टी की सरकार के दौरान आजमगढ़ जिले के जीयनपुर कस्बे में गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। वंदना के ससुर राम प्यारे सिंह भी सगड़ी के विधायक और उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री भी रहे। रायबरेली जिले की सदर विधानसभा क्षेत्र से 2017 में अदिति सिंह ने कांग्रेस के टिकट पर चुनाव जीता और पिछले कुछ वर्षों से वह पार्टी लाइन के विरोध में थीं। उन्होंने कई बार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कार्यों की सार्वजनिक मंच से सराहना की थी। अदिति के पिता अखिलेश सिंह रायबरेली में कई बार विधायक रहे जिनका कुछ वर्ष पहले निधन हो गया था। पिछले साल प्रियंका गांधी पर टिप्पणी करने के बाद पार्टी ने विधायक अदिति सिंह को निलंबित कर उनको कारण बताओ नोटिस जारी की और अनुशासनात्मक कार्वाई शुरू कर दी थी। कोरोना काल में कांग्रेस द्वारा दूसरे राज्यों में फंसे प्रवासियों को लाने के लिए बस भेजने का दावा करने के बाद सूची में बस की जगह स्कूटर और अन्य छोटी गाड़ियों का नंबर दिए जाने पर अदिति सिंह ने कहा था, आपदा के वक्त ऐसी ओछी सियासत की जरूरत क्या है, एक हजार बसों की सूची भेजी गई, उसमें भी आधी से ज्यादा बसों का फर्जीवाड़ा। उन्होंने इस दिशा में योगी आदित्यनाथ के प्रयासों की सराहना की थी। इस मौके पर भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष और भाजपा सदस्यता समिति के अध्यक्ष डॉक्टर लक्ष्मीकांत वाजपेई और भाजपा के राष्ट्रीय मंत्री विनोद सोनकर भी मौजूद थे।

## गंभीर को...

पाएगी जिससे कथित धमकी भरा ई-मेल भेजा गया। पुलिस उपायुक्त (मध्य) श्वेता चौहान ने बताया कि शिकायत गंभीर के निजी सचिव गौरव अरोड़ा की ओर से राजेंद्र नगर थाने में बुधवार को दर्ज कराई गई। चौहान ने कहा, शिकायत में आरोप लगाया गया कि मंगलवार को गौतम गंभीर की ई-मेल आईडी पर एक अज्ञात व्यक्ति ने उन्हें और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दी। डीसीपी ने कहा, शिकायत मिलने के बाद, जिला पुलिस ने गंभीर की निजी सुरक्षा और उनके राजेंद्र नगर इलाके में स्थित आवास के बाहर सुरक्षा कड़ी कर दी है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। पुलिस ने बताया कि मामले में अभी तक प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है क्योंकि अभी शिकायत के संबंध में जांच जारी है। उन्होंने बताया कि मध्य जिला पुलिस के साइबर प्रकोष्ठ के साथ मिलकर विशेष प्रकोष्ठ मामले की जांच कर रहा है। विशेष प्रकोष्ठ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, हम मामले की जांच कर रहे हैं।

## जेवर हवाईअड्डे...

हिस्सेदारी है। नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट के संचालन के लिए गठित कंपनी एनआईएएल की वाईआईएपीएल में एक प्रतिशत स्वर्णिम हिस्सेदारी होगी। एनआईएएल में उत्तर प्रदेश सरकार और नोएडा प्राधिकरण की 37.5-37.5 प्रतिशत हिस्सेदारी होगी। वहीं ग्रेटर नोएडा औद्योगिक विकास प्राधिकरण और यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण का इस कंपनी में 12.5-12.5 प्रतिशत हिस्सा होगा। ज्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल और केंद्र सरकार के बीच आरक्षित सेवाओं को लेकर सहमति पत्र पर गत 22 नवंबर को हस्ताक्षर किए गए थे। इस मौके पर नागर विमानन सचिव ने बताया कि उत्तर प्रदेश में जेवर के अलावा सात अन्य हवाईअड्डों का भी विकास किया जा रहा है जिसमें अयोध्या भी शामिल है। अलीगढ़, चित्रकूट, आजमगढ़, मुरादाबाद और श्रावस्ती में भी हवाईअड्डे प्रस्तावित हैं। जेवर हवाईअड्डा दिल्ली-एनसीआर क्षेत्र का दूसरा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डा होगा। इसके तैयार हो जाने के बाद दिल्ली स्थित इंदिरा गांधी अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से बोझ कम हो सकेगा। इसके अलावा जेवर हवाईअड्डे के शुरू होने पर दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद, अलीगढ़, आगरा, फरीदाबाद और आसपास के अन्य जिलों के निवासियों को भी फायदा होगा। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) की तरफ से जारी एक बयान में कहा गया है कि जेवर हवाईअड्डा उत्तर भारत के लिए एक प्रवेश-द्वार साबित होगा और इससे उत्तर प्रदेश की सूरत ही बदल जाएगी।

# सरकार इलेक्ट्रोलाइजर के अनुसंधान, विकास को बढ़ावा देने के लिए जल्द लाएगी योजना

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** मंत्री भगवंत खुबा ने बुधवार को कहा कि इलेकट्रोलाइजर के मामले में अनुसंधान और विकास को बढ़ावा देने के लिए जल्दी ही एक योजना शुरू की जाएगी। यह देश में नवकीरणीय ऊर्जा क्षमता का लक्ष्य हासिल करने की दिशा में कदम है। इलेक्ट्रोलाइजर एक प्रणाली है जो रसायनिक प्रक्रिया (इलेक्ट्रोलाइसिस) के जरिए हाइड्रोजन का उत्पादन करती है। नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा राज्यमंत्री खुबा ने यह बात सेंट्रल बोर्ड ऑफ इरिगेशन एंड पावर द्वारा यहां आयोजित हाइड्रोजन ऊर्जा - नीतियों, बुनियादी ढांचा विकास और चुनौतियों पर पहले अंर्ताष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कही।अपने संबोधन में खुबा ने सीओपी26 (जलवायु परिवर्तन सम्मेलन) में देश में कार्बन उत्सर्जन शुद्ध रूप से शून्य स्तर पर लाने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की घोषणा को रेखांकित किया।भारत ने 2030 तक 5,00,000 मेगावॉट नवीकरणीय ऊर्जा और 2070 तक शुद्ध रूप से कार्बन उत्सर्जन शून्य स्तर पर लाने का लक्ष्य रखा है।मंत्री ने आईआईटी और अन्य संगठनों के प्रौद्योगिकीविदों से हाइड्रोजन ऊर्जा के क्षेत्र में अधिक से अधिक शोध करने का आग्रह किया ताकि इलेट्रोलाइजर के उत्पादन की लागत को कम करने में मदद मिल सके। उन्होंने कहा कि नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय इसके लिए एक योजना ला रहा है।खुबा ने उम्मीद जताई कि 24 नवंबर से शुरू दो दिवसीय सम्मेलन हाइड्रोजन ऊर्जा के लिए भविष्य की चुनौतियों पर विचार-विमर्श करने और समाधान खोजने में सक्षम होगा। सम्मेलन में देश के 60 संगठनों के करीब 200 प्रतिनिधि और जर्मनी, जापान और स्वीडन के तीन अंतरराष्ट्रीय विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं। सम्मेलन में हाइड्रोजन के क्षेत्र में पिछले कुछ साल में देश में हुए विकास को रेखांकित किया जाएगा।

# न्यूजीलैंड को सबक सिखाने उतरेगी टीम इंडिया

- कानपुर में पहला टेस्ट आज से
- श्रेयस अय्यर को मिल सकता है मौका

**भाषा** । कानपुर

**कप्तान** विराट कोहली और उप कप्तान रोहित शर्मा सहित कुछ शीर्ष खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में भारतीय टीम गुरुवार से शुरू होने वाले पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में दमदार न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदानों पर अपना दबदबा कायम रखने की कोशिश करेगी। भारतीय टीम की अगुवाई अंजिक्य रहाणे करेंगे जो पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म में चल रहे हैं। उन्हें चोटिल केएल राहुल और विश्राम पर भेजे गए तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की सेवाएं भी नहीं मिलेगी, लेकिन रहाणे के नेतृत्व में टीम ने लगभग ऐसी परिस्थितियों में ही आस्ट्रेलिया में जीत दर्ज की थी।

भारतीय टीम आस्ट्रेलिया में किए गए उस प्रदर्शन से प्रेरणा लेकर न्यूजीलैंड को कड़ा सबक सिखाने की कोशिश करेगी जिसने इस साल के शुरू में उसकी विश्व टेस्ट चैंपियन बनने की उम्मीदों पर पानी फेरा था। मुंबई के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर इस मैच से टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करेंगे। उन्हें सूर्यकुमार यादव पर प्राथमिकता दी गई है।

हाल में ऐसा कम देखने को मिला है जबकि भारतीय टेस्ट टीम रोहित और राहुल की सलामी जोड़ी, कप्तान कोहली या मैच विजेता विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के बिना खेली हो, लेकिन इससे नव नियुक्त मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को दक्षिण अफ्रीका के दौरे से पहले अपने अन्य खिलाड़ियों को आजमाने का मौका भी मिलेगा। बल्लेबाजों में केवल रहाणे, चेतेश्वर पुजारा और मयंक अग्रवाल ने ही 10 से अधिक टेस्ट मैच खेले हैं। अगर अग्रवाल अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो राहुल के लिए वापसी करना मुश्किल हो सकता है। शुभमन गिल भी अच्छी बल्लेबाजी करते हैं तो दोनों नियमित सलामी बल्लेबाजों की वापसी होने पर टीम प्रबंधन उन्हें मध्यक्रम में उतार सकता है। इस मैच में रहाणे पर सभी की निगाहें टिकी रहेंगी। उन्होंने पिछले 11 टेस्ट मैचों में 19 की औसत से रन बनाए हैं। घरेलू धरती पर दो मैचों में असफल होने पर उनके लिए अगले महीने दक्षिण अफ्रीका जाने वाली टीम में जगह बनाना मुश्किल हो जाएगा। अभ्यास के दौरान भी रहाणे आत्मविश्वास में नहीं दिखे। ऐसी परिस्थितियों में उन्हें उस टीम का नेतृत्व करना है जिसमें कई स्टार खिलाड़ी नहीं हैं।

ऐसे में एक कप्तान और एक बल्लेबाज की अपनी भूमिका के बीच रहाणे कैसे संतुलन बनाते हैं, इससे उनके करियर की आगे की राह भी तय होगी। इसी तरह से टीम के सबसे सीनियर गेंदबाज इशांत शर्मा के लिए भी स्थिति अनुकूल नहीं दिख रही है। नेट अभ्यास के दौरान वह लय में नहीं दिखे। यदि मोहम्मद सिराज को अंतिम एकादश से हटाकर इशांत को शामिल किया जाता है तो उन पर टीम प्रबंधन को सही साबित करने का दबाव भी होगा। उमेश यादव का अंतिम एकादश में जगह बनाना तय है। श्रेयस का प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अच्छा रिकार्ड रहा है। द्रविड़ ने अय्यर को बाएं हाथ के थ्रोडाउन विशेषज्ञ नुवान की वैसी गेंदों का अभ्यास करवाया जैसी नील वैगनर करते हैं। अय्यर पदार्पण पर दमदार प्रदर्शन से मध्यक्रम में अपनी जगह पक्की कर सकते हैं।

रविचंद्रन अश्विन फिर से स्वयं को दुनिया का नंबर एक स्पिनर साबित करने की कोशिश करेंगे। इंग्लैंड के खिलाफ पिछली श्रृंखला के दौरान नियमित कप्तान कोहली ने उन्हें एक बार भी खेलने का मौका नहीं दिया था। उनका सामना केन विलियमसन जैसे शानदार बल्लेबाज से होगा। रोस टेलर, टॉम लैथम और हेनरी निकोल्स भी अश्विन और रविंद्र जडेजा की स्पिन जोड़ी का सामना करने की तैयारियों के साथ यहां आए होंगे। अक्षर पटेल तीसरे स्पिनर हो सकते हैं जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में पदार्पण करते हुए 27 विकेट लिए थे। न्यूजीलैंड की तरफ से टिम साउदी और नील वैगनर नई गेंद का जिम्मा संभालेंगे जबकि स्पिन विभाग में बाएं हाथ के स्पिनर अयाज पटेल और मिशेल सेंटनर के अलावा ऑफ स्पिनर विलियम सोमरविले को अंतिम एकादश में रखा जा सकता है।





### टीम

**भारत:** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), मयंक अग्रवाल, शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा, श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव, ऋद्धिमान साहा (विकेटकीपर), रविंद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल, उमेश यादव, इशांत शर्मा, मोहम्मद सिराज, जयंत यादव, श्रीकर भरत, प्रसिद्ध कृष्णा में से।

**न्यूजीलैंड:** केन विलियमसन (कप्तान), टॉम लैथम, रोस टेलर, हेनरी निकोल्स, टॉम ब्लंडेल (विकेटकीपर), विल यंग, ग्लेन फिलिप्स, डेरिल मिशेल, टिम साउदी, नील वैगनर, काइल जैमीसन, विलियम सोमरविले, अयाज पटेल, मिशेल सेंटनर, रचिन रवींद्र में से।

## योगदान का मतलब हर मैच में शतक बनाना कतई नहीं: रहाणे



**कानपुर।** अजिंक्य रहाणे को अपनी खराब फॉर्म से संबंधित सवाल पूछना अच्छा नहीं लगा जिस पर उन्होंने कहा कि उनकी फॉर्म के बारे में चिंताएं आधारहीन हैं और योगदान का मतलब प्रत्एक मैच में टेस्ट शतक जमाना नहीं है। रहाणे ने इस साल में 11 टेस्ट मैचों में 19 के औसत से रन बनाए हैं। उन पर यह दबाव दिखाई दिया और उन्होंने कहा कि एक विशेषज्ञ शीर्ष क्रम के बल्लेबाज द्वारा बनाए गए 30, 40 या 50 रन भी स्वीकार्य योगदान होगा, बशर्ते टीम जीत जाए। न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट से पहले रहाणे ने कहा कि अपनी फॉर्म के बारे में चिंतित नहीं हूं। मेरा काम अपनी टीम के जितना संभव हो सके, उतना योगदान करना है। योगदान का मतलब यह नहीं है कि आपको प्रत्येक मैच में 100 रन बनाने की जरूरत है। प्रति पारी 30, 40, 50 रन का स्कोर भी महत्वपूर्ण योगदान हैं। रहाणे स्वीकार नहीं करेंगे, लेकिन वह जानते हैं कि जहां तक दक्षिण अफ्रीका दौरे की श्रृंखला के लिए चयन का संबंध है तो कानपुर और मुंबई में खराब स्कोर से वह मुश्किल स्थिति में पहुंच सकते हैं। भविष्य के बारे में उनके विचार थे कि जो होगा सो होगा। उन्होंने कहा कि भविष्य में क्या होना वाला है, मैं उसे लेकर ज्यादा चिंतित नहीं हूं। भविष्य में जो होना होगा, वो होगा ही और मुझे वर्तमान में बने रहने की जरूरत है ताकि मैं इस समय अपना सर्वश्रेष्ठ दूं। यह पूछने पर कि क्या यह संभव है कि बल्लेबाज और कप्तान को अलग-अलग करके देखा जाए। उन्होंने कहा कि जब मैं बल्लेबाजी कर रहा होता हूं तो मेरा ध्यान सिर्फ बल्लेबाजी पर होता है और मैं उसी क्षण में होता हूं। यह इतना ही सरल है। जब मैं क्षेत्ररक्षण कर रहा होता हूं तो मैं सोच रहा होता हूं कि हमारी योजनाएं किस तरह की हैं और रणनीति कैसी है। कप्तान ने कहा कि नए कोच राहुल द्रविड़ ने उन्हें कोई विशेष गुर नहीं दिए हैं बल्कि उन्हें चीजों को सरल रखने को कहा है।

## स्पिनर निभाएंगे अहम भूमिका कप्तान विलियमसन को भरोसा



**कानपुर।** केन विलियमसन इस बात से अच्छी तरह वाकिफ हैं कि भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में स्पिनरों की भूमिका अहम होगी और उन्हें उम्मीद है कि उनके बाएं हाथ के स्पिनर अयाज पटेल और ऑफ स्पिनर विलियम सोमरविले परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाकर अंतर पैदा करेंगे। न्यूजीलैंड को 2016 में कानपुर में करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा था। तब रविचंद्रन अश्विन ने अहम भूमिका निभाई थी और विलियमसन जानते हैं कि भारतीय मैदानों पर उन्हें किस तरह की पिचों से रूबरू होना पड़ेगा। विलियमसन ने पहले टेस्ट की पूर्व संध्या पर कहा कि पूरी श्रृंखला में स्पिन की भूमिका निर्णायक होगी। कई टीम को इस तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ा है और हमारी उम्मीदें इससे इतर नहीं हैं। स्पिन की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने कहा कि अयाज और सोमरविले जैसे स्पिनर हमारे गेंदबाजी आक्रमण में अहम भूमिका निभाएंगे। विशेषकर इन परिस्थितियों में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण होगी। तेज गेंदबाजों को रिवर्स स्विंग मिलने की भी उम्मीद है। हम विकेट निकालने के लिए सभी तरीके आजमाएंगे इसलिए तेज गेंदबाजों और स्पिनरों दोनों भूमिका होगी। विलियमसन ने कहा कि अश्विन और रविंद्र जडेजा के खिलाफ उनके बल्लेबाजों को न सिर्फ विकेट बचाए रखना होगा बल्कि रन बनाने के तरीके भी ढूंढने होंगे। उन्होंने कहा कि हम भारतीय स्पिन गेंदबाजों की मजबूती को जानते हैं और वे पिछले लंबे समय से अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। कीवी कप्तान ने कहा कि हमें रन बनाने के तरीके ढूंढने होंगे तथा साझेदारियां निभाने की कोशिश करनी होगी। प्रत्येक खिलाड़ी भिन्न होता है, इसलिए उसका तरीका भी बाकी से भिन्न होगा। विलियमसन ने कहा कि टीम का प्रत्येक खिलाड़ी अपनी भूमिका जानता है और उन्होंने सभी से सर्वश्रेष्ठ योगदान की उम्मीद की।

## काइल जैमीसन भारत में अलग तरह की चुनौती के लिए तैयार



**कानपुर।** विदेशी धरती पर अपना तीसरा टेस्ट मैच खेलने की तैयारियों में लगे न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज काइल जैमीसन इस बात से अच्छी तरह वाकिफ हैं कि भारत में टेस्ट क्रिकेट खेलने की चुनौती स्वदेश में खेलने की तुलना में एकदम भिन्न होगी। भारत और न्यूजीलैंड के बीच पहला टेस्ट मैच गुरुवार से यहां शुरू होगा। जैमीसन ने टेस्ट क्रिकेट की शानदार शुरुआत की और केवल आठ टेस्ट मैचों में उनके नाम पर 46 विकेट दर्ज हैं। वह राष्ट्रीय टीम के साथ पहली बार भारतीय दौरे पर आए हैं।

जैमीसन ने कहा कि मैंने यहां बहुत अधिक क्रिकेट नहीं खेली है। मैंने आईपीएल के पहले चरण में भाग लिया था जो अच्छा रहा, लेकिन यह पूरी तरह से भिन्न होगा।

उन्होंने कहा कि मेरे साथ यहां नील वैगनर और टिम साउदी हैं इसलिए उनकी राय जानना अच्छा होगा, उनके यहां गेंदबाजी करने के अनुभव को जानना अच्छा होगा। जैमीसन ने कहा कि यह निश्चित तौर पर स्वदेश की तुलना में पूरी तरह से भिन्न चुनौती होगी लेकिन मैं वास्तव में इसको लेकर उत्सुक हूं।

# स्पिनरों ने वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रीलंका को जीत के करीब पहुंचाया

**गॉल टेस्ट**

**एपी** । गॉल

**श्रीलंका** ने दो मैचों की श्रृंखला के पहले टेस्ट मैच की दूसरी पारी में बुधवार को चौथे दिन का खेल खत्म होने तक वेस्टइंडीज के 52 रन पर छह विकेट (25.3 ओवर) निकाल कर मैच में अपनी पकड़ काफी मजबूत कर ली। जीत के लिए 348 रन का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज की टीम ने स्पिन गेंदबाजों रमेश मेंडिस और लसिथ इम्बुलदेनिया की फिरकी के आगे घुटने टेक दिए।

टीम ने चौथी पारी में 18 रन पर ही छह विकेट गंवा दिए थे लेकिन एनक्रुमाह बोनर (नाबाद 18) और जोशुआ डा सिल्वा (नाबाद 15) ने सातवें विकेट के लिए 34 रन की अटूट साझेदारी कर खराब रोशनी के कारण खेल जल्दी खत्म होने तक टीम को कोई और नुकसान नहीं होने दिया। वेस्टइंडीज को मैच के पांचवें और आखिरी दिन जीत के लिए और 296 रन की जरूरत है जबकि श्रीलंका को सिर्फ चार विकेट की दरकार है। मेंडिस ने 17 रन देकर चार विकेट लिए जबकि बाएं हाथ के स्पिनर इम्बुलदेनिया ने 18 रन देकर दो विकेट लिए। श्रीलंका की पहली पारी में 386 रन के जबाव में वेस्टइंडीज की टीम अपने कल के स्कोर में छह रन और जोड़कर 230 रन पर ऑल आउट हो गई।

श्रीलंका ने पहली पारी में 156 रन की बढ़त लेने के बाद दूसरी पारी में आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 40.5 ओवर में चार विकेट पर 191 रन बनाकर पारी घोषित कर दी। पहली पारी में 147 बनाने वाले दिमुथ करुणारत्ने ने दूसरी पारी में 83 रन बनाए जबकि अनुभवी एंजेलो मैथ्यूज ने दो छक्के और चार चौको की मदद से नाबाद 69 रन की पारी खेली।



वेस्टइंडीज के कप्तान क्रेग ब्रैथवेट का विकेट लेने के बाद रमेश मेंडिस

## ऑस्ट्रेलिया को 15 साल तक नहीं मिलेगा बेदाग कप्तान: माइकल क्लार्क

**भाषा** । मेलबर्न

**आस्ट्रेलिया** के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क का मानना है कि अगर देश के क्रिकेट प्रशासक कप्तान नियुक्त करने के लिए किसी ऐसे खिलाड़ी की तलाश में है जिसका रिकॉर्ड बेदाग हो तो फिर आस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम अगले 15 साल तक बिना कप्तान के रहेगी। टिम पेन ने अपनी सहकर्मी को आपत्तिजनक संदेश भेजने का खुलासा होने के बाद कप्तान पद छोड़ दिया था जिसके बाद क्रिकेट आस्ट्रेलिया को नए कप्तान की तलाश है। तेज गेंदबाज पैट कमिन्स कप्तान बनने की दौड़ में सबसे आगे हैं। उनके अलावा पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ भी दौड़ में हैं।

क्लार्क ने कहा कि रिकी पोंटिंग भी अपने करियर की गलत शुरुआत के बाद आस्ट्रेलिया के सर्वश्रेष्ठ कप्तानों में से एक बने थे।

# संजय की हैट्रिक के बावजूद हारा भारत

**जूनियर हॉकी विश्व कप**

- फ्रांस ने पूल बी के मैच में 5-4 गोलों से दर्ज की जीत

**भाषा** । भुवनेश्वर

उप-कप्तान संजय के हैट्रिक गोल के बाद भी खिताब की दावेदार भारतीय टीम को फ्रांस ने बुधवार को यहां एफआईएच जूनियर हॉकी विश्व कप के पूल बी के मैच में 5-4 गोलों से हरा दिया।

फ्रांस के लिए कप्तान टिमोथी क्लेमेंट (पहला, 23वां और 32वां मिनट) ने हैट्रिक गोल किया, जबकि बेंजामिन मार्के (सातवें) और कोरेंटिन सेलियर (48वें मिनट) ने विश्व रैंकिंग में 26वें स्थान पर काबिज टीम के लिए दो अन्य गोल किए। गत चैंपियन भारत के लिए संजय (15वें, 57वें, 58वें) ने तीन पेनल्टी कार्नर को गोल में बदला जबकि मेजबान टीम के लिए दूसरा गोल उत्तम सिंह (10वें मिनट) में किया।



गोल करने के बाद जश्न मनाते भारतीय खिलाड़ी

फ्रांस के क्लेमेंट ने मैच के पहले मिनट में भारतीय रक्षापंक्ति की लापरवाही का फायदा उठाते हुए गोल कर चौंका दिया। जब फ्रांस ने भारत पर दबाव बनाया हुए तीन मिनट के अंदर मार्केने टीम के लिए दूसरा गोल कर दिया। दो गोल से पिछड़ने के बाद गत चैंपियन टीम ने फ्रांस के खिलाफ हमलों की झड़ी लगाकर दबाव बनाने की कोशिश की और इसका फायदा भी हुआ। मैच के दसवें मिनट में उत्तम सिंह के गोल से भारतीय टीम ने वापसी की और पांच मिनट के बाद संजय ने पेनल्टी कार्नर को गोल में बदला जिससे स्कोर 2-2 हो गया। दूसरे और तीसरे क्वार्टर में फ्रांस के कप्तान ने दो और गोल किया जिससे मैच के 23वें मिनट में टीम की बढ़त 3-2 और फिर 32वें मिनट में 4-2 हो गई। भारत को भी 38वें मिनट में पेनल्टी कार्नर मिला लेकिन यह प्रयास बेकार चला गया। भारतीय टीम ने मैच में वापसी के लिए चौथे क्वार्टर में अपना सब कुछ झोंक दिया लेकिन 48वें मिनट में रक्षापंक्ति की कमजोरी का फायदा उठाते हुए सेलियर ने गोल कर दिया और फ्रांस की बढ़त 5-2 की हो गई। तीन गोल से पिछड़ने के बाद भारत ने फ्रांस के खेमे में हमला तेज किया और 57वें और 58वें मिनट में उसे पेनल्टी कार्नर मिला, संजय ने इन दोनों को गोल में बदल कर भारत की उम्मीदें जगाई। आखरी डेढ़ मिनट में टीम ने कुछ और प्रयास किए लेकिन सफलता नहीं मिली।

## भारत के एक विकेट पर 125 रन, दक्षिण अफ्रीका ए से 384 रन से पीछे

**ब्लोमफोंटेन।** भारत ए ने पहले अनधिकृत टेस्ट (चार दिवसीय) क्रिकेट मैच के दूसरे दिन बुधवार को दक्षिण अफ्रीका ए के पहली पारी के विशाल स्कोर के बाद सतर्कता से शुरूआत कर स्टंप तक एक विकेट पर 125 रन बना लिए। दक्षिण अफ्रीका ए ने पहली पार सात विकेट पर 509 रन पर घोषित की। स्टंप तक भारत ए टीम के कप्तान प्रियांक पंचाल 45 और अभिमन्यु ईश्वरन 27 रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। सलामी बल्लेबाज पृथ्वी साव (45 गेंद में नौ चौके से 48 रन) बड़ी पारी की ओर बढ़ रहे थे, लेकिन वह 14वें ओवर में आउट हो गए। भारत ने बुधवार को 33 ओवर बल्लेबाजी की और चार दिवसीय मैच में टीम 384 रन से पीछे है। इससे पहले दक्षिण अफ्रीका ए के बल्लेबाजों ने भारत ए के गेंदबाजों पर दबदबा कायम रखा जिससे घरेलू टीम ने 45.3 ओवर में 166 रन जोड़ लिए।

# मैनचेस्टर युनाईटेड नाकआउट चरण में

**चैंपियन्स लीग**

**एपी** । पेरिस

**क्रिस्टियानो** रोनाल्डो ने अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन करके शानदार गोल दागा जिससे मैनचेस्टर युनाईटेड ने मंगलवार को विल्लारीयाल को 2-0 गोल से हराकर चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में जगह बनाई। बार्सिलोना को हालांकि अंतिम 16 में जगह बनाने के लिए अभी इंतजार करना होगा। उसने बेनफिका के खिलाफ मैच गोलरहित ड्रा खेला।

पिछले सप्ताह ओले गनार सोलस्काएर को बर्खास्त करने के बाद युनाईटेड पहली बार अंतरिम कोच माइकल कैरिक की अगुवाई में खेल रहा था। रोनाल्डो के शानदार प्रयास से वह जीत से शुरुआत करने में सफल रहे। रोनाल्डो ने 78वें मिनट में गोल करके युनाईटेड को बढ़त दिलाई जबकि जादोन सांचो ने 90वें मिनट में दूसरा गोल दागा। इससे युनाईटेड ने ग्रुप एफ में अपना शीर्ष स्थान सुनिश्चित किया। रोनाल्डो ने अब तक ग्रुप के सभी पांच मैचों में गोल किए हैं और चैंपियन्स लीग में उनके कुल की संख्या 140 पहुंच गई है जो कि रिकार्ड है। इंग्लैंड की एक अन्य टीम चेल्सी ने युवेंटस को 4-0 से करारी शिकस्त देकर नॉकआउट चरण में प्रवेश किया। युवेंटस पहले ही क्वालीफाई कर चुका था लेकिन उसे चैंपियन्स लीग में अपनी सबसे बड़ी हार का सामना करना पड़ा। लिवरपूल पहले ही क्वालीफाई कर चुका है और मैनचेस्टर सिटी के भी अंतिम 16 में पहुंचने की संभावना है, जिससे नॉकआउट चरण में फिर से प्रीमियर लीग की टीमों का अधिक प्रतिनिधित्व रहने की उम्मीद है। बार्सिलोना ने पिछले दो दशक में अपने ग्रुप से हर सत्र में नॉकआउट चरण में जगह बनाई थी, लेकिन बेनफिका के साथ ड्रा खेलने के कारण उसे अब आगे बढ़ने के लिए अंतिम दौर के मैच में बायर्न म्यूनिख को हराना होगा। बार्सिलोना के कोच अब पूर्व स्टार खिलाड़ी झावी हर्नांडिज हैं।

इस बीच ग्रुप जी में लिली की साल्जबर्ग पर 1-0 और सेविला की वॉल्फ्सबर्ग पर 2-0 गोल की जीत से सभी चार टीमें क्वालीफाई करने की दौड़ में बनी हुई हैं। लिली आठ अंक लेकर इस ग्रुप में शीर्ष पर है जबकि वॉल्फ्सबर्ग पांच अंक के साथ चौथे स्थान पर है। प्रत्येक ग्रुप से दो दो टीमें अंतिम 16 में जगह बनाती हैं।





## गनेमत को पछाड़कर दर्शना ने पहली बार राष्ट्रीय स्कीट का खिताब जीता

**भाषा** । पटियाला

**खेलो** इंडिया युवा खेलों की चैंपियन राजस्थान की दर्शना राठौर ने बुधवार को यहां देश की शीर्ष रैंकिंग वाली महिला स्कीट निशानेबाज गनेमत सेखों को 50-46 से हराकर अपना पहला राष्ट्रीय स्कीट खिताब जीता। गनेमत ने हालांकि जूनियर महिला वर्ग में यहां न्यू मोती बाग गन क्लब में छह-महिलाओं के फाइनल में उत्तर प्रदेश की अरीबा खान के साथ 50-50 के स्कोर से बराबरी पर मैच छूटने के बाद शूट-ऑफ खिताब अपने नाम किया। दर्शना ने 41 के स्कोर के साथ जूनियर वर्ग का कांस्य पदक जीता। यहां जारी विज्ञप्ति के मुताबिक 22 नवंबर से 14 दिसंबर तक आयोजित होने वाली 64 वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैम्पियनशिप प्रतियोगिता में शॉटगन स्पर्धाओं में महिलाओं की स्कीट प्रतियोगिताओं से पदक स्पर्धा का आगाज हुआ।

# सिंधू, श्रीकांत और प्रणीत दूसरे दौर में

**इंडोनेशिया ओपन**

**भाषा** । बाली

**भारत** की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने बुधवार को यहां इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के शुरुआती दौर में संघर्षपूर्ण जीत दर्ज की जबकि बी साई प्रणीत और किदाम्बी श्रीकांत ने भी एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया।

मौजूदा विश्व चैंपियन सिंधू ने जापान की अया ओहोरी के खिलाफ पहला गेम गंवाने के बाद अच्छी वापसी की। उन्होंने तीन गेम तक चले मैच में एक घंटे 10 मिनट चले मैच में ओहोरी को 17-21, 21-17, 21-17 से हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

इस जीत से सिंधू ने जापानी खिलाड़ी के खिलाफ अपने प्रभावशाली रिकॉर्ड को 11-0 पर पहुंचा दिया। पिछले सप्ताह यहां जापान की अकाने यामागुची से सीधे गेम में हारने के बाद सेमीफाइनल से बाहर होने वाली दुनिया में सातवें नंबर की सिंधू अगले दौर में जर्मनी की 23 वर्षीय शटलर यवोन ली का सामना करेगी।



तीसरी वरीयता प्राप्त भारतीय और दुनिया के 26वें नंबर के खिलाड़ी ली के बीच यह पहला मुकाबला होगा। पुरुष एकल में दुनिया के 16वें नंबर के खिलाड़ी बीसाई प्रणीत ने पहले दौर में फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव पर 21-19, 21-18 से जीत दर्ज की। पिछले हफ्ते के इंडोनेशिया मास्टर्स क्वार्टर फाइनल की तरह ही श्रीकांत ने फिर हमवतन एचएस प्रणय को पराजित किया। हायलो ओपन और इंडोनेशिया मास्टर्स में लगातार सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद पूर्व नंबर एक श्रीकांत ने यहां भी अच्छी फॉर्म जारी रखी और प्रणय को 56 मिनट में 21-15 19-21 21-12 से मात दी। एन सिक्की रेड्डी और ध्रुव कपिला की मिश्रित युगल जोड़ी क्योहेई यामाशिता और नारू शिनोया की जापानी जोड़ी से 7-21, 12-21 से हारकर पहले दौर से बाहर हो गई।

एन सिक्की रेड्डी के लिए दिन अच्छा नहीं रहा क्योंकि वह महिला युगल के भी पहले दौर में हारकर बाहर हो गईं। एन सिक्की रेड्डी और अनुभवी शटलर अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी बुल्गारिया की गैब्रिएला स्टोएवा और स्टेफानी स्टोएवा की पांचवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी से 27-29 18-21 से हार गई। बी सुमित रेड्डी और पोनप्पा की जोड़ी मिश्रित युगल का शुरूआती मुकाबला हार गई।

# एस400 मामले में भारत को कात्सा से छूट पर अब तक कोई निर्णय नहीं

**भाषा।** वाशिंगटन

● अमेरिकी कांग्रेस ने कात्सा को 2017 में लागू किया और इसे रूस की रक्षा और खुफिया कंपनियों के साथ खरीद-फरोख्त करने वाले देशों के खिलाफ दंडात्मक कार्वाई के लिए बनाया गया है, बाइडन प्रशासन ने कहा कि इस कानून में देश-विशिष्ट छूट का प्रावधान नही है

**अमेरिकी राष्ट्रपति** जो बाइडन के प्रशासन ने मंगलवार को कहा कि अमेरिका ने रूस से एस-400 मिसाइल रक्षा प्रणाली की खरीद पर भारत को काउंटरिंग अमेरिकाज एडवर्सरीज थ्रू सैंक्शंस एक्ट (कात्सा) से किसी भी संभावित छूट पर अब तक ठोस निर्णय नहीं लिया है।

अमेरिकी कांग्रेस ने कात्सा को 2017 में लागू किया और इसे रूस की रक्षा और खुफिया कंपनियों के साथ खरीद-फरोख्त करने वाले देशों के खिलाफ दंडात्मक कार्वाई के लिए बनाया गया है। बाइडन प्रशासन ने कहा कि इस कानून में देश-विशिष्ट छूट का प्रावधान नहीं है और इस विषय से संबंधित द्विपक्षीय बातचीत जारी रहेगी। अमेरिका के विदेश विभाग की यह टिप्पणी भारत को रूस से एस-400 मिसाइल रक्षा प्रणाली मिलना शुरू होने के एक सप्ताह बाद और रिपब्लिकन एवं डेमोक्रेटिक पार्टी के शीर्ष सांसदों द्वारा भारत पर कात्सा के तहत प्रतिबंध नहीं लगाने के अनुरोध के बीच आई है। विदेश विभाग के एक अधिकारी ने कहा कि अमेरिका भारत के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी को महत्व देता है। हालांकि उन्होंने यह कहकर इस मुद्दे पर रहस्य बनाए रखा कि कात्सा में किसी देश-विशिष्ट को छूट का प्रावधान नहीं है। विदेश विभाग के प्रवक्ता नेड प्राइस ने कहा, एस-400 प्रणाली की आपूर्ति पर आपको भारत सरकार से प्रश्न करना चाहिए, लेकिन जब अधिनियम की बात आती है तो न केवल भारतीय बल्कि अधिक व्यापक संदर्भ में भी अमेरिका ने अपने सभी सहयोगियों, सभी भागीदारों से रूस के साथ लेन-देन त्यागने का आग्रह किया है, अन्यथा कात्सा के तहत प्रतिबंधों को लागू करने का जोखिम हो सकता है। हमने रूस के साथ भारत के हथियार लेन देन के संबंध में छूट पर अभी कोई ठोस निर्णय नहीं लिया है। प्राइस ने कहा, कात्सा में किसी प्रकार के देश-विशिष्ट छूट का प्रावधान नहीं है। हम यह भी जानते हैं कि हाल के वर्षों में भारत के साथ हमारे रक्षा संबंधों का विस्तार हुआ है और ए काफी प्रगाढ़ हुए हैं।

प्राइस ने एक सवाल के जवाब में कहा, हम उम्मीद करते हैं कि हमारे रक्षा संबंधों में यह मजबूती जारी रहेगी। हम निश्चित रूप से भारत के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी को महत्व देते हैं। जैसा कि आप जानते हैं, कुछ समय पहले ही मुझे भारत यात्रा का अवसर मिला था। अगस्त में कई बार विदेश मंत्री जयशंकर से मुलाकात हुई। हमने इस चिंता पर शीर्ष अधिकारियों सहित सीधे भारत सरकार से भी चर्चा की है। कात्सा एक कड़ा अमेरिकी कानून है जो प्रशासन को उन देशों पर प्रतिबंध लगाने की मंजूरी देता है जो 2014 में क्रीमिया पर रूस के कब्जे और 2016 के अमेरिकी राष्ट्रपति चुनावों में कथित हस्तक्षेप की खबरों के बाद रूस से प्रमुख रक्षा साजो सामान खरीदते हैं। अक्टूबर 2018 में भारत ने पांच एस-400 वायु रक्षा मिसाइल तंत्र की खरीद के लिए रूस के साथ पांच अरब डॉलर के समझौते पर हस्ताक्षर किया था।

उस वक्त पूर्ववर्ती डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने इस कानून के तहत भारत पर प्रतिबंध लगाए जाने की चेतावनी भी दी थी। अमेरिका इससे पहले रूस से एस-400 मिसाइल रक्षा प्रणालियों की खरीद के लिए तुर्की पर कात्सा के तहत प्रतिबंध लगा चुका है।

तुर्की पर प्रतिबंध लगाए जाने के बाद कयास लगाए जा रहे थे कि अमेरिका भारत पर भी ऐसे ही दंडात्मक प्रतिबंध लगा सकता है। उन्होंने कहा कि अमेरिकी कांग्रेस के कई सदस्यों ने इस मुद्दे पर गहरी दिलचस्पी दिखाई है। प्राइस ने कहा कि टू प्लस टू वार्ता जल्द वाशिंगटन में होगी। उन्होंने कहा, हम टू प्लस टू के लिए फिर से प्रतिबद्ध हैं, क्योंकि भारत के साथ हमारे महत्वपूर्ण संबंध हैं, और वह हमारा प्रमुख रक्षा साझेदार भी है। पिछले महीने अमेरिकी सांसदों और इंडिया कॉकस के सह-अध्यक्ष मार्क वार्नर और जॉन कॉर्निन ने राष्ट्रपति जो बाइडन को पत्र लिखा था जिसमें रूस से सैन्य हथियार खरीदने पर भारत के खिलाफ कात्सा के तहत प्रतिबंध नहीं लगाने का उनसे अनुरोध किया गया था। उन्होंने कहा, भारत ने रूसी सैन्य उपकरणों की खरीद को कम करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। भारत का सोवियत संघ और बाद में रूस से हथियार खरीदने का एक लंबा इतिहास रहा है।

पत्र में लिखा है, हमें अंदेशा है कि इन प्रणालियों के आगामी हस्तांतरण से कात्सा के तहत प्रतिबंध लग जाएंगे, जो रूस को उसके दुर्भावनापूर्ण व्यवहार के लिए जवाबदेह ठहराने के लिए बनाया गया है। सांसदों ने कहा कि वे भारत को कात्सा से छूट देने कर अनुरोध करते हैं।

## ऑस्ट्रेलिया दक्षिणवादी चरमपंथी समूह द बेस हिजबुल्ला को आतंकी संगठन घोषित करेगा

**एपी।** कैनबरा,

● गृह मंत्री करेन एंड्रयूज ने बुधवार को बताया कि ब्रिटेन के संगठन सोनेनक्रीग डिविजन के बाद प्रतिबंधित सूची में शामिल किया जाने वाला यह दूसरा दक्षिणपंथी संगठन होगा

**ऑस्ट्रेलिया दक्षिणपंथी** चरमपंथी समूह द बेस और लेबनानी समूह हिज्बुल्ला के नाम प्रतिबंधित आतंकवादी संगठनों की सूची में जोड़ने वाला है क्योंकि राष्ट्रीय सुरक्षा सेवाएं नव-नाजी और अन्य चरमपंथी विचारधारा से प्रेरित घटनाओं में वृद्धि से जूझ रही हैं। नव नाजी श्वेत सर्वोच्चता को मानने वाले समूह द बेस की स्थापना 2018 में अमेरिका में हुई थी। गृह मंत्री करेन एंड्रयूज ने बुधवार को बताया कि ब्रिटेन के संगठन सोनेनक्रीग डिविजन के बाद प्रतिबंधित सूची में शामिल किया जाने वाला यह दूसरा दक्षिणपंथी संगठन होगा। ऑस्ट्रेलिया की सूची में शेष 25 आतंकवादी संगठन मुस्लिम समूह हैं, जिनमें हिज्बुल्ला का बाह्य सुरक्षा संगठन भी शामिल है, जिसे 2003 में ऑस्ट्रेलिया की आपराधिक संहिता के तहत प्रतिबंधित सूची में शामिल किया गया था। हिज्बुल्ला से जुड़ा कोई भी संगठन, उनका सदस्य होना या उनका समर्थन करना एक आपराधिक कृत्य माना जाएगा। एंड्रयूज ने कहा कि आतंकवादी संगठनों की नजर ऑस्ट्रेलिया पर है क्योंकि देश ने अपनी सीमाएं खोल दी हैं और महामारी संबंधी प्रतिबंध भी खत्म कर दिए हैं। एंड्रयूज ने कहा, हम जानते हैं कि यहां ऑस्ट्रेलिया में...पूरी दुनिया में आतंकवाद का खतरा है। हमने हाल में ब्रिटेन और न्यूजीलैंड दोनों जगहों पर ऐसी घटनाएं देखी है। एंड्रयूज श्वेत वर्चस्ववादी मानसिकता के शिकार ऑस्ट्रेलियाई शख्स ब्रेंटन टैरेंट का जिक्र कर रही थीं,जिसने 2019 में न्यूजीलैंड की दो मस्जिदों पर हमले किए थे। घटना में 51 लोगों की मौत हो गई थी।ऑस्ट्रेलिया की आतंकवाद रोधी खुफिया इकाई के प्रमुख माइक बर्गेस ने अगस्त में आगाह किया था कि 16 वर्ष से कम उम्र के ऑस्ट्रेलियाई किशोरों को श्वेत वर्चस्ववाद की विचारधारा का समर्थन करने के लिए कट्टरपंथी बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा था कि ऑस्ट्रेलियाई सुरक्षा खुफिया संगठनों के पास जितने मामले आए हैं उनमें से आधे से ज्यादा नव नाजी विचाराधारा और अन्य विचारधारा से प्रेरित समूहों के थे।



लंदन में अफगानिस्तान में सेवाएं देने वाले ब्रिटिश सैनिकों से मिलते पीएम बोरिस जोन्सन

## अदालत ने यूनाइट द राइट रैली में हिंसा के लिए 2.6 करोड़ डॉलर का जुर्माना लगाया

**एपी।** शार्लोट्सविले (अमेरिका)

**अमेरिका की** एक अदालत ने 2017 में शार्लोट्सविले में यूनाइट द राइट रैली के दौरान भड़की हिंसा के लिए 17 श्वेत राष्ट्रवादी नेताओं और संगठनों पर मंगलवार को 2.6 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक का जुर्माना लगाया।करीब एक महीने तक चली सुनवाई के बाद, यूएस डिस्ट्रिक्ट कोर्ट की एक ज्यूरी ने यह सजा सुनाई। अदालत ने उन नौ लोगों द्वारा दायर मुकदमे में श्वेत राष्ट्रवादियों को जवाबदेह ठहराया जिन्हें दो दिनों के प्रदर्शनों के दौरान शारीरिक या भावनात्मक आघात का सामना करना पड़ा था। अदालत ने चार दावों में फैसला किया है जबकि दो दावों में अब भी गतिरोध कायम है। अटॉर्नी रोबर्टा कापलान ने कहा कि वादी के वकीलों की योजना फिर से याचिका दायर करने की है ताकि मुकदमे की सुनवाई किसी अन्य ज्यूरी द्वारा की जाए तथा गतिरोध वाले दो दावों पर भी फैसला हो सके। उन्होंने हर्जाने की राशि को "आंखें खोलने वाला" बताया और कहा कि "यह एक व्यापक संदेश देता है"यह फैसला श्वेत राष्ट्रवादी आंदोलन के लिए फटकार है, खासकर उन दो दर्जन व्यक्तियों और संगठनों के लिए, जिन पर एक संघीय मुकदमे में अफ्रीकी अमेरिकियों, यहूदियों और अन्य लोगों के खिलाफ एक सुनियोजित तरीके से हिंसा करने का आरोप लगाया गया है। श्वेत राष्ट्रवादी नेता रिचर्ड स्पेंसर ने फैसले के खिलाफ अपील करने का संकल्प जताते हुए कहा कि "उस फैसले का पूरा सिद्धांत ही मौलिक रूप से त्रुटिपूर्ण है" उन्होंने कहा कि वादी के वकीलों ने मुकदमे से पहले ही यह स्पष्ट कर दिया था कि वे मुकदमे का उपयोग उन्हें और अन्य प्रतिवादियों को दिवालिया बनाने के लिए करना चाहते हैं।

# लीबिया में संयुक्त राष्ट्र के दूत ने राष्ट्रपति चुनाव से पहले इस्तीफे की पेशकश की

**एपी।** न्यूयॉर्क

**लीबिया में** संयुक्त राष्ट्र के शीर्ष दूत देश में राष्ट्रपति चुनाव से कुछ हफ्ते पहले इस्तीफा देने वाले हैं। इस चुनाव को लगभग एक दशक की अराजकता के बाद लीबिया की स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

जान कुबिस ने सेवा में रहने के सिर्फ 10 महीने बाद पद छोड़ने का फैसला किया। संयुक्त राष्ट्र के प्रवक्ता स्टीफन दुजारिक ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि लीबिया में 24 दिसंबर को राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव होने वाले हैं और संयुक्त राष्ट्र लीबिया में नेतृत्व की निरंतरता सुनिश्चित करने के लिए हरसंभव प्रयास कर रहा है। उन्होंने कुबिस के जाने का कोई कारण नहीं बताया, लेकिन कहा कि राजदूत के महासचिव एंतोनियो गुतारेस के साथ कोई मतभेद नहीं थे। जिनेवा में मौजूद कुबिस के, अपने इस्तीफे से पहले बुधवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की होने वाली बैठक में इस बारे में सूचित करने की उम्मीद है। कुबिस स्लोवाकिया के पूर्व विदेश मंत्री रहे हैं, जो पहले इराक और अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र के उच्च-स्तरीय पदों पर नियुक्त थे। वह जनवरी में लीबिया में संयुक्त राष्ट्र के राजनीतिक मिशन के प्रमुख बने। 2011 में नाटो समर्थित विद्रोह में तानाशाह मोअम्मर कज्जाफी को सत्ता से बेदखल कर दिया गया था, जिसके बाद लीबिया में उथल-पुथल मच गई थी। बाद में कज्जाफी मारे गए। तेल सम्पन्न राष्ट्र तब सैन्य कमांडर खलीफा हिफ्टर द्वारा समर्थित और त्रिपोली में संयुक्त राष्ट्र समर्थित प्रशासन में विभाजित हो गया। प्रत्एक पक्ष को विभिन्न मिलीशिया और विदेशी ताकतों का समर्थन मिला।संयुक्त राष्ट्र की मध्यस्थता वाली वार्ता ने इस साल की शुरुआत में लीबिया में एक संक्रमणकालीन सरकार के गठन का समर्थन किया, जिसका उद्देश्य देश में दिसंबर में चुनाव आयोजित कराना था। जिनेवा में कुबिस ने चुनाव के महत्व पर जोर दिया है। दुजारिक के अनुसार, कुबिस का इस्तीफा तत्काल प्रभाव से लागू नहीं होगा। लेकिन उन्होंने यह भी नहीं बताया कि यह कब तक लागू होगा। उन्होंने जोर दिया कि चुनाव प्रक्रिया को समर्थन देने के लिए विश्व निकाय लगातार काम कर रहा है।

### इजरायल व मोरक्को के रक्षा मंत्रियों के बीच ऐतिहासिक बैठक

**रबात।** इजरायल के रक्षा मंत्री बेनी गैंट्ज ने बुधवार को रबात में मोरक्को के अपने समकक्ष के साथ मुलाकात की। दोनों देशों के बीच सुरक्षा सहयोग को औपचारिक रूप देने के लिए इजरायल के रक्षा मंत्री मोरक्को की ऐतिहासिक यात्रा पर हैं। इजरायल और मोरक्को ने पिछले साल अमेरिका की मध्यस्थता में हुए अब्राहम समझौते के तहत औपचारिक संबंध स्थापित किए थे गैंट्ज की यात्रा किसी इजरायली रक्षा मंत्री द्वारा अरब देश मोरक्को की पहली आधिकारिक यात्रा है। इसका उद्देश्य दोनों देशों के बीच रक्षा संबंधों को और मजबूत बनाना है।



जर्मनी की अगली सरकार बनाने को लेकर कैबिनेट बैठक के बाद जर्मनी की चांसलर एंजेला मर्केल

### जर्मन में अगली सरकार बनाने के लिए तीन पार्टियों की बातचीत अंतिम चरण चरण में : ग्रीन पार्टी

**बर्लिन।** जर्मनी की अगली सरकार बनाने के लिए बातचीत कर रहे तीनों दल बुधवार को गठबंधन समझौते को अंतिम रूप देंगे। पर्यावरणवादी ग्रीन पार्टी ने एक बयान में यह जानकारी दी। राष्ट्रीय चुनाव में 26 सितंबर को मामूली जीत के बाद से सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी, ग्रीन पार्टी और फ्री डेमोक्रेट्स के साथ बातचीत कर रही है। आने वाले हफ्तों में अगर पार्टी के सदस्य प्रस्ताव को मंजूरी देते हैं तो तीन दलों का गठबंधन मौजूदा महागठबंधन और निवर्तमान चांसलर एंजेला मर्केल की क्रिश्चियन डेमोक्रेट्स पार्टी की जगह लेगा। मर्केल पांचवें कार्यकाल के लिए होड़ में नहीं थीं। मौजूदा वित्त मंत्री तथा सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी नेता ओलाफ शॉल्त्स उनका स्थान ले सकते हैं। बंद कमरे में हुई बातचीत से कुछ विवरण निकल कर सामने आए हैं। इनमें यह भी शामिल है कि पार्टियां मंत्रिमंडल के सदस्यों को विभागों का बंटवारा किस प्रकार करेंगी।

## न्यूजीलैंड ने जनवरी से अपनी सीमाएं फिर से खोलने का ऐलान किया

**एपी।** वेलिंगटन

**न्यूजीलैंड आगामी** महीनों में अपनी सीमाएं फिर से खोलेगा। सरकार ने बुधवार को इसकी घोषणा करते हुए जनवरी से, विस्थापित निवासियों की वापसी और अप्रैल से पर्यटकों के आने की मंजूरी दे दी है। न्यूजीलैंड इसके साथ ही इंडोनेशिया, भारत और ब्राजील समेत कुछ देशों को अत्यधिक जोखिम वाले देशों की सूची से हटा रहा है जिससे इन देशों से लोग न्यूजीलैंड आ सकेंगे।कोविड-19 महामारी फैलने पर इस दक्षिण प्रशांत देश ने कड़े सीमा प्रतिबंध लगाए थे, पर्यटकों के प्रवेश पर रोक लगा दी थी और देश लौटने वाले निवासियों के लिए सेना द्वारा संचालित किसी पृथक वास केंद्र में दो हफ्ते बिताने को अनिवार्य कर दिया था। महामारी के पहले 18 महीनों में सीमा प्रतिबंध न्यूजीलैंड को कोरोना वायरस से मुक्त बनाने के लिए अहम माने गए। कोविड-19 प्रतिक्रिया मंत्री क्रिस हिप्किन्स ने कहा कि सरकार ने न्यूजीलैंड वासियों को महामारी में सुरक्षित रखने के लिए मुश्किल फैसले लिए। उन्होंने कहा, हमने माना कि यह बहुत मुश्किल रहा। परिवारों को अलग कर दिया गया। लोगों को ऐसे स्थानों पर रहना पड़ा जहां वह लंबे समय तक नहीं रहना चाहेंगे। हम इस बात से भली भांति परिचित हैं कि इन पाबंदियां का लोगों के जीवन और उनकी आजीविका पर क्या असर पड़ा है। सरकार की योजना के तहत देश में आने वाले सभी यात्रियों को अब भी कम से कम सात दिनों के लिए खुद को पृथक रखना होगा। कोविड-19 रोधी टीके की पूरी खुराक ले चुके न्यूजीलैंड के लोग 16 जनवरी से पृथक-वास किए बिना ऑस्ट्रेलिया से लौट सकेंगे और 13 फरवरी के बाद अन्य देशों से लौट सकेंगे। पर्यटकों तथा अन्य यात्रियों के लिए 30 अप्रैल से देश में प्रवेश के दरवाजे अलग-अलग चरणों में खोले जाएंगे।

### अमेरिका में सीमा पार से आने वाले लोगों के लिए पूर्ण टीकाकरण होगा अनिवार्य

**वाशिंगटन।** अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन सीमा पार से आने वाले सभी लोगों जिनमें ट्रक चालक, सरकारी तथा आपात सेवा अधिकारी आदि शामिल है, के लिए पूर्ण टीकाकरण अनिवार्य कर सकते है और यह नियम 22 जनवरी से लागू हो सकता है। बाइडन प्रशासन जल्द इस संबंध में घोषणा कर सकता है। प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इस नियम पर व्हाइट हाउस ने अक्टूबर में विचार किया था। यह नियम देश की भू-सीमा को पार कर आने वाले लोगों के लिए होगा।अधिकारी ने नाम उजागर नही करने की शर्त पर एपी को बताया कि नौकाओं के जरिए आने वाले आवश्यक सेवाओं में कार्यरत लोगों का भी पूर्ण टीकाकरण अनिवार्य है। ये नियम उन लोगो से संबंधित है, जो अमेरिका के नागरिक नही है। अमेरिकी नागरिक और स्थाई निवासी पूर्व में जारी दिशानिर्देश के अनुसार देश में प्रवेश कर सकते हैं। रोग नियंत्रण एवं रोकथाम केन्द्र के अनुसार, अमेरिका मे अभी तक 4.7 करोड़ व्यस्कों को कोविड-19 रोधी टीके नही लगे है।

## क्विक न्यूज

### दक्षिण कोरिया में कोविड-19 के 4,000 नए मामले

**सियोल।** दक्षिण कोरिया में कोविड-19 महामारी के दस्तक देने के बाद पहली बार एक दिन में संक्रमण के 4,000 से ज्यादा नए मामले सामने आए है। हाल के सप्ताह मे अर्थव्यवस्था मे सुधार के लिए सामाजिक दूरी के नियमों में छूट दी गई थी। कोरिया बीमारी नियंत्रण व रोकथाम एजेंसी ने बताया कि बुधवार को सामने आए 4,116 नए मामलों में से ज्यादातर राजधानी सियोल और इसके आसपास के इलाकों से सामने आए है, जहां अस्पतालो मे मरीजो के भर्ती होने की संख्या में वृद्धि के बीच आईसीयू की कमी की आशंका पैदा हो गई है। पिछले 24 घंटे में 35 मरीजों की मौत के बाद कुल मृतकों की संख्या बढ़कर 3,363 हो गई। उच्च टीकाकरण दर के बीच सामाजिक दूरी नियमो मे ढील देने के बाद दक्षिण कोरिया उन देशो की सूची में शामिल हो गया है, जहां संक्रमण के मामले और अस्पताल में मरीजो के भर्ती होने की संख्या में वृद्धि हो रही है। अमेरिका में थैंक्सगिविंग छुट्टी सप्हांत से पहले मामले बढ़ रहे हैं, वही ऑस्ट्रिया में सोमवार को बड़ा लॉकडाउन लगा दिया गया और यूरोप में भी संक्रमण के मामलो में वृद्धि हो रही है। दक्षिण कोरिया में अधिकारियो ने इस महीने की शुरुआत में सामाजिक दूरी नियमों में ढील दी और सोमवार को विद्यालयों को पूरी तरह से खोल दिया। इन कदमों को देश ने महामारी पूर्व काल जैसी सामान्य स्थिति की तरफ कदम बढ़ाना करार दिया था। लेकिन स्वास्थ्यकर्मी अब संक्रमण के मामलो और मौत के आंकड़ो में वृद्धि का सामना कर रहे है।

### मेगदालेना एंडरसन होंगी स्वीडन की पहली महिला प्रधानमंत्री

**कोपेनहेगन।** स्वीडन की संसद ने बुधवार को मेगदालेना एंडरसन को प्रधानमंत्री चुन लिया। वह इस पद पर आसीन होने वाली पहली महिला होंगी। एंडरसन को सोशल डेमोक्रेटिक पार्टी की नई नेता चुना गया है। वह स्टीफन लोफ्वेन की जगह लेंगी, जिन्होने इस साल की शुरुआत में प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था। जोफ्वेन फिलहाल कार्यवाहक प्रधानमंत्री की जिम्मेदारी संभाल रहे है। एंडरसन इससे पहले वित्त मंत्री थी। स्वीडन को लैंगिक समानता के मामले मे यूरोप के सबसे प्रगतिशील देशो में शुमार किया जाता है, लेकिन अभी तक किसी महिला को देश की बागडोर नही सौंपी गई थी। ऐसे में इस घटनाक्रम को स्वीडन के लिए मील का पत्थर माना जा रहा है। एंडरसन का समर्थन करने वाली निर्दलीय सांसद अमीना काकाबावेह ने संसद मे अपने भाषण मे कहा, यदि महिलाएं केवल वोट देती रहें और उन्हें सर्वोच्च पद के लिए न चुना जाए, तो लोकतंत्र पूरा नही हो सकता। एंडरसन (54) ने अपने निर्वाचन के बाद संसद मे कहा, नारीवाद हमेशा लड़कियो और महिलाओं के पूर्ण होने के बारे मे है। उनके पास भी पुरुषो और लड़को के समान अवसर होते है। उन्होने कहा, मै स्वीडन की पहली महिला प्रधानमंत्री निर्वाचित हुई हूं और जानती हूं कि हमारे देश मे महिलाओं के लिए इसका क्या महत्व है। स्वीडन की 349 सदस्ईय संसद में 117 सांसदो ने एंडरसन के पक्ष में जबकि 174 ने विरोध मे वोट दिया। 57 सांसदो ने मतदान मे हिस्सा नही लिया जबकि एक सांसद अनुपस्थित रहा। कुल मिलाकर 174 सांसदो ने एंडरसन के विरोध में मतदान किया , लेकिन स्वीडन के संविधान के अनुसार यदि कम से कम 175 सांसद किसी व्यक्ति के खिलाफ नही है, तो उसे प्रधानमंत्री नियुक्त किया जा सकता है। एंडरसन दो दलो सोशल डेमोक्रेट्स तथा ग्रीन पार्टी की अल्पमत की सरकार का गठन करेगी।

### इथियोपिया ने कहा-अबी युद्ध क्षेत्र में, उपप्रधानमंत्री को सौंपे दायित्व

**नैरोबी।** इथियोपिया की सरकार ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री अबी अहमद देश के साल भर चलने वाले युद्ध की कमान संभालने के लिए युद्ध के मैदान में गए हैं और देश को चलाने से जुड़े दैनिक कामकाज का दायित्व उपप्रधानमंत्री को सौप गए है।सरकार के प्रवक्ता लेगेसे तुलु ने संवाददाताओं को बताया कि प्रधानमंत्री मंगलवार को युद्ध क्षेत्र में पहुंचे है हालांकि उन्होंने उनके ठिकाने का विवरण नही दिया। उन्होंने बताया कि उप प्रधानमंत्री देमेके मेकोन्नेन दिन-प्रतिदिन के सरकारी कामकाज को देख रहे है। अफ्रीका के दूसरे सबसे अधिक आबादी वाले देश में युद्ध ने अनुमान के मुताबिक हजारो लोगो की जान ले ली है। फ्रांस, जर्मनी और तुर्की सहित कई देशो ने अपने नागरिकों से कहा है कि वे तत्काल इथियोपिया छोड़ दें क्योंकि उत्तरी टिग्रे क्षेत्र से प्रतिद्वंद्वी लड़ाके राजधानी अदीस अबाबा की ओर बढ़ रहे है।एक अमेरिकी दूत ने मंगलवार को संवाददाताओं को बताया कि उसे डर है कि दोनो पक्षो के बीच मध्यस्थता के प्रयासो में हुई मामूली प्रगति चिंताजनक गति से बढ़ती सैन्य गतिविधियो के बीच पीछे छूट सकती है।

### इजराइल ने मध्य सीरिया मे किया हवाई हमला, दो लोगों की मौत, सात घायल

**दमिश्क।** सीरियाई सेना ने कहा कि इजराइल के युद्धक विमानो ने मंगलवार देर रात देश के मध्य क्षेत्र में सेना के ठिकानो पर हमला किया जिसमे दो नागरिको की मौत हो गई और सात लोग घायल हो गए। घायलों में से छह सैनिक है। सरकारी मीडिया ने एक अज्ञात सैन्य अधिकारी के हवाले से बताया कि युद्धक विमानो ने पड़ोसी लेबनान के हवाई क्षेत्र मे उड़ान भरते हुए मिसाइले दागी। सरकारी समाचार एजेंसी सना ने अधिकारी के हवाले से बताया कि हमला देर रात करीब एक बजकर 26 मिनट पर हुआ। अधिकारी ने बताया कि सीरिया की वायु सेना ने ज्यादातर मिसाइलो को मार गिराया। इजराइल ने पिछले कुछ वर्षों से सरकार के नियंत्रण वाले सीरियाई क्षेत्र मे ठिकानो पर हमला किया है लेकिन उसने बमुश्किल ही कभी ऐसे हमलो की जिम्मेदारी ली है। हालांकि उसने ईरान समर्थित मिलीशिया जैसे कि लेबनान के हिजबुल्ला समूह के ठिकानो पर हमलो की जिम्मेदारी ली है। हिजबुल्ला ने सीरिया में अपने लड़ाको को तैनात किया है। हिजबुल्ला दशको पुराने गृह युद्ध मे सीरियाई राष्ट्रपति बशर असद की सेनाओं की ओर से लड़ाई लड़ रहा है।

### संरक्षित भंडार से तेल निकासी : बाइडन को मिला कई पर्यावरणविदों का साथ

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने पेट्रोलियम पदार्थों की कीमत में स्थिरता लाने के लिए देश के रणनीतिक भंडार से पांच करोड़ बैरल तेल जारी करने का फैसला किया है जिसका डेमोक्रेटिक पार्टी के सदस्यो और पर्यावरण कार्यकर्ताओ ने इस तथ्य के बावजूद समर्थन किया है कि यह जलवायु परिवर्तन को रोकने की रणनीति के विरोधाभासी है। अमेरिका ने भारत, ब्रिटेन और चीन के समन्वय के साथ मंगलवार को इस फैसले की घोषणा की। डेमोक्रेटिक पार्टी के सीनेटर इड मार्के ने कहा कि वह इस कदम को मौजूदा परिस्थिति से निपटने के लिए उठाया गया अल्पकालिक कदम मानते है। उन्होंने कहा, यह भंडार हमारी अर्थव्यवस्था को उथलपुथल से बचाने के लिए है। मार्के ने कहा कि बाइडन, अमेरिकियो को तेल के बढ़े दाम से बचाने के लिए प्रभावी कदम उठा रहे हैं, भले प्रशासन नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा दे रहा है जिससे उम्मीद की जा रही है कि अंततः जीवाश्म ईंधन पर निर्भरता कम होगी। रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार कोई भी देश आपात स्थिति के लिए रखता है। अमेरिका के पास करीब 60.5 करोड़ बैरल का तेल भंडार है। सियान क्लब के साथ ऊर्जा अभियान चलाने वाली केली शीहान ने बाइडन के फैसले का स्वागत किया लेकिन साथ ही कहा कि मौजूदा दामो में वृद्धि हमे याद दिलाती है कि ऊर्जा सुरक्षा तेजी से जीवश्म ईंधन पर निर्भरता छोड़ और अधिक स्वच्छ ऊर्जा के उत्पादन से ही संभव है।

# दया की शक्ति

**संत राजिंदर सिंह का कहना है कि हमारे आध्यात्मिक विकास का एक हिस्सा दयालु भावना विकसित करना है। ऐसा करने के लिए, हमें दूसरों को समझने की जरूरत है**



साल भर में ऐसे कई मौके आते हैं जब हम उपहार लेते और देते हैं। यह जन्मदिन, वर्षगांठ या विभिन्न छुट्टियों के अवसरों पर हो सकता है जो उपहार देने से जुड़े होते हैं। जब हम अपने घर में लिपटे हुए उपहारों के ढेर को देखते हैं, तो हम पाते हैं कि उनमें से अधिकांश भौतिक वस्तुएं हैं। हमें कपड़े, आभूषण, खिलौने, खेल, गैजेट या उपहार कार्ड और चीजें खरीदने के लिए मिले होंगे। फिर भी, इनमें से हर एक उपहार का समय के साथ क्षय होना तय है। पदार्थ से बना कुछ भी स्थायी नहीं रहता है और न ही ये उपहार, जिन्हें कि हम संजोते हैं। क्या कोई ऐसा उपहार है जिसे हम प्राप्त कर सकते हैं और जो अधिक मूल्यवान है और हमेशा रहेगा?

यह दया का उपहार है। दया हृदय को आकर्षित करती है और हृदय को अन्य के प्रति प्रेम से भर देती है। अगर हम अपने दिलों में दया उत्पन्न करते हैं, तो हम देखेंगे कि लोग हमारे करीब आते हैं। इससे उनमें बदलाव आएगा।

अपने जीवन में उन लोगों के बारे में सोचें जो आपके प्रति दयालु थे। हो सकता है कि हमने उनके लिए विशेष आकर्षण या स्नेह महसूस किया हो। हमारे जीवन में सबसे पहले जो लोग हमारे प्रति दयालु होते हैं, वे हमारे माता-पिता हैं। हम पहले उन लोगों के साथ आजीवन प्रेमपूर्ण बंधन विकसित करते हैं जो हमारी देखभाल करते हैं जब हम छोटे और असहाय होते हैं।

जैसे-जैसे हम बड़े होते हैं, कुछ लोग, जो हमारे प्रति दयालु होते हैं, अंततः हमारे मित्र बन जाते हैं। जब हम उस व्यक्ति से मिलते हैं जिससे हम शादी करने वाले हैं, तो हम पाते हैं कि उनमें हमारे प्रति एक विशेष प्रेमपूर्ण दया है जो गहरे प्रेम से उत्पन्न हुई है।

पहली छाप अक्सर स्थायी होती है। अगर लोगों को लगता है कि किसी के प्रति उनका पहली छवि अलग, असभ्य, लापरवाह और आक्रामक सी बनती है, तो वे उस व्यक्ति को अस्वीकार कर सकते हैं भले ही वो व्यक्ति कैसा भी प्रतिनिधित्व करता हो। दूसरी ओर, यदि वे किसी ऐसे व्यक्ति से मिलते हैं जो प्यार करने वाला, दयालु और देखभाल करने वाला है, तो वे उस व्यक्ति द्वारा प्रस्तुत हर चीज के प्रति आकर्षित होंगे। व्यक्ति की दयालुता के प्रति लोग आकर्षित होते हैं।

हमारे पास प्रेममयी दया दिखाने के कई अवसर होते हैं, जिसमें दूसरों को बदलने की शक्ति होती है। उनमें से एक है कर्म में दया। यह दया का एक बड़ा कार्य हो सकता है जैसे बीमारों की सेवा करना, भूखे को खाना खिलाना या बेघरों के लिए घर उपलब्ध कराना। यह एक छोटा सा कार्य हो सकता है लेकिन इसे जीवन भर याद रखा जाता है। आप किसी के लिए दरवाजा खोल सकते हैं जिसके हाथ खाली नहीं हैं। आप किसी के लिए किराने का सामान खरीद सकते हैं या किसी को उसकी कार के खराब होने पर कहीं के लिए लिफ्ट दे सकते हैं। यह सिर्फ एक मुस्कान भी हो सकती है जो किसी को प्यार और परवाह का एहसास कराती है। हमें नहीं पता कि कैसे एक प्यार भरा चेहरा या मुस्कान किसी का दिन याजीवन के लिए कितना महत्व रखते हैं।

**शब्दों के माध्यम से दया:** हमारे शब्दों के माध्यम से प्रेमपूर्ण कृपा दिखाने के अवसर होते हैं। एक दयापूर्ण शब्द और प्रोत्साहन, स्वीकृति या प्रशंसा का एक शब्द किसी को हमारे करीब महसूस कराने में बहुत मदद करता है। लोगों को यह बताना कि हम उनसे प्यार करते हैं, वे हमें जीवन भर के लिए प्रिय हैं। कुछ प्रेमपूर्ण, दयालु शब्द लोगों को हमारे प्रति सम्मान और आदर अनुभव करा सकते हैं।

**विचारों में दया:** अपने विचारों में भी प्रेममयी कृपा होना महत्वपूर्ण है। हमें लगता है कि हमारे विचार निजी हैं लेकिन दूसरे लोग उन्हें पढ़ सकते हैं क्योंकि वे कंपन पैदा करते हैं। विचार हमारे चेहरे पर दिखाई देते हैं। वे हमारी आंखों से दिखते हैं और हमारे खड़े होने और चलने के तरीके से व्यक्त होते हैं। लोग अपनी शारीरिक भाषा और अमूर्त संप्रेषण द्वारा बता सकते हैं कि हम उनकी देखभाल करते हैं या नहीं।

**हमारे कर्मों में दया:** हमारे आध्यात्मिक विकास का एक हिस्सा दया-भावना विकसित करना है। ऐसा करने के लिए, हमें खुद को दूसरों के स्थान पर रखना होगा। इसका अर्थ है दूसरों के सुख-दुख को महसूस करना। इसके लिए हमें स्वयं से यह पूछने की आवश्यकता है कि क्या हम जो शब्द बोलते हैं वे वही शब्द हैं जो हम चाहते हैं कि दूसरे हमसे कहें। इसका अर्थ यह है कि जो कर्म हम दूसरों के साथ करते हैं वे वही हैं जो हम चाहते हैं कि दूसरे हमारे साथ करें। इसका मतलब है कि इस ढंग से कार्य करना जैसे भगवान चाहते हैं कि हम कार्य करें।

प्रेम-कृपा विकसित करने से लोग हमारे आस-पास रहकर प्रसन्नता अनुभव करेंगे। हम उन्हें सुरक्षित महसूस कराएंगे। उन्हें लगेगा कि हम प्रेम करने वाले और मददगार हैं। हम इस किस्म के लोग होंगे जिनके साथ दूसरे रहना चाहेंगे। फिर वे पूछेंगे कि हम इतने दयालु कैसे हो गए। वे उस जीवन के बारे में सोचेंगे, जो हम जी रहे हैं। यदि हम सकारात्मक मूल्यों के साथ एक अच्छा जीवन जी रहे हैं, तो यह सकारात्मक जीवन के लाभों को दिखाने की दिशा में सबसे बड़ा प्रभाव होगा और जो उन्हें बदल देगा।

इसलिए, आइए हम प्रेमपूर्ण दयालुता विकसित करें। यदि हम कोई सेवा परियोजना करते हैं, तो हम भी प्रेम-कृपा विकसित करें, क्योंकि यह वो धारणा होगी जिस पर लोग सेवापूर्ण जीवन के मूल्य का मूल्यांकन करते हैं।

संत ईश्वर की दया का प्रतिबिम्बन प्रदर्शित कर आत्माओं को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। वे प्रेममयी दया के धाम हैं। जब वे हमसे प्यार करते हैं, देखभाल करते हैं और स्नेही होते हैं, तो हमारी आत्मा वापस भगवान की यात्रा की ओर झुक जाती है। प्रेममयी कृपा द्वारा हम परमेश्वर के प्रेम की झलक दिखा सकते हैं और उन सभी के जीवन को प्रभावित कर सकते हैं जो हमसे मिलते हैं। हम आध्यात्मिक जीवन का अनुसरण करके प्रेममयी दया विकसित कर सकते हैं।

दयालुता विकसित करने का एक तरीका ध्यान के माध्यम से भी है। ध्यान करना, अपने मन, वचन और कर्म का आत्मनिरीक्षण करना और निःस्वार्थ सेवा करना हमारे भीतर दया विकसित कर सकता है।

ध्यान में, हम ईश्वर के साथ एकाकार हो रहे हैं, जो सभी दया और प्रेम का स्रोत है। जब हम ध्यान के माध्यम से अपने भीतर की ओर जाते हैं, तो हम आंतरिक यात्रा पर पुनः भगवान की ओर बढ़ते हैं। यह प्रेम और दया की यात्रा है। हम प्रेम के सुरक्षात्मक आलिंगन में लिपटे हुए हैं। उस अवस्था में दया के सिवा किसी चीज के लिए कोई स्थान नहीं होता।

ध्यान हमें उन क्षेत्रों में ले जाता है जहां हम खुद को आत्मा के रूप में देखते हैं और जानते हैं कि हम सृष्टिकर्ता के अंश हैं। हम सर्व-सचेत हो जाते हैं। यह उस स्तर पर होना है कि हम अधिक प्यार करने वाले और देखभाल करने वाले इंसान बन जाते हैं।

ध्यान से हमें जो परिवर्तन मिलता है वो वह है जो हमारे पास नहीं है। यह एक दिव्य सुगंध की तरह है जो वातावरण में फैलती है। जब हम अपने लिए इस उपहार को प्राप्त करने के लिए तैयार होंगे, तो हमें दुनिया को बदलने में ज्यादा समय नहीं लगेगा।

**- लेखक एक आध्यात्मिक नेता हैं।**

# कोविड-19 के उपरांत मायने रखती है आस्था






प्रमोद पाठक

मानवता के विश्वास डगमगाने से कोविड-उपरांत दुनिया में सुधार आसान नहीं होगा। इन दो वर्षों में कोरोना का डर एक बुरा सपना था, जिसे भूलना हममें से ज्यादातर लोगों के लिए मुश्किल होगा। एकमात्र रास्ता विश्वास है। ईश्वर पर भरोसा। मानवता में विश्वास। अपने आप में विश्वास। लेकिन विश्वास को समझना कठिन है। इसका अधिक से अधिक अभ्यास करें। पैथोफोबिया से प्रेरित समूची मानवता के लिए, 1960 के दशक की बॉलीवुड फिल्म गाइड का एक एपिसोड कुछ सुराग दे सकता है। इस फिल्म ने न केवल मनोरंजन प्रदान किया, बल्कि उन लोगों की भी आत्मा को समृद्ध किया जो देख और सुन सकते थे। राजू गाइड, देव आनंद द्वारा अभिनीत नायक, परिस्थितियों से मजबूर होकर सामान्य भलाई के लिए संन्यासी बन जाता है। सूखी भूमि पर वर्षा लाने के लिए उनके अनशन पर बैठने की खबर फैलते ही चारों ओर से भीड़ उमड़ पड़ती है, जो उस स्थान को तीर्थ में बदल देती है। इस खबर के दूर-दूर तक फैलने के साथ ही इस कार्यक्रम को कवर करने के लिए एक विदेशी पत्रकार भी मौजूद होता है। महिला और नायक के बीच संवाद दिलचस्प है। "स्वामी, क्या आप मानते हैं कि आपके उपवास से जगह-जगह बारिश होगी!" महिला पूछती है। स्वामी ने दार्शनिक भाव से उत्तर दिया कि यदि 40 करोड़ लोग (तब भारत की आबादी) एक दिन भोजन छोड़ देते हैं, तो यह उतने ही लोगों को एक दिन के लिए भोजन करा सकता है। सवाल यह नहीं है कि बारिश होगी या नहीं, यह भी नहीं है कि वह रहता है या मर जाता है। सवाल यह है कि क्या इस खूबसूरती से सजी धजी दुनिया के पीछे कोई है, और यदि हां, तो क्या वह अपने लोगों की सुनता है। टेलीलॉजिकल तर्क का यह टुकड़ा एक लोकप्रिय ईश्वरवादी दावा है जो ईश्वर के अस्तित्व का प्रमाण प्रदान करता है। लेकिन इससे भी ज्यादा महत्वपूर्ण यह है कि फिल्म में बाद में क्या होता है। स्वामी की मृत्यु हो जाती है, लेकिन बारिश होती है, फिर भी, अपनी बात साबित करते हुए। ईश्वर है, और वह सुनता है। यही इस मामले कि जड़ है।

विश्वास है कि ईश्वर है और विश्वास है कि संकट के समय वह अपने लोगों के साथ खड़ा होता है। अनिश्चितताओं से भरी इस दुनिया में केवल विश्वास ही काम करता है। आस्था ईश्वर है। विश्वास शक्ति है। आस्था धर्म है। किसी भी धार्मिक क्रम में सृष्टि की कहानी को कभी भी वैज्ञानिक विवरण का अंश नहीं माना जाना चाहिए। इसे इस विश्वास की शास्त्रीय पौराणिक अभिव्यक्ति के रूप में देखा जाना चाहिए कि संपूर्ण प्राकृतिक व्यवस्था एक दैवीय रचना है। ईश्वर ही इस दुनिया का एकमात्र शासक और राज्यपाल है और हर चीज के पीछे की दिव्य योजना है। इस प्रकार, ईसाई कहावत, कि विश्वास मत करो ताकि तुम आस्था रख सको, विश्वास रखो ताकि तुम आस्था रख सको। विश्वास चीजों को घटित करता है। चिकित्सा विज्ञान में, चिकित्सा में आस्था की शक्ति का बार-बार परीक्षण किया गया है। आस्था की उपचारात्मक शक्ति को प्लेसीबो प्रभाव के माध्यम से मनोविज्ञान प्रयोगशालाओं में सिद्ध किया गया है। आस्था कई चमत्कारों का आधार है। आप देखते हैं कि आप क्या मानते हैं। कभी-कभी आप वही बनाते हैं जो आप मानते हैं। लेकिन अंतर्निहित शर्त है - सौ फीसदी आस्था।

इसलिए मेडिकल कॉलेजों में विद्यार्थियों को कहा जाता है कि जो मन नहीं जानता वह आंखें नहीं देख सकतीं। प्राचीन ग्रीक पौराणिक कथाओं में, साइप्रस के मूर्तिकार राजा, पाइग्मेलियन ने आदर्श महिला की एक मूर्ति बनाई, उस अपनी रचना से प्यार हो गया, और अपनी इच्छा के बल पर और देवी वीनस की सहायता से, उसने उसे जीवित कर दिया। सदियों बाद, जॉर्ज बर्नार्ड शॉ ने इसी तरह की थीम का उपयोग करते हुए विश्व प्रसिद्ध नाटक पाइग्मेलियन लिखा। आधुनिक प्रबंधन साहित्य में, पाइग्मेलियन प्रभाव नामक घटना की पहचान की गई है। यह सुझाव देता है कि यदि बातों पर विश्वास किया जाता है, तो वे स्वतः पूर्ण भविष्यवाणियां बन जाती हैं। इच्छाएं, तब, घोड़े बन सकती हैं।

**- पाठक प्रबंधन, लेखक, सार्वजनिक वक्ता और प्रशंसित प्रोफेसर हैं।**

# मानसिक स्वास्थ्य का करें उपचार



**अनामिका यदुवंशी कहती हैं कि आपका मानसिक स्वास्थ्य स्वस्थ रिश्ते में और प्रतिकूल परिस्थितियों को अपनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है**

स्वस्थ जीवन के लिए मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य महत्वपूर्ण है, क्योंकि वे आपके सोचने, कार्य करने और महसूस करने में भूमिका निभाते हैं। जब आप भावनात्मक रूप से स्वस्थ होते हैं तो काम करना, पढ़ना या दूसरों की देखभाल करना अधिक उत्पादक हो सकता है। आपका मानसिक स्वास्थ्य एक स्वस्थ रिश्ते में और प्रतिकूल परिस्थितियों के अनुकूल होने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

अपना ख्याल रखना और जीवन का पूरा आनंद लेना अत्यावश्यक है। अपने मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल करने के लिए यहां कुछ सुझाव दिए गए हैं :


- **स्वयं को पहले रखें :** आत्म-आलोचना से बचें, और खुद के साथ दया और सम्मान के साथ व्यवहार करें। अपने शौक और पसंदीदा परियोजनाओं पर विचार करें, और अपने क्षितिज को व्यापक बनाने पर विचार करें। डांस क्लास लें, कोई वाद्य बजाएं, हर दिन पहेलियां हल करें, बगीचा लगाएं, या कोई दूसरी भाषा सीखें।
- **अच्छे लोगों को अपनाएं :** मजबूत सामाजिक या पारिवारिक संबंध वाले लोग आमतौर पर इन संबंधों से वंचित लोगों की तुलना में अधिक स्वस्थ होते हैं। आप किसी क्लब, कक्षा या सहायता समूह में भी शामिल हो सकते हैं जहां आप नए लोगों से मिल सकते हैं। सहयोगी परिजनों वे दोस्तों के साथ योजनाएं बनाएं।
- **अपने मन को शांत करें :** ध्यान करें, समझदारीपूर्ण अभ्यास करें, या प्रार्थना करें। एक आरामदेह व्यायाम और प्रार्थना आपके मानसिक व भावनात्मक स्वास्थ्य को उन्नत बना सकते हैं। ध्यान आपको शांत कर सकता है और आपके चिकित्सीय प्रभाव को बढ़ा सकता है।
- **बातचीत करें :** अपनी भावनाओं के बारे में बात करना कोई कमजोरी नहीं है। यह स्वस्थ रहने और अपने स्वास्थ्य पर नियंत्रण रखने का हिस्सा है। किसी ऐसी चीज के बारे में बात करना ठीक है जिस पर आप लंबे समय से विचार कर रहे हैं। ऐसा करने से आपका तनाव दूर होगा और आपका मन शांत होगा।
- **शराब या अन्य नशीले पदार्थों का सेवन न करें :** जितना हो सके अन्य दवाओं के सेवन और शराब पीने से बचें। शराब और अन्य नशीले पदार्थों का उपयोग कभी-कभी स्व-उपचारक औषधि के साधन के रूप में किया जा सकता है, लेकिन वे समस्याएं और भी बदतर कर देते हैं।
- **यदि आपको सहायता की आवश्यकता है, तो उसकी मांग करें :** सहायता मांगने का कार्य शक्ति प्रदर्शित करता है, कमजोरी नहीं। साथ ही, उपचार कारगर होता है, इसलिए हार न मानें। सही देखभाल के साथ, लोग मानसिक बीमारी और लत से उबर सकते हैं और खुशहाल जीवन जी सकते हैं।

हम एक तेज-तर्रार दुनिया में रहते हैं, जहां अक्सर हम अपने मानसिक स्वास्थ्य को नजरअंदाज कर देते हैं। खुश और स्वस्थ रहने के लिए हमें अपने मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए।

**- लेखिका जीवन प्रशिक्षक और प्रेरक उपचारक हैं।**

# आत्म चेतना है सहायक

**अजीत कुमार बिश्नोई का कहना है, भगवान सेवा भाव में किए गए कार्यों की सराहना करते हैं क्योंकि वे भलाई में योगदान करते हैं**



कर्मफल सिद्धांत, जैसा कि ईश्वर द्वारा निर्धारित किया गया है, ईश्वर द्वारा प्रदत्त दिशा-निर्देशों के अनुसार ही ईश्वरीय अधिकारियों द्वारा लागू किया जाता है। वे प्रभाव के प्रति भावुक हुए बिना उन्हें सख्ती से लागू करते हैं। आत्म-चेतना के लाभों के बारे में बताना जारी रखते हुए, यह हमारा ईश्वर के अस्तित्व में दृढ़ विश्वास भी विकसित करता है, जो सभी परिस्थितियों में मदद कर सकता है, क्योंकि कर्म दो प्रकार के होते हैं : भौतिक और आध्यात्मिक। ये आध्यात्मिक कार्य भगवान के दायरे में आते हैं, वही हमें अनेक प्रकार से पुरस्कृत कर सकता है। ये भौतिक कर्मों से श्रेष्ठ हैं। इसीलिए, व्यक्ति को साधना करने के लिए प्रेरित किया जाता है, और उसके कई तरीके होते हैं। व्यक्ति अपने स्वभाव के अनुसार उनमें से कोई भी चुन सकता है। उदाहरण के लिए, मैंने नाम का जाप करना, आध्यात्मिक ग्रंथ लिखना और उनके चित्र रूपों में भगवान के 'दर्शन' करने का विकल्प चुना है।

आत्मचेतना से प्रबल होने वाली ईश्वरीय चेतना अनेक लाभ लेकर आती है। एक बार जब मुझे उनकी उपयोगिता के बारे में पता चला तो मैं साधना करने के प्रति गंभीर हो गया। मुझे सबसे ज्यादा क्या चाहिए था? बेशक मन की शांति। यह केवल भगवान (भगवद गीता 2.66) से आ सकती है, क्योंकि वही किसी भी समस्या का समाधान कर सकता है, जिसका हम सामना कर रहे हैं। कई व्यक्तिगत मामले हैं, जिनके बारे में केवल हम और भगवान ही अवगत हो सकते हैं। यदि हम किसी भी समस्या का समाधान नहीं कर पाते हैं, तो उत्तर ईश्वर की ओर से आना चाहिए, जो हमारे बारे में हर बात से अवगत हैं। मुझे सुखद आश्चर्य हुआ जब ईश्वर की ओर से एक समाधान आया, जो केवल वही अपने सर्वज्ञ होने के कारण प्रदान कर सकते थे। इस तरह की घटनाओं ने मुझे आध्यात्मिक कार्य करने के प्रति गंभीर होने में मदद की है, बदले में भगवान से कई वरदान प्राप्त किए हैं, क्योंकि आध्यात्मिक क्षेत्र में भी वही कर्मफल सिद्धांत संचालित होता है, सिवाय इसके कि कर्म आध्यात्मिक हों।

धीरे-धीरे मेरा ईश्वर में विश्वास बढ़ता गया। अन्य लाभ भी अनिवार्य रूप से सामने आए हैं। शरीर से लगाव कम होने से मृत्यु का भय कुछ कम होने लगा, क्योंकि मैं समझता हूँ कि ईश्वर मेरे जीवन का

परम मध्यस्थ है। जैसे-जैसे मैं उससे जुड़ता गया हूं, मुझे पूरा यकीन हो रहा है कि भगवान मेरी देखभाल करेंगे। मौत से ज्यादा, दुखद मौत मरने के प्रति मेरा डर काफी कम होने लगा।

आत्म-अभिमानी बनने से कुछ और लाभ हमें उत्तरोत्तर प्राप्त होंगे। हम अगले जन्म के लिए बेहतर तैयारी करेंगे, जो निश्चित रूप से होगा। हम सभी की कई इच्छाएं होती हैं। 'धर्म' (7.11) के अनुसार इच्छाएं रखने में कुछ भी गलत नहीं है, हम अगले जन्म में उन्हें पूरा होते देखने की उम्मीद कर सकते हैं, अगर किन्हीं कारणों से हमें इस जीवन में सफलता नहीं मिल पाती है। हमें बस इतना करना है कि निर्धारित व्यवहार (6.17) के साथ चलते रहना है। भगवान बहुत दयालु है, वह अवश्य मदद करेगा। तथापि, ईश्वर सेवा भाव से किए गए कार्यों की अधिक सराहना करते हैं, क्योंकि वे सामान्य कल्याण में योगदान करते हैं।

**-बिश्नोई एक आध्यात्मिक लेखक हैं।**

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 12 अंक 38
लखनऊ, बृहस्पतिवार, 25 नवंबर, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
डाक संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर




योगदान का मतलब हर मैच में शतक बनाना कतई नहीं
स्पोर्ट्स-11

www.dailypioneer.com

# पांच किलो मुफ्त अनाज योजना मार्च तक बढ़ी

## ● केंद्रीय मंत्रिमंडल ने दी मंजूरी

**भाषा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** मंत्रिमंडल ने बुधवार को राशन कार्डधारकों को राहत प्रदान करने के लिए प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना (पीएमजीकेएवाई) के तहत मुफ्त खाद्यान्न आपूर्ति को मार्च, 2022 तक यानी चार महीने के लिए बढ़ाने का फैसला किया। सरकार के इस फैसले से राजकोष पर 53,344 करोड़ रुपए का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। पीएमजीकेएवाई योजना के तहत मुफ्त खाद्यान्न वितरण करने की घोषणा पिछले साल मार्च में कोविड महामारी के दौरान गरीबों को राहत प्रदान करने के लिए की गई थी।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के तहत 2-3 रुपए प्रति किलो की बेहद सब्सिडी प्राप्त दर पर प्रदान किए जाने वाले सामान्य कोटे के ऊपर पीएमजीकेएवाई योजना के तहत यह मुफ्त खाद्यान्न वितरण होगा। इस फैसले की जानकारी देते हुए सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा कि मंत्रिमंडल ने पीएमजीकेएवाई कार्यक्रम को मार्च, 2022 तक चार महीने के लिए बढ़ा दिया है। उन्होंने कहा कि इससे राजकोष पर 53,344 करोड़ रुपए का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। उन्होंने कहा कि पीएमजीकेएवाई की कुल लागत इस चालू कार्यक्रम के सभी



नई दिल्ली में मंत्रिमंडल के निर्णयों की जानकारी देते केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर

पांच चरणों सहित लगभग 2.6 लाख करोड़ रुपए तक पहुंच जाएगी। कोविड-19 महामारी के दौरान देशव्यापी लॉकडाउन के बीच गरीबों को राहत प्रदान करने के लिए यह योजना अप्रैल, 2020 में तीन महीने के लिए शुरू की गई थी। तब से इसे कई बार बढ़ाया जा चुका है।

राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के तहत सामान्य कोटे से अधिक पांच किलो खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है। केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने कहा, पीएमजीकेएवाई को मार्च, 2022 तक चार महीने के लिए बढ़ा दिया गया है। पिछले साल देश में कोविड-19 महामारी के तेजी से फैलने कारण आर्थिक गतिविधियां प्रभावित होने के चलते सरकार ने मार्च, 2020 में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) के करीब 80 करोड़ लाभार्थियों को मुफ्त अनाज वितरण करने की घोषणा की थी। इस योजना के पहले चरण और दूसरे चरण को क्रमशः अप्रैल से जून, 2020 और जुलाई से नवंबर, 2020 तक चालू किया गया था। योजना का तीसरा चरण, मई से जून 2021 तक चालू था, जबकि योजना का चौथा चरण मौजूदा में जुलाई-नवंबर, 2021 के लिए चालू है। एक सरकारी बयान में कहा गया है, दिसंबर, 2021 से मार्च, 2022 तक पांचवे चरण के लिए खाद्य सब्सिडी की अतिरिक्त लागत 53,344.52 करोड़ रुपए होने का अनुमान है। पीएमजीकेएवाई के तहत पांचवें चरण के लिए खाद्यान्न के स्तर पर कुल खपत लगभग 163 लाख टन होने की संभावना है।

### प्रधानमंत्री आवास योजना में 3.61 लाख घरों का होगा निर्माण

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) के तहत 17 राज्यों और संघ शासित प्रदेशों में 3.61 लाख घरों के निर्माण को मंजूरी दे दी है। इस मंजूरी के साथ योजना के तहत स्वीकृत घरों की कुल संख्या 1.14 करोड़ हो गई है। एक बयान में बुधवार को यह जानकारी दी गई। केंद्रीय आवास एवं शहरी मामलों के सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई केंद्रीय मंजूरी एवं निगरानी समिति (सीएसएमसी) की बैठक में यह मंजूरी दी गई। बयान के अनुसार, केंद्रीय आवास और शहरी मामलों के मंत्रालय ने कहा कि 1.14 करोड़ स्वीकृत घरों में से 89 लाख से अधिक का निर्माण किया जा रहा है और 52.5 लाख मकान लाभार्थियों को वितरित किए गए हैं। इसके अलावा सचिव ने राज्यों और संघ शासित प्रदेशों को बिना देरी किए मुद्दों को हल करने के लिए कहा है ताकि घरों के निर्माण में तेजी लाई जा सके।

### तीन कृषि कानून निरस्त करने संबंधी विधेयक पर कैबिनेट ने लगायी मुहर

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्रिमंडल ने तीन कृषि कानूनों को निरस्त करने संबंधी विधेयक को बुधवार को मंजूरी दे दी। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने यह जानकारी दी। संसद के शीतकालीन सत्र के दौरान तीन कृषि कानूनों को निरस्त करने से संबंधित विधेयक पेश किए जाने के लिए सूचीबद्ध है। मंत्रिमंडल की बैठक के बाद अनुराग ठाकुर ने संवाददाताओं को बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में यह फैसला किया गया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 19 नवंबर को गुरु पर्व के अवसर पर राष्ट्र के नाम संबोधन में तीन कृषि कानूनों को वापस लेने के फैसले की घोषणा की थी। उन्होंने बताया कि आज केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इन तीन कृषि कानूनों को वापस लेने के संबंध में औपचारिकताएं पूरी कर ली गईं। सूचना प्रसारण मंत्री ने बताया कि संसद के 29 नवंबर को शुरू होने वाले शीतकालीन सत्र के दौरान लोकसभा एवं राज्यसभा में इन कानूनों को निरस्त करने संबंधी प्रक्रिया पूरी की जाएगी। एक सवाल के जवाब में ठाकुर ने कहा, संसद में भी इस कार्य (तीन कृषि कानूनों को निरस्त करने) को प्राथमिकता के आधार पर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि मंत्रिमंडल के कार्य को हमने पूरा कर लिया है और संसद को जो करना है, उस दिशा में काम को हम सत्र के पहले हफ्ते और पहले दिन से ही आरंभ करेंगे। ठाकुर ने हालांकि न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) एवं कृषि से जुड़े अन्य मुद्दों के अध्ययन करने के लिए समिति के गठन से जुड़े सवालों का जवाब नहीं दिया जिसके बारे में प्रधानमंत्री ने घोषणा की थी। वहीं, कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुनानक देव जी के प्रकाश पर्व पर तीनों कृषि सुधार कानून को निरस्त करने की घोषणा की थी।

# गुमनाम स्वतंत्रता सेनानियों का योगदान भी लोगों तक पहुंचे

## ● चौधरी हरमोहन सिंह यादव के जन्म शताब्दी समारोह में बोले राष्ट्रपति

**भाषा।** कानपुर

**राष्ट्रपति** रामनाथ कोविंद ने कहा कि देश को तमाम लोगों के महत्वपूर्ण योगदान के बाद स्वतंत्रता प्राप्त हुई है और आजादी में भूमिका निभाने वाले गुमनाम लोगों का भी ब्योरा जनता तक पहुंचाना सभी का कर्तव्य है। जिले के दो दिवसीय दौरे पर आए राष्ट्रपति कोविंद बुधवार को चौधरी हरमोहन सिंह यादव के जन्म शताब्दी समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा, आजादी के 75 साल पूरे होने के उपलक्ष्य में देश में आजादी का अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है। इस दौरान हम स्वतंत्रता संग्राम के उन गुमनाम नायकों के योगदान को याद करेंगे जिन्होंने अपने प्राणों की आहुति दे दी थी। इस अवसर पर स्वतंत्रता सेनानियों अजीजन बाई, मैनावती, जयदेव कपूर, शिव वर्मा, विजय कुमार सिन्हा और डॉ. गया प्रसाद को याद करते हुए राष्ट्रपति ने कहा, ऐसे कई स्वतंत्रता सेनानियों के महत्वपूर्ण योगदान के कारण भारत को स्वतंत्रता मिली है, इसलिए हम सभी का कर्तव्य है कि ऐसे गुमनाम स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान की जानकारी जनता तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा, किसी भी राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य की नींव, अतीत के अनुभव और पूर्वजों की विरासत से मजबूती प्राप्त करती है। एक सुदृढ़, यशस्वी, विकसित और समृद्ध भारत के लिए निर्माण में हम सबकी सक्रिय भागीदारी होनी चाहिए। चौधरी हरमोहन सिंह यादव के जीवन पर प्रकाश डालते हुए राष्ट्रपति कोविंद ने कहा, हरमोहन सिंह का जीवन सादगी और जनसेवा का उत्तम उदाहरण है। 1984 में उन्होंने सांप्रदायिक सौहार्द का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। अपनी जान जोखिम में डालकर उन्होंने उन्मादी भीड़ का डटकर मुकाबला किया और बड़ी संख्या में लोगों की लजान बचाई। उन्होंने कहा, उनका जीवन भावी पीढ़ी के लिए अनुकरणीय है। हरमोहन सिंह सादगी और जनसेवा के प्रेरणास्रोत थे। उन्होंने लोगों के जीवन में, विशेषकर हाशिए पर रहने वालों और किसानों के जीवन में खुशियाँ लाने का प्रयास किया। राष्ट्रपति ने कहा कि ग्राम सभा से लेकर राज्यसभा तक, कृषि के बारे में हरमोहन सिंह के विचारों को नीति निर्माताओं ने बहुत गंभीरता से सुना। शिक्षा के क्षेत्र में हरमोहन सिंह के प्रयासों की सराहना करते हुए राष्ट्रपति ने कहा, वह समझते थे कि शिक्षा हर परिवार और समाज की प्रगति का आधार है। वह कहते थे कि शिक्षा लोगों के जीवन को बेहतर बनाने और समाज तथा देश को बेहतर बनाने का सबसे अच्छा साधन है।




कानपुर पहुंचने पर बुधवार को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद का स्वागत करती राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

# मोदी से मिलीं ममता



नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भेंट करतीं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी

## ● पश्चिम बंगाल में बीएसएफ का अधिकार क्षेत्र बढ़ाए जाने का मुद्दा उठाया

**भाषा।** नई दिल्ली

**पश्चिम** बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और राज्य में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के अधिकार क्षेत्र में विस्तार के मुद्दे को उठाते हुए इसे वापस लेने की मांग की। तृणमूल कांग्रेस की मुखिया ने प्रधानमंत्री से यह भी कहा कि किसी भी सूरत में देश के संघीय ढांचे को नुकसान नहीं पहुंचाया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री से मुलाकात के बाद संवाददाताओं से बातचीत में बनर्जी ने कहा कि उन्होंने अगले साल पश्चिम बंगाल में होने वाले वैश्विक उद्योग सम्मेलन का उद्घाटन करने के लिए प्रधानमंत्री को आमंत्रित किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उन्होंने त्रिपुरा में हिंसा का मुद्दा भी उठाया, जिसमें तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं पर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यकर्ताओं द्वारा कथित तौर पर हमले किए गए हैं। उत्तर प्रदेश के आगामी विधानसभा चुनाव के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, यदि अखिलेश यादव (समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष) को हमारी मदद की जरूरत होगी तो हम उन्हें मदद करने को तैयार हैं।

## महंत गिरि भारी मानसिक तनाव में थे: सीबीआई

**भाषा।** नई दिल्ली

**अखिल** भारतीय अखाड़ा परिषद के पूर्व अध्यक्ष महंत नरेंद्र गिरि अपने शिष्य आनंद गिरि, पुजारी आद्या प्रसाद तिवारी, उनके बेटे संदीप तिवारी की वजह से भारी मानसिक तनाव में थे और उन्होंने समाज की नजरों में मानहानि और अपमान से बचने के लिए जीवन लीला समाप्त कर ली थी। उनकी मौत की जांच कर रही सीबीआई ने अपने आरोप पत्र में यह दावा किया है। सीबीआई ने वह वीडियो भी बरामद किया है जिसे महंत ने आत्महत्या करने से पहले कथित तौर पर रिकॉर्ड किया था। इसमें उन्होंने आरोप लगाया है कि आनंद गिरि संपादित वीडियो जारी करने वाले थे जिसमें उन्हें महिला के साथ आपत्तिजनक स्थिति में दिखाया गया है। एजेंसी ने 20 नवंबर को आरोप पत्र दाखिल किया है जिसमें प्रयागराज स्थित बड़े हनुमान मंदिर के पुजारी आनंद गिरि, आद्या प्रसाद तिवारी और संदीप तिवारी को आरोपी बनाया गया है और सभी इस समय आत्महत्या के लिए उकसाने, आपराधिक साजिश रचने के आरोप में न्यायिक हिरासत में हैं।

# मुठभेड़ में टीआरएफ के तीन आतंकी ढेर



श्रीनगर में आतंकियों से मुठभेड़ के दौरान डटे सुरक्षाबलों के जवान

**भाषा।** श्रीनगर

**श्रीनगर** में हाल में आम नागरिकों की हत्या के मामले में वांछित द रजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) आतंकवादी संगठन के एक स्वयंभू कमांडर समेत तीन आतंकवादियों को सुरक्षा बलों ने बुधवार को मार गिराया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि शहर के रामबाग इलाके में कुछ देर तक मुठभेड़ चली। उन्होंने कहा कि टीआरएफ का स्वयंभू कमांडर मेहरान शल्ला समेत तीन आतंकवादी एक कार में जा रहे थे जिन्हें सुरक्षा बलों ने रोक लिया। अधिकारियों ने कहा कि आतंकवादियों ने जब भागने की कोशिश की तो सुरक्षा बलों ने उन्हें मार गिराया। शहर के जमालता इलाके के रहने वाले शल्ला के अलावा दो अन्य आतंकवादी मंजूर अहमद मीर और अराफात शेख थे। ए दोनों पुलवामा निवासी थे। अधिकारियों ने बताया कि आतंकवादी लश्कर-ए-तैयबा के सहयोगी संगठन टीआरएफ से जुड़े थे। उन्होंने कहा कि पिछले महीने श्रीनगर के ईदगाह इलाके में एक स्कूल के भीतर दो शिक्षकों की गोली मारकर हत्या करने समेत अनेक आम नागरिकों की हत्या के सिलसिले में मेहरान की सुरक्षा बलों को तलाश थी। दूसरी ओर आतंकवादियों ने बुधवार को जम्मू कश्मीर के बांदीपुरा जिले में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के एक शिविर पर ग्रेनेड फेंका। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कोई नुकसान नहीं हुआ क्योंकि ग्रेनेड अपने लक्ष्य से चूक गया। अधिकारियों ने कहा कि आतंकियों ने बांदीपुरा के सुंबल में सीआरपीएफ शिविर की ओर ग्रेनेड फेंका। उन्होंने कहा कि ग्रेनेड सड़क किनारे फट गया और किसी को नुकसान नहीं हुआ।

### कार्रवाई के दौरान बलिदान होने वाले सीआरपीएफ कर्मियों की अनुग्रह राशि बढ़ी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) ने कार्वाई के दौरान या अन्य कारणों से ड्यूटी पर जान गंवाने वाले अपने कर्मियों के परिवारों को दी जाने वाली अनुग्रह राशि बढ़ा दी है। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि नए नियमों के अनुसार, लड़ाई के दौरान जान गंवाने वाले कर्मियों के परिवारों को 35 लाख रुपए की अनुग्रह राशि दी जाएगी। उन्हें अबतक 21.5 लाख रुपए दिए जा रहे थे।

# बसपा-कांग्रेस की निलंबित विधायक वंदना सिंह और अदिति सिंह भाजपा में शामिल



लखनऊ में विधायक अदित सिंह और वंदना सिंह ने ली भाजपा की सदस्यता

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश** में अगले साल होने वाले विधानसभा चुनाव की सरगर्मी के बीच बुधवार को बहुजन समाज पार्टी की निलंबित विधायक वंदना सिंह और कांग्रेस की निलंबित विधायक अदिति सिंह ने भारतीय जनता पार्टी के मुख्यालय में पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह ने दोनों महिला विधायकों को पार्टी की सदस्यता ग्रहण कराई और उनका स्वागत करते हुए कहा, आज पहली बार दो महिला विधायक भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो रही हैं। एक अखिलेश को चुनौती देने के लिए आजमगढ़ और एक सोनिया-प्रियंका (कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी और महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा) को। दोनों परिश्रमी हैं और अपने-अपने क्षेत्र में लोकप्रिय हैं। दोनों विधायकों की सराहना करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा, दलित शोषित और पीड़ित के पक्ष में रहती हैं और आज भाजपा को मजबूत करने, उप्र के विकास और 2022 में भाजपा की प्रचंड जीत के लिए दोनों ने भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है।

## बाजार

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 58,340 | ↓ | 323 | |
| निफ्टी | 17,415 | ↓ | 88 | |
| सोना | 46,613 | ↓ | 119 | /10g |
| चांदी | 61,671 | ↓ | 517 | /kg |

## क्विक न्यूज

### प्रतियोगी परीक्षाओं में धांधली करने वाले गिरोह का खुलासा, पांच गिरफ्तार

**लखनऊ।** एसटीएफ ने विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में ऑनलाइन परीक्षा केन्द्रों पर केन्द्र संचालकों से सेटिंग कर अभ्यर्थियों की जगह साल्वर बैठाकर एवं एप के माध्यम से नकल कराने वाले गिरोह का पर्दाफाश किया। एसटीएफ ने गोरखपुर से गिरोह में शामिल एक लेखपाल और एजी ऑफिस इलाहाबाद के एकाउंटेंट सहित पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया। इनके कब्जे से नीली बत्ती लगी एक फॉर्च्यूनर गाड़ी, एक आई-20 कार और साढ़े 5 लाख रुपए भी बरामद हुए। छानबीन के दौरान एसटीएफ की फील्ड यूनिट गोरखपुर को ज्ञात हुआ कि एक व्यक्ति जो ऑन लाइन परीक्षाओं में सेटिंग कराता है, वह विष्णुपुरम भेडियागढ़ मोहल्ले में कुछ अभ्यर्थियों की सेटिंग कराने के लिये आने वाले हैं।

# गंभीर को आईएसआईएस कश्मीर ने दी धमकी

## ● घर के बाहर सुरक्षा बढ़ाई गई

**भाषा।** नई दिल्ली

**भाजपा** के सांसद गौतम गंभीर को आईएसआईएस कश्मीर से कथित तौर पर जान से मारने की धमकी मिलने के बाद बुधवार को उनके दिल्ली स्थित आवास के बाहर सुरक्षा कड़ी कर दी गई है। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस उपायुक्त (मध्य) को भेजी गई एक शिकायत में कहा गया कि मंगलवार को रात करीब नौ बजकर 32 मिनट पर गौतम गंभीर के आधिकारिक ईमेल आईडी पर आईएसआईएस कश्मीर की तरफ से जान से मारने की धमकी मिली। अधिकारियों ने बताया कि ई-मेल में लिखा है, हम तुम्हें और तुम्हारे परिवार को जान से मार देंगे। उन्होंने बताया कि शिकायत में, मामले



का संज्ञान लेने, प्राथमिकी दर्ज करने और सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम करने का आग्रह किया गया है। पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ की ओर से गूगल को पत्र लिखकर उस ईमेल आईडी के संचालक समेत अन्य संबंधित जानकारी मांगी गई है, जिससे कथित धमकी भरा संदेश भेजा गया। विशेष प्रकोष्ठ के एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि इससे उस उपकरण के आईपी पते के बारे में जानकारी मिल पाएगी जिससे कथित धमकी भरा ई-मेल भेजा गया।

# जेवर हवाईअड्डे के पहले चरण पर 8,914 करोड़ का निवेश

## ● प्रधानमंत्री आज रखेंगे इस हवाईअड्डे की आधारशिला, कुल 29,560 करोड़ रुपए की लागत आने का अनुमान

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली, लखनऊ

**ग्रेटर** नोएडा के जेवर में प्रस्तावित नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के पहले चरण में करीब 8,914 करोड़ रुपए का निवेश होगा और यहां से सालाना 1.2 करोड़ यात्रियों की आवाजाही होने लगेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बृहस्पतिवार को इस हवाईअड्डे की आधारशिला रखेंगे। इस अवसर पर उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी उपस्थित रहेंगे। करीब 1,330 एकड़ भूभाग में फैले इस हवाईअड्डे से सितंबर, 2024 तक परिचालन शुरू होने की उम्मीद है।



जेवर हवाईअड्डे के होने वाले शिलान्यास समारोह की तैयारियों में जुटे कर्मचारी

शुरुआत में जेवर हवाईअड्डे पर दो हवाईपट्टियां चालू होंगी। इस हवाईअड्डे के विकास का ठेका ज्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल को दिया गया है। नागर विमानन मंत्रालय में सचिव राजीव बंसल ने बताया कि हवाईअड्डे के विकास के पहले चरण पर कुल 8,914 करोड़ रुपए की लागत आने का अनुमान है जिसमें से 4,588 करोड़ रुपए का पूंजीगत व्यय होगा। वहीं 4,326 करोड़ रुपए की राशि भूमि अधिग्रहण एवं पुनर्वास पर खर्च होगी। पहला चरण पूरा होने के बाद यह हवाईअड्डा सालाना 1.2 करोड़ यात्रियों का परिचालन करने की स्थिति में होगा। विकास के सभी चारों चरण पूरा होने के बाद यह क्षमता बढ़कर सात करोड़ यात्रियों तक पहुंच जाएगी। बंसल के मुताबिक, इस हवाईअड्डे के विकास पर कुल 29,560 करोड़ रुपए की लागत आने का अनुमान है। अभी इसमें उत्तर प्रदेश सरकार की तरफ से भूमि अधिग्रहण एवं पुनर्वास के मद में खर्च की जाने वाली राशि शामिल नहीं है। इस हवाईअड्डे का विकास यमुना इंटरनेशनल एयरपोर्ट प्राइवेट लिमिटेड (वाईआईएपीएल) करेगी जिसमें ज्यूरिख एयरपोर्ट इंटरनेशनल की 100 प्रतिशत हिस्सेदारी है।

### कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से दिल्ली के लिए पहली घरेलू उड़ान कल से

**गोरखपुर।** कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से दिल्ली के लिए पहली घरेलू उड़ान शुक्रवार को रवाना होगीं। हवाई अड्डा निदेशक ए. के. द्विवेदी ने बताया, शुक्रवार से, कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा संचालित हो रहा है। स्पाइसजेट कुशीनगर और दिल्ली के बीच एक उड़ान सेवा शुरू कर रहा है। अगले महीने से और दो शहरों के लिए उड़ानें हवाई अड्डे से शुरू होंगी। इनमें कोलकाता के लिए 17 दिसंबर से और मुंबई के लिए 18 दिसंबर से उड़ानें शुरू होंगी। कुशीनगर में बने इस अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 20 अक्टूबर को किया था। कुशीनगर अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से पहली यात्री उड़ान सेवा 26 नवम्बर को शुरू हो रही है। इस दिन विमानन सेवा प्रदाता कम्पनी स्पाइस जेट का विमान दिन में 12 बजे दिल्ली से उड़ान भरकर 1:35 बजे कुशीनगर पहुंचेगा। यानी सड़क मार्ग से लगने वाला अमूमन 15 घण्टे का समय महज डेढ़ घण्टे में सिमट जाएगा। कुशीनगर से दिल्ली की फ्लाइट 1:55 बजे उड़ान भरेगी और लैंडिंग शाम 3:55 बजे होगी। कुशीनगर से दिल्ली पहुंचने में सिर्फ दो घण्टे लगेंगे।

# डाक्टर 24 घंटे रहें तैनात: डीएम

**संवाददाता।** सोनभद्र



**जिलाधिकारी** टीके शिबु ने ग्राम पंचायत मकरा में पिछले दिनो से हो रही मौतों पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु नया प्राथमिक स्वास्थय केन्द्र कुंवारी में 24 घण्टे के लिये डाक्टरों की टीम मरीजों के ईलाज के लिये लगायी गई हैं तथा पंचायत के खण्ड विकास अधिकारी के निर्देशन में साफ-सफाई,फॉगिग तथा एण्टीलार्वा दवा का छिडकाव कराया जा रहा है। स्वास्थ विभाग द्वारा ग्राम में एक हजार शोधित मच्छरदानी भी बांटी गई हैं। गॉव में मरीजो को ईलाज उपलब्ध कराने हेतु तथा ज्यादा गम्भीर मरीजों को जिला अस्पताल रेफर किये जाने की स्थिति में अस्पताल पहुंचाने हेतु एम्बुलेंस की व्यवस्था की गई हैं।

गांव में शुद्ध पानी की आपुर्ति हेतु आर0ओ0 प्लान्ट स्थापित किये जाने की कार्यवाही चल रही हैं। तब तक रेनूसागर पावर प्लान्ट से शुद्ध पानी की आपूर्ति की व्यावस्था की जा रही हैं। ग्राम पंचायत मकरा में खंड विकास अधिकारी की उपस्थिति में एडीओ पंचायत व रेनुसागर पवार प्लांट की टीम सफाई कर्मी तथा अन्य लोगों की उपस्थिति में आज पुन: बस्तियों के आस.पास की झाड़ियों की कटाई कराई जा रही है तथा एंटी लारवा दवा का छिड़काव तथा विद्यालयों व महत्वपूर्ण घरों और गलियों में फागिंग कराई जा रही है। स्वास्थ विभाग और रेनूसागर पावर प्लांट मेडिकल कैंप का आयोजन किया गया।

स्वास्थ विभाग द्वारा अगरिया डीह केवट बस्ती और पाल बस्ती और मड़ैया टोला में कुल 57 सैंपल लिए गए जिसमें से 2 पी वी के मरीज पाए गए तथा टायफॉइड के मरीज पाए गए जांच अभी जारी है। इसी प्रकार रेनुसागर अस्पताल की टीम द्वारा पंचायत भवन पाटी और असनहर के मरीजों के 12 सैंपल लिए गए जिसमे 4 धनात्मक पाए गए। एंटी लारवा दवा के छिड़काव और फागिंग के लिए पंचायत विभाग की टीम के साथ साथ रेनुसागर पावर प्लांट और नगर पंचायत रेणुकूट और पिपरी से भी सहयोग लिया जा रहा है। विभिन्न टीमों द्वारा अगरिया टोला, बिजली झरिया अगरिया टोला कुंवारी, मड़ईया टोला, मकरा में एंटी लारवा दवा का छिड़काव और फागिंग कराई जा रही है, साथ ही साथ बस्तियों के आसपास में जहां पर झाड़ियां हैं उसको भी कटवाया जा रहा है।

## गंगा में डाल्फिन दिखने से लोगों में उत्साह

**गाजीपुर।** गंगा नदी का जलस्तर बढ़ने के साथ ही नदी में रहने वाली संरक्षित जीव विशाल डाल्फिन मछली को का प्रवास भी शुरू हो गया है। बुढ़ेनाथ महादेव घाट के सामने नदी में वाराणसी की ओर जा रही डाल्फिन के झुंड को देखने के लिये वहा मौजूद लोग उतावले रहे। नगर के बुढ़ेनाथ महादेव घाट पर खड़े एक व्यक्ति अचानक नदी में एक बड़ी सी आकृति देखकर चौंक गया। इसके बाद सभी लोगों की निगाहें नदी पर लग गईए जहां एक के बाद एक कई आक्रतियां पानी के उपर गोंता लगाते दिखाई देने लगी। स्थानीय लोग उसे अपनी भाषा में सोईस बुलाने लगेए लेकिन कुछ जानकार लोगों ने बताया की ये गंगा नदी की संक्षित जीव डाल्फिन है। गंगा में मछली मारने वाले कुछ मझुआरों सहीत घाट पर कई लोगों ने इस नजारे को देखा। जो घाट पर कुछ समय के लिये कौतुहल का विषया बना रहा। लगभग आधे घंटे में ही यह झुंड आखों से ओझल होते हुये वाराणसी की ओर बढ़ गया।

# सिख गुरुओं का भारतीय स्वाधीनता संग्राम में अतुलनीय योगदान रहा: श्री श्रीश देव पुजारी

● मानव कल्याण और राष्ट्र कल्याण के गुरू तेगबहादुर के योगदान को इतिहास सदैव स्मरण करेगा: वीसी प्रो. हरेराम

**पायनियर समाचार सेवा।** वाराणसी



**श्री सद्गुरु रामसिंह** जी महाराज पीठ, तुलनात्मक धर्म दर्शन विभाग, सम्पूर्णानन्द संस्कृत विश्वविद्यालय के तत्वावधान में बुधवार को पूर्वाहन 11:30 बजे आजादी का अमृत महोत्सव,चौरी चौरा महोत्सव ,गुरु तेग बहादुर सिंह जी के 400 वें जन्मशताब्दी के अवसर पर 'भारतीय स्वाधीनता संग्राम –संघर्ष की गाथा विषय पर एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप उद्बोधन करते हुए संस्कृत भारती के अखिल भारतीय महासचिव श्रीश देव पुजारी ने कहा कि देशको आजादी दिलाने वाले स्वाधीनता सेनानियों को सदा स्मरण करते रहना चाहिए। स्वाधीनता संग्राम संघर्ष में हमारे स्वाधीनता सेनानियों ने जो संघर्ष किया उस अनुपात में उन्हें विजय प्राप्त नहीं हुई इसका कारण उनका अलग अलग संघर्षहै। यदि ये संघर्ष मिल कर काम कर रहे होते तो हमें लक्ष्य आसानी से प्राप्त हो जाता। श्री पुजारी ने कहा कि यही परिस्थितियां आज भी है। अत: हमें संस्कृति के आधार पर संघटित होना ही होगा। सिक्ख गुरुओं का भारतीय संस्कृति के संरक्षण में अतुलनीय योगदान है । हमें उनके अवदान को सतत स्मरण करते रहना है।गुरु तेगबहादुर जी ने हिन्दुओं के संरक्षण के लिए अपना सर्वस्व बलिदान किया। नामधारी सिक्ख परम्परा भी देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व बलिदान किया तथा गऊ रक्षा के लिए फॉंसी पर चढा दिये गये। तोप के आगे उड़ा दिये गये। उनके संघर्ष को याद रखना है।

अध्यक्षता कुलपति प्रो हरेराम त्रिपाठी ने करते हुए कहा कि देश को आजादी दिलाने वाले स्वाधीनता सेनानियों को सदा स्मरण करते रहना चाहिए और मानव कल्याण के लिए अपना सर्वस्व बलिदान करने वाले गुरु तेगबहादुर जी के बलिदानों को सतत स्मरण करते और नमन करते हैं। नामधारी सिक्ख परम्परा सामाजिक एवं राजनीतिक सुधारों के लिए जो कार्य किया वो आज भी प्रासंगिक हैं।

# कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़: सरोज



**चन्दौली।** सकलडीहा विधानसभा क्षेत्र के एक निजी संस्थान पर भारतीय जनता पार्टी सकलडीहा विधानसभा के मण्डल पदाधिकारियों के बैठक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बैठक कार्यक्रम के मुख्यातिथि राज्यसभा सांसद व सहप्रभारी भाजपा उत्तर प्रदेश सरोज पाण्डेय रही। अध्यक्षता प्रदेश मंत्री व जिला प्रभारी श्रीमती मीना चौबे व संचालन जिला महामंत्री जितेंद्र पाण्डेय ने किया। शुरुआत पंडित दीनदयाल उपाध्याय व डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तैल चित्र पर माल्यार्पण करके किया गया। सरोज पाण्डेय ने कहा कि कार्यकर्ता ही पार्टी की रीढ़ है इन लोगो के बदौलत एक बार फिर उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार बनने जा रही है। आज मोदी सरकार व योगी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाएं समाज के अंतिम व्यक्ति को लाभवन्तित कर रही है। कार्यकर्ता व पदाधिकारी समाज के अंतिम व्यक्ति तक जाए व केंद्र की मोदी सरकार और सूबे की योगी सरकार द्वारा चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं को उन लोगो को बताये। विधानसभा चुनाव में किस तरह से तैयारी करनी है उसके बारे में सभी कार्यकर्ताओं को विस्तृत मार्गदर्शन किया । कार्यकर्ताओ के दम पर ही आज केंद व सूबे में भाजपा की सरकार बनी है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महिला मोर्चा दर्शना सिंह, कृष्णानंद पाण्डेय, सतीश पाण्डेय, राणा सिंह, प्रमोद सिंह, राजेश सिंह, राजेश द्विवेदी, विवेक यादव, अरविंद पाण्डेय व अन्य कार्यकर्तागण उपस्थित रहे ।

## अध्यापकों का वेतन के नाम पर किया जा रहा हैं शोषण

**बीजपुर/सोनभद्र।** स्थानीय थानाक्षेत्र के विभिन्न ग्राम सभाओं में चलाए जा रहे गैर मान्यता प्राप्त प्राइवेट विद्यालयों में वेतन के नाम पर विद्यालय में अध्यापन कार्य करने वाले शिक्षक शिक्षिकाओं का विद्यालय संचालकों द्वारा जमकर शोषण किया जा रहा है। हालांकि ऐसे विद्यालयों में एक तरफ जहां विद्यार्थियों एवं उनके अभिवावकों को पढ़ाई के नाम पर अच्छे ख्वाब दिखाकर उनसे मनमाने शुल्क की वसूली की जाती है वहीं दूसरी तरफ बेरोजगार युवक व युवतियों से उनके बेरोजगारी का फायदा उठाकर उनसे अध्यापन कार्य तो जमकर करवाया जाता है लेकिन वेतन के नाम पर तो उन्हें मात्र ढाई हजार रुपए से लेकर चार या पांच हजार रुपए मात्र दिया जाता है। जो दैनिक मजदूरों के मजदूरी के बराबर भी नहीं होता है। क्षेत्र के सम्भ्रांत नागरिकों ने ऐसे विद्यालयों पर स्वस्थ्य विभाग से निगाह रखने की मांग की है। ताकि शासन द्वारा चलाए जा रहे परिषदीय विद्यालयों में बच्चों को सुविधाएं दी जा रहीं हैं।

# मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम में लापरवाही पर डीएम ने किया लेखपाल का स्थानांतरण

**गाजीपुर।** डीएम ने विधानसभा कासिमाबाद मोहम्मदाबाद एवं जहुराबाद में चल रहे पुनरीक्षण कार्यक्रम में बूथों पर लगाए गए बीएलओ/पदाभिहित अधिकारी/एईआरओ एवं सुपरवाइजर के साथ नेशनल इंटर कॉलेज कासिमाबाद में समीक्षा बैठक संपन्न हुई। समीक्षा के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी ने फॉर्म 6ए फार्म 7 एवं फॉर्म 8 की कम प्रगति वाले बूथ पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कड़ी चेतावनी दी। बूथ नंबर 159 पर नाम निर्देशन में टोटल 6 फार्म प्राप्त होने पर रामलखन लेखपाल, सुपरवाइजर, हर्षमति बीएलओ एवं तथा एईआरओ अखिलेश कुमार को कार्मिकों की समीक्षा न करने एंव बूथ पर न जाने एवं समय.समय पर समीक्षा न करने पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने प्रतिकूल प्रविष्टि देने का निर्देश दिया।

इसी क्रम में 397 बूथ नंबर पर फीडिंग न कराने एवं फार्म 6 लक्ष्य के सापेक्ष पूरा न करने एवं एईआरओ शिवांकित वर्मा को स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया। उन्होंने समस्त बीएलओ को निर्देश दिया कि जितने भी फॉर्म 4 बजे तक इकट्ठा हो रहे हैं उसे उसी दिन अपने सुपरवाइजर को देते हुए रिसीविंग जरूर ले एवं सुपरवाइजर फार्म को लेते ही वे अपने एण् आरण् आणे को तत्काल उपलब्ध कराते हुए गूगल सीट पर अपलोड कराएं एवं अगले दिन ऑनलाइन भी कराने का निर्देश दिया।

समीक्षा बैठक में बूथ नं0 302 की समीक्षा के दौरान सम्बन्धित लेखपाल के द्वारा उपस्थित न होने की एवं तहसीलदार कासिमाबाद द्वारा समय से फीडिंग न कराने पर चेतावनी देते हुए कड़े निर्देश दिए। बूथ नं0 318 व 347 बूथ पर एई आरओ द्वारा समय.समय पर समीक्षा न करने एवं सूचना फीड न करने तथा गूगल सीट पर अपलोड न कराने पर श्रीराम राज एई आरओ को स्पष्टीकरण देने तथा 384 व 352 बूथ के सुपरवाइजर पर कार्यरत गंगाराम को स्पष्टीकरण देने का निर्देश दिया। बूथ संख्या 71 पर बीएल ओ द्वारा फार्म जमा न करने एवं फार्म डम्प रखने पर एवं निर्वाचन नामावली में फीडिंग एवं गूगल शीट पर समय से अपलोड न करने पर लेखपाल अखिलानंद तिवारी को तत्काल प्रभाव से सेवराई तहसील में भेजने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि प्राप्त फार्म को 30 नवंबर 2021 को रात्रि 12 बजे प्रत्येक दशा में अपलोड कर दिया जाये। उन्होने समस्त बीएलओ एवं सुपरवाइजर को 18 से 19 वर्ष के नये मतदाता को निर्वाचक नामावलियो में नाम जोड़ने एवं घर घर जाकर अपने लक्ष्य को तत्काल पूरा करने का निर्देश दिया। समीक्षा बैठक में उपजिलाधिकारी कासिमाबाद को निर्देश दिया कि प्रतिदिन जितने भी फार्म आ रहे हैं उसे गूगल सीट पर अपलोड कराते हुए फीडिंग कराने का निर्देश दिया।

## क्विक न्यूज

### तबीयत खराब होने से ग्रामीण की हुई मौत

**बीजपुर/सोनभद्र।** स्थानीय थानाक्षेत्र के ग्राम सभा जरहां के टोला हड़बड़िया में मंगलवार की सुबह लगभग 58 वर्षीय राम टहल गोड़ की अचानक तबीयत खराब हो जाने के कारण परिजनों द्वारा इलाज के लिए म्योरपुर चिकित्सालय ले जाया गया। लेकिन जैसे ही वह चिकित्सालय के मुख्य द्वार पर पहुँचा उसकी मौत हो गई। ग्राम प्रधान जरहां प्रधान पति विनोद भारती ने बताया कि वह पिछले कई दिनों से बीमार चल रहा था लेकिन बीच-बीच मे ठीक हो जाता था। मंगलवार को वह खेत में पानी भर रहा था उसी समय उसकी अचानक तबीयत खराब हो गई थी। बुधवार की सुबह बीजपुर पुलिस ने शव का पंचनामा करवाकर उसे पोस्टमार्टम के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दुद्धी भेजवा दिया।

### नहर में मिला अधेड़ का शव

**धानापुर/चंदौली।** थानाक्षेत्र के सीता पोखरी बाजार के पास नगवा रजवाहा में बुद्धवार को प्रात: नहर में एक शव दिखाई दिया जिसे देखकर सनसनी फैल गयी। शव मुंह के बल नहर में तैर रहा था। जब लोगों ने देखा तो इसकी सूचना स्थानीय थाने को दी गयी। मौके पर पहुंची पुलिस ने जब शव को बाहर निकाला तो उसकी पहचान गंगा सिंह 50 वर्ष पुत्र कैलाश सिंह निवासी बिरना हुई। पुलिस शव को कब्जे में लेकर अगली कार्यवाही में जुट गई है। लोगों का कहना है कि दो दिन पूर्व से ही यह लापता थे। लोगों का कहना है कि मृतक नशा ज्यादा करता था और किन्ही कारणों से वह नहर में फिसल कर गिर गया होगा और निकल नही पाया। साथ ही लोगों का कहनभाई की रजवाहा में इतना पानी नही था कि उसमें कोई डूब सकता है। रजवाहा झाड़ फुस से भरा हुआ है। इस बाबत थानाध्यक्ष धीरेंद्र विक्रम सिंह ने बताया कि परिजनों एवं ग्रामीणों के कहने पर पंचनामा कर शव को परिजनों को सौंप दिया गया।

### एचडीएफ़सी बैंक की पड़ाव शाखा का शुभारंभ

**चंदौली ।** एचडीएफ़सी बैंक की वाराणसी मंडल की 99वीं शाखा का उद्घाटन आयुक्त दीपक अग्रवाल के कर कमलों से हुआ। वाराणसी मंडल में अब 99 शाखा हो गयीए और चंदौली जनपद में 4 शाखाएं हो गईं। उक्त अवसर पर संबोधित करते हुए आयुक्त महोदय ने कहा किए बैंक की ये विकास यात्रा इस बात का प्रमाण है कि आपकी बैंकिंग सेवा से ग्राहक संतृष्ट हैं और शहर और गाँव हर जगह आपकी स्वीकार्यता है और आमजन आपकी बैंकिंग सेवाओं को महत्व देते हैं। ग्राहकों के बीच ये विश्वास आपकी कटिबद्धता और प्रतिबद्धता दोनो को परिचायक है। अब पड़ाव क्षेत्र के लोग भी विश्वस्तरीय सेवाओं का लाभ लेंगे। आयुक्त महोदय का स्वागत और सम्मानए वाराणसी मंडल के सर्किल हेड मनीष टंडन ने कियाए और बताया कि वाराणसी मंडल पूर्वी उत्तर प्रदेश के13 जनपदों को जोड़ कर बना है और पड़ाव 99वीं शाखा है। उक्त अवसर पर वाराणसी क्षेत्र के क्लस्टर हेड रोहित खन्ना ने उपस्थित गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया। दीपक बजाज, रोहित गोविल, रोहित केजरीवाल, देवेंद्र सिंह उपस्थित गणमान्य जनों ने नई शाखा की शुभकामनाएं दीं।

### उदाहरण पेश करने वाले कार्मिकों को किया गया सम्मानित

**सोनभद्र।** कोविड महामारी के दौरान साहसपूर्वक और समर्पण के साथ निरंतर बिजली उत्पादन की समग्र प्रक्रिया में योगदान देने, निर्बाध उत्पादन सुनिश्चित करने एवं कोविड के दौरान सर्वोत्तम मानव सेवा का उदाहरण पेश करने वाले कार्मिकों रोहिणी प्रसाद पटेल अमरदीप राठौर चंद्रकांत मिश्रा राजीव पटेल एससी सिंह राधे श्याम विश्वकर्मा डॉ ब्रजलाल श्रीमति के ए. सरममा सुधीर राणा आशुतोष कुमार नरेश कुमार कुतार्था साहू को एक विशेष समारोह में बसुराज गोस्वामी मुख्य महाप्रबंधक एवं वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर बसुराज गोस्वामी मुख्य महाप्रबंधक द्वारा सिंगरौली सुपर थर्मल विधयुत गृह को पब्लिक रिलेशन काउंसिल ऑफइंडिया से 15वें वार्षिक ग्लोबल कम्युनिकेशन कानक्लेव में प्राप्त अवार्ड वितरित किए गए। एनटीपीसी सिंगरौली ने क्राइसिस मैनेजमेंट कम्युनिकेशन में कांस्य पदक कॉरपोरेट सोशल रिस्पॉन्सिबिलिटी कैंपेन में कांस्य पदक पर्यावरण जागरूकता पर सर्वश्रेष्ठ कहानी के लिए चाणक्य अवार्ड और कॉरपोरेट फिल्म डिजिटल न्यूजलेटर और सार्वजनिक क्षेत्र में कोविड प्रबंधन के लिए सांत्वना पुरस्कार प्राप्त किया है।

## बाइक सवार बैंककर्मी गंभीर रूप से घायल

**सकलडीहा चंदौली।** विशुनपुरा गोहदा गांव के समीप सामने से ओवर टेक कर आ रही पीकअप के धक्के से बाईक सवार 38 वर्षीय बैंक कैशियर गंभीर रूप से घायल होगये। एम्बुलेंस कर्मियों ने ग्रामीणों के सहयोग से सीएचसी पर भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर ट्रामा सेंटर के लिये डाक्टरों ने रेफर कर दिया। पुलिस ने पीकअप को कब्जे में लेकर थाने पहुंचकर कार्रवाई में जुट गयी है। जमुरखा बैड़ौदा यूपी बैंक के कैशियर 38 वर्षीय समीर कुमार सिंह सुबह मुगलसराय से बाईक द्वारा बैंक पर जा रहे थे। विशुनपुरा गोहदा गांव के समीप कमालपुर की ओर से तेज रफ्तार में आ रही गैस लदी पीकअप की बाईक से आमने सामने टक्कर होगयी। जिसमें बाईक सवार बैंक कैशियर गंभीर रूप से घायल होगया। घटना के बाद ग्रामीणों की भीड़ जुट गयी।

# व्यापारियों के कल्याण के लिए भाजपा प्रतिबद्ध: रविकांत गर्ग




**मिर्जापुर।** भारतीय जनता पार्टी व्यापार प्रकोष्ठ की प्रेसवार्ता भाजपा जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए उत्तर प्रदेश व्यापारी कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष मा0 रविकांत गर्ग ने उप्र के व्यापारियों को संदेश दिया कि भाजपा की सरकार प्रदेश के व्यापारियों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि कोरोना काल के भयंकर स्थिति के बाद भी सरकार विकास के प्रतिक्रिया को लगातार जारी रखा।

व्यापारी, भारतीय जनता पार्टी के परिवार के सदस्य रहें हैं। भारतीय जनता पार्टी व्यापारियों के उत्थान के लिए सदैव प्रतिबद्ध रही है। भारतीय जनता पार्टी मीरजापुर के साथ दृ साथ पूरे प्रदेश में व्यापारी से लगातार संपर्क बनाने की प्रक्रिया जारी रखी है। उसी को लेकर मीरजापुर में 25 नवंबर दिन गुरुवार को लॉयन्स स्कूल सभागार लालडिग्गी में एक सम्मेलन का आयोजन किया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में उपस्थित मा0 जिलाध्यक्ष बृजभूषण सिंहए व्यापार प्रकोष्ठ के जिला संयोजक लल्लूराम मोदनवाल, जिला मीडिया प्रभारी ज्ञान प्रकाश दूबे, जिला सह संयोजक आलोक कुमार दूबे, अजीत कुमार गुप्ता उर्फ पिन्टू आदि लोगों ने जिला व मण्डल के सभी व्यापारियों से अनुरोध किया है कि 25 नवम्बर 2021 को समय दोपहर 12.00 बजे उक्त स्थान पर अधिक से अधिक संख्या में पहुंचे और सरकार द्वारा व्यापारिक हितों मेंकिये गये कार्यों की जानकारी प्राप्त करें।

# किशोरियों को आत्मनिर्भर होने के लिये हुनरमंद होना जरूरी: सीओ

**सकलडीहा/चंदौली।** अमर ज्योति सेवा केन्द्र की ओर से बुधवार को किशोरी हुनर और दिव्यांग सशक्तिकरण के तहत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान किशोरियों द्वारा विभिन्न प्रकार की कढ़ाईए बुनाई और सिलाई की गयी सामाग्री का प्रदर्शनी लगाया गया। इस मौके पर बतौर मुख्य अतिथि अनिरूद्ध सिंह सीओ सकलडीहा और बाल कल्याण समिति व किशोर न्याय बोर्ड के सदस्यों द्वारा प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्जवलित करके अतिथियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए बतौर अतिथि अनिरूद्ध सिंह सीओ सकलडीहा ने कहा कि शिक्षा के साथ किशोरियों का हुनरमंद होना आत्मनिर्भर की ओर मार्ग प्रशस्त करता है। किशोरियों द्वारा बनायी गयी सामाग्री महिला सशक्तिकरण को मजबूती और आत्म स्वालंबी बनायेगा। वही किशोर न्याय बोर्ड की सदस्य अनुराधा गुप्ता और समाज सेवी इन्द्रजीत शर्मा ने किशोरियों और दिव्यांग बच्चों के लिये संस्था द्वारा किये जा रहे प्रयास की सराहना किया। वही वरिष्ठ अधिवक्ता व बाल कल्याण समिति के सदस्य धमेन्द्र सिंह मंटू ने बच्चों को कानूनी सलाह और जानकारी पर विस्तार से चर्चा किया। अंत में अतिथियों ने 65 हुनरमंद किशोरियों को संस्था की ओर से निर्गत प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर इस मौके पर बाल कल्याण समिति सदस्य अशोक कुमार, श्रीवास्तव, इन्द्रजीत शर्मा, हरेराम पांडेय, ताहिर हुसैन, इंजीनियर अखिलेन्द्र, निदेशक ज्ञानप्रकाश, पंकज पाल, संध्या सहित लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन कोर्डिनेटर सुजीत कुमार ने किया।

पायनियर वर्गीकृत

**सूचना**

मैंने अपना नाम राजा रस्तोगी से बदलकर राजकुमारी रस्तोगी पत्नी आलोक कुमार रस्तोगी कर लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाए। पता–शाहगंज भरवारी कौशाम्बी।

**सूचना**

मेरा नाम पहले तेजबीर सिंह था जिसे मैने बदलकर तेजबीर सिंह चढ्ढा कर लिया है। तथा मेरे पिता. जी का नाम पहले सुरजीत सिंह चढ्ढा था उसे बदलकर सुरजीत सिंह कर लिया है। भविष्य में हम दोनों को इसी नाम से जाना–पहचाना जाए। तेजबीर सिंह चढ्ढा, एच–1/4, किदवई नगर, कानपुर।

**सूचना**

सूच्य हो कि मैंने अपने पुत्र विवेक कुमार सिंह उर्फ प्रिन्स का चाल–चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। अब से उसके किसी कृत्य व लेन–देन से मेरा व मेरे परिवार का कोई वास्ता व सरोकार नहीं रहेगा। सुरेन्द्र नाथ सिंह पुत्र स्व0 राम प्रसाद सिंह निवासी–मो0 बेहटी, निकट– पाटनदीन चौराहा, शिवाला के पास, कस्बा, परगना, तहसील व थाना–लहरपुर, जिला–सीतापुर

# फाइलेरिया की दवा अपने सामने ही खिलाएं: सीएमओ

● मीरजापुर में 22 नवम्बर से 7 दिसम्बर तक चलेगा फाइलेरिया अभियान

**मीरजापुर (ज्ञानपुर)।** मुख्य चिकित्साधिकारी डॉक्टर संन्तोष कुमार चक ने सभी कार्यरत आशा व स्वास्थ्य कर्मियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि फाइलेरिया की दवा मानक के अनुरूप पूरी सतर्कता से अपने सामने ही खिलाएं। अभियान को सफल बनाने के लिए 1371 टीमों को लगाई गई हैं। एक टीम में दो व्यक्ति तैनात हैं। टीम के सहयोग के लिए 238 सुपरवाइजरों को भी इस अभियान में लगाया गया है। अभियान के दौरान जिले के 1700000 लाख लोगों को लाभ मिलेगा। अभियान के दूसरे दिन 171375 लोगों को फाइलोरिया की दवा दी गई है।

एसीएमओ व नोडल अधिकारी डाक्टर अमित दुबे ने निर्देश दिया कि स्वास्थ्य टीम के सभी सदस्य कोविड के नियमों का पूरी तरह पालन करें। अपने साथ मास्क और सैनेटाइजर जरूर ले जाएं। साथ ही अपने सामने दवा खिलाते समय दो गज की दूरी का अवश्य पालन करें। जिला फाइलेरिया व मलेरिया अधिकारी राम आसरे पाल ने बताया कि दो लोगों को दवा नही देनी है एक जो खाली पेट व दूसरा गर्भवती महिला को इनके लिए यह अत्यन्त खतरनाक साबित हो सकती है। यदि किसी को भी दवा खाने के बाद उल्टी आती है तो घबराने की जरूरत नही है वह दो से चार घण्टें बाद अपने.अपने ठीक हो जाता है। यदि न ठीक हो तो अपने क्षेत्र के आशा से सम्पर्क कर नजदीक के स्वास्थ्य केन्द्र पर मौजूद रैपिड रिस्पॉन्स टीम की देख रेख में उनका उपचार किया जायेगा।

## प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना

# 81761 महिलाएं लाभान्वित, 31.56 करोड़ का भुगतान

● पहली बार गर्भवती होने पर मिलते हैं 5000 रुपये

**गाजीपुर।** जनपद में प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना के अंतर्गत 81761 महिलाओं ने अब तक इस योजना का लाभ उठाया है। सरकार की ओर से पहली बार गर्भधारण करने वाली महिलाओं को पांच हजार रुपए की मदद की जाती है। इसका उद्देश्य गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं को पौष्टिक खाद्य सामग्री मुहैया करवाना है। लाभार्थी प्रियंका के पति इंद्रजीत निवासी कैथवलिया ने बताया कि उनकी पत्नी को गर्भधारण के पश्चात क्षेत्र की आशा ने इस योजना के बारे में जानकारी दी। इससे इस योजना का लाभ मिला। आर्थिक मदद से जच्चा और बच्चा को पौष्टिक आहार लेने में मदद मिल सकी। रूबी कश्यप पत्नी उमेश कुमार निवासी नवाबगंज ने बताया कि पहली बार मां बनने पर उन्हें तीन किस्तों में पांच हजार रुपए मिले। इससे उन्हें पोषक तत्वों के खानपान में लाभ मिला।

जनपद सहित प्रदेश में प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना की शुरुआत जनवरी 2017 से शुरू की गयी थी। वर्तमान उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा शुरू की गयी इस योजना के चार वर्ष पूरे हो चुके हैं। इन 4 वर्षों में गाजीपुर में 81761 महिलाओं ने इस योजना का लाभ उठाया है। जिसके लिए विभाग के द्वारा 30 अक्टूबर तक 31 करोड़ 56 लाख का भुगतान किया गया है। जो जच्चा बच्चा के लिए लाभदायक साबित हुआ है। सीएमओ डॉ हरगोविंद सिंह ने बताया कि पीएमएमवीवाई, एक ऐसी योजना है जिसमें पहली बार गर्भवती हुई महिलाओं को पोषण सहायता के रूप में तीन किस्तों में 5000 रुपये सरकार द्वारा सीधे उनके पंजीकृत खाते में पहुंचाए जाते हैं। इस योजना का उद्देश्य है कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र की महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान बेहतर पोषण मिल सके जिससे जच्चा.बच्चा दोनों स्वस्थ रहें।

डीसीपीएम अनिल वर्मा ने बताया कि योजना के तहत पहली बार गर्भवती होने वाली महिलाओं को तीन किस्तों में 5000 रुपए दिए जाते हैं। पहली क़िस्त 1000 रुपए की होती है जो कि गर्भावस्था के दौरान पहले 150 दिन के अंदर पंजीकरण कराने के बाद प्रदान की जाती है। दूसरी क़िस्त गर्भावस्था के 180 दिन के अंदर कम से कम एक प्रसव पूर्व जांच (एएनसी) कराने पर प्रदान की जाती है। दूसरी क़िस्त में लाभार्थी को 2000 रुपए मिलते हैं। तीसरी क़िस्त प्रसव के 42 दिन के बाद बच्चे के प्रथम चरण के टीकाकरण पूर्ण होने पर मिलती है। इसके तहत लाभार्थी को 2000 रुपए दिए जाते हैं। यह पूरी प्रक्रिया ऑनलाइन है और पोर्टल से जुड़ी हुयी है। पोर्टल पर लाभार्थी का पंजीकरण होना बहुत ही आवश्यक हैए क्योंकि इसी के आधार पर उसे योजना का लाभ मिल सकेगा।

## सार्वजनिक नीलामी सूचना

पत्रांक संख्या–813/–11 (साइ0स्टैण्ड–नीलामी)/2021 दिनांक : 24 नवम्बर 2021

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता कि वित्तीय वर्ष 2021–22 (नवम्बर, 2021 से 31मार्च, 2022 तक) के लिए तहसील परिसर में बने साइकिल/ मोटरसाइकिल स्टैण्ड(मुख्य गेट के बगल उत्तर तरफ) की नीलामी वित्तीय वर्ष 2021–22 के लिए दिनांक 24.11.2021 को अपरान्ह 3.00 बजे तहसील सभाकक्ष गें निश्चित की गयी थी, किन्तु अवकाश होने के कारण बोली नहीं कराई जा सकी। अतः नीलामी हेतु अग्रिम तिथि 08.12.2021 नियत की जाती है। कार्यवाही की सामान्य शर्ते यथावत रहेंगी।

साइकिल/मोटर साइकिल स्टैण्ड का विवरण।

| क्रमांक | नाम स्टैण्ड | स्टैण्ड का विवरण |
|---|---|---|
| 1 | साइकिल/मोटर साइकिल /दो पहिया वाहन | तहसील परिसर सदर तहसील गोण्डा मुख्य गेट के बगल उत्तर तरफ बना स्टैण्ड |

नीलाम अधिकारी/नायब तहसीलदार, सदर गोण्डा

## कार्यालय नगर पंचायत महोना जनपद लखनऊ

पत्रांक–800/न0पं0म0/कु0प्र0सू0/2021–22 दिनांक : 23.11.2021

**कुटेशन सूचना**

नगर पंचायत महोना में स्वच्छ भारत मिशन (IEC) के अन्तर्गत जागरूकता अभियान हेतु विभिन्न कार्य नुक्कड़ नाटक, वाल राइटिंग, होर्डिंग, साइनबोर्ड, स्वच्छता किट आपूर्ति कार्य संस्थाओं/फर्म से मुहर. बंद कुटेशन 30.11.2021 को समय अपरान्ह 12:00 बजे तक आमंत्रित किये जाते है। उक्त कुटेशन दिनांक 30.11.2021 को समय अपरान्ह 2:00 बजे सक्षम अधिकारी के समक्ष खोले जायेंगे कुटेशन के साथ पंजीयन प्रमाण–पत्र, आयकर नम्बर व जी0एस0टी0 नम्बर की प्रमाणित प्रति संलग्न किया जाना अनिवार्य होगा। सामग्री आपूर्ति से सम्बन्धित नियम व शर्तें प्रत्येक कार्य दिवस में कार्यालय समय में देखा जा सकता है। अधोहस्ताक्षरी को बिना कारण बताये एक या सभी कुटेशन निरस्त करने का सुरक्षित अधिकार होगा। नियमानुसार टैक्स की कटौती की जायेगी।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत महोना
लखमऊ

अध्यक्ष
नगर पंचायत महोना
लखमऊ

आज़ादी का अमृत महोत्सव

## भारत के एविएशन मैप के शीर्ष पर उत्तर प्रदेश

# नोएडा के जेवर में दुनिया का चौथा सबसे बड़ा इंटरनेशनल एयरपोर्ट



# नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट

का

# शिलान्यास

## नरेन्द्र मोदी

### प्रधानमंत्री द्वारा

गरिमामयी उपस्थिति

**योगी आदित्यनाथ**
मुख्यमंत्री, उत्तर प्रदेश

**ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया**
मंत्री, नागरिक विमानन, भारत सरकार

**केशव प्रसाद मौर्य**
उप मुख्यमंत्री
उत्तर प्रदेश

**नन्द गोपाल गुप्ता 'नन्दी'**
मंत्री, नागरिक उड्डयन, राजनैतिक पेंशन, अल्पसंख्यक कल्याण, मुस्लिम वक्फ़ एवं हज, उत्तर प्रदेश

**डॉ. महेश शर्मा**
सांसद, गौतमबुद्ध नगर

**सुरेन्द्र सिंह नागर**
सांसद, राज्यसभा

**धीरेन्द्र सिंह**
विधायक, जेवर

**दिनांक :** 25 नवम्बर, 2021
**समय :** मध्याह्न 12:00 बजे
**स्थान :** नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट साइट, जेवर, गौतमबुद्ध नगर

कार्यक्रम का लाइव प्रसारण देखें
DD News
https://pmevents.ncog.gov.in
DD National/Uttar Pradesh
UPGovtOfficial
CMOUttarpradesh
CMOfficeUP

- प्रधानमंत्री जी के विज़न के तहत फ्यूचर-रेडी एविएशन सेक्टर के लिए ऐतिहासिक कदम
- भारत में पहली बार इंटीग्रेटेड मल्टी-मॉडल कार्गो हब की अवधारणा के साथ एयरपोर्ट का निर्माण, लॉजिस्टिक लागत में कमी और समय की होगी बचत
- लोकल उत्पाद और उपज अन्तरराष्ट्रीय बाज़ारों में होंगे अधिक प्रतिस्पर्धी
- दिल्ली, नोएडा, गाज़ियाबाद, अलीगढ़, आगरा, फरीदाबाद जैसे शहरों के साथ करोड़ों लोगों को लाभ
- हर साल करीब सवा करोड़ यात्रियों का आवागमन
- देश में सर्वाधिक 5 इंटरनेशनल एयरपोर्ट वाला राज्य
- उत्तरी भारत के लॉजिस्टिक गेटवे के रूप में प्रदेश ग्लोबल लॉजिस्टिक मैप पर उभरेगा

- ₹5730 करोड़ से अधिक का निवेश, पहले चरण में 3300 एकड़ भूमि पर निर्माण
- एक लाख से अधिक युवाओं को रोजगार के अवसर
- निवेश की संभावनाओं को बल। फिल्म सिटी, मेडिकल डिवाइस पार्क, एपैरल पार्क और उत्तर प्रदेश डिफेंस इंडस्ट्रियल कॉरिडोर अलीगढ़ नोड के निर्माण से पश्चिमी उत्तर प्रदेश को विशेष लाभ
- एयरपोर्ट के साथ ही एयरो सिटी के निर्माण की योजना
- हॉस्पिटैलिटी और टूरिज्म सेक्टर को बढ़ावा
- नेट जीरो एमिशन के साथ संचालन
- डिजिटल टेक्नोलॉजी पर आधारित संचालन
- एयरपोर्ट के साथ ग्राउंड ट्रांसपोर्टेशन सेंटर का भी विकास, जिससे एयरपोर्ट तक रोड, रेल और मेट्रो से निर्बाध कनेक्टिविटी
- वर्ष 2024 तक निर्माण पूरा करने का लक्ष्य

# सोच ईमानदार, काम दमदार

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश

# कांग्रेस ने निकाली महंगाई हटाओ भाजपा भगाओ पदयात्रा

**बांगरमऊ उन्नाव।** कांग्रेस पार्टी की महंगाई हटाओ भाजपा भगाओ अंतर्गत आज क्षेत्र के उत्मानपुरए गोंदरी न्याय पंचायत की उत्मानपुरए चंदन खेड़ाए भट्ठन खेड़ाए गोंदरीए सुनौराए बड़ी डडियाए छोटी डडियाए अतरधनीए हरियावर आदि गांवो कार्यकर्ताओं ने पदयात्रा की। पदयात्रा में जिला उपाध्यक्ष ताजुद्दीन अंसारीए राजीव गांधी पंचायती राज के जिला अध्यक्ष रामकृष्ण रावतए सांस्कृतिक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष कुलदीप सिंह सागरए व्यापार प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष अमित रंजन मिश्राए जिला सचिव मंसूर अलीए सलीम अहमद एवं सुंदर लाल निषादए नगर अध्यक्ष सलमान अहमदए ब्लॉक अध्यक्ष राजकुमार लोधीए ब्लॉक उपाध्यक्ष दिलशादए एनएसयूआई उपाध्यक्ष ठाकुर दुर्गेश सिंहए न्याय पंचायत प्रभारी अरविंद यादवए ब्लॉक सचिव रमा कांतिए विद्या देवीए ग्रामसभा अध्यक्ष झाऊलालए न्याय पंचायत प्रभारी श्री रामए सानू दीक्षितए संतोष यादवए हाफिजुर रहमानए जमील अहमदए राजाभईयाए रामबिलासए राजाराम आदि कांग्रेस जन शामिल रहें।

# किसान मोर्चा की ट्रैक्टर रैली



**संवाददाता।** उन्नाव

**भारतीय** जनता पार्टी किसान मोर्चा के आहवाहन पर नवीन मण्डी से शुक्लागंज तक किसानो द्वारा किसान ट्रैक्टर रैली का आयोजन कर भाजपा के प्रति समर्थन दिखाया गया। ट्रैक्टर रैली का शुभारम्भ विधानसभा अध्यक्ष हृदयनरायन दीक्षित ने झण्डी दिखाकर किया। कार्यक्रम में विचार व्यक्त करते हुये श्री दीक्षित ने संवैधानिक व्यवस्थाओए किसानो के हित में प्रधानमंत्री द्वारा किये गये कार्यो पर प्रकाश डाला। सदर विधायक पंकज गुप्ता ने सपा सरकार में किसानो के उत्पीड़न कर्जमाफी के नाम पर किये गये छलावा के साथ भाजपा सरकार बनने पर योगी कैबिनेट में प्रथम बैठक में किये गये कर्जमाफीए प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधिए प्रधानमंत्री फसल सुरक्षा बीमा योजना पर प्रकाश डाला। उन्होने कहा कि भाजपा का ध्येय ही अन्त्योदय पक्ष है। इस मौके पर विधायक बांगरमऊ श्रीकान्त कटियारए बृजेश रावतए बम्बालाल दिवाकर ने भी विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में मुख्य रुप से किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष मनोज सिंहए सुरेश शुक्लाए के0डी0त्रिवेदी सहित बड़ी संख्या में किसानो ने ट्रैक्टरो के साथ सहभागिता की। ट्रैक्टर रैली आवास विकासए बड़ा चैराहाए छोटा चैराहाए गांधी नगर होते हुये शुक्लागंज पहुंची जहां भाजपाईयो ने किसानो की ट्रैक्टर यात्रा का स्वागत कर किसानो का सर्मथन जताने के लिये आभार जताया। कार्यक्रम में एल0ई0डी0 वैन के माध्यम से भाजपा सरकार द्वारा किसानो के हितार्थ कियेगये कार्यो पर प्रकाश डाला गया।

# जिला जेल बवाल: 17 दिन बाद भी तमंचे पर डिस्को कर रही एसआईटी की जांच

**फर्रुखाबाद।** जिला जेल बबाल के बाद भीतर मिले तमंचे नें जाँच अधिकारियों को संकट में डाल दिया है। जेल ले भीतर जहाँ एक कील नही जा सकती वहां तमंचे का पंहुच जाना सबाल तो खड़े करता है। पूरे मामले की जाँच को बनी एसआईटी भी अभी तक किसी नतीजे पर नही पंहुची। ना की कोई कार्यवाही अमल में लायी गयी है। बीते 7 नवंबर को जिला जेल के बंदियों नें साथी की अस्पताल में मौत के बाद पूरी जेल हाईजैक कर ली थी। जिसमे जेलर और डिप्टी जेलर की पिटाई भी की गयी थी। लिहाजा पुलिस नें बल प्रयोग किया। तब कहीं जाकर बंदी शांत हुए। घटना के पीछे जेल के बंदियों की अबैध बसूली और बीमार बंदियों का सही से इलाज ना कराना भी प्रमुख कारण रहा। लेकिन इस बिंदु पर भी कोई बोलने को तैयार नही की आखिर विवाद की मुख्य जड़ क्या था। जिला प्रशासन अपने द्वारा बनाये गये जाल में फंस गया। दरअसल जिस समय बंदी शिवम राठौर के पेट में गोली लगी तो हड़कंप मच गया। अपनी करनी छुपानें के लिए लगभग डेढ़ घंटे घायल सौरभ को जेल के भीतर रखा। लेकिन जब रायता पत्रकारों नें फैलाया तो उन्हें आखिर सौरभ को उपचार के लिए भेजना पड़ा और उसकी मौत हो गयी। जिला जेल के भीतर दाल में कुछ काला नही पूरी दाल ही काली नजर आती है। यदि सामान्य व्यक्ति जेल के भीतर जाना चाहे तो उसका तलाशी के नाम पर उत्पीडन होता है।अबैध बसूली कर बंदी और उसके परिजनों को परेशान किया जाता है। जेल के भीतर जाने को जब संघन तलाशी ली जाती है तो फिर घटना वाले दिन बरामद तमंचा कैसे पंहुचा? यह जाँच एसआईटी नही कर पा रही है और ना ही लापरवाही में किसी पर अभी तक गाज गिरी। एसआईटी के सदस्य व वरिष्ठ जेल अधीक्षक प्रमोद शुक्ला नें बताया कि जाँच अभी चल रही है।

# हाजी रजा और समर्थकों की मुश्किलें बढ़ीं, दर्ज हो रहे हैं ताबड़तोड़ मुकदमे

**फतेहपुर।** भाजपा अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के नेता को पीटने के मामले में नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि सपा नेता हाजी रजा मोहम्मद और उनके समर्थकों की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रहीं हैं। दो दिनों के भीतर तीन मुकदमे गम्भीर धाराओं में रजा और उनके समर्थकों के ऊपर दर्ज हो चुके हैं। रजा के पुराने कई मामलों की फाइल भी पुलिस ने पलटनी शुरू कर दी है। देर रात पुलिस ने एक और मुकदमा हाजी रजा और उनके समर्थकों के विरुद्ध दर्ज किया है। पुलिस उपाधीक्षक सजंय सिंह ने बताया कि फैजान रिजवी को पीटने वाले हाजी रजा को गिरफ्तार करने के लिए जब पुलिस की टीम पहुँचीं थी तो रजा और उनके 50-60 समर्थकों द्वारा पुलिस टीम को घेर कर धक्का मुक्की की गई थीं इस मामले में शहर कोतवाल अनूप सिंह की ओर से सरकारी काम में बाधा डालने, बलवा, मारपीट सहित कई गम्भीर धाराओं में मुकदमा दर्ज करवाया गया है। इसके अलावा एक तीसरे मुकदमे की भी चर्चा है. हालांकि इसकी पुष्टि खबर लिखे जाने तक नहीं हो पाई हैं। बताया जा रहा है कि जिला अस्पताल में तैनात डॉ0 रवि आनन्द की तहरीर पर भी रजा समेत उसके 50 अज्ञात समर्थको के विरुद्ध बलवा, मारपीट, जानमाल की धमकी दिये जाने का मामला दर्ज हुआ है। बताते चलें कि बीते 26 फरवरी को हाजी रजा और उसके समर्थकों ने डॉक्टर के साथ अस्पताल के भीतर ही मारपीट की थी। इस मामले के बाद डॉक्टरों में काफी रोष था लेकिन बाद में यह मामला ठंडे बस्ते में चला गया था. परन्तु अब इस मामले में भी एफआईआर दर्ज हो गई है। रिजवी को उपलब्ध कराए गए गनर: सपा नेता हाजी रजा और उनके समर्थकों द्वारा पीटे गए भाजपा नेता फैजान रिजवी को जिला प्रशासन ने दो सरकारी गनर उपलब्ध करा दिए हैं।

# भाजपा जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में कप्तान से मिला प्रतिनिधिमंडल



**संवाददाता।** फतेहपुर

**भारतीय** जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष आशीष मिश्रा के नेतृत्व में भाजपा का प्रतिनिधि मंडल पुलिस अधीक्षक से मिला। जहाँ बीते सोमवार को सदर अस्पताल के सामने की घटना पर रोषपूर्ण चर्चा हुई। वहीं पुलिस अधीक्षक से जनपद की कानून व्यवस्था संबंधी विषयों पर जिलाध्यक्ष द्वारा शासन की मंशानुरूप कार्य करने की बात कही गई। जिलाध्यक्ष ने तल्ख लहजे में कहा कि पार्टी के एक-एक कार्यकर्ता के लिये संगठन मजबूती से खडा है। जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ता फैजान रिजवी के साथ हुए मारपीट के मामले में रोष व्यक्त करते हुए दोषियों की सम्पूर्ण गिरफ्तारी व सख्त कार्यवाही करने को कहा गया। फैजान रिजवी की सुरक्षा के दृष्टि से पुलिस अधीक्षक से बात करके 2 गनर भी उपलब्ध करवाए गये। बताते चलें कि कानपुर आये राष्ट्रीय अध्यक्ष के कार्यक्रम में व्यस्तता के बाद देर रात फतेहपुर पहुंचे जिलाध्यक्ष ने घटना को गंभीरता से लेते हुए प्रतिनिधि मंडल के साथ पुलिस कप्तान से भेंट की गयी। भेंट उपरान्त जिलाध्यक्ष ने कहा फैजान हमारे संगठन के पदाधिकारी हैं। हमारे संगठन का एक-एक कार्यकर्ता की सुरक्षा करना उनकी नैतिक जिम्मेदारी है यदि अब किसी कार्यकर्ता पर किसी दबंग द्वारा दबाव बनाया गया तो उसकी जवाबदेही जिम्मेदारी सम्बंधित थाना प्रभारी की होगी। इस अवसर पर प्रतिनिधि मंडल में जिला महामंत्री चंद्रप्रकाश श्रीवास्तव, पुष्पराज पटेल, नीरज सिंह, उदय लोधी, जिला उपाध्यक्ष अर्चना त्रिपाठी, अपर्णा सिंह गौतम, जिलामंत्री कुलदीप भदौरिया, फैजान रिजवी आदि मौजूद रहे।

# जहरीला पदार्थ खाने से महिला की मौत

**पुखरायां, कानपुर देहात।** मूसानगर थाना क्षेत्र के सरौटा गांव में पारिवारिक कलह के चलते एक महिला ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिसे प्राथमिक उपचार के बाद स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से जिला अस्पताल माती भेजा गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मूसानगर थाना क्षेत्र के सरौटा निवासी नन्ही देवी के घर में पारिवारिक कलह कई माह से चल रहा था। जिससे परेशान होकर उसने जहरीला पदार्थ खा लिया है। परिवार वाले जब तक समझ पाते उसकी हालत गंभीर हो गई। पुखरायां के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल भेजा गया। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई है।

# स्वस्थ्य विभाग: पीएचसी बनी, लेकिन चली नहीं

**संवाददाता।** बांगरमऊ उन्नाव



**हाईकोर्ट** के निर्देश पर क्षेत्र के ग्राम बल्लापुर में शासन द्वारा प्राथमिक स्वास्ध केन्द्र का निर्माण तो छः माह पूर्व करवा दिया गया। किन्तु विभाग को हैंडओवर न होने के कारण प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अभी चालू नहीं हो सका। ग्रामीणों ने जिला अधिकारी से अति शीघ्र प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चालू कराए जाने की मांग उठाई है।

गौरतलब है कि हाईकोर्ट के वरिष्ठ अधिवक्ता यश भारती से सम्मानित फारूक अहमद की जनहित याचिका पर सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने प्रदेश सरकार से क्षेत्र के ग्राम बल्लापुर में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण कराए जाने का आदेश दिया था। हाईकोर्ट के सख्त आदेश के अनुपालन में शासन द्वारा ग्राम बल्लापुर में एक करोड़ छियासी लाख रुपये की लागत से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र का निर्माण करवाया गया है। किंतु छः माह बीत जाने के बाद अभी तक प्राथमिक स्वास्थ्य विभाग को हैंडओवर नहीं किया जा सका। जिससे करीब 50 हज़ार की आबादी को स्वास्थ्य सेवाओं के लिए गंज मुरादाबाद या बांगरमऊ जाना पड़ रहा है। तुलसी मँजरी सोम सुधा समिति के अध्यक्ष एस पी अग्निहोत्रीए सुशील कुमार सिहए दिनेश पालसिहए कृष्णपाल सिहए बिद्यासागर दीक्षितए जिलापँचायत सदस्य सत्य नारायण निषादए

डा सतीश दीक्षितए अनुराग अग्निहोत्री एडवोकेट आदि ग्रामीणों ने प्रदेश के स्वास्थ्य मंत्री एवं जिला अधिकारी को पत्र भेजकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को अति शीघ्र चालू कराए जाने की मांग उठाई है।

# 200 मीटर दौड़ में अमरौधा की आकांक्षा और प्रियंका ने बाजी मारी

**संवाददाता।** पुखरायां, कानपुर देहात



विजेता खिलाड़ी आकांक्षा को प्रशस्ति पत्र देते बीके अग्रवाल पायनियर



प्रतियोगिता का शुभारंभ करते विधायक व राज्यमंत्री के प्रतिनिधि पायनियर

**सांसद** स्पर्धा योजना 2021 के अंतर्गत बुधवार को स्थानीय रामस्वरूप ग्राम उद्योग इंटर कॉलेज के मैदान में एथलेटिक्स प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। केंद्रीय राज्यमंत्री भानुप्रताप वर्मा के प्रतिनिधि श्याम सिंह सिसोदिया और क्षेत्रीय विधायक विनोद कटियार ने फीता काटकर प्रतियोगिता का उद्घाटन किया।

सीनियर बालक वर्ग की 800 मीटर दौड़ की दौड़ से प्रतियोगिताओं का शुभारंभ हुआ। श्री बृजबिहारी मेहरोत्रा विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य रामनाथ वर्मा, शंकर इंटर कॉलेज सुजौर के शारीरिक शिक्षक शैलेंद्र तिवारी ने स्टार्ट-अप देकर सीनियर बालक वर्ग की 800 मीटर दौड़ की प्रतियोगिता संपन्न कराई। पटेल विद्या पीठ इंटर कॉलेज बरौर के सत्यम यादव प्रथम, इंटर कॉलेज पुखरायां के विमल यादव ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सीनियर बालक वर्ग में 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में नेशनल इंटर कॉलेज के श्यामजी प्रथम व आरएसजीयू इंटर कॉलेज के विमल यादव द्वितीय, 200 मीटर दौड़ में बरौर के मोहित प्रथम एवं सत्यम यादव द्वितीय रहे। जूनियर बालक वर्ग 800 मीटर दौड़ में सीपीकेयू मूसानगर के रोहित कुमार प्रथम व आरएसजीयू के शिवमोहन द्वितीय, 400 मीटर दौड़ में आदर्श इंटर कॉलेज डोभा के अभिषेक प्रथम व सुजौर के श्याम सुंदर द्वितीय, 200 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में इंटर कालेज पुखरायां के करन प्रथम व बृजेंद्र ने द्वितीय स्थान हासिल किया। सीनियर बालिका वर्ग की 400 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में इंटर कॉलेज पुखरायां की अंजली प्रथम एवं इंटर कॉलेज अमरौधा की प्रांशी ने द्वितीय स्थान हासिल किया। वहीं 200 मीटर दौड़ में श्री बृजबिहारी मेहरोत्रा विद्या मंदिर इंटर कॉलेज अमरौधा की आकांक्षा एवं प्रियंका ने क्रमश: प्रथम व द्वितीय स्थान पर रहीं। 100 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में इंटर कॉलेज अमरौधा की शालिनी प्रथम इंटर कॉलेज पुखरायां की अंजनी द्वितीय रहीं। वहीं जूनियर बालिका की 200 मीटर दौड़ प्रतियोगिता में इंटर कॉलेज की आकांक्षा प्रथम व राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की नरगिस ने द्वितीय स्थान हासिल किया। वहीं क्रिकेट में आरएसजीयू इंटर कॉलेज मूसानगर, इंटर कॉलेज पुखरायां, कब्बड्डी में इंटर कॉलेज अमरौधा , राजकीय बालिका इंटर कॉलेज पुखरायां की टीमों ने बाजी मारी। क्रीड़ प्रभारी पुष्पेंद्र पांडेय, नंदलाल, रूप चंद्र, नीलिमा, विजयश्री, नरेंद्र सिंह एवं प्रदीप सचान ने प्रतियोगिताएं संपन्न कराईं। नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष सत्य प्रकाश संखवार, जिला विद्यालय निरीक्षक अरविंद्र कुमार द्विवेदी, शिक्षक नेता वीके मिश्र, सांसद स्पर्धा योजना के संयोजक एवं विद्यालय के प्रबंधक श्रीप्रकाश द्विवेदी, प्रधानाचार्य बीके मिश्र, प्रधानाचार्य रामनाथ वर्मा, जोन इंचार्ज प्रदीप कुमार शुक्ल ने संयुक्त रूप से विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को प्रशस्ति पत्र बांटकर पुरस्कृत किया।

## कार्यालय नगर पंचायत रूरा कानपुर देहात

संख्या– 315/एन0पी0आर0/अलाव/2021 दिनांक : 21.11.2021

### कोटेशन सूचना

नगर पंचायत रूरा के समस्त फर्मों व लकड़ी विक्रेताओं को एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2021–22 में शीत लहर एवं ठण्ड को दृष्टिगत रखते हुए नगर के प्रमुख चिन्हित स्थलों पर अलाव जलवाये जाने के लिये जलाऊ सूखी लकड़ी (ठिंगर स्वरूप में) फ्री आपूर्ति हेतु दिनांक 28.11.2021 को अपरान्ह 3.00 बजे लकड़ी विक्रेताओं अथवा उनके द्वारा नियुक्ति प्रतिनिधि के समक्ष अधोहस्ताक्षरी द्वारा कार्यालय नगर पंचायत रूरा अपरान्ह 3.30 बजे खोले जायेंगे। किसी भी कोटेशन अथवा समस्त कोटेशन को स्वीकृत अथवा निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पंचायत रूरा**
**कानपुर देहात**

## उरई विकास प्राधिकरण, उरई

पत्रांक: 32/उ0वि0प्रा0/वि0/2021–22 दिनांक:– 23, नवम्बर, 2021

### एकल विड/दू–विड पद्धति से पुनः ई–निविदा आमंत्रण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता हैं कि उरई विकास प्राधिकरण द्वारा निम्न कार्य हेतु उरई विकास प्राधिकरण अथवा अन्य किसी सरकारी विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जा रही है। कार्य से संबन्धित विस्तृत निविदा–नोटिस तथा ड्राफ्ट निविदा प्रपत्र प्राधिकरण की वेब–साईट www.odaorai.com पर उपलब्ध है। जिसमें धरोहर धनराशि निविदा डालने की तिथि श्रेणी, कार्य पूर्ण करने की अवधि एवं ई–निविदा प्रपत्र मूल्य एवं अन्य नियम व शर्तों का उल्लेख है। कार्य से संबन्धित ई–निविदा प्रपत्र वेबसाईट http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध होंगे तथा ई–निविदित करने होंगे।

| क्र0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत/निविदा प्रपत्र का मूल्य (जी0एस0टी0 सहित) | ठेकेदार की श्रेणी/धरोहर धनराशि | ई–निविदा पोर्टल पर निविदा प्रपत्र डाउनलोड/अपलोड करने की प्रारम्भ तिथि | ईं–निविदा पोर्टल पर निविदा प्रपत्र अपलोड करने एवं निविदा प्रपत्र का मूल्य व धरोहर धनराशि ऑनलाइन जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | टू–विड निविदा की तकनीकी विड/वित्तीय विड खोलने की तिथि एवं समय | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 |
| 1 | कलैक्ट्रेट उरई के समीप विकास भवन चौराहा का निर्माण कार्य एवं सड़क चौड़ीकरण का कार्य। | 3428986.00 /2950.00 | श्रेणी ''बी'' /3.42.899.00 | 24.11.2021 | 09.12.2021 | तकनीकी बिड 10.12.2021 अपरान्ह– 03.00 बजे | 3 माह |
| 2 | कालपी रोड स्थित पटेल चौक का निर्माण/विकास कार्य। | 2232002.17 /2360.00 | श्रेणी ''बी'' /2.23.201.00 | 24.11.2021 | 09.12.2021 | तकनीकी बिड 10.12.2021 अपरान्ह– 03.00 बजे | 3 माह |
| 3 | चुर्खी रोड चौराहा का परिवर्तन एवं परिवर्धन कर महाराणा प्रताप चौक का निर्माण/विकास कार्य। | 1422815.00 /1770.00 | श्रेणी ''बी'' /1.42.282.00 | 24.11.2021 | 09.12.2021 | तकनीकी बिड 10.12.2021 अपरान्ह– 03.00 बजे | 3 माह |
| 4 | जालौन रोड चौराहा का परिवर्तन एवं परिवर्धन कर अटल चौक का निर्माण/विकास कार्य। | 12.30.020.22 /1770.00 | श्रेणी ''बी'' /123003.00 | 24.11.2021 | 09.12.2021 | तकनीकी बिड 10.12.2021 अपरान्ह– 03.00 बजे | 3 माह |
| 5 | पटेल चौक उरई के समीप सड़क चौड़ीकरण का कार्य। | 1,35308.00 /590.00 | श्रेणी ''बी'' /13.531.00 | 24.11.2021 | 09.12.2021 | तकनीकी बिड 10.12.2021 अपरान्ह– 03.00 बजे | 3 माह |

निविदा शुल्क एवं धरोहर राशि NEFT/RTGS के माध्यम से उरई विकास प्राधिकरण के खाता संख्या 50200030003792 एच0डी0एफ0सी0 बैंक (IFSC code-HDFC0002048) में जमाकर रसीद की स्कैन कापी निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा। उक्त निविदा इस विभाग से अथवा अन्य किसी विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों के मध्य इस शर्त के साथ आमंत्रित की जाती है कि सर्व न्यून निविदा होने की स्थिति में सम्बन्धित ठेकेदार/फर्म को अनुबन्ध से पूर्व विभाग में पंजीकरण कराया जाना आवश्यक होगा यदि सम्बन्धित ठेकेदार/फर्म सभी नियम व शर्तों को पूर्ण करते हुये निर्धारित समय में पंजीकरण कराये जाने में असमर्थ रहते हैं तो उनकी निविदा बिना किसी सूचना के निरस्त कर दी जायेगी। निविदा के सम्बनध में कोई बदलाव अथवा अतिरिक्त सूचना वेबसाईट पर ही उपलब्ध कराई जायेगी। कृपया इच्छुक ठेकेदार नियमित रूप से उक्त वेबसाईटों का अवलोकन करते रहें।

**सहायक अभियन्ता**
**उरई विकास प्राधिकरण, उरई।**

**सचिव**
**उरई विकास प्राधिकरण, उरई।**

# सांसद मुकेश राजपूत ने दिव्यांगों को उपकरण वितरण के बहाने कसा सलमान पर तंज

**फर्रुखाबाद।** एडिप योजना के तहत योजना के तहत विगत माह आयोजित परीक्षण कैंप में चिह्नित दिव्यांगों को बुधवार को उपकरण वितरण किए गए। उपकरण पाकर दिव्यांगों के चेहरे खिल गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सांसद मुकेश राजपूत ने पूर्व विदेश मंत्री सलमान खुर्शीद पर उपकरण घोटाले के बहाने तंज कसा। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार में सभी गरीबों तक इस योजना का लाभ पहुंच रहा है।

कस्बा शमसाबाद स्थित एक तंबाकू गोदाम में उपकरण वितरण कैंप में संस्था द्वारा ब्लाक शमसाबाद, कायमगंज व नवाबगंज के दिव्यांग व को उपकरण वितरण किए गए। 70.26 लाख के उपकरण वितरण किए गए हैं। एलिम्को संस्था द्वारा चिह्नित लाभार्थियों को ट्राई साइकिलए ट्राई रिक्शा, छड़ी, चश्मा, कान की मशीन आदि उपकरण वितरित किए गए।

# प्रदेश में भ्रष्टाचार और खाद की कालाबाजारी हो रही है: राजाराम

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** समाजवादी पार्टी की जाति से जमात व पाल सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता राजाराम पाल ने की। इस मौके सांसद राजाराम पाल ने कहा की प्रदेश में लगातार भ्रष्टाचार बढ़ रहा है और खाद की कालाबाजारी हो रही। मंगलवार को तालग्राम में आयोजित जाति से जमात व पाल समाज के सम्मेलन को संबोधित करते हुए सांसद राजाराम पाल ने कहा कि भाजपा के बड़े नेताओं के इशारों पर खाद स्टाक की जा रही है। भाजपा नेताओं ने थानों तहसील में दलाल बैठा रखे हैं। पूर्व विधायक अरविंद सिंह यादव ने कहा कि किसानों का बुरा हाल है। प्रदेश में सबसे ज्यादा हत्याओं के मामले आ रहे हैं। कानून के नाम पर भाजपा के नेता खिलवाड़ कर रहे हैं। पूर्व विधायक ने कहा सपा कार्यकर्ता घर घर जाकर वोटों का सत्यापन करें। छूटे बोट बनवाने का कार्य करें। भाजपा चुनाव जीतने के लिए किसी भी हद तक गिर सकती है। इसलिए कार्यकर्ता बूथ पर लगातार निगरानी रखें। आगामी सरकार किसानों, नौजवानों की समाजवादी पार्टी की है। इस दौरान अनिल पाल, सुघर सिंह पाल, राम सेवक बाथम, कलीम खान, पूर्व विधायक कल्यान सिंह, अंशू पाल, जितेंद्र पाल, महासचिव दिगम्बर सिंह, प्रमोद सिंह, कक्कू चौहान, रीपू यादव, राजीव सक्सेना, वीरेंद्र पाल, अंकुर सिंह, आलोक दुबे, प्रभाकर यादव, जितेंद्र प्रजापति, देवेंद्र यादव, राघवेंद्र राठौर, उमेश पाल, तीर्थराज, वीरेंद्र सिंह पाल, आदिल परवेज, बंटू खान, अमन खान, फिरदोस आलम, ललित मोहन गुप्ता, कामरान खान, जाहिद, प्रमोद यादव, अजय पाल, रोबिन पाल, तमाम लोग मौजूद रहे।

# युवाओं को भाजपा से जोड़ने के लिए चलाया अभियान

**गुरसहायगंज (कन्नौज)।** भाजयुमो पदाधिकारियों ने युवाओं को संगठन से जोड़ने के लिए नगर में सदस्यता अभियान चलाष। जिसमें युवाओं सहित नागरिकों को पार्टी की नीतियों व सिद्धांतों को बताकर जागरूक किया। बुधवार को भाजयुमो नगर अध्यक्ष मानव गुप्ता ने भाजपा नेताओं के साथ नगर के जीटी रोड पर भाजपा से जुडने के लिए सदस्यता अभियान कैम्प लगाया। इस दौरान उन्होंने लोगों को जागरूक करते हुए कहा कि युवाओं को भाजपा से जुड़कर राजनीति में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। जब देश का युवा जागरूक होगा। तभी देश व समाज का विकास किया जा सकता है। युवा उर्जा से राजनीति को नई दिशा मिलेगी। भाजपा सभी को हक व सम्मान दिलाने का कार्य कर रही है। इस दौरान सिद्धार्थ कौशल, राकेश कौशल, शिवा, रजत, विजय, राजा तिवारी, आयुष आदि मौजूद रहे।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक: विजय प्रकाश सिंह। फोन: (0522) 4036600 फैक्स: 2346443/2345582

# मोदी-योगी किसानों के मसीहाः रीता

● भडेवरा मंडल की ओर से किसान ट्रैक्टर रैली कुशगढ़ से करछना पहुंचकर हुई सम्पन्न


रैली को संबोधित करती सांसद रीता।

**प्रयागराज।** बड़े सौभाग्य से देश प्रदेश को विकास पुरूष नेताओं की जोड़ियां मोदी योगी के रूप में मिलती हैं। पीएम मोदी के सपने को धरती पर उतारने का कार्य सीएम योगी कर रहे हैं। सीएम योगी ने 44 योजनाओं को यूपी में अव्वल पर रखा है। किसानों के हितों और विकास के लिए मोदी योगी ने जितना कार्य किया किसी सरकारों ने नही हुआ। जब किसान आन्दोलन चल रहा था तब भी प्रयागराज के किसान भाजपा के साथ खड़े थे। यह बातें बुधवार को कुशगढ़ मंदिर परिसर में भाजपा किसान मोर्चा यमुनापार के मंडल भडेवरा की ओर से आयोजित किसान ट्रैक्टर रैली में किसानों को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि इलाहाबाद की सांसद प्रो रीता बहुगुणा जोशी ने कहीं। उन्होंने कहा केंद्र और प्रदेश सरकार की नीतियों से लोगों को अवगत कराते हुए विपक्ष को आड़े हाथों लेते हुए कहा जब जब तुम्हारी पोथी खुलेगी घपला घपला ही रहेगा। जिसका जनता जवाब देगी। विशिष्ट अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष यमुनापार विभवनाथ भारती ने कहा जितना कार्य आजादी के बाद योगी ने किया अभी इतिहास में किसी सरकार ने किसानों के लिए नही किया। इसलिए किसानों को भी 2022 में पुनः कमल खिलाना होगा। सभा और ट्रैक्टर रैली की अध्यक्षता किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष अरूण कुमार सिंह उर्फ पप्पू ने करते हुए अतिथियों का स्वागत अभिनन्दन कर अतिथियों को साफा बंधकर सम्मानित किया। किसानों से खाद बीज के बदले लाठी से मुक्ती दिलाने का कार्य योगी ने किया और किसान सम्मान निधि कृषक यंत्रों के छूट के साथ दर्जनों योजनाओं के माध्यम से किसानों के लिए राज्य और केन्द्र सरकार कार्य कर रही है। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्रदेश कार्यसमिति सदस्य पीयूष रंजन निषाद किसान मोर्चा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष रमाकांत विश्वकर्मा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य आनन्द चौबे अनूसूचित मोर्चा प्रदेश सह कोषाध्यक्ष मनोज पासी जिला महामंत्री राजेश शुक्ला जिला उपाध्यक्ष जगदीश सिंह यादव जिला मीडिया प्रभारी दिलीप कुमार चतुर्वेदी पिछड़ा मोर्चा जिलाध्यक्ष सुभाष सिंह पटेल भगवत पांडेय आदि विशिष्ट अतिथियों ने सभा को सम्बोधित किया। इसके बाद ट्रैक्टर रैली को सासंद प्रो रीता बहुगुणा जोशी और जिलाध्यक्ष विभवनाथ भारती ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। तारा शंकर पांडेय और जिला महामंत्री आदेश सिंह ने किया। रैली संयोजक सेवा लाल पटेल युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष सुधाकर पांडेय किसान मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अरविंद शुक्ला योगेश पांडेय, अशोक सिंह लाल साहब सिंह अंबिका तिवारी राजकमल तिवारी कमलेश साहू आदि रहे।

## डीएम ने फाइलेरिया दवा खाकर अभियान किया शुरू

**अम्बेडकरनगर।** फाइलेरिया रोग समाप्त करने के लिए बीते 22 नवंबर को कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी ने स्वयं दवा खाकर अभियान की शुरूआत किया। इसमें दो वर्ष से अधिक उम्र वाले दवा को दवा वितरण किया जा रहा है। जिले में 465205 लोगों को दवा खिला दी गई है। जानकारी देते हुए अभियान के नोडल अधिकारी डा. सालिकराम पासवान ने बताया कि बुधवार को विशेष टीकाकरण दिवस होने से अभियान प्रभावित है। लेकिन गुरुवार से यह अभियान फिर से शुरू होगा। अभियान में कुल 1925 ड्रग एडमिनिस्ट्रेटर की टीम कार्य कर रहे हैं। लगभग 26,89,991 की जनसंख्या को दवा खिलाकर आच्छादित किया जाएगा। 384 पर्यवेक्षक प्रतिदिन छह टीमों पर निगरानी कर रहे हैं। आगामी सात दिसंबर तक निर्धारित लोगों को दवा खिलाई जाएगी उन्होंने बताया कि यह रोग क्यूलेक्स मच्छर काटने की वजह से होता है। इस मच्छर के काटने से पुवेरिया नाम के परजीवी शरीर में जाने से ये रोग होता है।

# कृषकों का क्रमवार टोकन नंबर रजिस्टर में अंकित करते हुए खरीद करें: जिलाधिकारी



**अम्बेडकरनगर।** सैमुअल पॉल एन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में खरीफविपणन वर्ष 2021-22 में मूल्य समर्थन योजना अंतर्गत धान खरीद आदि के संबंध में एजेंसियों के समस्त जिला प्रबंधक/ खाद विभाग के विपणन शाखा के धान क्रय केंद्र प्रभारी/ विपणन निरीक्षक/ क्षेत्रीय विपणन अधिकारी एवं जनपद के समस्त केंद्र प्रभारी के साथ बैठक आयोजित किया गया। बैठक के दौरान खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 में मूल्य समर्थन योजना के अंतर्गत जनपद में किसानों की आवक को देखते हुए जनपद में कार्यरत समस्त क्रय एजेंसियों के जिला प्रबंधक/ क्षेत्रीय विपणन अधिकारी/ क्षेत्रीय खाद्य अधिकारी/विपणन निरीक्षक /पूर्ति निरीक्षक /केंद्र प्रभारी को निर्देशित किया गया कि क्रय केंद्र पर आ रहे कृषकों का क्रमवार टोकन रजिस्टर में नंबर अंकित करते हुए खरीद करें। बैठक के दौरान 14 क्रय केंद्रों पर ऑनलाइन फीडिंग पूर्ण नहीं पाई गई। जिस पर जिला प्रबंधक पीसीएफ को नोटिस निर्गत करते हुए समस्त क्रय केंद्रों पर ऑनलाइन फीडिंग तत्काल पूर्ण कराए जाने का निर्देश जिलाधिकारी द्वारा दिया गया। 50 मीट्रन से कम खरीद करने वाले क्रय केंद्र को जिलाधिकारी द्वारा कड़े निर्देश दिए गए कि अपने क्षेत्र के किसानों से संपर्क कर खरीद कार्य में प्रगति लाना सुनिश्चित करें। अन्यथा की दशा में लापरवाही क्षम्य नहीं होगी। जिलाधिकारी ने एजेंसीयो के समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देशित किया कि क्रय केंद्रों पर बोरा, पावर डस्टर, इलेक्ट्रॉनिक कांटा, किसानों के सुख सुविधा की व्यवस्था एवं क्रय संबंधी आदि व्यवस्था को पूर्ण कराते हुए क्रय कार्य में तेजी लाना सुनिश्चित करें जिला प्रबंधक पीसीएफ को निर्देश दिया गया कि नियमानुसार बोरा प्राप्त करते हुए खरीद में तेजी लाएं। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी अशोक कुमार कनौजिया, जिला खाद्य विपणन अधिकारी राजेश कुमार तथा संबंधित विभाग के अधिकारी कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

# सांसद खेल स्पर्धा का आयोजन



**टाण्डा, अम्बेडकरनगर।** भाजपा प्रदेश नेतृत्व के निर्देश पर टाण्डा के त्रिलोक नाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय के प्रागण मे उडते गुब्बारे एंव बैण्ड ध्वनि के बीच विधायक संजू देवी के संयोजन मे सासद खेल स्पर्धा कार्यक्रम का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन ध्वाजारोहण केसाथ जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुन्दर वर्मा उर्फ साधु वर्मा ने किया। कार्यक्रम मे बालीवाल, कबड्डी और अन्यसभी मे युवको के अतरिक्त युवतियों नेभारी सख्या मे बढ चढ करभाग लिया।कार्यक्रम के अन्त मे विजयी प्रतिभागियों को ओाम पाण्डेय जिला पचायत अध्यक्ष श्याम सुन्दर वर्मा उर्फ साधु वर्मा एव विधायक संजू देवी ने पुरस्कृत किया। इस अवसर पर उपस्थित जन समूह एव प्रतिभागियों को सम्बोधित करते हुये पूर्व सासद डा0हरिओम पाण्डेय ने कहा कि मौजूदा सरकार नौजवानों के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिये खेलो इडिया बडे इण्डिया के तहत ग्रामीण बच्चो मे छुपी हुई प्रतिभा को उभारने का काम कर रही है।भाजपा जिलाध्यक्ष डा0मिथलेश त्रिपाठी नेभी सम्बोधित किया। कार्यक्रम का सचालन यूथ आइकान प्रवीण कुमार गुप्ता ने किया।कार्यक्रम मे मुख्य रूप से अवध प्रान्त के क्षेत्रीय सयोजक राम सूरत मौर्य ,नगर अध्यक्ष अनुराग जायसवाल ,रिंकू गौड ,सूरज यादव आदि उपस्थित रहे।

# एसडीएम के खिलाफ कार्रवाई की मांग, लेखपाल संघ धरने पर

संवाददाता। अम्बेडकरनगर



**आलापुर के उप** जिलाधिकारी मोहनलाल गुप्ता के विरुद्ध कार्यवाही की मांग को लेकर कार्य बहिष्कार कर धरने पर बैठा लेखपाल संघ कार्यवाही होने तक संघर्ष का ऐलान किया है। मालूम हो लेखपाल संघ अध्यक्ष राम सिधार, जिला उपाध्यक्ष मायाराम यादव, उपाध्यक्ष राम सजीवन वर्मा, पूर्व अध्यक्ष जयदेव पांडे के नेतृत्व में चल रहे धरना प्रदर्शन में सैकड़ों लेखपाल मौजूद रहे। उप जिलाधिकारी मोहनलाल गुप्ता के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कर कार्यवाही करने एवं लेखपालों के विरुद्ध पंजीकृत मुकदमा वापस लिए जाने समेत विभिन्न मांगों को लेकर आलापुर तहसील के लेखपालों ने तहसील परिसर में कार्य बहिष्कार कर धरना प्रदर्शन करना शुरू कर दिया है। लेखपाल संघ अध्यक्ष रामसिधार उपाध्यक्ष राम सजीवन वर्मा पूर्व अध्यक्ष जयदेव पांडे की अगुवाई में चल रहे धरना प्रदर्शन में लेखपाल संघ के पदाधिकारी एवं लेखपाल अपने उत्पीड़न की दास्तां बयां कर रहे हैं। लेखपालों का कहना है कि पुलिस प्रशासन ने उनके विरुद्ध तो मुकदमा पंजीकृत कर लिया लेकिन लेखपालों की ओर से दी गई तहरीर पर अभी तक मुकदमा पंजीकृत नहीं किया गया। लेखपालों की मांग है कि जहांगीरगंज थाने में अध्यक्ष राम सिधार उपाध्यक्ष रामसजीवन वर्मा एवं पूर्व अध्यक्ष जयदेव पांडे की ओर से उपजिलाधिकारी आलापुर के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत करने के लिए दी गई तीनों तहरीर पर अलग-अलग मुकदमा पंजीकृत कर के एसडीएम के विरुद्ध कार्यवाही की जाए। यदि कार्यवाही नहीं की जाती है तो आंदोलन को व्यापक रूप देते हुए सभी तहसील मुख्यालयों पर लेखपाल संघ आंदोलन करेगा।उप जिला मजिस्ट्रेट मोहनलाल गुप्ता ने बताया कि लेखपालों द्वारा उनके साथ बदसलूकी के साथ अपशब्दों का भी प्रयोग किया गया है जिसका मुकदमा दर्ज करने के लिए मेरे द्वारा जहांगीरगंज थाने में तहरीर दे दी गई है थानाध्यक्ष जहांगीरगंज शंभू नाथ ने बताया कि तहरीर मिली है कार्यवाई की जाएगी वही लेखपाल संघ के महामंत्री अनुज प्रताप वर्मा ने बताया कि उप जिला अधिकारी द्वारा बैठक में मेरे प्रति असंसदीय शब्दों का प्रयोग किया गया था जिसको लेकर हम सब दुखी थे हमारी बात सुनने को कौन कहे उलटे उपजिलाधिकारी ने हमारे पदाधिकारियों के साथ अपशब्दों का प्रयोग करते हुए जातिसूचक गालियाँ दी गयी जब तक उपजिला मजिस्ट्रेट का स्थानांतरण नहीं हो जाता तब तक हम सब कार्य से विरत रहेंगे यह निर्णय लेखपाल संघ के बैठक में आम सहमति से लिया गया है।

## क्विक न्यूज

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**टाण्डा, अम्बेडकरनगर।** बीते देर शाम को हाइवे 233 पर टाण्डा कोतवाली क्षेत्र के पिपरी विशुनपुर के पास साइकिल से जा रहे 22 वर्षीय युवक को बोलेरो वाहन ने टक्कर मार दिया जिससे उसकी मौत हो गयी टक्कर मारने के बाद बोलेरो वाहन एक ट्रैक्टर ट्राली में टकरा गया। उसके बाद चालक वाहन छोड़कर भाग गया। घटना क्रम के अनुसार बीते मंगलवार की देर शाम लगभग 6ः30 बजे हाइवे 233 वाराणसी लुम्बनी मार्ग पर कोतवाली टाण्डा क्षेत्र के ग्राम पिपरी विशुनपुर के पास बसखारी से साइकिल से अपने घर ग्राम शाहपुर कुरमौल थाना टाण्डा राजू पुत्र राजकरन वापस आ रहा था कि बोलेरो वाहन नो यू पी 45 टी 290 ने टक्कर मार दिया जिससे युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया ग्राम वासियों की सूचना पर 108 एम्बुलेंस घायल को सी एच सी बसखारी ले गयी जहाँ पर डॉक्टरों ने राजू को मृत घोषित कर दिया।बसखारी पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम हेतु भेजा। टाण्डा पुलिस ने बोलेरो को अपने कब्जे में ले लिया है।

### जानवर के हमले से अधेड़ महिला की मौत

**बीकापुर अयोध्या।** बेसहारा पशुओं से निजात दिलाने के लिए सरकारी वादे बुरी तरह फ्लॉप हुए हैं जनता आज भी दुश्वारियां झेल रही है। आवारा जानवर आज भी किसानों की फसलें बर्बाद कर रहे हैं एवं राहगीर इन के हमले से जान गवा रहे हैं। सरकारी की गौशाला योजना कैटल के कैचर वाहनों की खरीद पर जनता की गाढ़ी कमाई का पैसा पानी की तरह बहाया गया लेकिन नतीजा सिफर रहा ताजा मामला में बीकापुर थाना क्षेत्र के नगर पंचायत के वार्ड नंबर 6 नासिरपुर मूली निवासिनी पतिराजी 56 पत्नी स्वर्गीय बब्बन के ऊपर छुट्टा जानवर हमला कर दिया। जिससे वह हुआ गंभीर रूप से घायल हो गई।ऐसी गांवों वालों का आरोप है। उन्हें बीकापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचाया जहां इमरजेंसी में तैनात चिकित्सक सतीश चंद्रा के द्वारा मृत घोषित कर दिया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मेमो बनाकर घटना की सूचना स्थानीय कोतवाली पुलिस को दी गई जिस पर बीकापुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर उप निरीक्षक दिनेश कुमार पांडे शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए जिला चाक घर भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा कि महिला की मौत किस कारण से हुई है। महिला की मौत को लेकर क्षेत्र में तरह तरह की चर्चा हो रही है। अधेड़ महिला की मौत का कारण पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगा की मौत किस कारण से हुई है।

### एक व्यक्ति को एक ही स्थान पर मतदाता बनने का अधिकार

**अम्बेडकरनगर।** एक व्यक्ति को एक ही स्थान पर मतदाता बने रहने का अधिकार है। भारत निर्वाचन आयोग अब इसका कड़ाई से पालन कराने में लग गया है। इसके लिए खास साफ्टवेयर तैयार किया गया है। मतदाता के चेहरे के अलावा नाम, पिता के नाम और जन्मतिथि से डोस्ट्रे मतदाताओं को पकड़ा जा रहा है। मतदाता नामावली में वास्तविक मतदाताओं का नाम पंजीकृत रखने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। जिले में ऐसे 5838 मतदाता चिन्हित हुए हैं। इनका नाम दो जगह दर्ज पाया गया है। जिला निर्वाचन कार्यालय इन्हें नोटिस भेजकर मतदान में शामिल होने के वास्तविक स्थान पर नाम दर्ज रखने की जानकारी लेगा। इसके बाद दूसरे स्थान पर इनका नाम काट दिया जाएगा। भारत निर्वाचन आयोग ने इसके लिए खास साफ्टवेयर तैयार किया है। इसमें राष्ट्रीय स्तर से लेकर राज्य, जिला और विधानसभा स्तर पर कई जगह दर्ज मतदाताओं के डोस्ट्रे नाम को चिन्हित करते हुए काटा जाएगा। सबसे पहले मतदाता का नाम, पिता का नाम और जन्मतिथि का मिलान किया जाएगा। पांचों विधानसभा क्षेत्रों में ऐसे 213 मतदाता मिले हैं। कटेहरी विधानसभा क्षेत्र में ऐसे सर्वाधिक 128 मतदाता, जलालपुर में 49, टांडा में 25, अकबरपुर में 10 और आलापुर में एक मतदाता का नाम दो स्थानों पर दर्ज मिला है। दूसरे स्तर पर मतदाता की फोटो से मिलान किया जाएगा। पांचों विधानसभा क्षेत्रों में दो स्थानों पर समान फोटो के 5625 मतदाता चिन्हित किए गए हैं। ऐसे दो स्थानों पर समान चेहरे वाले विधानसभा क्षेत्र कटेहरी में 1434, अकबरपुर में 1188, जलालपुर में 1173, टांडा में 1064 और आलापुर में 766 मतदाता पाए गए हैं। इन मतदाताओं को जिला निर्वाचन कार्यालय से नोटिस भेजा गया है।

### हिंदी और अंग्रेजी भाषा से बढ़ता है हौसला

**प्रयागराज।** अपनी भाषा में प्रशंसकों के साथ बातचीत करने के लिए मशहूर क्रिकेटर शुभमन गिल कुलदीप यादव और उमेश यादव अब भारत के कई भाषाओं वाले माइक्रो ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म कू ऐप में शामिल हो गए हैं। इस अनोखे प्लेटफॉर्म में दी गई कई भाषाओं वाली सुविधा का फायदा उठाते हुए शुभमन गिल ने अंग्रेजी और हिंदी में टीम इंडिया की अगली सीरीज़ के लिए उन्हें शुभकामनाएँ दीं। शुभमन ने अपनी कू पोस्ट में लिखा टीम इंडिया को टी बीस सीरीज़ में न्यूजीलैंड के साथ होने वाले मैच के लिए शुभकामनाएं। वहीं उमेश यादव ने हिंदी और अंग्रेजी भाषा में टीम की हौसलाफजाई करने के लिए कू पोस्ट में लिखा। आप सबके लिए हम सभी धीयर कर रहे हैं। मुझे यकीन है कि आप हमें गौरवान्वित करेंगे।

## भारत माता के आरती के साथ प्रारंभ होगी काव्य संध्याः गिरीश पति त्रिपाठी

**अयोध्या।** आजादी के 75 वें वर्ष के अवसर पर पूरे देश में अमृत महोत्सव मनाया जा रहा है इसी क्रम में भगवान श्रीराम की जन्म स्थली अयोध्या में 27 नवंबर को मां सरयु के पावन तट राम की पैड़ी भारतीय काव्य संध्या का आयोजन सायं 4 बजे से रात्रि 10 बजे तक भारत माता की आरती से होगा शुभारंभ। मंदिर के महंत गिरीश पति त्रिपाठी ने बताया कि आज के 74 वर्ष पहले 1947 में देश आजाद हुआ था और इस 75 वें वर्ष को पूरा देश अमृत महोत्सव के रूप में मना रहा है। युवाओं ने इस हर्षोल्लास के माहौल को काव्य संध्या के रूप में मनाने का निर्णय लिया जिसमें देश के नामी.गिरामी कवियों कवित्रियों को आमंत्रित किया गया है काव्य सुधा रस को बरसाएंगे। आकुल प्रयागराज से बिहारी लाल अंबर बस्ती से बहराइच से योगेंद्र योगी और प्रतिभा मिश्रा भगवान राम की धरती से अशोक अपने काव्य पाठ से इस अमृत महोत्सव में चार चांद लगाएंगे।

# अस्सी लीटर कच्ची शराब बरामद, भट्ठियां की नष्ट



संवाददाता। अम्बेडकरनगर

**आबकारी आयुक्त** उप्र एवं जिलाधिकारी द्वारा दिये गये आदेशों के क्रम में अवैध शराब के निर्माण/बिक्री/परिवहन पर पूर्णतया अंकुश लगाये जाने हेतु जिला आबकारी अधिकारी के निर्देशन में अशोका कुमार आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-5 भीटी-क्षेत्र 2 टांडा ,प्रदीप मिश्र,आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-1 अकबरपुर बृजेश कुमार,आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-4 ,आलापुर, प्रवर्तन टीम अयोध्या 1-2 आ.नि. अरुण कुमार, हृदय नारायण पांडेय,आ.नि. आलोक कुमार सिंहएवं थाना जहांगीरगंज की संयुक्त टीम द्वारा थाना जहांगीरगंज क्षेत्रान्तर्गत मांझा क्षेत्र बंगालपुरमें नाव से नदी पार करके दबिश दी गई। दबिश के दौरान तलाशी लेने पर लगभग 80 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई, 4 भट्ठी नष्ट करने के साथ ही मौके पर लगभग 750 किलोग्राम महुआ लहन नष्ट किया गया। नियमानुसार कार्यवाही करते हुए अभियुक्त के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज करने के साथ साथ कुल 03 अभियोग पंजीकृत किये गए। तथा 1 व्यक्ति को जेल भेजा गया। मौके पर उपस्थित लोगों को अवैध शराब के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में भी जागरूक किया गया।

# न्यायालय कर्मी मौत मामले में पुलिस को मिला अहम सुराग

**टाण्डा, अम्बेडकरनगर।** न्यायालय कर्मी की संदिग्ध परिस्थितियों में मिली लाश के मामले में दर्ज हत्या के मुकदमे में पुलिस को अहम सुराग हाथ लग गए है।पुलिस जल्द जी घटना का खुलासा कर सकती है।पुलिस ने हत्या में नामजद अभियुक्त की तरफसे मृतक के भाई को गाली धमकी देने के प्रकरण में 7 लोगों के विरुद्ध कोतवाली टाण्डा पुलिस ने एक मुकदमा भी पंजीकृत किया है। टाण्डा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पुनथर के पास संजय वर्मा पुत्र विजय बहादुर वर्मा निवासी ग्राम बरवा नासिरपुर थाना अकबरपुर की लाश मिली थी और जेब में ही मृतक की पल्सर मोटरसाइकिल भी पड़ी थी पुलिस उसे पुलिस प्रथम दृष्टया सड़क दुर्घटना मान रही थी। विजय बहादुर निवासी बलुआ बहादुर पुर के विरुद्ध धारा 302,201 आई पी सी के तहत मुकदमा पंजीकृत कर लिया और विवेचना शुरू कर दी मंगलवार को मृतक संजय वर्मा के भाई प्रभात पटेल पुत्र विजय बहादुर निवासी बरवा नासिरपुर थाना अकबरपुर को कहीं जाते समय कोतवाली टाण्डा क्षेत्र के धर्म नगर फ्लाई ओवर के पास 7 लोगों ने रोक कर गाली देते हुए कहा कि तुम लोगों ने जो मुकदमा कोतवाली टाण्डा में प्रवीण के विरुद्ध दर्ज कराया है। मुकदमा वापस ले लो नही तो तुम्हे भी जैसे संजय वर्मा की हत्या हुई है वैसे ही तुम लोगों को जान से मारकर खत्म कर कोतवाली पुलिस ने इस मामले में अजीत कुमार वर्मा पुत्र मदन मोहन निवासी अमियां वाभन पुर थाना बसखारी, अनुपम वर्मा पुत्र त्रिलोकी नाथ निवासी ग्राम भरहु पुर थाना सम्मनपुर, विजय बहादुर वर्मा पुत्र राम आसरे निवासी ग्राम बलुआ बहादुरपुर थाना सम्मनपुर ,राम निवासी ग्राम सेमरा नसीरपुर थाना हंसवर ,संतोष कुमार पुत्र स्वामी नाथ निवासी ग्राम महमूदपुर थासने धारा 143,504,506 आई पी सी के तहत मुकदमा पंजीकृत कर कुछ लोगों को पूछताछ हेतु अपनी हिरासत में ले लिया है।

# हिंदी में कार्य करना संवैधानिक दायित्वः डीआरएम

● प्रयागराज के मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में भारतीय संविधान में राजभाषा के सम्बन्ध में व्यवस्था व भारत सरकार की राजभाषा नीति पर कार्यशाला आयोजित


बैठक करते डीआरएम मोहित चंद्रा।

**प्रयागराज।** सरकारी कामकाज में राजभाषा हिंदी का प्रयोग बढ़ाने एवं कामकाज का बेहतर महौल बनाने के उद्देश्य से बुधवार को प्रयागराज मंडल के संकल्प सभागार में मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय में मंडल रेल प्रबंधक मोहित चंद्रा की अध्यक्षता में कार्यशाला का आयोजन किया गया। भारतीय संविधान में राजभाषा के सम्बन्ध में व्यवस्था एवं भारत सरकार कि राजभाषा नीति पर कार्यशाला हुई। प्रयागराज मंडल के कार्यालय में सभी शाखा अधिकारियों ने भाग लिया। कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए मंडल रेल प्रबंधक मोहित चंद्रा ने कहा कि राजभाषा हिंदी में कार्य करना हमारा संवैधानिक दायित्व है राजभाषा हिंदी में काम करने के लिए हमारे संविधान में व्यवस्था कर दी गयी है और इसके आधार पर राजभाषा नियम बनाए गए हैं और भारत सरकार कि राजभाषा नीति का आधार भी हमारा संविधान है। कार्यशाला का संचालन करते हुए राजभाषा अधिकारी शेषनाग पुष्कर ने कहा कि भारत सरकार की राजभाषा नीति अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर थोपना नहीं है बल्कि ऐसा वातावरण पैदा करना है। जिससे राजभाषा हिंदी से अधिकारी एवं कर्मचारी भावनात्मक रूप से जुड़ें। सरकारी कामकाजों में राजभाषा हिंदी का प्रयोग बढ़े। उन्होंने कहा कि जिस काम से व्यक्ति कि भावना जुड़ी होती है अपनेपन कि भावना होती है। सहयोग कि भावना होती है। ऐसे काम में आनंद आता है और कार्य बेहतर होता है। यदि रेल कर्मी राजभाषा के साथ साथ रेल परिचालन से भी भावनात्मक रूप से जुड़े तो राजभाषा हिंदी प्रगति के साथ साथ रेल परिचालन भी बेहतर तरीके से होगा और रेलवे में बेहतर वातावरण का निर्माण होगा।

## 5 दिन में भी नहीं हुआ महिला की हत्या का खुलासा

**मिल्कीपुर अयोध्या।** इनायतनगर थाना क्षेत्र के बारुन चौकी अंतर्गत रजऊपुर गांव में 60 वर्षीय वृद्ध महिला की निर्मम हत्या के मामले में घटना के 5 दिन बीत जाने के बावजूद भी इनायत नगर पुलिस हत्या का खुलासा नहीं कर सकी है। हालांकि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आ जाने के बाद महिला की मौत का कारण सिर में लगी घातक चोटों के चलते होना उजागर हो चुका है। बताते चलें कि रजऊपुर गांव निवासी 60 वर्षीय वृद्ध महिला विमला देवी पत्नी स्वर्गीय रामचंदर बारुन चौराहे पर सब्जी की दुकान लगाती थी। वह रजऊपुर स्थित अपने मकान में रात को अकेले सोती थी। बीते शनिवार की सुबह करीब 10 बजे जब महिला के घर का दरवाजा नहीं खुला तो उसके बड़े बेटे अजय जायसवाल ने अपनी मां को आवाज लगाई थी। परंतु कोई उत्तर न मिलने पर भाई के लड़के को छत के सहारे घर में भेजा तो उसे अपनी दादी विमला देवी का शव खून से लथपथ मिला था।मृतक महिला के सिर में गंभीर चोटें आई थीं।

# किन्नर बोर्ड की सदस्य कौशल्यानंद का आगमन

● जगह जगह होगा भव्य स्वागत और अभिनन्दन


वैष्णवीनंद गिरी

**प्रयागराज।** किन्नर अखाड़ा की प्रदेश अध्यक्ष स्वामी कौशल्यानंद गिरि किन्नर कल्याण बोर्ड की सदस्य बनने के बाद पहली बार गुरुवार की शाम चार बजे प्रयागराज आएंगी। महामण्डलेश्वर कौशल्या नंद गिरी टीना माँ के किन्नर कल्याण बोर्ड का सदस्य चुने जाने पर प्रथम नगर आगमन पर किन्नर भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारियों और सदस्यों द्वारा उनका भव्य स्वागत झूँसी स्थितसरदार पटेल संस्थान पर किया जायेगा। जुलूस गाजे बाजे के साथ पैदल मार्च करते हुए अलोपीबाग से सिविल लाइंस होते हुए बैरहना में प्रवेश करेगा। फूल माला से उनका स्वागत किया जायेगा। झूंसी से सोहबतिया बाग और बैरहना में स्वामी कौशल्यानंद गिरि का भव्य स्वागत शानदार आतिशबाजी से करेंगे।

### वैष्णवीनंद गिरी बनीं सदस्य

**प्रयागराज।** जिला स्तरीय किन्नर कल्याण बोर्ड प्रयागराज की सदस्य किन्नर अखाड़ा की महंत वैष्णवी नंद गिरी को मनोनीत किया गया है। वह एक सामाजिक सहृदय और शिक्षित हैं। वह हिंदी अंग्रेजी और संस्कृत भाषा की शिक्षाविद हैं। किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर स्वामी कल्याणीनंद गिरि ने वैष्णवी नंद गिरी को सदस्य बनाए जाने का स्वागत करते हुए बधाई दी। जिला स्तरीय किन्नर कल्याण बोर्ड की पहली बैठक विकास भवन में संपन्न हुई। जिसमें किन्नर कल्याण बोर्ड की सदस्य वैष्णवीनंद गिरि ने सभी किन्नरों का मतदाता कार्ड आधार कार्ड बनाए जाने एवं उनको सभी योजनाओं का लाभ दिए जाने की सरकार और स्थानीय प्रशासन के अधिकारियों से मांग की है।

### मतदाता जागरूकता पर संगोष्ठी आज

**प्रयागराज।** मतदाताओं को जागरूक करने के लिए आर्य कन्या इंटर कॉलेज के सभागार में गुरुवार की दोपहर 12 बजे से मतदाता जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया है। जिसके मुख्य अतिथि किन्नर अखाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी कल्याणीनंद गिरी है जबकि विशिष्ट अतिथि जिला स्तरीय किन्नर कल्याण बोर्ड की सदस्य वैष्णवीनंद गिरी हैं। संगोष्ठी की अध्यक्षता आर्य कन्या शास्त्री निकाय के चेयर पर्सन पंकज जायसवाल करेंगे।

## देश के समृद्ध इतिहास में है महत्वपूर्ण भूमिका तरुण

**प्रयागराज।** बीते कुछ वर्षों में अपने लोगों को भारत के सबसे कुशल शासकों और शाही हस्तियों की प्रेरणादायक कहानियां दिखाई। जिनका हमारी ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत पर गहरा प्रभाव रहा है। अपने दर्शकों को जोधा अकबर और झांसी की रानी की यात्राओं से रूबरू कराने के बाद ज़ी टीवी ने हाल ही में साल 2021 का सबसे ऐतिहासिक महाधारावाहिक शुरू किया है। जिसमें मराठा साम्राज्य की सबसे प्रतिष्ठित महिलाओं में से एक काशीबाई बाजीराव बल्लाळ की अनकही कहानी दिखाई जा रही है। हाल ही जी टीवी के इस शो का प्रीमियर हुआ। जिसने दर्शकों का दिल जीत लिया है। हालांकि इस शो में एक किरदार ऐसा है। जिसने दर्शकों का ध्यान अपनी ओर खींचा है। वो कोई और नहीं बल्कि पॉपुलर एक्टर तरुण खन्ना द्वारा निभाया जा रहा बालाजी विश्वनाथ का किरदार है। इस शो में तरुण बाजीराव के पिता बालाजी विश्वनाथ बल्लाळ का रोल निभा रहे हैं।

# घरेलू सहायक

## सरकार की मदद

**घरेलू** सहायकों की आमदनी बहुत कम होती है तथा उनको कोई सामाजिक संरक्षण नहीं मिलता है, पर असली समस्या व्यवहार संबंधी है। क्या हम जानते हैं कि भारत में कितने घरेलू सहायक हैं? क्या उनको कानूनों का संरक्षण प्राप्त है? क्या उनको अच्छा वेतन, अवकाश व बीमारी में छुट्टी मिलती है? इन सवालों का जवाब नहीं है। वे अकुशल, असंगठित व अनौपचारिक कार्यबल पिरामिड में सबसे नीचे हैं। वे लाखों घरों को स्वच्छ और सूखा रखते हैं, पर अपने मालिकों के साथ एक ही मेज पर बैठने के उनके कोई सामाजिक अधिकार नहीं हैं। वे मालिकों की दया पर निर्भर हैं, उनका मजाक उड़ाया जाता है, उत्पीड़न होता है, पिटाई होती है, उनको भूखा रखा जाता है, छोटी सी गलती पर वेतन काटा जाता है, दिव्यांग बना दिया जाता है, बलात्कार का शिकार बनाया जाता है तथा कभी-कभी हत्या तक की जाती है। अंततः केंद्र सरकार ने एक सेवायोजन नीति बना कर घरेलू सहायकों की सहायता का निर्णय किया है। सोमवार को उसने घरेलू सहायकों का एक अखिल भारतीय सर्वेक्षण शुरू किया ताकि उनकी संख्या, उनकी जीवन व नौकरी की स्थितियों तथा सामाजिक-जनसंख्यात्मक चरित्र का पता लगाया जा सके। हालांकि, यह राष्ट्रीय स्तर पर किया जाने वाला पहला आधिकारिक प्रयास है, पर कुछ एनजीओ सालों से इन सहायकों की स्थिति बेहतर बनाने के प्रयास कर रहे थे। वर्तमान समय में सारे कार्यक्रम और योजनायें उनके द्वारा एकत्र आंकड़ों पर आधारित हैं। यह एक मोटा



अनुमान है कि घरेलू सहायकों की संख्या 5 मिलियन से कम है जिसमें 3 मिलियन से अधिक महिलायें हैं। वे अपने मालिकों के घरों में अंधकारमय जीवन जीते हैं। उनको कामगार के रूप में स्वीकार नहीं किया जाता है। उनका वेतन अन्य क्षेत्रों की तुलना में एक तिहाई होता है। उनको कोई सामाजिक संरक्षण या बेहतर कार्यस्थितियां नहीं मिलती हैं। उनमें से लगभग आधे गरीब राज्यों के प्रवासी हैं तथा देश की सर्वाधिक भेदभाव से ग्रस्त जनसंख्या का हिस्सा हैं। उनका संबंध वंचित जातियों व आदिवासी अल्पसंख्यकों से है तथा आमतौर से वे भूमिहीन व अशिक्षित होते हैं। राज्य से कोई संरक्षण न मिलने के कारण वे अपनी सहायता के लिए एनजीओ की ओर देखते हैं। हालांकि, शहरों में उनमें से अनेक ने स्वयं को अनौपचारिक समूहों के रूप में संगठित किया है और वे ट्रेड यूनियनों से जुड़ गए हैं। इससे उनका वेतन बेहतर हुआ है, कल्याणकारी अधिकार मिले हैं तथा बच्चों के लिए शैक्षिक सहायता मिली है।

वर्तमान समय में केवल दो कानून-असंगठित श्रम सामाजिक सुरक्षा कानून, 2008 तथा कार्यस्थल पर महिला उत्पीड़न सुरक्षा, निषेध व समाधान कानून, 2013 घरेलू सहायकों को 'श्रमिक' का दर्जा देते हैं। लेकिन उनको किसी विधिक ढांचे में सहायता नहीं मिल पाती है। उनको हाल ही में स्वीकृत सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 में भी स्थान नहीं मिला है। एक समय संसद में घरेलू कामगार कल्याण व सामाजिक सुरक्षा विधेयक लाने का प्रयास हुआ था। कुछ राज्यों ने उनके लिए न्यूनतम वेतन, काम के निश्चित घंटे, छुट्टियों, सामाजिक सुरक्षा तथा मातृत्व लाभ देने का प्रयास किया, पर उनके अधिकारों को संरक्षण देने वाला कोई कानून नहीं है। राष्ट्रीय सर्वेक्षण के बाद फौरन ऐसा कानून बनाया जाना चाहिए। इससे भी ज्यादा ऐसी व्यवस्था बनाना है जो कानून का क्रियान्वयन करे। लेकिन राज्य से ज्यादा जनता की जिम्मेदारी है कि वह घरेलू सहायकों का उत्पीड़न बंद करे तथा उनको गरिमापूर्ण जीवन जीने में सहायता करे। निसंदेह उनको संगठित कार्यबल का हिस्सा बनाया जाना चाहिए, पर उनके सामने असली समस्या व्यवहार संबंधी है। क्या मालिक उनके प्रति अपना व्यवहार बदलेंगे?

# कृषि कानून वापसी के नतीजे

वास्तव में किसी राजनीतिक पार्टी को कृषि कानूनों की वापसी का कोई चुनावी लाभ नहीं मिलेगा क्योंकि कोई इनके पक्ष में नहीं था।



**अमिताभ शुक्ला**
(लेखक चंडीगढ़ दि पायनियर के स्थानीय संपादक हैं)



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने तीन कानूनों को वापस लेने की घोषणा की जिनको भाजपा को छोड़ कर पंजाब की सभी राजनीतिक दलों ने 'काला कानून' कहा था। लेकिन इसका चुनावी राज्य की जमीनी नीतियों पर बड़ा प्रभाव नहीं पड़ेगा, भले ही इससे कांग्रेस, शिरोमणि अकाली दल व आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं में उत्साह की भावना है जो पिछले एक साल से अधिक समय से इनका विरोध कर रहे थे। इसका कारण समझना आसान है। सिख बहुल राज्य में भाजपा का कोई गठबंधन सहयोगी नहीं है, हालांकि हटाए गए मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने कुछ सकारात्मक संकेत जरूर दिए हैं, लेकिन राज्य के ज्यादातर हिस्सों में उनकी उपस्थिति नगण्य या बहुत कम है। हालांकि, कानून वापसी की घोषणा से भाजपा को इस दृष्टिकोण से लाभ मिलेगा कि अब उसके नेताओं का राजनीतिक बहिष्कार समाप्त हो जाएगा और उनको चुनाव में प्रचार अभियान चलाने में सहायता मिलेगी। पंजाब में इस घोषणा को पश्चिमी उत्तर प्रदेश के लिए चुनाव-पूर्व राहत की तरह देखा जा रहा है जहां भाजपा तीन कानूनों के खिलाफ उभरते किसान आंदोलन का मुकाबला कर रही थी। एक वरिष्ठ नेता ने संक्षेप में कहा कि यह मोदी द्वारा पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के उद्घाटन जैसी चीज है। इस एक्सप्रेसवे से भाजपा को पूर्वी उत्तर प्रदेश में वोट मिलेंगे और कानूनों की वापसी से पश्चिम उत्तर प्रदेश में पार्टी को राहत मिलेगी जहां वह कठोर संघर्ष का सामना कर रही थी।

भाजपा पिछले लगभग पच्चीस साल से पंजाब में शिरोमणि अकाली दल-एसएडी के साथ मिल कर चुनाव लड़ रही थी। इसे एक हिंदू-सिख चुनावी गठबंधन माना जाता था और इस समीकरण ने भाजपा को शहरी क्षेत्रों में अपनी स्थिति मजबूत करने का अवसर दिया था जहां हिंदुओं की संख्या काफी है। लेकिन कानूनों के मुद्दे पर एसएडी का भाजपा से गठबंधन टूटने तथा उसकी मंत्री हरसिमरत कौर बादल के मोदी कैबिनेट से बाहर जाने के बाद यह समीकरण संकट में पड़ गया था। लेकिन कानून वापसी के बाद भी एसएडी अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल ने भाजपा के प्रति नरमी नहीं दिखाई है। वास्तव में एसएडी ने बहुजन समाज पार्टी के साथ गठबंधन कर दलित वोटबैंक में सेंध लगाने का प्रयास किया है जो चरणजीत सिंह चन्नी के मुख्यमंत्री बनाए जाने के बाद कांग्रेस की ओर खिसक रहा था। लेकिन कानून की वापसी से पंजाब की राजनीति पर असर नहीं होगा जो पहले की तरह भावनात्मक बदलाव के कारण अनुमान से परे है। उदाहरणार्थ, तमाम नाटक के बावजूद हमेशा यह उम्मीद थी कि नवजोत सिंह सिद्धू पंजाब कांग्रेस अध्यक्ष पद से अपना इस्तीफा वापस ले लेंगे। वास्तव में ऐसा ही हुआ।

वास्तव में इस्तीफा देने के बाद उनके आक्रामक राजनीतिक व्यवहार को बदलने का कोई खास प्रयास नहीं हुआ जो अपनी ही पार्टी के राजनेताओं के साथ दृष्टिकोण में समन्वय के बजाय टकराव का अधिक है। अब स्पष्ट है कि इस्तीफे के साथ सिद्धू का तर्क निश्चित रूप से इस चुनावी राज्य में अपनी कट्टरपंथी पंथी-धार्मिक राजनीति का प्रतीक खड़ा करना था। पिछले वर्षों में कट्टरपंथी अकालियों ने यही रास्ता अपनाया था तथा धर्म के साथ राजनीति को मिलाने का प्रयास किया था। 1984 के पहले कांग्रेस पार्टी के एक हिस्से ने यही काम करते हुए खतरनाक रूप से अकालियों से मुकाबले के लिए अतिवादी नेताओं से संबंध बढ़ाए थे।

लेकिन अब अकालियों ने भी पिछले वर्षों में नरम दृष्टिकोण अपनाया है और वे धर्म तथा पंथ या समुदाय के खतरे में होने की बात करने के बजाय बेरोजगारी, संकट, किसानों के विरोध प्रदर्शन, ग्रामीण क्षेत्रों में घटती आय, आदि प्रमुख मुद्दों की बात कर रहे हैं। एक वरिष्ठ कांग्रेसी नेता ने केवल धार्मिक मुद्दों के प्रति राज्य कांग्रेस अध्यक्ष के लगाव को देखते हुए कहा, 'सिद्धू की ओर देखें, वे एक दिशाहीन मिसाइल हो गए हैं और यह नहीं सोच पा रहे हैं कि जमीन पर उनको समर्थन मिल रहा है अथवा नहीं।' सिद्धू को सबसे बड़ा झटका मुख्यमंत्री की कुर्सी जाने से लगा जिस पर लंबे समय से उनकी नजर थी और जिसके लिए वे अपने धुर विरोधी अमरिंदर सिंह को पद से हटाने में सफल हुए थे।

मुख्यमंत्री चन्नी खामोशी से पूरा तमाशा देख रहे हैं और ताजा हवा की तलाश में उनका यह दृष्टिकोण ठीक भी लगता है। राज्य में पिछले दो दशकों में मुख्यमंत्री रहे कभी न मुस्कराने तथा कठोर मुखमुद्रा वाले प्रकाश सिंह बादल तथा तटस्थ दृष्टिकोण अपनाने वाले अमरिंदर सिंह की तुलना में यह एकदम अलग है। चन्नी के पास समय बहुत कम है और वे कमसे कम कांग्रेस को उस दौड़ में अंत तक ले जाने में सक्षम हुए हैं जिसमें एसएडी व आप से कड़ा मुकाबला है। चन्नी कहते हैं कि यह 'आम आदमी की, आम आदमी के लिए और आम आदमी द्वारा संचालित सरकार है।' यह चुनाव अभियान में कांग्रेस का प्रमुख नारा बन सकता है।

अमरिंदर सिंह ने अपनी नई पार्टी पंजाब लोक कांग्रेस शुरू की है, पर वे अभी इसे पूरी गति नहीं दे पाए हैं और इसमें कोई शामिल नहीं हुआ है। इसमें अभी वे लोग भी नहीं आए हैं जो सालों से उनके सहयोगी थे। अपने सीमित आकर्षण को देखते हुए अमरिंदर सिंह भी अपने फार्महाउस से निकल कर कहीं नहीं गए हैं, जबकि सभी राजनीतिक पार्टियां व उनके नेता राज्य का दौरा करने, उम्मीदवारों की सूची को अंतिम रूप देने तथा चुनावी रणनीति बनाने में व्यस्त हैं। पटियाला के पूर्व महाराजा भाजपा को संकेत दे रहे हैं। उनको शायद उम्मीद थी कि मोदी द्वारा तीन कानून वापस लेने के पहले उनको विश्वास में लिया जाएगा। वास्तव में भाजपा ने पंजाब की सभी 117 सीटों पर उतरने का फैसला किया है और संभवतः अमरिंदर सिंह को उन विद्रोही कांग्रेस उम्मीदवारों को मैदान में उतारने का मौका मिलेगा जो अंतिम समय में टिकट से वंचित हो जाएंगे।

अपने अनेक विधायकों के कांग्रेस के साथ जाने के कारण आप को भी नुकसान हुआ है और पिछले पांच साल में पार्टी का प्रदर्शन खराब रहा है। अब मूल पार्टी का बहुत कम हिस्सा उसके पास बचा है। 2017 में यह 20 विधायकों वाली प्रमुख विपक्षी पार्टी थी, पर अब इसके लगभग आधे विधायक चले गए हैं। उन्होंने इस्तीफा दिया है, उनको हटाया गया है तथा वे विद्रोही अथवा असंबद्ध हो गए हैं। इससे आप विधानसभा में खामोशी से तीसरे स्थान पर पहुंच गई। इसके बावजूद सडकों पर लड़ने की भावना, मुख्य पार्टियों के सभी हाशियाकृत तबकों के साथ मेलजोल बढ़ाने, तथा राजनीति में नयापन लाने के कारण यह पंजाब में एक समूह की पसंद बनी हुई है। हालांकि, आम आदमी पार्टी ने मुख्यमंत्री पद के लिए कोई चेहरा सामने नहीं रखा है और उसके पास नेता के रूप में पेश करने के लिए भी कोई एक चेहरा नहीं है।

तीन कानूनों की वापसी राज्य में राजनीतिक विमर्श में प्रमुखता प्राप्त करेगी क्योंकि सभी राजनीतिक पार्टी इसका श्रेय लेना चाहती हैं। लेकिन अभियान के दौरान वास्तव में कोई राजनीतिक पार्टी इसका चुनावी लाभ लेने की स्थिति में नहीं होगी क्योंकि यह एक तथ्य है कि किसी ने इसका समर्थन नहीं किया था। कानूनों का समर्थन करने वाली एकमात्र पार्टी भाजपा का राज्य में कोई खास महत्व नहीं है। हालांकि, भाजपा की केन्द्र सरकार ने करतारपुर गलियारा खोल कर सही कदम उठाया है। इसके साथ ही पंजाब में सीमा सुरक्षा बल का क्षेत्राधिकार अंतरराष्ट्रीय सीमा से 50 किलोमीटर तक विस्तारित करने का मुद्दा भी महत्वपूर्ण है, जबकि भाजपा के अलावा अन्य पार्टियां इसे देश के संघीय चरित्र का उल्लंघन मानती हैं। चूंकि कानूनों की तरह सभी राजनीतिक पार्टियां इसके भी खिलाफ थीं, इसलिए भाजपा नीत केंद्र सरकार के खिलाफ विरोध एक और रूप ले रहा है।

# कृषि कानून वापसी और जीत की राजनीति

> विपक्ष की प्रतिक्रिया दिलचस्प है। कांग्रेस राहुल गांधी को लेकर छाती पीट रही है, जिन्होंने भविष्यवाणी की थी कि मोदी कानूनों को निरस्त कर देंगे

**कल्याणी शंकर**
(लेखिका राजनीतिक टिप्पणीकार हैं)



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी झुकने के लिए नहीं जाने जाते हैं। हालांकि, राजनीतिक मजबूरियों ने उन्हें पिछले हफ्ते तीन विवादित कृषि कानूनों को वापस लेने पर मजबूर कर दिया। उन्होंने महसूस किया है कि जब भी राजनीतिक विरोध और जन आंदोलन एक साथ आते हैं, तो यह राजनीति को प्रभावित करता है। एक चतुर राजनेता के रूप में, उन्होंने पीछे हटने का विकल्प चुना। शुक्रवार को अपने राष्ट्रीय टेलीविजन संबोधन में उन्होंने माफी मांगी : "आज, मैं अपने देशवासियों से क्षमा मांगता हूं और शुद्ध हृदय और ईमानदार मन से कहता हूं कि शायद कुछ कमी थी।" मोदी ने हड़ताली किसानों, अपने भक्तों और अपने विरोधियों को भी चौंका दिया। उन्होंने एक झटके में आगामी संसद सत्र और विधानसभा चुनावों में विपक्ष से हमले के केंद्रीय मुद्दे को सात राज्यों में ले लिया था। मोदी के अनुयायी उनके विरोधियों से ज्यादा भ्रमित थे। वे कृषि कानूनों का इतने उत्साह के साथ बचाव कर रहे थे कि उनके नीचे चढ़ने से उन्हें विश्वासघात का अहसास हुआ। लेकिन मोदी जानते हैं कि वह क्या कर रहे हैं, भले ही ऐसा लगता है कि निरसन उनकी छवि की कीमत पर है।

रोलबैक ने उसे ख्याति और ईंट-पत्थर जीत लिया है। भारत और विदेशों में सुधार समर्थक लॉबी मोदी के ऊपर चढ़ने से स्तब्ध है क्योंकि उन्हें आशंका है कि यह सुधार प्रक्रिया को रोक देगा, जिससे नई तकनीक और निवेश आएगा। वे मोदी पर भरोसा कर रहे थे कि वह सुधार की पहल करेंगे, खासकर श्रम और कृषि में। किसान-समर्थक लॉबी उन किसानों की जीत से खुश है, जिन्होंने एक साल तक ठंड और गर्मी के साथ-साथ कोविड -19 का भी विरोध किया। विपक्ष को भी लगता है कि किसानों को उनके समर्थन का दिन जीत गया है। संयोग से, रोलबैक के परिणामस्वरूप चुनावी रणनीति में बदलाव हो सकता है-भाजपा और विपक्ष दोनों के लिए।



भाजपा मणिपुर, गोवा, उत्तर प्रदेश, पंजाब, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और गुजरात में शासन कर रही है और कांग्रेस केवल पंजाब में शासन कर रही है। बीजेपी के लिए यूपी में जीत बेहद जरूरी है. पार्टी इस बात से खुश है कि विपक्ष एकजुट नहीं है और उसने अभियान को तेज करना और पार्टी मशीनरी को सक्रिय करना शुरू कर दिया है। भाजपा के पास पर्याप्त धन और बाहुबल है और साथ ही एक अच्छी तरह से तेल वाली पार्टी मशीनरी भी है। विपक्ष की प्रतिक्रिया दिलचस्प है। कांग्रेस राहुल गांधी के उस विजन को लेकर अपना सीना पीट रही है, जिसने भविष्यवाणी की थी कि मोदी कृषि कानूनों को निरस्त कर देंगे। लेकिन एक मजबूत संगठन के बिना चुनावी राज्यों में जीतना मुश्किल है। मसलन, कांग्रेस इस समय यूपी में चौथे नंबर पर है. यह केवल अपनी स्थिति में सुधार कर सकता है और राज्य को नहीं जीत सकता। समाजवादी पार्टी किसान आंदोलन को केंद्रीय चुनावी मुद्दा बनाने की उम्मीद कर रही थी। पार्टी जाटों द्वारा समर्थित राष्ट्रीय लोक दल के साथ गठबंधन करने के लिए भी तैयार हो रही है। अब उसे अपनी चुनावी रणनीति पर फिर से काम करना होगा। विभाजित विपक्ष के परिणामस्वरूप त्रिशंकु विधानसभा हो सकती है। कांग्रेस पंजाब को आसानी से जीत सकती थी, लेकिन गांधी भाई-बहनों ने पिछले महीने कैप्टन अमरेंद्र सिंह से छुटकारा पाकर इसे बिगाड़ दिया है. कैप्टन ने अपनी पार्टी बना ली है और बीजेपी के साथ गठबंधन की तैयारी कर रहे हैं। वह चुनाव नहीं जीत सकते, लेकिन वह कांग्रेस को नुकसान पहुंचा सकते हैं। आम आदमी पार्टी का उभार भी चिंता का विषय है।

उत्तराखंड का उधम सिंह नगर जिला, जहां बड़ी संख्या में सिख किसान रहते हैं, आंदोलन का एक अनिवार्य केंद्र था। राज्य में मुख्यमंत्री पद का मजबूत चेहरा भी नहीं है। अब तक कांग्रेस और भाजपा बारी-बारी से शासन करती रही हैं।

हिमाचल प्रदेश में हाल के उपचुनावों में मिली जीत से कांग्रेस उत्साहित है। हाल के उपचुनावों में बीजेपी को पूरी तरह पराजय का सामना करना पड़ा था. इसमें एक मजबूत मुख्यमंत्री का भी अभाव है।गोवा तृणमूल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी जैसी बाहरी पार्टियों को आकर्षित कर रहा है। हालांकि कांग्रेस 2017 में नंबर एक पार्टी के रूप में उभरी, लेकिन भाजपा ने गठबंधन बनाकर राज्य को छीन लिया। मणिपुर में भी यही हुआ और कांग्रेस हार गई। प्रधान मंत्री और गृह मंत्री अमित शाह दोनों के गृह राज्य गुजरात में पहले ही मुख्यमंत्री का बदलाव देखा जा चुका है। फिर भी, उसके पास एक ठोस मुख्यमंत्री पद का चेहरा नहीं है। यही हाल कांग्रेस का है। लड़ाई कड़ी होगी। किसान की समस्या अभी भी थमी नहीं है। किसान संघों ने अपना आंदोलन जारी रखने का फैसला किया है और न्यूनतम समर्थन मूल्य पर संवैधानिक गारंटी, बिजली कानून को निरस्त करने और लखीमपुर खीरी हत्याकांड के दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। वे इस संघर्ष में मारे गए छह सौ विषम किसानों के लिए मुआवजे की भी मांग करते हैं। क्या इन सभी मुद्दों पर सरकार झुकेगी? हमें इंतजार करना होगा और देखना होगा।

## आप की बात

### देश के वीरों का सम्मान

राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने राष्ट्रपति भवन में एक समारोह में ग्रुप कैप्टन अभिनंदन वर्धमान को वीर चक्र से सम्मानित किया। देश के लिए शहीद हुए अन्य जवानों को भी मरणोपरांत कीर्ति चक्र, वीर चक्र, महावीर चक्र, शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया। अभिनंदन द्वारा दिखाई गई बहादुरी अद्वितीय है। निश्चित रूप से देश के हर नागरिक को इस पर गर्व है। देश के लिए लड़ रहे ऐसे वीरों की वीरता खासकर हर छात्र तक पहुंचनी चाहिए। क्योंकि ये देश का भविष्य हैं। साहसिक सैनिकों की कहानियाँ छात्रों तक पहुंचती रहनी चाहिए। इस कारण देश की रक्षा के लिए कैसे आगे आए? सोच कैसी रखे यह उन्हें स्कूल स्तर से ही पता चलेगा। वे देश के रक्षा बलों पर भी मोहित होंगे। यह कैसे काम करते है? और इसमें शामिल होने के लिए क्या आवश्यक है? इसकी तैयारी करके मैं रक्षा बलों में ही करियर बनाना चाहता हूं। छात्रों का यह विचार स्कूल से ही पक्का हो जाएगा। करियर के अलग-अलग रास्ते हैं। लेकिन रक्षा बलों में करियर को समाज में एक विशेष महत्व है। यहां सेवा करने वाले व्यक्ति के प्रति समाज का रवैया किसी भी अन्य करियर क्षेत्र की तुलना में बहादुर व्यक्ति ऐसा है।

– **जयेश राणे**, मुंबई

### क्यों जारी है आंदोलन?

**राकेश** टिकैत का बयान उनकी राजनीतिक मंशा को उजागर करता है और सरकार की सदाशयता को सरकार की कमजोरी समझने की भूल कर रहे हैंऔर अपनी राजनीति चमकाने के लिए अब भी किसानों को उकसाना चाह रहे हैं अब वक्त आ गया है कि किसान श्याम अपने देश का उपयोग करके तीनों के सिविल वापस लेनी जाने के बाद अपने अपने काम धंधे में लग जाएं सरकार कोई उनकी दुश्मन नहीं है इसलिए उस पर भरोसा रखें यह आंदोलन मुख्य रूप से तीनों कृषि बिल पास किए जाने के बाद और उसके विरोध में ही शुरू हुआ था। इन्हें बिना शर्त वापस लेना ही इस आंदोलन की मुख्य मांग थी, जो पूरी हो चुकी है। अब इनमें अन्य मांगों को जोड़ने का सीधा मतलब यही है कि संयुक्त किसान मोर्चा को लग रहा है कि सरकार दबाव में आ गई है, सो उससे जितना हो सके अपनी मांगें मनवा ली जाएं। यह नजरिया उचित नहीं है। इन मांगों के साथ समाज के उन हिस्सों के हित जुड़े हुए हैं, जो अपनी मांगों के साथ सड़क पर नहीं उतरे हैं और यह विश्वास बनाए हुए हैं कि उनके वोटों से निर्वाचित सरकार उनके हितों का भी ख्याल रखेगी। सिलसिला अभी चलता रहा तो एक के बाद एक मांगे बढ़ती जाएंगी।

– **सुभाष बुड़ावनवाला**, रतलाम

### कड़ी चेतावनी

**उत्तर** प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सखत रुख अपनाते हुए उन सभी को कड़ी चेतावनी दे डाली है जो लखनऊ में सीएए एवं एनआरसी के नाम पर धरना प्रदर्शन करने वाले हैं, एवं शाहीन बाग बनाने वाले हैं। इस बार ऐसी कोई भी साजिश कामयाब नहीं होने दी जाएगी। वे अब की बार सावधान रहें उन्हें इस बार अब कोई मौका नहीं दिया जाएगा। हम भी उनके इस बयान का स्वागत करते हैं। पिछली बार दिल्ली के शाहीन बाग को आज तक पूरा भारत नहीं भुला पाया है जब बिना वजह से एक लंबे समय तक शाहीन बाग को चलाया गया था जबकि भारतीय अल्पसंख्यकों का इस कानून से कोई भी मतलब नहीं है, कोई भी लेना देना नहीं है। सीएए- एनआरसी विदेश में रहने वाले अल्पसंख्यकों के लिए लाया गया कानून है। अतः हम सहमत हैं कि अब दिल्ली जैसा शाहीन बाग लखनऊ तो क्या पूरे देश में कहीं भी कायम नहीं होना चाहिए पिछली बार इस शाहीन बाग के कारण देश को काफी नुकसान उठाना पड़ा था।

– **मनमोहन राजावत,** शाजापुर

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**हालांकि** कांग्रेस और माकपा दोनों ने त्रिपुरा पर शासन किया है, लेकिन उनमें भाजपा को हराने की क्षमता नहीं है।

– **अभिषेक बनर्जी**
तृणमूल कांग्रेस महासचिव

**जलवायु** परिवर्तन के मामले में हम कदम पीछे नहीं हटा सकते और वहां पर स्थिर बने भी नहीं रह सकते जहां पर हैं।

– **बराक ओबामा**
पूर्व अमेरिकी राष्ट्रपति





**बसपा** चुपचाप काम करने और कम बोलने में विश्वास रखती है, इसलिए हमारी पार्टी दूसरों की तरह घोषणापत्र जारी नहीं करती है।

– **मायावती**
बसपा सुप्रीमो

मामला गुरू नानक ब्रिक फील्ड नेरीकलां का

# सावधान! मासूमों को नहर किनारे न दें जाने, वरना हो सकती है अनहोनी

- ईंट भट्ठा संचालक ने 15 से 20 फीट खोदवा दिए कुंआंनुमा गहरे गड्ढे

संवाददाता। सीतापुर



**सावधान, अगर** आप निवारी गांव के रहने वाले हैं तो भूलकर भी अपने छोटे-छोटे बच्चों और मवेशियों गांव के बाहर नहर किनारे ग्राम समाज की जमीन पर न जाने दें, क्योंकि एक ईंट भटठा मालिक ने मिटटी के लिए अवैध तरीके खनन किया गया जा रहा है, यही नहीं पंद्रह से बीस फ्टि गहरे कुआंनुमा खोदे गए गडढों से मिटटी निकाली जा रही है, अगर कोई भी मासूम बालक याफ्रि मवेशी उन खोदे गए गडढों में गिर जाए, तो अनहोनी वारदात होने से बच नहीं पाएगा, शिकायत के बाद भी जिम्मेदार चुप्पी साधे है। मामला गुरू नानक ब्रिक फील्ड का है। प्रत्यक्षदर्शी ग्रामीणों की मानें तो गुरु नानक बिक्र फील्ड ईट भट्ठा नेरी कला के संचालक ने निवारी गांव के निकट नहर के किनारे लगभग 15 से 20 फीट गहरा कुआंनुमा गड्ढा खुदवाकर मिटटी निकलवाई गई है। उनका कहना है कि नहर किनारे ग्राम समाज की जमीन पर इतने गहरे गडढे खोदे गए हैं, अगर उसमें कोई भी बच्चा याफ्रि जानवर गिर जाए, तो उसका बचना मुश्किल है। इस मामले में भट्ठा मालिक प्रेम कलवानी का कहना है यह जमीन मेरी है इसमें जो चाहो कर सकता हूं, यह गड्ढा बाद में पटवा दिया जाएगा और वहां पर ईट की पथाई करवाई जाएगी। उधर, खनन अधिकारी संजय प्रसाद बताया मामला संज्ञान में नहीं है। मामले की पहले लेखपाल से जानकारी की जाएगी और यह पता लगाया जाएगा कि किसकी जमीन है, उसके बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# समर्पण और संघर्ष के प्रतीक हैं सलिल सेठ

- आरएसएस, विद्यार्थी परिषद व भाजपा में विभिन्न दायित्वों को बखूबी रहे निभा
- मौजूदा वक्त में सलिल सेठ हैं जिला सहकारी बैंक के कार्यवाहक अध्यक्ष

संवाददाता। सीतापुर



**इनके संघर्ष** और समर्पण से कौन नहीं जानता, हर कोई उनसे वाफ्कि है, क्योंकि इनका लंबे समय से संघर्ष और समर्पण से गहरा नाता रहा है, इसकी बदौलत उन्होंने सियासी बुलंदियां हासिल की, जी हां हम बात कर रहे हैं सीतापुर बिसवां सरावगी टोला के रहने वाले युवा भाजपा नेता सलिल सेठ की, संघर्ष और समर्पण ने इन्हें जिला सहकारी बैंक के कार्यवाहक चेयरमैन के ओहदे पर काबिज कराया, और अब इलाके की जनता और भाजपा कार्यकर्ता इन्हें असेंबली चुनाव में अपना नुमाइंदा चुनकर विधान सभा में भेजना चाहती है, शायद यही वजह है कि अब दफ्ा उन्होंने बिसवां विधान सभा क्षेत्र से चुनावी समर में उतरने का मन बनाया है। बाल्यावस्था में ही सलिल राष्ट्रीय स्वंय सेवक संघ से जुड़ गए थे, इन्होंने बतौर स्वयं सेवक आरएसएस की शाखाओं को स्थानीय स्तर पर मजबूती दिलाने के कार्य में जुटे रहे, फ्रि वो विद्यार्थी परिषद से जुड गए, बिसवां के सरावगी टोला क रहने वाले सलिल सेठ बीएससी, एलएलबी है, एबीवीपी में उन्होंने विभिन्न पदों पर रहकर अपने दायित्वों को बखूबी निभाया, इसके बाद वो वर्ष 2001 में आरएसएस के राजनीतिक अनुशांगिक संगठन भाजपा के युवा मोर्चा से जुड़ गए, भाजयुमो संगठन ने इन्हें जिला महामंत्री की जिम्मेदारी दी, जिसे उन्होंने 2003 तक निर्वहन किया। 2004 से 2006 तक विभाग संयोजक का दायित्व निर्वहन किया, वर्ष 2012 में सलिल भाजपा में जिला महामंत्री बनाए गए, चार बरस तक जिला महामंत्री का ओहदा संभालने के बाद वर्ष 2016 में दोबारा महामंत्री चुने गए, जिसे 2019 तक बखूबी निभाया। इसके अलावा पार्टी में रहते हुए विभिन्न चुनावों में प्रबंधन की भी जिम्मेदारी निभाई, अभी हाल ही में आई दैवीय आपदा में भी उन्होंने इलाके में बढ़चढकर अपनी सक्रिय भूमिका निभाई और गरीबों तक अनाज से लेकर दवा तक मदद पहुंचाने का काम किया।

## क्विक न्यूज

### हत्या करने वाले चार गिरफ्तार

**लखीमपुर-खीरी।** थाना सिंगाही पुलिस एवं स्वाट टीम द्वारा हत्या की घटना का अनावरण करते हुए चार हत्याभियुक्तों बलराम वर्मा पुत्र अवधराम, रंजीत पुत्र जगतराम निवासीगण ग्राम सिंगहा कलां, महेश पुत्र गोवर्धनलाल व प्रेम पति पुत्र विश्राम पासी निवासीगण ग्राम सिंगहाखुर्द थाना सिंगाही खीरी को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों की निशानदेही पर आलाकत्ल एक अवैध तमंचा बरामद किया गया। अवधराम वर्मा पुत्र अशर्फीलाल निवासी सिंगहाकलां थाना सिंगाही जनपद खीरी ने अपनी पत्नी विद्यावती की घर में गोली मारकर हत्या कर दिए जाने की तहरीर दी थी।

### एसडीएम ने पकड़ा अवैध खनन, एक जेसीबी, तीन ट्राली सीज़



**संडीला(हरदोई)।** एसडीएम ने छापा मारकर अवैध रूप से हो रहे खनन पर कड़ी कार्रवाही की और एक जेसीबी तथा तीन ट्रालियों को सीज़ कर दिया। एसडीएम डीपी सिंह ने थाना अतरौली के अंतर्गत ग्राम जगसरा में अवैध खनन की सूचना मिलने पर छापा मारा। उस समय एक जेसीबी खुदाई कर रही थी और तीन ट्रालियां मौके पर थीं। एसडीएम के पूछने पर जेसीबी नं0 यूपी 30बीटी/0975 के चालक दुर्गेश कुमार ने बताया कि वह कुछ समय से जेसीबी द्वारा खनन कर रहा है जबकि ट्रैक्टर चालाकों अमन, कौशल तथा आनंद सिंह ने भी काफी समय से अवैध खनन की बात स्वीकार की। एसडीएम ने तीनों ट्रालियों तथा जेसीबी को पुलिस अभिरक्षा में दे दिया है।

### हक के लिए मशाल जलाएंगे सरकारी कर्मचारी



**सीतापुर ।** पुरानी पेंशन बहाली और बकाया एरियर भुगतान मसले को लेकर 27 नवंबर को सरकारी कर्मचारी मशाल जुलूस निकालेंगे, इस मशाल जुलूस में राज्य के सभी विभागों के कर्मचारी, शिक्षक शामिल होंगे। साथ ही अपनी मांगों को लेकर प्रदेश मुख्यमंत्री को संबोधित मांगपत्र भी जिला प्रशासन को देंगे। कर्मचारी शिक्षक संयुक्त मोर्चा के अध्यक्ष आलोक मिश्रा के अनुसार मोर्चा से संबंद्व सभी संगठनों के कर्मचारियों, शिक्षकों द्वारा 27 नवंबर को मशाल जुलूस निकालेंगे, इस दिन शाम पांच बजे सभी कर्मचारी विकास भवन के समक्ष एकत्र होंगे, तत्पश्चात वहां से कर्मचारी अपनी मशाल के साथ लालबाग चौराहा होते हुए जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचेंगे, जहां पर उनके द्वारा सीएम को संबोधित मांगपत्र सौंपा जाएगा। मशाल जुलूस को लेकर मोर्चा के अध्यक्ष आलोक मिश्रा ने कहा कि 27 नवम्बर को सभी कर्मचारी मांगो को लेकर प्रदर्षन करेगें व मशाल जुलूस निकाल कर भ्रमण करेगें।

### राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने किया प्रदेश व्यापी आंदोलन का ऐलान

**लखीमपुर खीरी।** पुरानी पेंशन व्यवस्था सहित प्रमुख मांगों को लेकर कई बार शासन प्रशासन को मांगपत्र सौंपने के बावजूद कार्यवाही ना होने से नाराज राज्य कर्मचारी संयुक्त परिषद ने 27 नवंबर को प्रदेश व्यापी आंदोलन का ऐलान किया है। यह जानकारी परिषद के अध्यक्ष महंत सिंह व मंत्री परमानंद ने मीडिया से साझा की। परिषद अध्यक्ष महंत सिंह व मंत्री परमानंद ने संयुक्त बयान में बताया कि प्रदेश स्तर पर कई बार शासन द्वारा मांग पूरी किए जाने का आश्वासन दिया गया था। इसके बावजूद पुरानी पेंशन बहाल नहीं की गई। न ही कैशलेश इलाजए फ्रीज डीएए वेतन विसंगति एवं पदनाम परिवर्तन पर ही कोई कार्यवाही की गई। इसलिए परिषद 12 सूत्रीय मांगों को लेकर आगामी 27 नवंबर को प्रदेश स्तरीय आंदोलन करेगा। परिषद इकाई के नेतृत्व में जिले जिले में कर्मचारी अपनी मांगों को लेकर रैली निकालेंगे। मांग पत्र मुख्यमंत्री को भेजा जाएगा। श्री सिंह ने बताया कि 27 नवंबर को स्थानीय विलोबी मेमोरियल हाल में कर्मचारी कोविड-19 के निर्देशों का पालन करते हुए धरना देंगे। इसके बाद जुलूस की शक्ल में कर्मचारी लोहिया भवन चौराहा जिला कोषागार नौरंगाबाद चौराहा वह मुख्य डाकघर होते हुए पुनः धरना स्थल पहुंचेंगे। इसके बाद मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिला स्तरीय अधिकारी को सौंपा जाएगा।

# संत प्रेम भूषण महाराज का लहरपुर विधायक ने किया स्वागत

संवाददाता। लहरपुर सीतापुर



**लहरपुर नगर** में श्री रामलीला मैदान पक्का ताल प्रांगण में श्री राम कथा महोत्सव में शामिल होने जाते समय पूज्य संत प्रेम भूषण महाराज का टोल प्लाजा पर आयोजको ने स्वागत किया। श्री राम कथा महोत्सव आयोजक यजमान विशाल कपूर सहित क्षेत्रीय भाजपा विधायक सुनील वर्मा, ब्लाक प्रमुख उमाशंकर वर्मा पूर्व ब्लाक प्रमुख परमेश्वर भार्गव, हरीश रस्तोगी गोलू, उमेश मेहरोत्रा, राजेश्वर रस्तोगी, मनोज गुप्ता, भगवानदीन त्रिवेदी, प्रमोद बाजपेई, रामलखन वर्मा, अरुण सिंह आचार्य, रमानिकेत सिंह तोमर,रामू वर्मा दिलीप शुक्ला, विजेंद्र शुक्ला बीलू, पंकज यादव, मयंक टंडन, मिंटू गुप्ता, ओमेंद्र वर्मा, कन्हैया गुप्ता, अनुज मेहरोत्रा, मनीष शुक्ला, आशीष शुक्ला, अनिमेष श्रीवास्तव, प्रभात वर्मा, गौरव पुरी, महेंद्र अवस्थी, दीपू पांडेय, अभिनव त्रिवेदी, देशप्रीत सिंह, आकाश सिंह, जगतपाल वर्मा, ओंकार वर्मा आदि मौजूद रहे महाराज के भव्य स्वागत में 1 सैकड़ा से अधिक गाड़ियों का काफ्लिा जब कसरैला चौराहा पहुंचा तो राहुल सिंह के नेतृत्व में उपस्थित हजारों क्षेत्रीय ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर भव्य स्वागत किया। इसके पश्चात क्षेत्र के मेहंदी पुरवा चौराहे पर महाराज के स्वागत के लिए संजय शुक्ला, अखिलेश दीक्षित के संयोजन में सैकड़ों लोग पुष्प वर्षा कर जय श्री राम का उद्घोष करते हुए महाराज जी के स्वागत में तत्पर दिखे जब यह काफ्लिा नगर के प्रवेश द्वार पर पहुंचा रामकथा में तो राम कथा आयोजन में अपनी महती भूमिका निभा रहे पालिका अध्यक्ष मो. जासमीर अंसारी व उनके नेतृत्व में सैकड़ों लोगों ने प्रवेश द्वार के ऊपर से पुष्प वर्षा कर ऐतिहासिक स्वागत कर नगर में गंगा जमुनी तहजीब की एक आदर्श मिसाल पेश की।

# झोलाछाप की लापरवाही से ग्रामीण की गई जान

- 16 नवंबर को हाइड्रोसील का किया था आपरेशन

संवाददाता। सीतापुर


**झोलाछाप की** लापरवाही से एक ग्रामीण की जान चली गई, एक महीने पहले उसने झोलाछाप से हाइड्रोसील का आपरेशन कराया था, मगर उसकी तबियत आए दिन खराब रहती थी, रात को अचानक तबियत खराब होने पर परिजन उसकी क्लीनिक पर ले गए, जहां पर उसने रात में दम तोड़ दिया, मौत की खबर मिलते ही पानी में दवाईयां फेंककर झोलाछाप वहां से भाग निकला, सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम् को भेजा है। मामला थानगांव थाना इलाके का है। क्षेत्र के केवलिया मजरा परसिया निवासी देशराज ने 16 नवंबर को इलाके के मियांपुरवा चौराहे पर झोलाछाप राजेन्द्र यादव के क्लीनिक पर हाईड्रोसील का आपरेशन कराया था, आरोप है कि झोलाछाप ने 10 हजार में ठेका लेकर ऑपरेशन किया था। ऑपरेशन के बाद से ही देशराज की तबियत ठीक नहीं रहती थी। मंगलवार रात को अचानक देशराज की तबियत बिगड़ गई, जिसको लेकर परिजन झोलाछाप के मियांपुरवा चौराहे पर स्थित क्लीनिक ले गए। इलाज के दौरान रात करीब 2 बजे देशराज की मौत हो गई, इसके बाद झोलाछाप सारी दवाइयां पानी में फेंककर फ्रार हो गया। मृतक की पत्नी ने आरोपी के खिलाफ थानगांव थाने में तहरीर दी है।पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया है। उधर, इंस्पेक्टर थानगांव सन्तोष कुमार ने बताया कि-शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।रिपोर्ट आने पर आवश्यक कार्यवाही की जाएगी।

## वैक्सीनेशन को लेकर मौलानाओं के साथ बैठक

**मितौली।** कोरोना के खिलाफ जंग में कोविड वैक्सीन अहम भूमिका निभा रही है। सरकार का प्रयास है कि प्रत्येक व्यक्ति को वैक्सीन लगवाई जाए पर कुछ अफवाहें भी फैली हैं। इसके चलते लोग वैक्सीन लगवाने से घबरा रहे हैं। मुस्लिम समाज के लोग भी वैक्सीन को लेकर चिंतित नजर आ रहे थे। इसे लेकर बुधवार को मितौली सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर एसीएमओ डॉण् अनिल कुमार गुप्ता ने मुस्लिम धर्मगुरुओं के साथ बैठक की। जिसमें एसीएमओ ने वैक्सीन को लेकर उनकी शंकाओं को खत्म किया। कहा कि वैक्सीन लगवाना जरूरी है। वैक्सीनेशन से मृत्यु दर में भी गिरावट आई है। अपने समुदाय के लोगों को जागरूक कर ज्यादा से ज्यादा वैक्सिनेशन करवाएं जिससे कोरोना का खात्मा किया जा सके। सीएचसी अधीक्षक डॉण् देवेन्द्र चौधरी ने कहा कि वैक्सीन लगवाने से कोरोना के खतरे को टाला जा सकता है।

# बैंक कर्मचारी और खाद्य और रसद विभाग की मिलीभगत से हुआ करोड़ों का घोटाला

संवाददाता। निघासन-खीरी




उत्तर प्रदेश के जनपद लखीमपुर खीरी की निघासन तहसील क्षेत्र मैं बैंक कर्मचारी तथा खाद्य और रसद विभाग की मिलीभगत से करोड़ों रुपए का हेरफेर कर दिया गया और किसी को कानों कान खबर तक नहीं हुई। गौरिया गांव में कई दर्जन लोग भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गए। ग्रामवासी जब 8 नवंबर 2021 को राशन लेने कोटे की दुकान पर पहुंचे तो उनको जानकारी हुई कि उनका राशन कार्ड खारिज कर दिया गया है। कारण पूछने पर पता चला कि उन्होंने उनके द्वारा लाखों रुपए का धान बेंचा गया है तब वह जानकारी लेने जिला सहकारी बैंक शाखा तिकुनिया पहुंचे जहां पर उनके खाते से लाखों रुपए का लेन-देन सरकार से किया गया।बताते चलें गौरिया गांव का मामला संज्ञान में आया है जहां करीब 2 दर्जन गरीब परिवार की उन महिलाओं के नाम से जिला सहकारी बैंक की तिकुनिया शाखा में फर्जी तरीके से खाता खुलवा कर गेहूं बिक्री का लाखों रुपया निकलवा लिया गया जिनके पास एक बिसुवा जमीन नहीं है। मजदूरी करके अपने परिवारों का भरण पोषण करती है। मिथिलेश, अमीना, वकीला, साबिरा आदि दर्जनों महिलाओं का कहना है कि इस बात की भनक उनको तब हुई जब वह सरकारी गल्ले की दुकान पर राशन लेने के लिए पहुंची तब कोटेदार ने बताया कि आप गरीबी रेखा से ऊपर आ गई है। आपका राशन कार्ड सप्लाई विभाग द्वारा निरस्त कर दिया गया है। इस बात की जानकारी लेने जब निघासन सप्लाई इंस्पेक्टर के पास पहुंची महिलाएं तो उनको बताया गया कि आपने गेहूं की बिक्री की है। जिसका लाखों का लेन देन है इसलिए आपका राशन कार्ड निरस्त कर दिया गया है। इसकी शिकायत डीएम साहब को भी दे दी गई है जिलाधिकारी ने सही तरीके से जांच कराने का आश्वासन भी दिया। जिला पूर्ति अधिकारी द्वारा निष्पक्ष जांच के आदेश देते हुए कहा कि जो पात्र हैं। उनका राशन कार्ड पुन: बनाया जाएगा और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## कांग्रेस की जनसभा में चुनावी मंथन

**लखीमपुर खीरी।** प्रदेश व्यापी पदयात्रा के कार्यक्रम के तहत रामलीला मैदान में सभा का आयोजन किया गया। उक्त सभा की अध्यक्षता प्रहलाद पटेल ने की कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद जफ़र अली नकवी एवं विशिष्ट अतिथि प्रदेश सचिव जनपद प्रभारी धीरेन्द्र प्रसाद की गरिमापूर्ण उपस्थिति रही। सभा को सम्बोधित करते हुए पूर्व सांसद जफ़र अली नकवी ने कहा कि वर्तमान भाजपा सरकार की नीतियों से किसान नौजवान व्यापारी कर्मचारी खासकर महिलाए त्रस्त हैं। आम आदमी महंगाई की मार झेल रहा है। डीजल पेट्रोल एलपीजी सिलेन्डर बेभाव है। कांग्रेस पार्टी हमेशा ही किसान नौजवान व्यापारी कर्मचारी के साथ खड़ी है। आगे भी जनता की समस्याओ को मजबूती के साथ उठाते रहेंगे।

# सांसद खेल स्पर्धा में आईआर इंटर कॉलेज चैंपियन

संवाददाता। संडीला(हरदोई)



**लोकसभा मिश्रिक** क्षेत्र में आयोजित सांसद खेल स्परधा की चैंपियनशिप आईआर इंटर कॉलेज संडीला ने जीत ली। केन्द्रीय कपड़ा राज्यमंत्री कौशल किशोर ने चैंपियनशिप प्रदान की। बीवीएम इंटर कॉलेज भरावन में आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए केन्द्रीय कपड़ा राज्यमंत्री कौशल किशोर ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों की उपेक्षित प्रतिभाओं को निखारने के लिए इन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया और बड़ी संख्या में छात्र छात्राओं ने अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया है। इस प्रतिभा को निखारने के लिए केन्द्र और प्रदेश सरकारों द्वारा व्यापक प्रयास किए जा रहे हैं और इनमें से बहुत से भविष्य के खिलाड़ी सामने आएंगे जो अपने क्षेत्र, कॉलजे और देश का नाम रोशन करेंगे। इसी अवसर पर क्षेत्रीय सांसद अशोक रावत ने कहा कि संपूर्ण लोकसभा क्षेत्र में आईआर इंटर कॉलेज संडीला के छात्र छात्राओं ने कुश्ती, बैडमिंटन, कंबड्डी एवं एथलेटिक्स में शानदार प्रदर्शन किया है इसके लिए इस कॉलजे के प्रधानाचार्य, शिक्षक एवं प्रबंधन निश्चित रूप से बधाई के पात्र हैं। समारोह में कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ0 ओम प्रकाश ने चैंपियनशिप की ट्रॉफी सांसद श्री रावत ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में प्रथम एवं द्वितीय स्थान पाने वाले छात्र छात्राओं को ट्रैक सूट भी प्रदान किए। इस अवसर पर माध्यमिक शिक्षक संघ के प्रांतीय सचिव आशीष कुमार सिंह, राजेश अवस्थी, राजकुमार शुक्ला, ब्लाक प्रमुख विनोद सिंह तोमर आदि मौजूद रहे। छात्र छात्राओं की शानदार सफ्लता पर कॉलजे की प्रबंधक बेगम इशरत रसूल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए छात्र छात्राओं को बधाई दी।

# बस-ट्रक की आमने-सामने की भिड़ंत में दो की मौत, 27 घायल

संवाददाता। ढखेरवा-खीरी



**हाईवे मार्ग** पर ग्राम लखनपुरवा के पास आज बुधवार प्रात: बस और ट्रक की हुई आमने.सामने भिड़ंत में दो लोगों की मौत हो गई जबकि बस सवार दो दर्जन से अधिक यात्री गंभीर रूप से जख्मी हो गए हैं। सभी घायलों को निकट के सीएचसी रमिया बेहड़ भेजा गया। जहां पर गंभीर रूप से घायल 7 यात्रियों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। हादसा एक साइकिल सवार को बचाने के चक्कर में बताया जा रहा है।

बताया जाता है कि ग्राम लखनपुरवा निवासी छोटे भार्गव साइकिल से अचानक हाईवे पर आ गया जिसे बचाने के चक्कर में लहबड़ी से लखनऊ जा रही एक निजी बस और सामने से आ रहे सरकारी खाद्यान्न भरे एक ट्रक में जबरदस्त भिड़ंत हो गई। इस दौरान साइकिल सवार छोटे (30) की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई। जबकि गंभीर रूप से घायल लहबड़ी निवासी हासिब (28) की अस्पताल में मृत्यु हो गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने सभी घायलों को एंबुलेंस की सहायता से सीएचसी रमिया बेहड़ भेज दिया है। हादसे में घायल हुए सभी 27 यात्रियों में राकेश (30) निवासी होलागढ़, रीना देवी (29) निवासी अघरा, जय प्रकाश (60) व शर्मा देवी (60) निवासी जोधापुरवा, साबिर उर्फ गब्बर (16) निवासी लबेदपुर तथा राकेश कुमार (30) निवासी हिलडोना आदि को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया गया है। शेष सभी घायलों का प्राथमिक उपचार के बाद उनके घर भेज दिया गया है। हादसे के बाद मृतकों के परिवार में जहां कोहराम मचा हुआ है। तो वही बस और ट्रक की हुई आमने.सामने जबरदस्त टक्कर की घटना इलाके में चर्चा का विषय बनी हुई है।

उधर ढखेरवा धौराहरा हाईवे मार्ग पर बीती रात लालजी पुरवा के पास तेज रफ्तार एक ट्रक असंतुलित होकर हरदुहा पुल की रेलिंग तोड़ते हुए गहरे कुंड में गिर गया। हादसे में ट्रक सवार दो लोग डूबने के बाद कुंड में लापता बताए जा रहे हैं। जबकि एक घायल बताया जा रहा है। पुलिस मौके पर पहुंची।

## रोजगार मेले का आयोजन 26 को

**लखीमपुर खीरी।** जिला सेवायोजन कार्यालय, राजकीय आईटीआई राजापुर व उप्र कौशल विकास मिशन के संयुक्त तत्वावधान में 26 नवंबर को एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन आईटीआई राजापुर में होगा। इस मेले में निजी क्षेत्र की कम्पनियाँ ;मेक ऑर्गैनिक इण्डियाए मेगामाइण्ड्स सॉल्यूशन्स आदि कम्पनियाँद्ध प्रतिभाग कर रही हैं। उक्त आशय की जानकारी जिला रोजगार सहायता अधिकारी रोहित कुमार ने दी। उन्होंने बताया कि कम्पनियों का विवरण सेवायोजन पोर्टल पर उपलब्ध है। जिसमे अपनी योग्यता अनुसार ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी हेतु सेवायोजन कार्यालय व आईटीआईए राजापुरए लखीमपुर.खीरी से सम्पर्क कर सकते है। अत: रोजगार मेले में प्रतिभाग करने के इच्छुक अभ्यर्थी सेवायोजन पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर उक्त तिथि को अपने सप्रमाण पत्रों की छाया प्रतियां, बॉयोडाटा सेवायोजन कार्यालय का पंजीयन कार्ड तथा एक आईडी के साथ राजकीय आईटीआईए राजापुरए खीरी में प्रात: 10 बजे उपस्थित होकर रोजगार मेले का लाभ उठायें।

# चीनी मिल बेलरायां के 42वें पेराई सत्र का हुआ शुभारंभ

## गृह राज्यमंत्री के प्रतिनिधि ने किया उद्घाटन

संवाददाता। निघासन-खीरी



**चीनी मिल** बेलरायां के 42वें पेराई सत्र का शुभारंभ किया गया। जिसका विधिवत वैदिक मंत्रोच्चारण व हवन पूजन के साथ किया गया। बेलरायां सरयू सहकारी चीनी मिल सत्र के शुभारंभ के मुख्य अतिथि केन्द्रीय गृहराज्यमंत्री व खीरी सांसद अजय मिश्र टेनी का कार्यक्रम झारखंड रांची में होने के कारण चीनी मिल शुभारंभ में पहुंचे गृह राज्यमंत्री के प्रतिनिधि अरविंद सिंह संजय मिल के प्रधान प्रबंधक राहुल यादव उपजिलाधिकारी श्रद्धा सिंह पुलिस क्षेत्राधिकारी सुबोध शुक्ला तथा अमनदीप सिंह पूर्व उपाध्यक्ष चीनी मिल ने डोंगे में गन्ना ड़ालकर नवीन पेराई सत्र 2022-23 की शुभारंभ किया जिससे गन्ना किसानों व क्षेत्र के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई।

क्षेत्र की लाइफ लाइन कही जाने वाली सरजू सहकारी चीनी मिल बेलरायां के नवीन पेराई सत्र के उद्द्घाटन में मुख्य अतिथि अपरजिलाधिकारी अरुण कुमार सिंह तथा विशिष्ट अथिति निघासन उपजिलाधिकारी श्रद्धा सिंह मिल के पूर्व उपाध्यक्ष अमनदीप सिंह समेत काफी लोग पूजा स्थल पर मौजूद पंडित सोने लाल पटेल व पण्डित वीरेंद्र कुमार मिश्रा ने मुख्य अतिथि व विशिष्ट अतिथियों सहित उपस्थितेकिसानों व मिल संचालकों से वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन.पूजन कराया पूजन कार्यक्रम के उपरान्त अतिथियों ने बैलगाड़ी काँटे का फीता काटकर नवीन पेराई सत्र के लिए किसान रामगोपाल लालापुरवा की गन्ने से भरी बैलगाड़ी के बैलों को फल व मीठा खिलाया।

साथ ही किसान रामगोपाल को अंगवस्त्र व नगद राशि देकर सम्मानित करते हुए बैलगाड़ी की तौल कराई इसी प्रकार ट्रैक्टर काँटे पर पहुँचकर अतिथियों ने ट्रेक्टर चालक को भी अंगवस्त्र व नगद राशि भेंट स्वरुप प्रदान कर सम्मानित किया। इसके पश्चात संजय सिंह मिल के पीसीएस जीएम राहुल यादव, एसडीएम निघासन श्रद्धा सिंह, डीएसपी निघासन सुबोध जायसवाल, पूर्व उपाध्यक्ष अमनदीप सिंह, विक्रमेन्द्र भल्ला ने डोंगा स्थल पहुँचकर जीएम राहुल यादव ने नारियल तोड़ डोंगे में गन्ना डालकर नवीन पेराई सत्र की शुरुआत कराई। पेराई सत्र के शुभारंभ पर मिल जीएम ने अतिथियों का आभार जताया। मिल में क्षेत्र पंचायत से बने सार्वजनिक शौचालय का उद्घाटन प्रतिनिधि संजय सिंह के द्वारा किया गया।

उद्घाटन कार्यक्रम में सिविल इंजी लुकमान खान, नागेन्द्र सिंह सेंगर, पूर्व डारेक्टर विनोद वर्मा, रतीराम लोधी, संजय गिरि, लक्ष्मी नारायण वर्मा, पूर्व प्रधान, दामोदर वर्मा, महेश गुप्ता, श्याम किशोर मिश्रा प्रताप, धीरेंद्र कुमार, बिजेंद्र सिंह, फोरमैन जसपाल सिंह पुलिस चौकी प्रभारी पवन पाठक, सिक्योरटी इंचार्ज अरुण कुमार चौबे सिंगाही थाना प्रभारी राजकुमार सरोज, तिकुनियां कोतवाली प्रभारी बालेंदु गौतम किसान गुरमीत सिंह, अजय वर्मा व आशिक अली सहित सैकड़ों की संख्या में किसान व क्षेत्र के सम्मानित लोग मौजूद रहे।

पूर्व बीएसए की जांच

# गैर कानूनी तबादलो में पटल सहायक ने हस्ताक्षर करने से कर दिया था साफ इंकार

संबाददाता। हमीरपुर

**शासन के विना** अनुमति के ही पूर्व बेसिक शिक्षा अधिकारी(बीएसए) सतीश कुमार के खिलाफ शासन ने जांच के आदेश होने से विभाग में हड़कंप मच गया है। पूर्व बीएसए ने विना शासन के अनुमति व पटल सहायक के विना हस्ताक्षर कराये ही सभी 45 शिक्षकों का तवादला आदेश जारी कर दिया था। दूर दराज नियुक्त घर के नजदीक आने की गरज से बीएसए को मुंह मागी सुविधा शुल्क भी दी थी,बीएसए के चमचो ने तवादला के लिये एसे शिक्षको से सम्पर्क कराया था हालाकि इस मामले की जानकारी सीडीओ को थी मगर इसमें कई लोग फंस रहे थे इसलिये इसे पूरी तरह दवाये रखा गया है।जानकारी के मुताबिक पूर्व बेसिक शिक्षा अधिकारी सतीश कुमार जिले में तीन साल सेवा करने में केवल शिक्षको का बेतन रोकने उनको निलंबित करने के बाद भारी सुविधा शुल्क लेकर बहाल करने का एक उद्योग बना रखा था इसके लिये विभाग के कई शिक्षकों को सक्रिय कर दिया था जो शिक्षको को फास कर लाते थे और बीएसए को अच्छा खासा पैसा दिलाते थे। हालाकि शिक्षको को यहजानकारी थी कि बिना शासनादेश के ही बीएसए तवादलु कर रहे है कुछ न कुछ दाल मे काला है मगर घर के नजदीक नौकरी करने की गरज से शिक्षक जानबूझकर अनजान बन गये थे। चुपचाप तवादला की फाइल बनाकर जब पटल सहायक से हस्ताक्षर करने के लिये बीएसए ने कहा तो पटल सहायक ने साफ इंकार कर दिया था। हालाकि इस मामले की सुगबुगाहट दो सप्ताह बाद शुरु हो गयी थी मगर उच्चाधिकारियो को बीएसए सतीश कुमार ने पहले से ही अपने प्रभाव मे ले रखा था इसलिये इस संगीन मामले में किसी ने ध्यान नही दिया तब इसकी शिकायत शासन स्तर से की गयी है। तबादला में शिक्षको से अच्छी खासी सुविधा शुल्क लेने के बाद तुरंत आगरा तवादला करा लिया था, इससे साबित होता है कि पूर्व बीएसए की पकड शासन में अच्छी खासी थी। यही नही बीएसए ने जिस समय जिले मेंकार्य भार संभाला था लखनऊ से आते ही अपने साथ चार गुर्गे पकड़ लाये थे जो पूरा विभाग का संचालन करते थे इस मामले में पूर्व जिलाधिकारी आरपी पांडेय ने हस्तक्षेप कर उनके सभी गुर्गो को डाट फटकार कर भगाया था तब कही शिक्षको व कर्मियो का उत्पीडन रुक पाया था। शिक्षको ने बताया कि श्री कुमार आते ही विभाग में भ्रष्टाचार फैल गया था यदि कोई शिकायत करने जाता था तो उसे डाट कर भगा दिया जाता था। बीएसए की जांच में कई कर्मियो पर गाज गिर सकती है। मामला चर्चा का बिषय बना हुआ है।

### शासन ने बीएसए का चार्ज डायट प्राचार्य को दिया

**हमीरपुर। शासन ने आज प्रभारी जिला बेसिक शिक्षाधिकारी के पद पर नियुक्त प्रभाकर सिंह तोमर को हटाकर आरके श्रीवास्तव प्राचार्य डायट को बीएसए का कार्यभार दे दिया है। बताया जाता है कि पूर्व बीएसए सतीश कुमार तवादला के बाद विभाग के नगर शिक्षा अधिकारी को जल्दबाजी में चार्ज सौपकर सिर पर पैर रखकर भाग खडे हुये थे जब कि बीएसए का चार्ज डायट प्राचार्य या डीआईओएस को देना चाहिये मगर उन्होने एसा नही किया जो चर्चा का विषय बना रहा था।**

## खनिज अधिकारी की ढिलाई से छलनी हो रहा पहाड़ों का सीना

**चित्रकूट।** भरतकूप क्षेत्र में शासन-प्रशासन की ढिलाई के चलते खनन माफ्यिाओं की मनमानी जारी है। खनन पर रोक लगाने की कोई कोशिश नहीं हो रही है। भरतकूप क्षेत्र में लगातार अवैध ढंग से खनन कार्य कर माफ्यिा मालामाल हो रहे हैं।

बुधवार को खनन माफ्यिाओं के खिलाफ कडी कार्यवाही न होने से जिले में अवैध खनन जोरों पर जारी है। खनन माफ्यिाओं की मनमानी से पुलिस की कार्यशैली पर भी सवाल उठ रहे हैं। भरतकूप के गोंडा व रौलीकल्याणपुर के पहाडों पर लगातार अवैध खनन हो रहा है। खनिज अधिकारी की मिलीभगत से खनन माफ्यिा पहाडों का सीना छलनी कर रहे हैं। सरकार के राजस्व को प्रतिदिन लाखों का चूना लग रहा है। पुलिस ने सख्ती की होती तो अवैध खनन पर कुछ अंकुश लगता। खनिज अधिकारी की मिलीभगत होने से भरतकूप क्षेत्र में अवैध खनन दिन-रात जारी है। पत्थर की खदानों से माफ्यिा पत्थर ढुलाई व ढुलाई का कार्य कर रहे हैं।

# युवजन सभा के राष्ट्रीय सचिव का नगर आगमन पर जोरदार स्वागत


युवजनसभा के राष्ट्रीय सचिव का स्वागत करते गुलाब जाटव

**उरई( जालौन )।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने निर्देश पर समाजवादी पार्टी युवजन सभा का राष्ट्रीय सचिव मोहित यादव को नियुक्त किया गया। युवजन सभा के राष्ट्रीय सचिव मोहित यादव के प्रथम बार नगर आगमन पर पार्टी कार्यकर्ताओं एवं पूर्व पालिकाध्यक्ष तथा उरई जालौन विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के टिकट के प्रबल दावेदार गुलाब जाटव ने जोरदार स्वागत किया। आज यहां पार्टी कार्यालय उरई में पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार में पट्रोल डीजल के दामों में बढोत्तरी एवं महंगाई के कारण आम जनजा परेशान है। उन्होने कहा कि भाजपा सरकार में लूट, बलात्कार, गुडागर्दी आम बात हो गयी। उन्होने कहा कि अबकी बार अखिलेश सरकार की गूंज पूरे उत्तर प्रदेश में सुनाई दे रही है। उन्होने कहा कि भाजपा सरकार ने दो करोड़ नोकरियां देने का वादा किया था लेकिन इस वादे पर आज तक खरा नही उतर पायी उल्टा युवाओं से रोजगार छीन लिया। उन्होने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जो मुझे जिम्मेदारी सौपी उस पर खरा उतरकर पार्टी में ज्यादा से ज्यादा युवाओं को जोड़कर पार्टी को मजबूत बनाकर आगामी विधानसभा चुनाव में राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को फिर से मुख्यमंत्री बनाने का संकल्प व्यक्त किया। पत्रकार वार्ता में पूर्व पालिकाध्यक्ष एवं उरई जालौन विधानसभा क्षेत्र से समाजवादी पार्टी के टिकट के प्रबल दावेदार गुलाब सिंह जाटव एवं महेन्द्र कठेरिया, केके प्रजापति, वेदप्रकाश यादव, अनुरूद्ध द्विवेदी, अजय गौतम योगा, महेश चंद्र शिरोमणि, महेश विश्वकर्मा, कयूम करीमी, संतोष वर्मा, जीवन प्रतात बाल्मीकि, इमरान अंसारी, अनूप बाल्मीकि आदि नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्रियंका की रैली को सफल बनाने को कांग्रेसी जाएंगे गांव-गांव

संवाददाता। मौदहा (हमीरपुर)

**स्थानीय कांग्रेसियों** ने प्रतिज्ञा पत्र के साथ जन-जन को आमंत्रित करने के लिए बनाई रणनीति पर चलकर 27 नवंबर को महोबा में होने वाली प्रियंका गांधी के रैली को सफल बनाने के लिए गांव गांव जायेगे।

इस सम्बंध में 22 नवंबर को महोबा में राष्ट्रीय सचिव प्रदीप नरवाल से व देर रात 23 नवंबर को बांदा में पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी के आवास पर मीटिंग करके रणनीति बनाई गई ।कांग्रेसियों ने प्रियंका गांधी के रैली को भारी भरकम भीड़ के साथ सफल बनाने के लिए गांव-गांव में जाकर के प्रतिज्ञा पत्र के साथ जन-जन को आमंत्रण करने का लक्ष्य बनाया ।कांग्रेसियों ने विशेष रूप से महिलाओं को 40 प्रतिशत आरक्षण ने की जानकारी होते ही वह प्रियंका गांधी के कार्यक्रम के लिए कांग्रेस की ओर बढ़ते रुझान का लाभ उठाना चाहते हैं। इस दौरान कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता डॉक्टर शाहिद अली, पूर्व प्रदेश सचिव शफ्फकतउल्ला राजू, अल्पसंख्यक प्रदेश सचिव मोहम्मद जाकिर उर्फ बब्बन, अल्पसंख्यक जिला अध्यक्ष मोहम्मद शहजादा चिश्ती गांधी , रफीक भाई महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष दुर्गा देवी अनुरागी, पिछड़ा वर्ग नगर अध्यक्ष तबीब अहमद व ब्लॉक अध्यक्ष राजू प्रजापति, राजेश गुप्ता, बाबूलाल प्रजापति आदि कांग्रेसी इस मिशन में लगे हुए हैं ।

## सड़क सुरक्षा के दिये टिप्स,चालीस लोगों को दिये गये हेलमेट

संवाददाता। मौदहा (हमीरपुर)

यातायात माह के अंतर्गत आज कस्बे के एक गेस्ट हाउस में पुलिस कि आयोजित रैली व गोष्ठी में पहुंचे सदर विधायक युवराज सिंह ने सड़क सुरक्षा के तहत टिप्स दिए और 40 लोगों को हेलमेट देकर वाहनों की भागदौड़ बाली जिंदगी में अपने जीवन की रक्षा व सभी के सुरक्षित रह कर सुगमता पूर्वक वाहनों से आवागमन करने के विशेष जानकारियां दी क्षेत्राधिकारी रवि प्रकाश सिंह व कोतवाल पवन कुमार पटेल ने भी इस अवसर पर यातायात संबंधी नियमों की जानकारी दींआज दोपहर बाद सड़क सुरक्षा यातायात संबंधी गोष्ठी कस्बे के एक गेस्ट हाउस में की गई क्षेत्राधिकारी ने इस पर विशेष चर्चा करते हुए कहा कि आज देश में सबसे अधिक मौतों का ग्राफ सड़क दुर्घटना का है बीते वर्ष सरकारी आंकड़ों के मुताबिक 490383 लोगों की मौत हुई है हजारों लोग अपंग हुए हैं उन्होंने कहा कि इससे बचने के लिए हमें सड़क पर सुरक्षित चलना होगा उन्होंने नियम भी इन्होंने बताएं ओवर स्पीड गाड़ी ना चलाएं गाड़ी चलाते समय खास तरीके से मोबाइल से बात करते हुए वाहन संचालित ना किया जाए वही शराब पीकर वाहन न चलाया जाए यही नहीं हेलमेट अवश्य लगाएं अपनी साइड से गाड़ी चलाएं और सड़क पर इसका ध्यान अवश्य रखें इसके अलावा उन्होंने और कई महत्वपूर्ण महत्वपूर्ण जानकारियां दी उधर सदर विधायक ने कहा कि कभी भी गाड़ी को स्पीड बढ़ा कर ऐसा ओवर टेक ना करें जिससे दुर्घटना को निमंत्रण दिया जाए वहीं उन्होंने कहा कि चौपहियायाँ गाड़ी में सीट बेल्ट व बाइक में हेलमेट लगाकर ही चलें उन्होंने कहा कि मामूली सी गलती में लोग अपनी जान गवां बैठते हैं जबकि हमारा जीवन बेहद महत्वपूर्ण है वही कोतवाल ने बताया कि आज हमारी सड़कों पर अतिक्रमण होता है उसे जानबूझकर करने वालों पर यदि कार्यवाही ना की जाए तो वह हो सड़कों का आवागमन बाधित करते हैं वही बिना लाइसेंस मनमानी तरीके से ऑटो दोपहिया वाहनों को चलाने वाले ज्यादातर कम उम्र के लोग देखे गए हैं जिन पर कार्रवाई की जाती है लेकिन आम जनमानस को इसके लिए जागरूक होना होगा इसी के बाद एक बड़ी रैली निकाली गई जो यातायात संबंधी नियमों की तख्तियां लिए हुए तहसील मार्ग थाना चौराहा देवी चौराहा नरहिया मार्ग कपसा रहमानिया मलिकुआ चौराहा होते हुए बड़ा चौराहा और मंकराव के निकट तहसील व थाना क्षेत्र की सीमा पर पहुंचकर रैली की समाप्ति की गई।

## गांवों का दौरा कर रही हैं रंजना बरातीलाल पाण्डेय

**चित्रकूट।** मानिकपुर विधानसभा क्षेत्र के मऊ ब्लाक के गोइया, अरवारी, बरगढ, बोझ आदि गांवों का दौरा का कांग्रेस नेत्री रंजना बरातीलाल पाण्डेय ने 27 नवम्बर को महोबा में होने वाली रैली के लिए लोगों से सम्पर्क किया। बुधवार को कांग्रेस नेत्री रंजना बरातीलाल पाण्डेय ने महोबा में 27 नवम्बर को कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी के महोबा में रैली में भीड जुटाने के मद्देनजर बरगढ क्षेत्र का दौरा कर लोगों से सम्पर्क कर कहा कि प्रियंका गांधी के विचारों को सुनने को ज्यादा से ज्यादा लोग महोबा चलें। अन्याय के खिलाफ आवाज बुलंद कर रही प्रियंका गांधी सभी लोगों की नेता हैं। गरीब, मजदूर, व्यापारी, किसान सभी के लिए प्रियंका संघर्ष कर रही हैं। उन्होंने कहा कि आम जनता के बीच कांग्रेस का जनाधार लगातार बढ रहा है। जनता ने 32 वर्षों में सबकी सरकार देखी है। इस बार 2022 में जनता कांग्रेस की सरकार बनायेगी। इस मौके पर विकास दुबे, शिवम मिश्रा, अनुप दुबे, धर्मेन्द्र वर्मा, राजकुमार कोल, कृष्णा देवी, रेखा देवी, मंजू शुक्ला, ललिता देवी, लीलावती आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### वाहन चेकिंग के दौरान तमंचा व कारतूस के साथ गिरफ्तार

**राठ(हमीरपुर)।** चिकासी पुलिस ने वाहन चेकिंग के दौरान एक युवक को अवैध तमंचा व कारतूस के साथ धर दबोचा। चिकासी थानाध्यक्ष ने बताया कि एसआई अनुपम यादव, रणजीत बहादुर पुलिस टीम के साथ वाहन चेकिंग कर रहे थे। तभी सूचना पर रिहुंटा गांव के देशी शराब के ठेके के पास से भागीरथ अहिरवार पुत्र मुरलीधर निवासी अतरा को एक तमंचा 315 बोर व 2 जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त के विरूद्ध आर्म्स एक्ट के तहत मामला पंजीकृत जेल भेज दिया है।

### रेलवे लाइन निकलवाने के लिये तहसीलदार को ज्ञापन सौपा

**राठ(हमीरपुर)।** राठ में रेलवे लाइन निकलवाने की मांग को लेकर दर्जनों सपाईयों ने गृह मंत्री को संबोधित 11 सूत्रीय ज्ञापन तहसीलदार अनुभव चंद्र को सौंपा। सपा के जिला उपाध्यक्ष डा.मोहम्मद शमीम खान ने बताया कि हमीरपुर जनपद का राठ क्षेत्र रेलवे लाइन न होने के कारण राजस्व लाभ में अंग्रेजी होने के बावजूद अत्याधिक पिछड़ा हुआ है। रेलवे लाइन स्थापित होने से देश में अधिक आर्थिक और सुरक्षित अवसर प्रदान करता है। रेलवे परिवहन से पर्यावरण कम से कम प्रदूषण फैलता है। क्षेत्र में किसान व मजदूरों का पलायन रूकेगा। ज्ञापन के दौरान दीपक यादव, सुरेंद्र पाल सिंह, कमरूददीन, इरफान, कुंवर बहादुर, आरिफ, वंशीधर, शिवम प्रताप, युवराज सिंह, गौरव सिंह, ज्ञानचंद्र, इरशाद सहित दर्जनों सपाई मौजूद रहे।

### खेत में पराली न जलाने के लिये किया गया प्रेरित

**कुरारा (हमीरपुर)।** विकास खंड क्षेत्र के मिश्रीपुर गांव में कृषक जागरुकता कार्यक्रम व पराली दो खाद लो का आयोजन कृषि विभाग द्वारा किया गया। वही पराली खेत मे न जलाने के लिए प्रेरित किया गया। वही नवीन कृषि यंत्रों से पराली को खेत मे जुताई कर खाद बनानेके सम्बंध में जानकारी दी गयी। वही जिला अधिकारी भी मौजूद रहे। शस्य कृषि वैज्ञानिक डॉ शालिनी ने किसानो को जानकारी देते हुए बताया कि धान के खेत मे हैप्पी सीडड्रिल से बुवाई करके खेत मे पानी दे तथा यूरिया का छिड़काव करे। जिससे पराली सड़ कर खाद का कार्य करेगी। कृषि विज्ञान केंद्र प्रभारी डॉ मो हम्द मुस्तफा ने बताया कि हैपी सीडड्रिल का चिन्हाकन कर लिया गया है। इसका प्रयोग खेतो में कर किसानों को जानकारी दी जाएगी।वही जिलाधिकारी डॉ चंद्रभूषण त्रि पाठी ने बताया कि इस वर्ष पराली जलाने की घटना सेटेलाइट में नही आई है। उनहोने किसानों से गौशाला के लिए पराली दान देने के लिए प्रेरित किया। वही गांव के किसान बासदेव व अर्जुन सिंह ने एक एक ट्राली पराली दान की।जिनको जिलाधिकारी ने हरी झंडी दिखा कर गौशाला को भेज दिया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी कमलेश कुमार वैश्य, खण्ड विकास अधिकारी दिव्या तिवारी, सचिव विनोद कुमार, ग्रामप्रधान केतकी देवी आदि मौजूद रहे।

### दो दिवसीय मेला व दिवारी नृत्य का किया आयोजन

**कुरारा(हमीरपुर)** । कुरारा विकास खंड क्षेत्र के डामर गांव स्थित बजरंगबली मंदिर प्रांगण में दो दिवसीय मेला व दिवारी नृत्य का आयोजन किया गया। वही मंदिर में कबीरी भजन होते रहे।प्रतिवर्ष डामर गांव में ग्रामीणों के सहयोग से कार्तिक पूर्णिमा के बाद प्रथम मंगलवार को मेला व दिवारी नृत्य का आयोजन किया गया वहीं सुबह से लोगो ने मंदिर में पूजा अर्चना की। दोपहर बाद मंदिर प्रांगण में ग्रामीणों ने दिवारी नृत्य किया। मंदिर में कबीरी भजन का गायन किया गया। वही मेला में महिलाओ व बच्चो ने खरीदारी की। रात्रि में रामलीला का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। आज रात में रामलीला में धनुष भंग का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।इस अवसर पर ग्राम वासी खड्ग सिंह यादव, कौशल यादव, सुघर सिंह, बाबू सिंह, आदि ने सहयोग किया।

### भाजपा के क्षेत्रीय एंव जिला प्रभारी का हुआ भव्य स्वागत

**कालपी (जालौन)।** भारतीय जनता पार्टी की रणनीति के तहत मंदसौर मध्य प्रदेश के सांसद एवं वरिष्ठ नेताओं का भाजपा विधायक नरेन्द्रपाल सिंह जादौन के साथ कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। भारतीय जनता पार्टी के नेताओं का आज प्रातः हरदेव सिंह चौहान टरननगंज कालपी के निज निवास पर क्षेत्रीय प्रभारी सुधीर गुप्ता सांसद मंदसौर मध्य प्रदेश एवं सुधीर सिंह जिला प्रभारी एवं विधायक कालपी नरेंद्रपाल सिंह जादौन, पूर्व विधायक छोटे सिंह चौहान, मंडल अध्यक्ष किसान मोर्चा रविंद्र सिंह मंगरौल, धर्मेंद्र सिंह राजा ढाबा, देवेंद्र गुप्ता, सुबोध द्विवेदी, नगर अध्यक्ष भाजपा कालपी अमित पाण्डेय के अलावा बड़ी संख्या में उपस्थित कार्यकर्ताओं के बीच हुई बैठक में क्षेत्रीय समीकरण आदि विभिन्न विषयों पर लगभग तीन घन्टे तक चर्चा की गयी।

### जाति सूचक गालियां देते हुए राशन सामग्री देने से किया इनकार

**कोंच(जालौन)।** तहसील क्षेत्र के ग्राम पचीपुरी निबासी माखन पुत्र संतू बाल्मीकि अखलेश और भानु बाल्मीकि ने दिन बुधवार को उपजिलाधिकारी राम कुमार को एक शिकायती पत्र देते हुए बताया कि जब में ग्राम में राशन सामग्री लेने के लिए कोटेदार के पास गया तो वह राशन सामग्री कम देने लगा जिस पर मैने राशन कम देने की बात कही तो उक्त वोला कि मुझे अधिकारियों को भी हिस्सा देना पड़ता है जिस पर मैने आपत्ति जताई तो उक्त ने जाति सूचक गालियां देते हुए बगैर राशन सामग्री दिए भगा दिया इतना ही नही कभी कभी हमारा अंगूठा ले लेता है। माल समाप्त होने का बहाना बनाकर भगा देता है। वहीं कोटेदार अक्सर पात्र लोगो को कम राशन सामग्री उपलब्ध कराता है और आपत्ति जताने पर कोटेदार व उसका पुत्र लड़ाई झगड़े पर आमादा हो जाता है। ग्रामीणों ने एसडीएम से न्याय दिलाये जाने की मांग की है।

### पक्के निर्माण पर जबरन कब्जा करने का किया प्रयास

**कोंच(जालौन)।** तहसील क्षेत्र के ग्राम परेथा निबासी रमेश बरार पुत्र छुटन ने दिन बुधवार को उपजिलाधिकारी राम कुमार को एक पत्र देते हुए बताया कि ग्राम में मेरे घर के सामने मेरी पैतृक जमीन है। जिसपर कई वर्ष पूर्व लैट्रिन का निर्माण कराया था जो अधूरा रह गया था घटना 17 नबम्बर 2021 की है। जब ग्राम के ही निबासी दिनेश वरार भगवत व शिव प्रसाद पुत्र गण बलराम और राम किशोर पुत्र खुशीराम बरार एकराय होकर जबरन ताकत के बल पर पक्का निर्माण कर कब्जे का प्रयास करने लगे मेरे द्वारा मना करने पर उक्त लोगों ने जान से मारने की धमकी देते हुए लड़ाई झगड़ा पर उतारू हो गए रमेश बरार ने एसडीएम से उचित कार्यवाही किये जाने की मांग की है।

### कांग्रेस की प्रतिज्ञा रैली की तैयारी जोरों पर



**बांदा।** 27 नवंबर को महोबा में कांग्रेस की प्रतिज्ञा रैली की तैयारी की बैठक लेते हुए प्रदेश अध्यक्ष युवा कांग्रेस कनिष्क पांडेय जी ने सभी युवा कांग्रेस बाँदा जनपद के पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की इस दौरान प्रदेश महासचिव ब्रजेश बादल जी जिलाध्यक्ष युवा कांग्रेस विनय सिंह शानू शहर अध्यक्ष संजय गुप्ता एराजेश गुप्ता पप्पू जिलाउपाध्यक्ष केशव पाल एजिलामहासचिव विनय गुप्ता जी अशरफउल्ला एहरीश सिंह बब्लू जितेंद्र जीतू अशोक चौहान राम जी शर्माएसहज अवस्थी पंकज हरिओम एसिराज अहमद आदि लोग मौजूद रहे।

# संयुक्त टीम ने ओवरलोडिंग में सीज कर दिए तीन ट्रक

संवाददाता। चित्रकूट



**पुलिस अधीक्षक** धवल जायसवाल के निर्देश पर यातायात प्रभारी योगेश कुमार यादव व परिवहन विभाग के वीरेन्द्र राजभर ने संयुक्त जांच अभियान में तीन ओवरलोड वाहनों को सीज किया।

बुधवार को जांच अभियान में यातायात प्रभारी योगेश कुमार व सीडीओ वीरेन्द्र राजभर की संयुक्त टीम ने शिवरामपुर से बेडीपुलिया तक ओवरलोड वाहनों की जांच टीम जांच दौरान तीन ओवरलोड ट्रकों को सीज किया। चेकिंग में यातायात प्रभारी ने ट्रक चालकों को ओवरस्पीड वाहन न चलाने व प्रेशर हार्न का प्रयोग न करने की हिदायत दी। इसी क्रम में कोतवाली कर्वी के दरोगा दीपेन्द्र कुमार सिंह की टीम ने बाल अपचारी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। मानिकपुर थाने के दरोगा फिरोज खान की टीम ने घर में घुसकर छेडछाड व हत्या तथा एससी-एसटी एक्ट के वांछित रामस्वरुप पटेल पुत्र केशव प्रसाद निवासी डांडी कोलान मजरा बराहमाफी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। मऊ थाने के दरोगा विपिन कुमार मिश्रा की टीम ने जालसाजी के मामले में वांछित तुलसीदास पुत्र स्व सत्यनारायण निवासी पिपरौंध को गिरफ्तार कर जेल भेजा है।

# पाइप लाइन बिछाने की मांग को लेकर डीएम को भेजा पत्र

संवाददाता। जालौन

**नगर के** मोहल्ला चिमनदुबे में जल संस्थान की पाइप लाइन बिछवाने के लिए मोहल्ले के लोगों ने डीएम को पत्र भेजा। लोगों ने डीएम से मोहल्ले में पेयजल की आपूर्ति के लिए मोहल्ले में पाईपलाईन बिछवाने की मांग की है।

नगर के मोहल्ला चिमनदुबे निवासी रईश खान, मोहसिन खान, तुफैल अहद, जावेद अख्तर, इरफान अहमद, जाकिर सिद्दीकी, मोहम्मद शरीफ, मास्टर फारूख, परवेज खान, हमजा खान, हाजी तलहा, मोहम्मद शरीफ, अब्दुल वहीद आदि ने डीएम प्रियंका निरंजन से मांग की है कि मोहल्ला चिमनदुबे में अनीस के घर से मदरसा मस्जिद तक जलसंस्थान की पाईपलाईन नहीं डाली गई है। जबकि दशकों से मोहल्ले के लोग पाईप लाईन डाले जाने की मांग करते रहे हैं। लेकिन अभी तक न तो किसी जनप्रतिनिधि से सुनवाई की है और न ही किसी प्रशासनिक अधिकारी ने इस समस्या की ओर ध्यान दिया है। बताया कि इस मोहल्ले में घनी आबादी है हैंपपंपों की संख्या भी काफी कम है। जो हैंडपंप लगे भी हैं उनमें से भी अधिकांश खराब पड़े रहते हैं। ऐसे में मोहल्ले के लोगों को दशकों से पेयजल के लिए परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। मोहल्ले के लोगों ने मांग करते हुए कहा कि नगर में पेयजल लाईन बिछाई जानी है। उसमें इस लाईन को भी सम्मिलित किया जाए। ताकि मोहल्ले के लोगों की पेयजल की दिक्कतें दूर हो सकें।

## कुठौंदा बुजुर्ग के मातृव शिशु कल्याण केन्द्र पर लटका ताला

**जालौन।** ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर करने के लिए गांव में मातृत्व शिशु कल्याण केन्द्र खोले गये हैं। विकास खंड के ग्राम कुठोंदा बुजुर्ग में बने मातृव शिशु कल्याण केंद्र में लम्बे समय से ताला लटका हुआ है जिसके कारण इसका लाभ ग्रामीणों को नहीं मिल पा रहा है। गर्भवती महिलाओं के स्वास्थ्य परीक्षण व टीकाकरण के साथ बच्चों के टीकाकरण के साथ स्वास्थ्य परीक्षण के लिए कुठोंदा बुजुर्ग में मातृत्व शिशु कल्याण केन्द्र की स्थापना की गयी थी। शिशु कल्याण केंद्र में ए एन एम की नियुक्ति की गयी थी।

शुरुआत दौर में इस केन्द्र से गांव व आसपास के गांवों को भी स्वास्थ्य सेवाएं मिली थी। स्वास्थ्य विभाग द्वारा ध्यान नहीं दिया गया जिसका परिणाम यह है कि मातृत्व शिशु कल्याण केन्द्र में ए एन एम की नियुक्ति होने के बाद भी लगभग एक वर्ष से ताला नहीं खुला है। ग्रामीण पुष्पेंद्र सिंह, हरिश्चंद्र, रामलला द्विवेदी रामेन्द्र सिंह, अमरेंद्र सिंह, गजेन्द्र सिंह सेंगर बताते हैं कि मातृत्व शिशु कल्याण केन्द्र में लगभग 1 वर्ष से ताला लटक रहा है। ए एन एम के न आने के कारण गर्भवती महिलाओं को स्वस्थ्य परीक्षण व टीकाकरण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जाना पड़ता है। वहीं छोटे छोटे बच्चों को टीकाकरण के लिए जालौन जाना पड़ता है। गर्भावस्था में महिलाओं को चिकित्सालय तक जाने में दिक्कत होती है साथ सर्दी गर्मी व बरसात में छोटे बच्चों को टीकाकरण के लिए ले जाने में दिक्कत होती है। सबसे ज्यादा उन परिवारों को होती है जिनके यहां मोटरसाइकिल तक नहीं है।

ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की है गांव में बंद पड़े मातृत्व शिशु कल्याण केन्द्र का संचालन शुरू कराने की मांग की है जिससे गर्भवती महिलाओं व शिशु को टीकाकरण व स्वास्थ्य परीक्षण के लिए तहसील मुख्यालय तक न जाना पड़े।

# महिलाओं के आगे आएं तभी देश बढ़ेगा: डीएम


महिलाओं को चित्र वितरित करती डीएम

संवाददाता। उरई(जालौन)

**एकीकरण समिति** के तत्वावधान में कौमी एकता सप्ताह के तहत बुधवार को महिला दिवस पर स्टेशन रोड स्थित सिटी सेंटर में जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन के मुख्य आतिथ्य में विशाल सभा आयोजित की गयी। इस अवसर पर जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने कहा कि महिलाओं को आगे लाना इसलिए जरूरी है कि इससे समाज और देश आगे बढ़ेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला एकीकरण समिति के अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी ने और विशिष्ट अतिथि के रुप में सदर विधायक गौरी शंकर उपस्थित रहे। संचालन गरिमा पाठक और संयोजन प्रीति बंसल ने किया। जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम अनुरागी ने कहा कि हमारे देश में महिलाओं को प्राचीन समय से अग्रणी स्थान मिलता रहा है। इसीलिये कहा जाता कि भारत महान विधायक गौरी शंकर वर्मा ने कहा कि महिलाएं शक्ति स्वरुपा है। इसलिए जिन्होंने उन्हें अबला बताया वे ठीक नहीं थे। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित हुई सभी महिलाओं को राजमाता सिंधिया का चित्र वितरित कराया। राजमाता ने सपना देखा था कि एक दिन महिलाएं फिर हमारे समाज की बागडोर सम्हालें तभी भारतीय संस्कृति सही रुप में बहाल होगी. वृह्म कुमारी आश्रम की जिले में मुख्य कर्ता धर्ता मीना दीदी, दुर्गा वाहिनी की रुबी द्विवेदी, ज्योति पांडेय आदि ने भी विचार प्रकट किए। इस मौके पर लक्ष्मण दास बाबानी, रमाकान्त त्रिपाठी, माया सिंह, शशि सोमेन्द्र, सीडीपीओ विमलेश आर्या भी मंचासीन रहे। कार्यक्रम में रेशमा, कल्पना कनकने, आरती सेठ, अरुणा श्रीवास्तव, स्वयम प्रभा दुबे, उमा वर्मा, चित्रा गुप्ता, मंजू ठाकुर, बबीता अग्रवाल, निशा राजपूत, चित्रा गुप्ता, सीमा गर्ग, संगीता पाठक, प्रियंका सेठ, रंजन सेठ, सीमा अग्रवाल, आरती सेठ, शोभा गुप्ता, रानी अग्रवाल आदि उपस्थित रहीं।

# दुकानदार को महंगे दामों पर खाद बेंचते रंगेहाथ दबोचा

संवाददाता। चित्रकूट



**भाकियू तहसील** अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह ने प्रतिनिधि मंडल के साथ खाद की किल्लत को लेकर किसानों के शोषण के मद्देनजर कर्वी शंकर बाजार स्थित कॉपरेटिव के समीप नर्बदा खाद एवं बीज भण्डार के यहां डीएपी महंगे दामों पर बेंचते हुए पकडा। बुधवार को भाकियू तहसील अध्यक्ष शैलेन्द्र सिंह ने नर्बदा खाद बीज भंडार के यहां महंगे दामों पर खाद बेंचते पकडा। किसानों के बयान पर ली गई धनराशि वापस कराई। मशीन की खराबी बताते हुए बिना रसीद के खाद बेंची जा रही हैं। जिला कृषि अधिकारी आरपी शुक्ला को बताया गया। जिलाधिकारियों के आदेशों के विपरीत महंगे दामों पर खाद बेंची जा रही है। जिला प्रशासन को किसानों की जरा सी भी परवाह नहीं है। जिला प्रशासन चुप्पी साधे हुए हैं। साधन सहकारी समितियों में देर से खाद मिल रही है। कुछ फर्जी दुकानदार नकली खाद का गोरखधंधा कर रहे हैं। जिला प्रशासन ने खाद माफ्यिाओं पर शिकंजा न कसेगा तो किसान बडा आन्दोलन करने को मजबूर होंगे। भाकियू जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र सिंह ने जिला प्रशासन को सचेत किया कि दुकानदारों के खिलाफ दंडात्मक कार्यवाही कर किसानों को शोषण से बचाया जाये। इस मौके पर तहसील उपाध्यक्ष रामेश्वर सिंह, रामशरण राजपूत, साधो प्रसाद आदि किसान मौजूद रहे।

## खाद की मांग को लेकर सरैंया में किसानों ने लगाया जाम

**चित्रकूट।** मानिकपुर थाने के सरैंया कस्बे में किसानों ने खाद न मिलने से आक्रोशित होकर मानिकपुर-कर्वी सड़क पर जाम लगा दिया। पुलिस बल ने किसानों को समझा-बुझाकर बमुश्किल जाम खुलवाया। बुधवार को सरैंया कस्बे में खाद न मिलने से आक्रोशित किसानों ने मानिकपुर-कर्वी मार्ग पर जाम लगा दिया। जाम से दोनों ओर वाहनों की लम्बी कतारें लग गईं। किसानों की मांग रही कि किसानों को समय से खाद दिलाई जाये। समय से खाद न मिलने से फसल बर्बाद हो रही है। मौके पर पहुंची पुलिस ने जाम खुलवाने की बहुतेरे प्रयास किये, लेकिन किसान अपनी बात पर अडे रहे कि उन्हें समय से खाद उपलब्ध कराई जाये। एसडीएम मानिकपुर नवदीप शुक्ला ने मौके पर पहुंचकर किसानों से बातकर भरोसा दिया कि जल्द किसानों को खाद उपलब्ध कराई जायेगी। तब जाकर किसानों ने यातायात सुचारु किया।

# धान क्रय केंद्रों पर किसानों को न हो कोई परेशानीः डीएम

● खरीद को लेकर जिलाधिकारी ने समस्त एसडीएम व क्रय एजेंसियों के साथ की अहम बैठक


जिलाधिकारी की बैठक में मौजूद अधिकारी गण — पायनियर

संवाददाता। अमेठी

**जिलाधिकारी** अरुण कुमार ने कल देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में धान खरीद को लेकर समस्त एसडीएम व धान क्रय एजेंसियों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में सर्वप्रथम जिलाधिकारी द्वारा जनपद में कृषकों के पंजीकरण की समीक्षा की गई जिस पर जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी ने बताया कि जनपद में अभी तक कुल 11859 कृषकों द्वारा पंजीकरण कराया गया है जिसमें से 7660 कृषकों का ऑनलाइन सत्यापन कराया जा चुका हैए शेष 4199 कृषकों का सत्यापन शीघ्र कराए जाने के निर्देश जिलाधिकारी ने एडीएम तथा समस्त एसडीएम को दियाए इसके साथ ही जनपद में कुल 65 क्रय केंद्र अनुमोदित किए गए हैं जिसमें विपणन शाखा के 19ए पीसीएफ के 27ए यूपीएसएस के 07ए यूपीपीसीयू के 08ए मंडी समिति के 02ए भारतीय खाद्य निगम के 02 क्रय केंद्र हैंए जिनमें से 63 क्रय केंद्र संचालित हो चुके हैं विपणन शाखा के 02 क्रय केंद्रों को शीघ्र संचालित करने के निर्देश जिलाधिकारी ने दिए। इसके साथ ही उन्होंने बताया कि जनपद का कुल लक्ष्य 125900 मीट्रिक टन के सापेक्ष अभी तक कुल 484 किसानों से 2172ण्29 मीट्रिक टन की खरीद की जा चुकी है। बैठक में जिलाधिकारी ने धान खरीद की धीमी प्रगति पर कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए खरीद की प्रगति बढ़ाने के निर्देश दिए साथ ही समस्त अधिकारियों को धान क्रय केंद्रों का नियमित निरीक्षण करने एवं केंद्रों पर आने वाली समस्याओं का तत्काल निवारण कराने को कहाए इसके साथ ही प्रत्येक क्रय केंद्र पर तिथिवार टोकन दिए जांए एवं कृषकों को बहाना बनाकर लौटाया न जाएए तथा क्रय किए गए धान का भुगतान तीव्रता से कराया जाए। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व एसपी सिंहए समस्त उप जिलाधिकारीए जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारीए एआर कोआपरेटिव सहित अन्य क्रय एजेंसियों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## आदर्श बघेल की शिकायत पर पटरियां हुई साफ

**लालगंज, रायबरेली।** लालगंज रायबरेली एनएच पर रेलकोच के आसपास पटरियों की सफाई का कार्य एमसीएफकी यूनियन मजदूर संघ के कार्यकारी अध्यक्ष आदर्स सिंह बघेल की शिकायत पर पूर्ण हो गया है।वास्तव में सडक के दोनों ओर बड़ बड़ी घास हो गयी थी जिसके चलते सफेद पट्टी तक की सडक ढक गयी थी और झाडियों की वजह से आने जाने में राहगीरों को भारी दिक्कत होती थी। आये दिन दुर्घटनायें होती रही हैं। कई लोग काल कल्वित भी हुये हैं। इन सबसे चिंतित होकर आदर्श सिंह बघेल ने एनएच के अधिकारियों से शिकायत किया था।अपनी शिकायत में श्री बघेल ने झाडियों को शीघ्र से शीघ्र कटवाने की मांग की थी।

आदर्श बघेल की मांग को गम्भीरता से लेते हुये एनएच के अधिकारियों ने जेसीबी लगाकर एक माह के अन्दर झाडियां साफ करा दी हैं। क्षेत्रीय लोगों ने आदर्श सिंह बघेल के प्रति साधुवाद जताया है। वहीं श्री बघेल ने एनएच के अधिकारियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

# डीएम ने खाद्य सुरक्षा व औषधि प्रशासन विभाग की समिति के संग की अहम बैठक

● बिना लाइसेंस मेडिकल स्टोर चलाने वालों पर करें कड़ी कार्रवाईः डीएम

संवाददाता। अमेठी

**जिलाधिकारी** अरुण कुमार की अध्यक्षता में कल देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग की जिला स्तरीय समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारीए व्यापारी व स्टेक होल्डर्स मौजूद रहे। बैठक में मिलावटी एवं नकली खाद्य पदार्थों के विक्रय एवं रोकथाम के संबंध में चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने कहा कि यह बैठक स्टेक होल्डर और जन सामान्य के मध्य बेहतर समन्वय स्थापित करने के लिए आयोजित की गई है इस बैठक के माध्यम से जनपद में मिलावटी खाद्य पदार्थों के विक्रय पर रोकथाम तथा मिलावटी और नकली खाद्य पदार्थों के संबंध में जन सामान्य को जागरूक करना है। बैठक में जिलाधिकारी ने खाद्य विभाग के अधिकारियों को अधिक से अधिक दुकानों पर छापेमारी कर नमूने संकलित करने के निर्देश दिएए इसके साथ ही ड्रग विभाग द्वारा अब तक मारे गए छापों की जानकारी ली तथा नकली दवाइयों एवं बिना लाइसेंस के संचालित मेडिकल स्टोर के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि जन सामान्य को स्वच्छ एवं शुद्ध खाद्य पदार्थों की जानकारी ना होने के कारण मिलावटखोरों का मनोबल बढ़ जाता है जिसकी रोकथाम हेतु जन सामान्य को खाद्य पदार्थों के संबंध में जागरूक किया जाए तथा मिलावटखोरों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाए। इसके लिए जिलाधिकारी ने मिलावट को लेकर होटलोंए ढाबोंए रेस्टोरेंटोंटए मेडिकल स्टोरए बेकरीए आटा चक्कीए आयल मिलए दूध कलेक्शन सेंटर के साथ ही विद्यालयों में मिड.डे.मिल के अधिक से अधिक नमूने संकलित कर जांच करने के निर्देश दिए। साथ ही उन्होंने कहा कि कोई भी दुकानदारों से अवैध वसूली न करें तथा छोटे व फुटपाथ पर दुकान लगाने वालों को परेशान न करेंए दुकानदारों को पॉलीथिन का प्रयोग न करने के लिए कहे तथा दुकानदारों को ग्राहकों द्वारा लिए गए सामान का पक्का बिल जरूर देने को कहें। बैठक के दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ आशुतोष दुबेए सीओ गौरीगंज गुरमीत सिंहए जिला विद्यालय निरीक्षक जे0के0 वर्माए एफएसओ निर्भय नारायण सिन्हाए खाद्य सुरक्षा अधिकारी रोशन सिंहए सिद्धार्थए रश्मि प्रभा सहित अन्य संबंधित मौजूद रहे।

## क्विक न्यूज

### शार्ट सर्किट से घर में लगी आग

**श्रावस्ती,सिरसिया।** थाना सिरसिया अंतर्गत चिल्हरिया मोड़ निवासी ननकू लाल पुत्र राजाराम के घर में मंगलवार की शाम को सार्ट शर्किट होने से घर में आग लग गई जिससे कमरे में रखा सारा सामान जलकर खाक हो गया। सिरसिया क्षेत्र के चिल्हरिया मोड़ निवासी ननकू लाल पुत्र राजाराम के घर की महिलाएं मंगलवार की शाम को आंगन में खाना बना रही थी जबकि ननकू व उसके बेटे अपनी दुकान पर गये थे। इस दौरान कमरे में लगे बिजली के बोर्ड में अचानक शार्ट सर्किट हो जाने से निकली चिंगारी पास में पड़ी चारपाई के बिस्तर पर आग पकड़ लिया थोड़ी ही देर में आग पूरे कमरे में फैल गई जिससे कमरे में रखे कपड़े जलने लगे कमरे से धुंवा निकलता देख आंगन में खाना बना रही महिलाएं भागती हुई कमरे के दरवाजे पर पहुंची तब तक आग पूरे कमरे में फैल चुकी थी। जिसपर महिलाओं ने शोर मचाया और आग पर बाल्टी से पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास करने लगी। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मदद के लिए पहुंच गए साथ ही परिजन भी आ गए।

### मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग से संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्य की समीक्षा की

**श्रावस्ती।** मुख्य निर्वाचन अधिकारीए उ0प्र0 अजय कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में बुधवार के अपरान्ह में विधान सभा क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का पुनरीक्षण 2022 से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर वीडियो कांफ्रेंसिंग के द्वारा समस्त जिला निर्वाचन अधिकारीध् जिलाधिकारी से गहन समीक्षा कर नाम बढ़ाने व घटाने वाले प्राप्त फार्मो का सत्यापनए अपडेशन तथा पोलिंग स्टेशनों की स्थिति एरैंप शौचालय ए फर्नीचरए पेयजल की उपलब्धताए विद्युत व्यवस्था आदि के संबंध में जानकारी संबंधित अधिकारियों से प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त फार्मो में बहुत ही कमियां प्रकाश में आ रही हैंए इस पर विशेष ध्यान दिए जाने की जरूरत है। प्रत्येक नए मतदाता के फार्मो को एआरओ सही चौकिंग कर अपडेशन कराएं इस कार्य में और तेजी लाने की जरूरत है। क्रास चेकिंग सुपर चेकिंग समय समय पर की जाए जिससे मतदाता सूची में किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो सके। इस दौरान जिलाधिकारी नेहा प्रकाशए पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य, अपर जिलाधिकारीध्उप जिला निर्वाचन अधिकारी कमलेश चंद्र, उपजिलाधिकारी प्रवेन्द्र कुमार, उपजिलाधिकारी आर0 पी0 चौधरी, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी छोटेलाल, जिला सूचना अधिकारी शिवनाथ सहित सम्बन्धित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष ने एलईडी वैन को रवाना किया

**तिलोई, अमेठी।** तिलोई विधान सभा क्षेत्र में केन्द्र व राज्य सरकार की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं को जन जन तक पहुंचाने के लिये बुधवार को प्रधान संघ के जिलाध्यक्ष वीरेन्द्र कुमार तिवारी ने तिलोई विकास क्षेत्र के चेतरा बुजुर्ग से एलईडी वैन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।जिलाध्यक्ष श्री तिवारी ने बताया कि यह प्रचार वाहन आज ठोकरपुरएसतगवांए अकबरपुर फर्शीएसेमरौता में योजनाओं का प्रचार प्रसार करेगी।इस मौके पर ग्राम प्रधान मोहम्मद अशरफएमोनू जायसवालए राजू तिवारीए अभिमन्यु वर्माएआनंद सिंहएजावेद असलम खान सहित तमाम प्रधान व क्षेत्र पंचायत सदस्य मौजूद रहे।

### दो महिला मे हाथापाई, कार्रवाई

**ऊंचाहार।** ऊंचाहार कोतवाली के गांव सावांपुर निवासिनी मजूं 28वर्ष व किरन 27वर्ष मे भूमि विवाद मे दोनो मे हाथापाई हो गया।जिसमे सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनो को गिरफ्त मे लेकर धारा 107/116 के तहत कार्यवाही किया गया है।

### झड़प का वीडियो वायरल

**ऊंचाहार।** ऊंचाहारकोतवाली के ग्राम पंचायत खुर्रमपुर मे नाली निर्माण कोलेकर दो पक्षो मे झड़प हो गया जिसमे झड़प का वीड़ियो सोशल मीडिया मे वायरल हो गया।हलाकि विवाद की सूचना प्रधान प्रतिनिध विनय शुक्लाउर्फबाबा को लगी जिन्होने दोनो पक्षोको मौके पर जाकर मामले का निस्तारण करवा दिया है।पुलिस प्रकरण की जांच की बात कह रही है।

### आडिट निर्भिक होकर करें सभी

**ऊंचाहार।** ऊंचाहार ब्लाक के सभागार मे बुधवार के दिन ग्राम पंचायत मे संविदा तैनात आडिटकर्मचारियो का जिला कोआडीनेटर केपी दीक्षित ने बैठक लिया।जिस दौरान श्रीमती दीक्षितने कहा कि सभी ग्राम पंचायतो के आडिटों को निर्भिक होकर करने के लिए प्रेरित किया।दिक्कत आने पर बताने के लिए कहा।जिस मौके पर उनके विभागीय कर्मचारी मौजूद थे।

### संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटकता मिला शव

**ऊंचाहार।** फांसी के फंदे मे गांव से डेड़ किलोमीटर दूर कुशलकापुरवा पानी टंकी निकट अर्द्धनिर्मित कलेंदर देवी का मकान बना रहा था उसमे बंधे बांस के टाल मे रस्सी के सहारे लटकता मिला है। बताते चले कि ऊंचाहार कोतवाली के गांव गोकना निवासी सुरेन्द्र 18वर्ष पुत्र श्रीनाथ अपने घर पर मंगलवार कीसांयकाल हंसी खुशी के साथ कोल्ड्रिंक पीने के साथ साथ व्यंजन का आनंद लिया।जिसके बाद वह एकाएक घर से बिन बताए निकला था जिसका अता पता न चलने पर बुधवार के दिन गांव से डेड़ किलोमीटर दूर तीरकापुरवा से जमुनापुर मार्ग स्थिति कुशलकापुरवा पानी टंकी के निकट अर्द्धनिर्मित भवन मे बंधे बांस के डंडो मे रस्सी के सहारे फांसी के फंदे मे लटकता हुआ शव मिला है।

### यूपी में भाजपा पूर्ण बहुमत की सरकार बनायेगीः एमएलसी

**तिलोई, अमेठी।** भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं विधान परिषद सदस्य लक्ष्मण आचार्य जी ने विकास खण्ड सिंहपुर के सभागार में कार्यकर्ता बैठक में कहा कि भाजपा पूर्ण बहुमत की सरकार बनायेगी जरूरत इस बात की है कि प्रत्येक कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी निभाते हुए सरकार की उपलब्धियां गांव के जनमानस तक पहुंचाए। भाजपा कार्यकर्ताओं ने स्थानीय समस्याओं के साथ ही अधिकारियों की मनमानी व इन्हौना में संचालित स्लाटर हाउस के बारे में एम् एल सी को अवगत कराया जिस पर एमएलसी ने समस्याओं के शीघ्र निस्तारण का निर्देश दिया। इस अवसर पर भाजपा मंडल अध्यक्ष अम्बरीष जायसवालएराहुल पाठक एधर्मेश मिश्राएरामलाल मौर्य आदि बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### भाजपा बूथ अध्यक्ष सम्मेलन को लेकर बैठक का हुआ आयोजन

**बछरावां रायबरेली।** सीतापुर में भाजपा बूथ अध्यक्ष सम्मेलन हेतु महत्वपूर्ण बैठक बछरावां में आयोजित की गई। वहीं सम्मेलन को सफल बनाने के लिए पार्टी के पदाधिकारियों को जिम्मेदारी भी सौंपी गई, इस दौरान भारतीय जनता पार्टी के विधानसभा प्रभारी डा. संजय शुक्ला व अतुल शुक्ला का सानिध्य प्राप्त हुआ। बैठक में प्रमुख रुप से बछरावां विधायक मा. रामनरेश रावत, मंडल अध्यक्ष प्रवेश वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष हरे कृष्ण पांडेय, विधानसभा विस्तारक अहम मिश्रा, उज्जवल सिंह पटेल, मान सिंह रावत उपस्थित रहे।

# जिलाधिकारी ने कूड़ा पृथक्करण केन्द्र का किया शुभारम्भ

संवाददाता। श्रावस्ती, भिनगा



**जिलाधिकारी** नेहा प्रकाश एवं ईशान प्रताप सिंह द्वारा विकास खण्ड हरिहरपुर रानी के अन्तर्गत ग्राम पंचायत उमायल खुर्द में ठोसए प्लास्टिक एवं तरल अपशिष्ट के उचित निपटानध्प्रबंधन हेतु कूड़ा पृथक्करण केन्द्र का शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन ;ग्रामीणद्ध अन्तर्गत फेस.02 में खुले में शौच मुक्त के स्थायित्व को बनाये रखने के साथ ही ठोस एवं प्लास्टिक तथा तरल अपशिष्ट का प्रबंधन किया जाना है जिस हेतु आज विकास खण्ड हरिहरपुर रानी की ग्राम पंचायत उमायल खुर्द में कार्य प्रारंभ किया गया। उन्होने कहा कि इस ओ0डी0एफ0.प्लस ग्राम पंचायत बनाने हेतु ग्राम पंचायत के सभी घरों से उत्सर्जित होने वाले कूड़े को अनिवार्य रूप से उचित तरीके से निस्तारण करने हेतु नेडेप कम्पोस्ट पिटध्बर्मी कम्पोस्ट पिटए प्लास्टिक कूड़े के लिए प्लास्टिक बैंक एवं तरल कूड़े के लिए कूड़ा पृथक्करण केन्द्र तैयार किया गया है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि ग्राम पंचायत उमायल खुर्द को ओ0डी0एफ0.प्लस ग्राम पंचायत बनाने हेतु ग्राम पंचायत के सभी घरों से उत्सर्जित होने वाले कूड़े को अनिवार्य रूप से उचित तरीके से निस्तारण करने हेतु नेडेप कम्पोस्ट पिटध्बर्मी कम्पोस्ट पिटए प्लास्टिक कूड़े के लिए प्लास्टिक बैंक एवं तरल कूड़े के लिए तैयार किए गए सोख्ता गड्ढे तथा कूड़े को एकत्रित करने हेतु कूड़ा पृथक्करण केन्द्र का उद्घाटन किया गया है इससे निश्चित ही क्षेत्र वासियो को लाभ मिलेगा। इस अवसर परियोजना निदेशकए जिला पंचायत राज अधिकारीए जिला समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण एवं यूनिसेफके प्रतिनिधि उपस्थित रहें।

# ‘भगवान कृष्ण और सुदामा से मिलती है मित्रता की शिक्षा’

**तिलोई, अमेठी।** सिंहपुर ब्लाक क्षेत्र के कस्बा राजाफत्तेपुर में आयोजित श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के सातवें दिन की कथा में वृंदावन धाम से पधारे कथा व्यास योगेंद्र कृष्ण शास्त्री जी महाराज ने कहा कि सुदामा से भगवान श्रीकृष्ण ने मित्रता का धर्म निभाया। राजा के मित्र राजा होते हैं रंक नहींए पर भगवान श्रीकृष्ण ने कहा कि मेरे भक्त जिसके पास प्रेम धन है वह निर्धन नहीं हो सकता। कृष्ण और सुदामा दो मित्र का मिलन ही नहीं जीव व ईश्वर तथा भक्त और भगवान का मिलन था। जिसे देखने वाले अचंभित रह गए थे। आज मनुष्य को ऐसा ही आदर्श प्रस्तुत करना चाहिए। उन्होंने कहा कि कृष्ण और सुदामा जैसी मित्रता आज कहां हैं। यही कारण है कि आज भी सच्ची मित्रता के लिए कृष्ण.सुदामा की मित्रता का उदाहरण दिया जाता है। द्वारपाल के मुख से पूछत दीनदयाल के धामए बतावत आपन नाम सुदामाए सुनते ही द्वारिकाधीश नंगे पांव मित्र की अगवानी करने पहुंच गए। लोग समझ नहीं पाए कि आखिर सुदामा में क्या खासियत है कि भगवान खुद ही उनके स्वागत में दौड़ पड़े। श्रीकृष्ण ने स्वयं सिंहासन पर बैठाकर सुदामा के पांव पखारे। कृष्ण.सुदामा चरित्र प्रसंग पर श्रद्धालु भाव.विभोर हो उठे। उन्होंने आगे कहा कि श्रद्धा के बिना भक्ति नहीं होती तथा विशुद्ध हृदय में ही भागवत टिकती है। भगवान के चरित्रों का स्मरणए श्रवण करके उनके गुणए यश का कीर्तनए अर्चनए प्रणाम करनाए अपने को भगवान का दास समझनाए उनको सखा मानना तथा भगवान के चरणों में सर्वश्व समर्पण करके अपने अन्तरूकरण में प्रेमपूर्वक अनुसंधान करना ही भक्ति है।श्रीकृष्ण को सत्य के नाम से पुकारा गया। जहां सत्य हो वहीं भगवान का जन्म होता है। भगवान के गुणगान श्रवण करने से तृष्णा समाप्त हो जाती है। परमात्मा जिज्ञासा का विषय हैए परीक्षा का नहीं।

# मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने की विधान सभा क्षेत्रों की पुनरीक्षण कार्यों की समीक्षा

संवाददाता। रायबरेली

**मुख्य** निर्वाचन अधिकारी, उ0प्र0,लखनऊ श्री अजय कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में विधान सभा क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का पुनरीक्षण- 2022 से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर वीडियो कांफ्रेंसिंग के द्वारा गहन समीक्षा कर नाम बढ़ाने व घटाने वाले प्राप्त फार्मो का सत्यापन,फील्डिंग /अपडेशन तथा पोलिंग स्टेशनों की स्थिति , रैम्प, शौचालय , फर्नीचर, पेयजल की उपलब्धता, विद्युत व्यवस्था आदि के संबंध में समस्त जिला निर्वाचन अधिकारी/ जिलाधिकारी व संबंधित अधिकारियों से जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश उपस्थित संबंधित अधिकारियों को दिए गए । मुख्य निर्वाचन अधिकारी उ0प्र0 द्वारा जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी व संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि प्राप्त फार्मो में बहुत ही कमियां प्रकाश में आ रही हैं ,इस पर विशेष ध्यान दिए जाने की जरूरत है। प्रत्येक नए मतदाता के फार्मो को एआरओ सही चौकिंग कर अपडेशन कराएं । उन्होंने कहा कि इस कार्य में और तेजी लाने की जरूरत है ।क्रास चेकिंग/सुपर चेकिंग समय समय पर की जाए, ताकि मतदाता सूची में किसी प्रकार की गड़बड़ी न हो सके। इस मौके पर जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी वैभव श्रीवास्तव, अपर जिलाधिकारी(प्रशा0)/उप जिला निर्वाचनअधिकारी अमित कुमार, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी सहित अन्य सम्बन्धित उपस्थित रहे ।

## बछरावां प्रीमियर लीग के टी-20 मैचों में क्रिक स्टार्स और एनडीबीजी ने दर्ज की जीत

**बछरावां रायबरेली।** कस्बे के किदवई पार्क में खेले जा रहे बछरावां प्रीमियर लीग टी20 मैचों की श्रृंखला में बुधवार को दो मैच खेले गए, जिसमें पहली पाली में ग्लोबल स्टार्स लखनऊ और क्रिक स्टार्स क्लब के बीच मैच खेला गया। जिसमें ग्लोबल स्टार्स के कप्तान अभिषेक मिश्रा ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए 80 रनों की पारी खेली और जीत के लिए क्रिक स्टार्स को 176 रनों का लक्ष्य दिया जिसका पीछा करने उतरी क्रिक स्टार्स ने 1 विकेट से मैच जीत लिया। जिस के हीरो रहे विनीत सिंह जिन्होंने 60 रनों की पारी खेली और 2 विकेट झटके। दूसरी पाली में एनडीबीजी लखनऊ ने शिवगढ़ रॉयल्स के सामने 15 ओवरों में 178 रनों का विशाल लक्ष्य खड़ा किया। जिसका पीछा करने उतरी शिवगढ़ रॉयल्स 71 रनों पर सिमट गई।

# मनोज द्विवेदी ने गिरफ्तारी की खबर का किया खंडन कहा- मेरे खिलाफ किया जा रहा राजनीति षड्यंत्र

संवाददाता। लालगंज, रायबरेली



**श्री** फाउंडेशन के चेयरमैन व समाजसेवी मनोज द्विवेदी ने सरेनी विधानसभा के लालगंज कार्यालय में एक प्रेस वार्ता का आयोजन किया। प्रेस वार्ता के दौरान उन्होंने बताया कि समाचार पत्रों में मेरे खिलाफ जो भी खबर छपी है वह निराधार एवं असत्य है। इसमें राजनीतिक षड्यंत्र की बू आ रही है। मेरी बढ़ती लोकप्रियता से मेरे राजनीतिक विरोधी घबराए हुए हैं। मेरी बढ़ती लोकप्रियता और समाज सेवा को देखते हुए मेरे खिलाफ घिनौनी साजिश रची गई है ।यह पूरी तरह राजनीतिक साजिश है जिसकी मैं घोर निंदा भी करता हूं।खबर में जो मेरी गिरफ्तारी बताई गई है वह सिर्फ और सिर्फ अफवाह है मैं आपके सम्मुख सशरीर उपस्थित हूं। मेरे व मेरी कंपनी के खिलाफ ना तो कोई मुकदमा दर्ज हुआ है और ना ही मेरी या मेरे निदेशकों की किसी प्रकार की गिरफ्तारी हुई है। यह खबर कहां से प्रकाशित हुई है इस बात का पता लगाया जा रहा है जिसने भी यह षड्यंत्र किया है उसके खिलाफ मैं मानहानि का दावा करूंगा और इस बात का पता लगाया जाएगा कि आखिर यह खबर किस साजिश के तहत छपवाई गई है। शीघ्र ही एक.दो दिन के अंदर मानहानि का दावा माननीय न्यायालय में पेश किया जाएगा। अभी तक मैं समाज सेवा के क्षेत्र में कार्य कर रहा था एअब मैं राजनीतिक क्षेत्र में भी काम करने के लिए तैयार हूं ।वास्तव में श्री फाउंडेशन चेयरमैन मनोज द्विवेदी के खिलाफ दो समाचार पत्रों में श्री कॉलोनाइजर्स के तीन निदेशक 10 करोड़ की धोखाधड़ी मे गिरफ्तारएए शीर्षक से खबर छपी थी जिसके बाबत मनोज द्विवेदी ने बुधवार सायं प्रेस वार्ता बुलाकर उस खबर को पूरी तरह से निराधार और झूठी बताया है। वास्तव में उक्त खबर से प्रदेश का राजनीतिक बाजार भी गर्म हो गया है।

# सोसाइटी का आधुनिकीकरण और सदस्यों का सम्मान हमारी प्राथमिकताः वीरेंद्र सिंह

संवाददाता। नसीराबाद/अमावाँ,रायबरेली



**ब्लॉक** संसाधन केन्द्र में अमावाँ विकास क्षेत्र के शिक्षकों द्वारा डिस्ट्रिक्ट बोर्ड इम्प्लाइज कोआपरेटिव सोसाइटी के नवनिर्वाचित अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह के सम्मान में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर बोलते हुए वीरेन्द्र सिंह ने कहा कि आप सभी ने जो अपेक्षाएं मुझसे की हैं उन पर आप सभी के सुझाव से निश्चित तौर पर खरा उतरने का प्रयास करूँगा। आप लोगों के सुझाव पर कल पहली बैठक में ही कई महत्वपूर्ण निर्णय सोसाइटी एवं सदस्यों के हित में लिये गये।

इसके पूर्व विकास क्षेत्र के शिक्षकों द्वारा शानदार तरीके से उनको बतौर सोसाइटी अध्यक्ष मालाओं, पुष्पगुच्छ एवं प्रतीक चिन्ह के माध्यम से सम्मानित किया गया। वरिष्ठ शिक्षक अशोक प्रियदर्शी, बृजेंद्र सिंह, सुरेश सिंह, संतन शिरौमौलि, रणविजय सिंह, प्रतिमा सिंह, शशिदेवी, महेश प्रताप सिंह आदि कई शिक्षक/शिक्षिकाओं ने अपने उद्बोधन में अध्यक्ष वीरेन्द्र सिंह का स्वागत करते हुए उनके द्वारा लिए गए अति महत्वपूर्ण निर्णयों से खुशी जाहिर की और भविष्य में भी ऐसे हितकारी महत्वपूर्ण निर्णयों की अपेक्षा की। वक्ताओं ने हर कदम पर उनका साथ देने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर शिक्षक जागेश्वर वर्मा, सूर्यप्रकाश श्रीवास्तव, नोडल शिक्षक नीरज कुमार, मोइनुल हक, मनोज पुष्कर, धर्मेंद्र राम, रामेश्वर नाथ प्रसाद, अजय सिंह, आर.पी. अवस्थी, शफीकुर्रहमान, मनोज सिंह राठौर, इंद्र बहादुर सिंह, राजेश सिंह, ललित कुमार, धर्मेंद्र सिंह चौहान, श्याम लली, उषा देवी, निरुपमा सोनकर, निर्मला यादव, शीरी महमूद, मो. जकी, अफरोज अहमद, कबीरुद्दीन, राजेंद्र यादव, राजेंद्र बहादुर सिंह,मो0 सहाब हाशमी, फरीदा बेगम, मीरा सिंह, मतीन खां, रितेश कुमार, अब्दुल मन्नान, सलाहुद्दीन अंसारी, अनीता देवी, ओमप्रकाश सिंह, सुधीर कुमार, अमित कुमार आदि बड़ी संख्या में शिक्षक एवं शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# रायबरेली के लोगों को परिवार मानते थे स्व. धुन्नी सिंह : पूनम

● फाउंडेशन की अध्यक्ष समाजसेवी पूनम सिंह ने आज अपने पिता की पुण्य तिथि पर विशाल भंडारे का आयोजन व जिला अस्पताल में मरीजों को फलों का किया वितरण

संवाददाता। रायबरेली

**कमला** फाउंडेशन की अध्यक्ष समाजसेवी पूनम सिंह ने आज अपने पिता स्व धुन्नी सिंह की पुण्य तिथि पर गरीबों के लिए विशाल भंडारे का आयोजन किया तो जिला अस्पताल में जाकर मरीजों में फलो का वितरण कराया।इसके उपरांत स्व धुन्नी सिंह की पुत्री पूनम सिंह ने सुपर मार्केट में अपने पिता के चित्र पर माल्यार्पण व पूजा अर्चना कर के भंडारे की शुरुआत करवाई।भंडारे में हजारों लोगों ने प्रशाद ग्रहण किया।इस मौके पर कमला फाउंडेशन की अध्यक्ष समाजसेवी पूनम सिंह ने कहा कि मेरे पिता स्व धुन्न सिंह ने कभी उंगली पकड़कर चलना तो कभी हार न मानना सिखाया है , ।वह पिता ही है जिसने संघर्ष करना सिखाया है। आज ही के दिन मेरे पूज्य पिताजी स्वर्गीय ठाकुर धुन्नी सिंह हम सब को छोड़ कर चले गए थे ।ऐसा लगा हमारे सर से आसमान और पैरों से जमीन चली गई , परंतु हम सब ने उन्हीं के दिए संस्कार , धैर्य और संघर्ष की शिक्षा और उनके दिखाए मार्ग पर चलते हुए खुद को संभाला। मेरे पिता की जन्मभूमि और कर्मभूमि दोनों रायबरेली ही थी और रायबरेली के लोगों को वह अपना परिवार मानते थे। आज मैं भी उनके सपनों को साकार करने के लिए अपना छोटा सा योगदान ष्कमला फाउंडेशन के माध्यम से देने का प्रयास कर रही हूं।

## महिला 'आईएएस' पर हमला बोलने के मामले ने पकड़ा तूल

# सहकारी बैंक के चेयरमैन घेरे में

**संवाददाता। बस्ती**

### ● 'पायनियर' की खबर का संज्ञान लेकर डीजी विजिलेंस की टीम बस्ती पहुंची ● चेयरमैन का बयान दर्ज कर लौट गया दल

**बस्ती** और संतकबीरनगर के जिला सहकारी बैंक के चेयरमैन राजेंद्रनाथ तिवारी के उस बयान को शासन ने संज्ञान में लिया, जिसमें सीनियर महिला आईएसए अधिकारी अपर आयुक्त एवं अपर निबंधक बैंकिगं वी. चंद्रकला की योग्यता पर सवाल खड़ा करते हुए पायनियर अखबार के जरिए उन पर जवाबी हमला किया था। इस खबर को संज्ञान में लेकर बुधवार को डीजी विजिलेंस की टीम सीनियर इंस्पेक्टर आरएस सिद्दीकी की अगुवाई में बस्ती पहुंची और चेयरमैन का बयान कलमबंद किया। विजिलेंस की टीम साथ में पायनियर अखबार की कटिगं भी साथ में लाई थी, और उसी खबर की पुष्टि चेयरमैन से की गई। बता दें कि मुख्यमंत्री और सहकारिता मंत्री सहित अन्य आला अधिकारियों को पत्र लिखकर चेयरमैन ने कहा कि अधिकारियों की मंशा बैंक के साख को बचाने में नहीं बल्कि उसे बर्बाद करने की है। कहा था कि अगर जिला सहकारी बैंक के प्रति आला अधिकारियों का यही रवैया रहा तो बैंक का संचालन करना ही कठिन हो जाएगा। अधिकारी उनके हिस्से का 76 करोड़ न देकर यह कह रहें हैं कि जो सूद का धन दिया जा रहा है, उसी से ग्राहकों को भुगतान करिए और बैकं का कामकाज करिए। चेयरमैन ने सीएम को पत्रकर पूछा था कि क्या कोई बैंक सूद के पैसे से चल सकता हैं, यह भी पूछा था कि आखिर उनके हिस्से का धन क्यों नहीं जिले को दिया जा रहा है? क्यों सरकार और बैंक की बदनामी की जा रही है? मुख्यमंत्री तक यह बात कभी नहीं पहुंचती, अगर अपर आयुक्त एवं अपर निबंधक बैंकिगं वी.चंद्रकला सीएम को पत्र के माध्यम से भ्रमित नहीं करती। सबसे अधिक चर्चा का विषय यह रहा, जिसमें अपर आयुक्त एवं अपर निबंधक बैंकिगं ने मुख्यमंत्री को यह लिखा था कि कर्मियों की नियुक्ति करने का अधिकार बैंक प्रबंधन समिति को है। जबकि नियमानुसार यह अधिकार बैंक प्रबंधन को है, ही नहीं। ऐसे में चेयरमैन की ओर से मुख्यमंत्री से सवाल किया गया कि जब बैंक प्रबंधन समिति को कार्मियों की नियुक्ति करने का अधिकार ही नहीं है, तो फिर क्यों मुख्यमंत्री को यह लिख दिया कि नियुक्ति करने का अधिकार समिति को है। चेयरमैन ने मुख्यमंत्री से पूछा था कि क्या यह माना जाए कि बैंक को नियुक्ति का अधिकार या कार्रवाई करने को अधिकृत कर दिया गया हैं? बयान में उन्होने जब हमने अपने हिस्से का 76 करोड़ के सापेक्ष मात्र 25 करोड़ आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए मांगा तो उन्होंने कहा कि 'सूद से काम चलाइए'। सीएम को लिखा कि सहायक निबंधक, उप निबंधक और पीसीएफ नहीं चाहते कि आरकेवीआई का धन का धन सहकारी बैंक को मिले। आरकेवीआई का धन सहकारी बैंक को न देकर पीसीएफ को दे दिया गया, जिसके चलते बैंक की वित्तीय स्थित और अधिक बिगड़ गई। चेयरमैन ने मुख्यमंत्री को स्पष्ट लिखा था कि अपने ही आदेश को अपने ही विभागीय अधिकारियों को गलत व्याख्या से रोकें और आरकेवीवाई का धन बैंक के माध्यम से वितरित हो, अन्यथा की स्थित में वित्तीय अनुशासन को बना पाना असंभव हो जाएगा, जो नितांत अव्यवहारिक होगा। इस योजना का धन शीघ्र ही बैंकों के लिए बैंक के पैक्स के खाते खोलने के लिए अनिवार्य करने की मांग की है, ऐसा न होने की दशा में दंड का प्राविधान करने की मांग की गई है।

## ग्रामीणों ने सीडीओ से की शिकायत, होगी जांच

### ● अवकाश के दिन कलेक्ट्रेट पर ग्रामीणों को देखकर रूककर सुनीं समस्याएं

**संवाददाता। संतकबीरनगर**


जनसमस्या सुनते सीडीओ पायनियर

**बुधवार** को सरकारी अवकाश की जानकारी नही रहने पर जनपद के पौली ब्लाक के रोसया बाजार ग्राम पंचायत के ग्रामीण जनसमस्या को लेकर जिलाधिकारी कार्यालय पहुँचे थे। अवकाश के दिन कोई अधिकारी नही मिलने पर ग्रामीण वापस जा रहे थे। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी सुरेन्द्र नाथ श्रीवास्तव स्टेडियम की तरफ सरकारी वाहन से जा रहे थे। उन्होंने ग्रामीणों की भीड़ को देखकर वाहन को रूकवाये और ग्रामीणो की जनसमस्याओं को सुनते हुए निस्तारण किये जाने का आश्वासन दिया। ग्रामीणों ने सीडीओ की प्रशंसा किये। रोसया बाजार से आये ग्रामीणों ने ग्राम प्रधान व सेक्रेटरी पर आरोप लगाते हुए मुख्य विकास अधिकारी को शिकायती पत्र सौपा है। ग्रामीणो ने कहा है कि पात्र लाभार्थियों को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नही मिला है और प्रधान व सेक्रेटरी के मिलीभगत से अपात्रों को योजना का लाभ मिल रहा है। ग्रामीणों ने सेक्रेटरी पर आरोप लगाया है कि 20 हजार रूपये की मांग सेक्रेटरी द्वारा की जा रही है तब प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिलेगा। मुख्य विकास अधिकारी ने मामले को गम्भीरता से लेते हुए ग्रामीणो को आश्वस्त किया है कि इसकी निष्पक्ष जॉच की जायेगी यदि सेक्रेटरी दोषी पाये गये तो उनके विरूद्ध कार्यवाही होगी।

## वादा खिलाफी को लेकर शिक्षणेत्तर कर्मचारी देंगे धरना


विरोध जताते शिक्षणेत्तर कर्मचारी पायनियर

**संवाददाता। बस्ती**

**उ.प्र.** माण्यमिक शिक्षणेत्तर संघ की मंडलीय बैठक सक्सेरिया इंटर कालेज पर मंडल अध्यक्ष रवि प्रकाश सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में प्रदेश सरकार के वादा खिलाफी लड़ाई के लिए रणनीति बनी। कहा गया कि लंम्बित मांगों को राजज्ञा जारी न करना सरकार की हठधर्मिता दर्शाता है।

प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष विजय कुमार द्विवेदी ने कहा कि योगी सरकार पुरानी पेंशन न बहालकर और चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की भर्ती रोककर अस्तित्व को ही समाप्त करना चाहती है। कहा कि इसे किसी भी दशा में बर्दास्त नहीं किया जाएगा। कहा कि इसके विरोध में शिक्षणेत्तर कर्मचारी दो दिसंबर को शिक्षा निदेशक कार्यालय पर धरना देंगे। बस्ती के जिलाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद दुबे मंडल के सभी शिक्षेणेत्तर कर्मचारियों का आवाहृन किया कि धरने में अवश्य शामिल हो। संतकबीरनगर के जिलाध्यक्ष लल्लन सिंह ने कहा कि मंडल के शिक्षा अधिकारी निरकुंश हो गएं हैं। उनके द्वारा प्रायोजित तरीके से कर्मचारियों का उत्पीड़न किया जा रहा है। बिना धन लिए जीपीएफ और पेंशन तक की स्वीकृति नहीं की जाती। इस मौके पर प्रमोद श्रीवास्तव, असदरजा खां, रामनेवास, विजय शंकर द्विवेदी, राजेश चंद्र मिश्र, प्रभौस कुमार पांडेय, आशीष सिंह यादव, यशपाल यादव, पंकज कुमार सिंह, उमेश कुमार, राम सुंदर यादव, जीतेंद्र प्रसाद, वैभव उपाध्याय, अनिल कुमार, अम्बिका प्रसाद, महेश तिवारी, दिलीप कुमार, शिवशंका, शिवबालक, राम कृष्ण, कृष्ण कांत श्रीवास्तव, भारत भूषण शुक्ल, सुहील शुक्ल, विकाश प्रताप सिंह और सत्य प्रकाश श्रीवास्तव सहित अन्य मौजूद रहे।

## झोपड़पट्‌टी ही इनका नसीब, 20 साल से है आवास की आस

**संवाददाता। बस्ती**

### ● वोट न देने का खामियाजा भुगत रही पत्नी सुनीता और पति दयानंद

### ● यह उसी गांव का सच है, जिस गांव में 38 अपात्र पंडितों को एससीएसटी बनाकर आवास दे दिया गया

### ● वोट नहीं दिया तो पात्रता की सूची से ही नाम कटवा दिया


झोपड़ी में अतिम दिन काट रहे आवासहीन और भूमिहीन दंपति पायनियर

**कुदरहा** ब्लॉक का वीआईपी गांव छरदही में अधिकतर उन लोगों को ही सरकारी योजनाओं का लाभ मिला जो अपात्र की श्रेणी में आते है। पात्रता की श्रेणी में आने के बावजूद आवासहीन और भूमिहीनों को योजना का लाभ नहीं मिला एक तरह से यह उन जनप्रतिनिधियों के मुंह पर एक तमाचा है, जिन्हें उपर वाले ने गरीबों और जरुरतमदों की मदद करने के लिए जनप्रतिनिधि बनने का मौका दिया। मौके का लाभ जनप्रतिनिधियों ने किस तरह उठाया इसका सच देखना हो तो छरदही चले आइए। वीआईपी गांव होने का लाभ जहां पात्रों को मिलना चाहिए, वह न मिलकर अपात्र उठा रहे हैं, और यह सब कुछ पावर और मनी से मजबूत कहने वाले जनप्रतिनिधियों के सामने हो रहा है। व्यवस्था और जनप्रतिनिधियों को चिढ़ातें गांव में घुसते ही सुनीता-दयानंद दंपत्ति मिल जाएगें। इस दंपत्ति की आधे से अधिक जिंदगी इस आस में गुजर गई, कि कभी तो उनका अपना आशियाना होगा। दो दशक बाद जब सपना पूरा होने का समय आया तो वह इस लिए टूट गया, क्यों कि दंपत्ति ने एक विशेष को वोट नहीं दिया। इन लोगों का नाम उन 42 बदनशीब गांव वालों में शामिल हैं, जिनका नाम आवास पाने वालों की सूची से इस लिए कटवा दिया गया, क्यों कि इन लोगों ने भ्रष्टाचारियों का साथ नहीं दिया। यह उस गांव के गरीबों का सच है, जहां पर 38 अपात्र पंडितजी लोगों को अनुसूचित जनजाति बनाकर आवास दे दिया गया। यह उस गांव के विकास का सच है, जहां पर वर्तमान प्रधान का फर्जी हस्ताक्षर बनाकर मनरेगा के धन का बंदरबांट कर लिया गया। देखा जाए तो पंचायती राज व्यवस्था को छरदही और ब्लॉक के जिम्मेदारों ने तार-तार कर दिया। कुदरहा ब्लॉक क्षेत्र के अगर किसी ग्राम पंचायत में 2022 के चुनाव में भाजपा को अधिक नुकसान होगा तो उसमें पहले नंबर पर छरदही रहेगा। दूषित व्यवस्था से गांव वाले इतने व्यथित और दुखी है, कि यह लोग भाजपा का नाम तक लेना पसंद नहीं करते। भले ही यह विधानसभा क्षेत्र अति पिछड़े में आता है, मगर इस क्षेत्र के अधिकतर नेता अमीरों की श्रेणी में आते है। इन लोगों को गरीबों की कितनी चिंता है, यह सुनीता और दयानंद की दशा को देखकर लगाया जा सकता है। यह उस दंपत्ति की गरीबी का सच है, जिस घर का भोजन बनने से पहले कुत्ता-बिल्ली चट जाते है। इस दंपत्ति को हमेशा इस बात का खतरा रहता है, कि कहीं भोजन बनाते से झोपड़ी में आग न लग जाए। यह दंपत्ति अपने जीवन को दांव पर लगा कर झोपड़ी में रह रहे है।

## चित्रकला के माध्यम से विद्यार्थियों ने आम जनमानस को किया जागरूक

### ● पुलिस अधीक्षक ने बच्चों की पीठ थपथपाई

**संवाददाता। संतकबीरनगर**


विद्यार्थी का उत्साहवर्धन करते पुलिस अधीक्षक पायनियर

**यातायात** जागरुकता माह के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ के निर्देशन अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के मार्गदर्शन तथा क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद/क्षेत्राधिकारी यातायात अंशुमान मिश्रा के पर्यवेक्षण में यातायात जागरुकता कार्यक्रम के दृष्टिगत बुधवार को रिजर्व पुलिस लाइन खलीलाबाद में वी-मार्ट खलीलाबाद के सौजन्य से यातायात जागरुकता चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक द्वारा बच्चों द्वारा यातायात के दौरान जागरूकता संबंन्धी चित्रों को बना कर लोगों को जागरूक करने की सराहना करते हुए छात्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की गयी। इस प्रतियोगिता में जनपद के राजकीय बालिका इण्टर कालेज के (45 छात्र), ए0वी0एम0 स्कूल के ( 18 छात्र), हीरालाल इण्टर कालेज के (09 छात्र) तथा सेन्ट थॉमस स्कूल के (27 छात्र) ने प्रतिभाग किया। प्रतियोगिता के दौरान जूनियर वर्ग में ए0वी0एम0 स्कूल के छात्र अच्युतम प्रजापति (प्रथम), महिमा मौर्या (द्वितीय), अंजली पाण्डेय(तृतीय) स्थान राजकीय कन्या इण्टर कालेज की छात्रा प्रीती कनौजिया (प्रथम), निशी प्रजापति(द्वितीय), अंशिका कुमारी (तृतीय) स्थान हीरालाल इण्टर कालेज छात्र द्विव्यांश वर्मा तथा सेण्ट थॉमस स्कूल के छात्र आवेश पटेल ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा सीनियर वर्ग में ए0वी0एम0 स्कूल की छात्रा खुशी गौड़ (प्रथम), मधुमिता (द्वितीय), नेहा (तृतीय) स्थान राजकीय कन्या इण्टर कालेज की छात्रा स्वाति कन्नौजिया (प्रथम), शिवांगी शर्मा (द्वितीय), नेहा विश्वकर्मा (तृतीय) स्थान सेण्ट थॉमस स्कूल के स्वप्निल प्रशान्त (प्रथम), स्वेहल श्रीवास्तव (द्वितीय) स्थान तथा हीरालाल इण्टर कालेज के छात्र विकास (प्रथम), दक्ष राय (द्वितीय), मुस्कान (तृतीय) स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में ओवर ऑल सेण्ट थॉमस स्कूल के छात्र स्वप्निल प्रशान्त ने प्रथम स्थान, राजकीय कन्या इण्टर कॉलेज की छात्रा निशी प्रजापति ने द्वितीय स्थान तथा राजकीय कन्या इण्टर कॉलेज की छात्रा स्वाति कनौजिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। पुरस्कार विजेताओं को क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद/यातायात अंशुमान मिश्रा द्वारा पुरुस्कार व प्रशस्ति पत्र देकर उत्साह वर्धन किया गया। कार्यक्रम में प्रतिसार निरीक्षक रजनीकान्त ओझा व प्रभारी निरीक्षक यातायात बृजेश यादव, प्रभारी निरीक्षक महिला थाना श्रीमती सरोज शर्मा, यातायात पुलिस के एच0सी0पी0 भोला प्रसाद एच0सी0पी0 नन्द लाल, का0 अजय पाण्डेय व अन्य पुलिसकर्मी व स्कूल प्रबन्धन के अध्यापकगण व अन्य सम्मानित सभ्रान्त नागरिक उपस्थित रहे।

## संवाद दिवसः दुधारा थाने पर पहुंचे एसपी

### ● थाने का किये निरीक्षण

**संवाददाता। संतकबीरनगर**


निरीक्षण करते एसपी पायनियर

**पुलिस** अधीक्षक डॉ0 कौस्तुभ द्वारा वादी संवाद दिवस के अवसर पर थाना दुधारा पर सर्वप्रथम थानाक्षेत्र के वादियों से संवाद स्थापित किया गया। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा थाना दुधारा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान थाना परिसर, कार्यालय, मालखाना, हवालात, बैरिक, भोजनालय, शौचालय, स्नानागार इत्यादि के साफ-सफाई का निरीक्षण किया गया व मिशन शक्ति योजना के क्रम में स्थापित महिला हेल्प डेस्क का गहन निरीक्षण करते हुए रिकार्ड रजिस्टर व प्राप्त प्रार्थना-पत्रों के निस्तारण की स्थिति का अवलोकन कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। तत्पश्चात पुलिस अधीक्षक द्वारा लावारिस वाहनों एवं मालों का विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने व थाने की साफ-सफाई उच्चकोटि की बनाये रखने हेतु निर्देशित किया गया। थाने पर उपस्थित समस्त अधिकारी/कर्मचारीगण को थाने पर आने वाले आगंतुकों/शिकायतकर्ताओं/वादियों के साथ शालीनता पूर्वक विनम्र व्यवहार करने व उनकी समस्याओं को सुनकर तत्काल आवश्यक कार्यवाही करने के लिए निर्देशित किया गया।

## पत्रकार ने की ईओ के खिलाफ मुकदमा करने की दी तहरीर

**बस्ती।** मीडिया दफ्तर के सामने खड़ी आधा दर्जन से ज्यादा मोटरसाइकिलों को छुअ्टा सांड के 8ारा रौंदकर क्षति पहुंचाने के मामले में पत्रकार अशोक श्रीवास्तव ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर नगरपालिका के अधिशाषी अधिकारी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज कर न्याय दिलाने की मांग की है। एसपी एवं प्रभारी निरी6ाक कोतवाली को भेजे रजिस्टर्ड प्रार्थना पत्र में लिखा है कि उनके मालवीय रोड पर एलआईआईसी आफ्सि के निकट स्थित कार्यालय पर 16 नवम्बर की शाम करीब छह बजे दफ्तर के सामने करीब आधा दर्जन मोटरसाइकिलें खड़ी थीं। अचानक दो छुट्टा सांड आपस में लड़ते हुए आए और वाहनों को धकेल कर रौंद दिया। मौके पर कई वाहन क्षातिग्रस्त हो गए। इसमें मेरी मोटरसाइकिल यूपी 51,वी 7674 में भी नुकसान हुआ है। यह नगरपालिका प्रशासन की लापरवाही के चलते हुआ है। लिखा कि आये दिन ऐसी घटनायें शहरी क्षेत्र में हो रही हैं। एफ्आईआर दर्ज कराने की तहरीर कोतवाली में दी गई, मगर यह कर लौटा दिया गया, कि सरकारी कर्मचारी के खिलाफ एफ्आईआर दर्ज नहीं होता।

# बालिका से छेड़खानी का आरोपी शिक्षक निलंबित, लिया हिरासत में

**संवाददाता। गोंडा**

### ● विभागीय कार्रवाई भी शुरू

**सात** वर्षीय बालिका से छेड़खानी के आरोप में शिक्षक को निलंबित कर विभागीय कार्रवाई शुरू की गई है। वहीं बालिका के परिवार वालों की तहरीर पर पुलिस ने भी शिक्षक को हिरासत में लेकर कार्रवाई शुरू कर दिया है।

घटना शिक्षा क्षेत्र करनैलगंज के प्राथमिक विद्यालय धनावा तृतीय से जुड़ा है। यहां के उर्दू शिक्षक इंचार्ज प्रधानाध्यापक पर कक्षा दो में अध्ययनरत सात वर्षीय बालिका के परिवार वालों ने पुलिस चौकी शाहपुर में तहरीर दिया है। जिसमें शिक्षक के ऊपर बालिका से छेड़खानी करने का आरोप लगाया गया है। प्रकरण गम्भीर देखकर पुलिस ने आरोपी शिक्षक को हिरासत में लेकर कार्रवाई शुरू कर दी है। घटना की सूचना पर धनावा विद्यालय पहुंची खंड शिक्षा अधिकारी सीमा पांडेय ने स्कूल के शिक्षक, रसोइयां व बालिका के घर जसकर पूंछताछ करते हुये अपने स्तर से जांच शुरू कर दी है। प्रकरण की जांच करने विद्यालय पहुंचे बेसिक शिक्षा अधिकारी जय प्रताप सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया शिक्षक को दोषी मानते हुये तत्काल प्रभाव से निलम्बित कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि जांच में पाया गया कि सोमवार को दोपहर बाद बालिका प्रधानाध्यापक कक्ष में पुस्तक लेने गई थी। वहां से बाहर निकलने के बाद वह अपना बैग लेकर घर चली गई। ढाई बजे के बाद छात्रा अपने माता पिता के साथ विद्यालय पुन: आई। उसके माता पिता ने शिक्षक से बातचीत किया। जिस पर आरोपी शिक्षक ने अपना पक्ष रखते हुये कहा कि बालिका प्रधानाध्यापक कक्ष में पुस्तक लेने गई थी। पढ़ने में अच्छी होने की वजह से उन्होंने उसकी पीठ थपथपा दी थी। जब कि बालिका व उसके परिवार वाले शिक्षक के ऊपर छेड़खानी का आरोप लगा रहे है। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचे अधिकारियों ने स्कूल के शिक्षकों व रसोइयों से घटना की जानकारी प्राप्त की। स्कूल में तैनात शिक्षामित्र सरोज मौर्या ने बताया कि सोमवार को उनकी तवियत खराब थी। जिसकी वजह से वह प्रधानाध्यापक से अवकाश लेकर 2 बजे घर चली गई थी। जिससे प्रकरण के सम्बंध में उन्हें कोई जानकारी नही है। वहीं शिक्षामित्र पुष्पेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि वह दूसरे कक्ष में बच्चो को पढ़ा रहे थे। जिससे प्रकरण के बारे में उन्हें कोई जानकारी नही हुई। उन्होंने बताया कि बालिका पुस्तक लेने प्रधानाध्यापक कक्ष में गई थी। वापस लौटाने पर वह अपना बैग लेकर घर चली गई।रसोइया फूलकुमारी, रामवती व नीलम ने बताया कि वह बच्चों को भोजन कराकर 1 बजे घर चली गई थी। इसी तरह सभी स्टाफ ने अपने बयान दिए। खण्ड शिक्षा अधिकारी सीमा पांडेय का कहना है कि मामले की जांच गहनता से की जा रही है।

## समीक्षा बैठक में कमिश्नर ने कसे अफसरों के पेंच

**गोंडा।** आयुक्त, देवीपाटन मंडल एस.वी.एस. रंगाराव की अध्यक्षता में कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों, धान क्रय व निर्वाचन से संबंधित बैठक संपन्न हुई। जिसमें आयुक्त ने राजस्व वसूली तथा वादों के निस्तारण में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने धान क्रय की समीक्षा के दौरान निर्देशित किया है कि धान क्रय केंद्रों पर जल्द से जल्द धान की खरीद सुनिश्चित कर निर्धारित लक्ष्य पूरा किया जाय। उन्होंने लघु एवं सीमांत कृषकों से भी अधिकाधिक धान क्रय कर उन्हें मूल्य समर्थन योजना का लाभ दिलाये जाने पर बल दिया। निर्वाचन से संबंधित प्रगति की समीक्षा के दौरान मंडल में बीएलओ द्वारा धीमी गति से किये जा रहे कार्यों के प्रति नाराजगी व्यक्त की तथा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे सभी बीएलओ व सुपरवाइजर के द्वारा आयोग के निर्देशानुसार अक्षांश एवं देशांतर से संबंधित कार्य पूरा कराएं। कर-करेत्तर एवं राजस्व कार्यों की समीक्षा के दौरान आयुक्त ने वाणिज्य कर, स्टांप रजिस्ट्रेशन, आबकारी, बैंक देयों, विद्युत देयों, परिवहन, वन तथा अलौह खनन से संबंधित राजस्व वसूली में और तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। इस अवसर पर अपर आयुक्त राकेश चन्द्र शर्मा, अपर जिलाधिकारी सुरेश कुमार सोनी सहित मंडल के सभी ए.डी.एम. वित्त एवं राजस्व, उपायुक्त स्टांप डॉ. दिनेश मिश्र, प्रभारी संभागीय खाद्य नियंत्रक दिनेश शर्मा, मुख्य अभियंता विद्युत सीबी सिंह गौतम, आर.टी.ओ. उमाशंकर यादव, ए.एस.ओ.सी. लाल बहादुर आदि उपस्थित रहे।

## भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष को ऑक्टा महामंत्री ने सौंपा ज्ञापन



**संवाददाता। गोंडा**

**जिले** के दौरे पर आये भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष स्वतंत्र देव सिंह को डिग्री शिक्षकों की लंबित मांगों के समाधान हेतु आक्टा के महामंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने सहयोगियों के साथ उनसे मुलाकात कर उन्हें मांग पत्र दिया। सौंपे गए ज्ञापन में आक्टा संगठन ने पुरानी पेंशन योजना बहाली, पी.एच.डी. के उपरांत देय वेतन वृद्धि, छूटे हुए मानदेय शिक्षकों का आमेलन, सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष, शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सीय सुविधा, राज्य कर्मचारियों की भाँति सामूहिक जीवन बीमा योजना, पुस्तकालय कैडर का वेतन निर्धारण एवं अवशेषों का भुगतान, अनुदानित महाविद्यालयों में स्ववित्तपोषित शिक्षकों का स्थायीकरण, सेवाकाल में मृत्यु होने पर पारिवारिक पेंशन, एकल स्थानांतरण में एनओसी की व्यवस्था समाप्त किया जाना, सी.एल. को बढ़ाकर 14 किया जाना, परीक्षा पारिश्रमिक के दरों का संशोधन, शिक्षा निदेशालय में व्याप्त भ्रष्टाचार का स्थायी समाधान किया जाना आदि मांगे शामिल हैं। इस मौके पर एलबीएस कालेज के शिक्षक संघ के अध्यक्ष डॉ. शैलेंद्र नाथ मिश्र, भूगोल विभागाध्यक्ष व भाजपा नेता डॉ. रंजन शर्मा एवं डॉ. मनोज मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# न्यूजीलैंड को सबक सिखाने उतरेगी टीम इंडिया

● कानपुर में पहला टेस्ट आज से

● श्रेयस अय्यर को मिल सकता है मौका

**भाषा** । कानपुर

**कप्तान** विराट कोहली और उप कप्तान रोहित शर्मा सहित कुछ शीर्ष खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में भारतीय टीम गुरुवार से शुरू होने वाले पहले टेस्ट क्रिकेट मैच में दमदार न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू मैदानों पर अपना दबदबा कायम रखने की कोशिश करेगी। भारतीय टीम की अगुवाई अंजिक्य रहाणे करेंगे जो पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म में चल रहे हैं। उन्हें चोटिल केएल राहुल और विश्राम पर भेजे गए तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी की सेवाएं भी नहीं मिलेगी, लेकिन रहाणे के नेतृत्व में टीम ने लगभग ऐसी परिस्थितियों में ही आस्ट्रेलिया में जीत दर्ज की थी।

भारतीय टीम आस्ट्रेलिया में किए गए उस प्रदर्शन से प्रेरणा लेकर न्यूजीलैंड को कड़ा सबक सिखाने की कोशिश करेगी जिसने इस साल के शुरू में उसकी विश्व टेस्ट चैंपियन बनने की उम्मीदों पर पानी फेरा था। मुंबई के बल्लेबाज श्रेयस अय्यर इस मैच से टेस्ट क्रिकेट में पदार्पण करेंगे। उन्हें सूर्यकुमार यादव पर प्राथमिकता दी गई है।

हाल में ऐसा कम देखने को मिला है जबकि भारतीय टेस्ट टीम रोहित और राहुल की सलामी जोड़ी, कप्तान कोहली या मैच विजेता विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत के बिना खेली हो, लेकिन इससे नव नियुक्त मुख्य कोच राहुल द्रविड़ को दक्षिण अफ्रीका के दौरे से पहले अपने अन्य खिलाड़ियों को आजमाने का मौका भी मिलेगा। बल्लेबाजों में केवल रहाणे, चेतेश्वर पुजारा और मयंक अग्रवाल ने ही 10 से अधिक टेस्ट मैच खेले हैं। अगर अग्रवाल अच्छा प्रदर्शन करते हैं तो राहुल के लिए वापसी करना मुश्किल हो सकता है। शुभमन गिल भी अच्छी बल्लेबाजी करते हैं तो दोनों नियमित सलामी बल्लेबाजों की वापसी होने पर टीम प्रबंधन उन्हें मध्यक्रम में उतार सकता है। इस मैच में रहाणे पर सभी की निगाहें टिकी रहेंगी। उन्होंने पिछले 11 टेस्ट मैचों में 19 की औसत से रन बनाए हैं। घरेलू धरती पर दो मैचों में असफल होने पर उनके लिए अगले महीने दक्षिण अफ्रीका जाने वाली टीम में जगह बनाना मुश्किल हो जाएगा। अभ्यास के दौरान भी रहाणे आत्मविश्वास में नहीं दिखे। ऐसी परिस्थितियों में उन्हें उस टीम का नेतृत्व करना है जिसमें कई स्टार खिलाड़ी नहीं हैं।

ऐसे में एक कप्तान और एक बल्लेबाज की अपनी भूमिका के बीच रहाणे कैसे संतुलन बनाते हैं, इससे उनके करियर की आगे की राह भी तय होगी। इसी तरह से टीम के सबसे सीनियर गेंदबाज इशांत शर्मा के लिए भी स्थिति अनुकूल नहीं दिख रही है। नेट अभ्यास के दौरान वह लय में नहीं दिखे। यदि मोहम्मद सिराज को अंतिम एकादश से हटाकर इशांत को शामिल किया जाता है तो उन पर टीम प्रबंधन को सही साबित करने का दबाव भी होगा। उमेश यादव का अंतिम एकादश में जगह बनाना तय है। श्रेयस का प्रथम श्रेणी क्रिकेट में अच्छा रिकार्ड रहा है। द्रविड़ ने अय्यर को बाएं हाथ के थ्रोडाउन विशेषज्ञ नुवान की वैसी गेंदों का अभ्यास करवाया जैसी नील वैगनर करते हैं। अय्यर पदार्पण पर दमदार प्रदर्शन से मध्यक्रम में अपनी जगह पक्की कर सकते हैं।

रविचंद्रन अश्विन फिर से स्वयं को दुनिया का नंबर एक स्पिनर साबित करने की कोशिश करेंगे। इंग्लैंड के खिलाफ पिछली श्रृंखला के दौरान नियमित कप्तान कोहली ने उन्हें एक बार भी खेलने का मौका नहीं दिया था। उनका सामना केन विलियमसन जैसे शानदार बल्लेबाज से होगा। रोस टेलर, टॉम लैथम और हेनरी निकोल्स भी अश्विन और रविंद्र जडेजा की स्पिन जोड़ी का सामना करने की तैयारियों के साथ यहां आए होंगे। अक्षर पटेल तीसरे स्पिनर हो सकते हैं जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में पदार्पण करते हुए 27 विकेट लिए थे। न्यूजीलैंड की तरफ से टिम साउदी और नील वैगनर नई गेंद का जिम्मा संभालेंगे जबकि स्पिन विभाग में बाएं हाथ के स्पिनर अयाज पटेल और मिशेल सेंटनर के अलावा ऑफ स्पिनर विलियम सोमरविले को अंतिम एकादश में रखा जा सकता है।







## योगदान का मतलब हर मैच में शतक बनाना कतई नहीं: रहाणे



**कानपुर**। अजिंक्य रहाणे को अपनी खराब फॉर्म से संबंधित सवाल पूछना अच्छा नहीं लगा जिस पर उन्होंने कहा कि उनकी फॉर्म के बारे में चिंताएं आधारहीन हैं और योगदान का मतलब प्रत्एक मैच में टेस्ट शतक जमाना नहीं है। रहाणे ने इस साल में 11 टेस्ट मैचों में 19 के औसत से रन बनाए हैं। उन पर यह दबाव दिखाई दिया और उन्होंने कहा कि एक विशेषज्ञ शीर्ष क्रम के बल्लेबाज द्वारा बनाए गए 30, 40 या 50 रन भी स्वीकार्य योगदान होगा, बशर्ते टीम जीत जाए। न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट से पहले रहाणे ने कहा कि अपनी फॉर्म के बारे में चिंतित नहीं हूं। मेरा काम अपनी टीम के जितना संभव हो सके, उतना योगदान करना है। योगदान का मतलब यह नहीं है कि आपको प्रत्येक मैच में 100 रन बनाने की जरूरत है। प्रति पारी 30, 40, 50 रन का स्कोर भी महत्वपूर्ण योगदान हैं। रहाणे स्वीकार नहीं करेंगे, लेकिन वह जानते हैं कि जहां तक दक्षिण अफ्रीका दौरे की श्रृंखला के लिए चयन का संबंध है तो कानपुर और मुंबई में खराब स्कोर से वह मुश्किल स्थिति में पहुंच सकते हैं। भविष्य के बारे में उनके विचार थे कि जो होगा सो होगा। उन्होंने कहा कि भविष्य में क्या होना वाला है, मैं उसे लेकर ज्यादा चिंतित नहीं हूं। भविष्य में जो होना होगा, वो होगा ही और मुझे वर्तमान में बने रहने की जरूरत है ताकि मैं इस समय अपना सर्वश्रेष्ठ दूं। यह पूछने पर कि क्या यह संभव है कि बल्लेबाज और कप्तान को अलग-अलग करके देखा जाए। उन्होंने कहा कि जब मैं बल्लेबाजी कर रहा होता हूं तो मेरा ध्यान सिर्फ बल्लेबाजी पर होता है और मैं उसी क्षण में होता हूं। यह इतना ही सरल है। जब मैं क्षेत्ररक्षण कर रहा होता हूं तो मैं सोच रहा होता हूं कि हमारी योजनाएं किस तरह की हैं और रणनीति कैसी है। कप्तान ने कहा कि नए कोच राहुल द्रविड़ ने उन्हें कोई विशेष गुर नहीं दिए हैं बल्कि उन्हें चीजों को सरल रखने को कहा है।

## स्पिनर निभाएंगे अहम भूमिका कप्तान विलियमसन को भरोसा



**कानपुर**। केन विलियमसन इस बात से अच्छी तरह वाकिफ हैं कि भारत के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में स्पिनरों की भूमिका अहम होगी और उन्हें उम्मीद है कि उनके बाएं हाथ के स्पिनर अयाज पटेल और ऑफ स्पिनर विलियम सोमरविले परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाकर अंतर पैदा करेंगे। न्यूजीलैंड को 2016 में कानपुर में करारी शिकस्त का सामना करना पड़ा था। तब रविचंद्रन अश्विन ने अहम भूमिका निभाई थी और विलियमसन जानते हैं कि भारतीय मैदानों पर उन्हें किस तरह की पिचों से रूबरू होना पड़ेगा। विलियमसन ने पहले टेस्ट की पूर्व संध्या पर कहा कि पूरी श्रृंखला में स्पिन की भूमिका निर्णायक होगी। कई टीम को इस तरह की चुनौतियों का सामना करना पड़ा है और हमारी उम्मीदें इससे इतर नहीं हैं। स्पिन की भूमिका महत्वपूर्ण होगी। उन्होंने कहा कि अयाज और सोमरविले जैसे स्पिनर हमारे गेंदबाजी आक्रमण में अहम भूमिका निभाएंगे। विशेषकर इन परिस्थितियों में उनकी भूमिका महत्वपूर्ण होगी। तेज गेंदबाजों को रिवर्स स्विंग मिलने की भी उम्मीद है। हम विकेट निकालने के लिए सभी तरीके आजमाएंगे इसलिए तेज गेंदबाजों और स्पिनरों दोनों भूमिका होगी। विलियमसन ने कहा कि अश्विन और रविंद्र जडेजा के खिलाफ उनके बल्लेबाजों को न सिर्फ विकेट बचाए रखना होगा बल्कि रन बनाने के तरीके भी ढूंढने होंगे। उन्होंने कहा कि हम भारतीय स्पिन गेंदबाजों की मजबूती को जानते हैं और वे पिछले लंबे समय से अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। कीवी कप्तान ने कहा कि हमें रन बनाने के तरीके ढूंढने होंगे तथा साझेदारियां निभाने की कोशिश करनी होगी। प्रत्येक खिलाड़ी भिन्न होता है, इसलिए उसका तरीका भी बाकी से भिन्न होगा। विलियमसन ने कहा कि टीम का प्रत्येक खिलाड़ी अपनी भूमिका जानता है और उन्होंने सभी से सर्वश्रेष्ठ योगदान की उम्मीद की।

**टीम**

**भारत:** अजिंक्य रहाणे (कप्तान), मयंक अग्रवाल, शुभमन गिल, चेतेश्वर पुजारा, श्रेयस अय्यर, सूर्यकुमार यादव, ऋद्धिमान साहा (विकेटकीपर), रविंद्र जडेजा, रविचंद्रन अश्विन, अक्षर पटेल, उमेश यादव, इशांत शर्मा, मोहम्मद सिराज, जयंत यादव, श्रीकर भरत, प्रसिद्ध कृष्णा में से।

**न्यूजीलैंड:** केन विलियमसन (कप्तान), टॉम लैथम, रोस टेलर, हेनरी निकोल्स, टॉम ब्लंडेल (विकेटकीपर), विल यंग, ग्लेन फिलिप्स, डेरिल मिशेल, टिम साउदी, नील वैगनर, काइल जैमीसन, विलियम सोमरविले, अयाज पटेल, मिशेल सेंटनर, रचिन रवींद्र में से।

## काइल जैमीसन भारत में अलग तरह की चुनौती के लिए तैयार



**कानपुर**। विदेशी धरती पर अपना तीसरा टेस्ट मैच खेलने की तैयारियों में लगे न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाज काइल जैमीसन इस बात से अच्छी तरह वाकिफ हैं कि भारत में टेस्ट क्रिकेट खेलने की चुनौती स्वदेश में खेलने की तुलना में एकदम भिन्न होगी। भारत और न्यूजीलैंड के बीच पहला टेस्ट मैच गुरुवार से यहां शुरू होगा। जैमीसन ने टेस्ट क्रिकेट की शानदार शुरुआत की और केवल आठ टेस्ट मैचों में उनके नाम पर 46 विकेट दर्ज हैं। वह राष्ट्रीय टीम के साथ पहली बार भारतीय दौरे पर आए हैं।

जैमीसन ने कहा कि मैंने यहां बहुत अधिक क्रिकेट नहीं खेली है। मैंने आईपीएल के पहले चरण में भाग लिया था जो अच्छा रहा, लेकिन यह पूरी तरह से भिन्न होगा।

उन्होंने कहा कि मेरे साथ यहां नील वैगनर और टिम साउदी हैं इसलिए उनकी राय जानना अच्छा होगा, उनके यहां गेंदबाजी करने के अनुभव को जानना अच्छा होगा। जैमीसन ने कहा कि यह निश्चित तौर पर स्वदेश की तुलना में पूरी तरह से भिन्न चुनौती होगी लेकिन मैं वास्तव में इसको लेकर उत्सुक हूं।

# स्पिनरों ने वेस्टइंडीज के खिलाफ श्रीलंका को जीत के करीब पहुंचाया

**गॉल टेस्ट**

**एपी** । गॉल

**श्रीलंका** ने दो मैचों की श्रृंखला के पहले टेस्ट मैच की दूसरी पारी में बुधवार को चौथे दिन का खेल खत्म होने तक वेस्टइंडीज के 52 रन पर छह विकेट (25.3 ओवर) निकाल कर मैच में अपनी पकड़ काफी मजबूत कर ली। जीत के लिए 348 रन का पीछा करते हुए वेस्टइंडीज की टीम ने स्पिन गेंदबाजों रमेश मेंडिस और लसिथ इम्बुलदेनिया की फिरकी के आगे घुटने टेक दिए।

टीम ने चौथी पारी में 18 रन पर ही छह विकेट गंवा दिए थे लेकिन एनक्रुमाह बोनर (नाबाद 18) और जोशुआ डा सिल्वा (नाबाद 15) ने सातवें विकेट के लिए 34 रन की अटूट साझेदारी कर खराब रोशनी के कारण खेल जल्दी खत्म होने तक टीम को कोई और नुकसान नहीं होने दिया। वेस्टइंडीज को मैच के पांचवें और आखिरी दिन जीत के लिए और 296 रन की जरूरत है जबकि श्रीलंका को सिर्फ चार विकेट की दरकार है। मेंडिस ने 17 रन देकर चार विकेट लिए जबकि बाएं हाथ के स्पिनर इम्बुलदेनिया ने 18 रन देकर दो विकेट लिए। श्रीलंका की पहली पारी में 386 रन के जबाव में वेस्टइंडीज की टीम अपने कल के स्कोर में छह रन और जोड़कर 230 रन पर ऑल आउट हो गई।



वेस्टइंडीज के कप्तान क्रेग ब्रैथवेट का विकेट लेने के बाद रमेश मेंडिस

श्रीलंका ने पहली पारी में 156 रन की बढ़त लेने के बाद दूसरी पारी में आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए 40.5 ओवर में चार विकेट पर 191 रन बनाकर पारी घोषित कर दी। पहली पारी में 147 बनाने वाले दिमुथ करुणारत्ने ने दूसरी पारी में 83 रन बनाए जबकि अनुभवी एंजेलो मैथ्यूज ने दो छक्के और चार चौको की मदद से नाबाद 69 रन की पारी खेली।

## तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी कोविड-19 जांच में पॉजिटिव

**जोहानिसबर्ग**। दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी कोविड-19 जांच में पॉजिटिव आए हैं जिससे उन्हें नीदरलैंड के खिलाफ शुक्रवार से सेंचुरियन में शुरू हो रही तीन मैचों की घरेलू वनडे श्रृंखला से बाहर कर दिया गया है। दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को यह जानकारी दी। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) ने एक बयान में कहा कि तेज गेंदबाज जूनियर डाला को एनगिडी के स्थान पर टीम में शामिल किया गया है। सीएसए ने कहा, लुंगी एनगिडी को दौरे से बाहर करने के लिए मजबूर होना पड़ा क्योंकि वह कोविड-19 जांच में पॉजिटिव आए हैं। वह ठीक हैं और सीएसए के सरकारी नियमों के अनुरूप बने कोविड-19 प्रोटोकॉल का पालन कर रहे हैं। एनगिडी जुलाई में आयरलैंड श्रृंखला के बाद से दक्षिण अफ्रीका के लिए नहीं खेले हैं। वह व्यक्तिगत कारणों से श्रीलंका दौरे पर नहीं गए थे।

# लोकेश राहुल पांचवें स्थान पर पहुंचे, सूर्यकुमार को 24 स्थान का फायदा

**टी-20 रैंकिंग**

**दुबई**। भारत के सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल बुधवार को जारी आईसीसी पुरुष टी-20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में एक स्थान के सुधार से पांचवें जबकि मध्यक्रम के बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव 24 पायदान की छलांग से 59वें स्थान पर पहुंच गए। पाकिस्तान के विकेटकीपर-बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान भी एक स्थान के सुधार के साथ चौथे पायदान पर आ गए। रिजवान ने बांग्लादेश के खिलाफ हाल ही में संपन्न तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में 90 रन बनाए थे जिससे उन्हें रैंकिंग में एक स्थान का फायदा हुआ। इस श्रृंखला को उनकी टीम ने 3-0 से जीता। राहुल रिजवान से सिर्फ छह रेटिंग अंक पीछे है। उन्होंने न्यूजीलैंड के खिलाफ दो मैचों में 80 रन बनाए। भारतीय टीम ने इस श्रृंखला को 3-0 से जीता। न्यूजीलैंड के मार्टिन गुप्टिल भारत के खिलाफ इस श्रृंखला में 152 रन बनाए जिससे उनकी रैंकिंग में तीन स्थान का फायदा हुआ और 13वें स्थान से वह शीर्ष 10 में पहुंच गए।

गेंदबाजों की रैंकिंग में भारत के खिलाफ श्रृंखला में चार विकेट लेने वाले मिशेल सेंटनर 23वें से 13वें स्थान पर पहुंच गए। इस श्रृंखला में तीन विकेट चटकाने वाले भुवनेश्वर कुमार पांच स्थानों के सुधार के साथ 19वें स्थान पर काबिज हो गए हैं।

# ऑस्ट्रेलिया को 15 साल तक नहीं मिलेगा बेदाग कप्तान: क्लार्क

**भाषा** । मेलबर्न

**आस्ट्रेलिया** के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क का मानना है कि अगर देश के क्रिकेट प्रशासक कप्तान नियुक्त करने के लिए किसी ऐसे खिलाड़ी की तलाश में है जिसका रिकॉर्ड बेदाग हो तो फिर आस्ट्रेलियाई टेस्ट टीम अगले 15 साल तक बिना कप्तान के रहेगी। टिम पेन ने अपनी सहकर्मी को आपत्तिजनक संदेश भेजने का खुलासा होने के बाद कप्तान पद छोड़ दिया था जिसके बाद क्रिकेट आस्ट्रेलिया को नए कप्तान की तलाश है। तेज गेंदबाज पैट कमिन्स कप्तान बनने की दौड़ में सबसे आगे हैं। उनके अलावा पूर्व कप्तान स्टीव स्मिथ भी दौड़ में हैं।

क्लार्क ने कहा कि रिकी पोंटिंग भी अपने करियर की गलत शुरुआत के बाद आस्ट्रेलिया के सर्वश्रेष्ठ कप्तानों में से एक बने थे।



उन्होंने कहा कि मेरे समय में यहां तक कि रिकी पोंटिंग बेहतरीन कप्तान रहे हैं। यदि ऐसा मामला होता तो वह कभी आस्ट्रेलिया की कप्तानी नहीं कर पाते। क्लार्क ने कहा कि उनका नाइटक्लब में झगड़ा हुआ। वहां घूंसे चले थे। क्या इस कारण आप उन्हें जिम्मेदारी नहीं सौंपते। वह शानदार उदाहरण हैं। उन्होंने आपको दिखाया है कि कैसे समय, अनुभव, परिपक्वता, उच्च स्तर पर खेलना और यहां तक कि कप्तानी भी उनमें बदलाव लेकर आई।

# मैनचेस्टर युनाईटेड और चेल्सी आगे बढ़े

**चैंपियन्स लीग**

**एपी** । पेरिस

**क्रिस्टियानो** रोनाल्डो ने अपनी ख्याति के अनुरूप प्रदर्शन करके शानदार गोल दागा जिससे मैनचेस्टर युनाईटेड ने मंगलवार को विल्लारीयाल को 2-0 गोल से हराकर चैंपियन्स लीग फुटबॉल टूर्नामेंट के नॉकआउट चरण में जगह बनाई। बार्सिलोना को हालांकि अंतिम 16 में जगह बनाने के लिए अभी इंतजार करना होगा। उसने बेनफिका के खिलाफ मैच गोलरहित ड्रा खेला।

पिछले सप्ताह ओले गनार सोलस्काएर को बर्खास्त करने के बाद युनाईटेड पहली बार अंतरिम कोच माइकल कैरिक की अगुवाई में खेल रहा था। रोनाल्डो के शानदार प्रयास से वह जीत से शुरुआत करने में सफल रहे। रोनाल्डो ने 78वें मिनट में गोल करके युनाईटेड को बढ़त दिलाई जबकि जादोन सांचो ने 90वें मिनट में दूसरा गोल दागा। इससे युनाईटेड ने ग्रुप एफ में अपना शीर्ष स्थान सुनिश्चित किया। रोनाल्डो ने अब तक ग्रुप के सभी पांच मैचों में गोल किए हैं और चैंपियन्स लीग में उनके कुल की संख्या 140 पहुंच गई है जो कि रिकार्ड है। इंग्लैंड की एक अन्य टीम चेल्सी ने युवेंटस को 4-0 से करारी शिकस्त देकर नॉकआउट चरण में प्रवेश किया। युवेंटस पहले ही क्वालीफाई कर चुका था लेकिन उसे चैंपियन्स लीग में अपनी सबसे बड़ी हार का सामना करना पड़ा। लिवरपूल पहले ही क्वालीफाई कर चुका है और मैनचेस्टर सिटी के भी अंतिम 16 में पहुंचने की संभावना है, जिससे नॉकआउट चरण में फिर से प्रीमियर लीग की टीमों का अधिक प्रतिनिधित्व रहने की उम्मीद है। बार्सिलोना ने पिछले दो दशक में अपने ग्रुप से हर सत्र में नॉकआउट चरण में जगह बनाई थी, लेकिन बेनफिका के साथ ड्रा खेलने के कारण उसे अब आगे बढ़ने के लिए अंतिम दौर के मैच में बायर्न म्यूनिख को हराना होगा। बार्सिलोना के कोच अब पूर्व स्टार खिलाड़ी झावी हर्नाडिज हैं।




इस बीच ग्रुप जी में लिली की साल्जबर्ग पर 1-0 और सेविला की वॉल्फ्सबर्ग पर 2-0 गोल की जीत से सभी चार टीमें क्वालीफाई करने की दौड़ में बनी हुई हैं। लिली आठ अंक लेकर इस ग्रुप में शीर्ष पर है जबकि वॉल्फ्सबर्ग पांच अंक के साथ चौथे स्थान पर है। प्रत्येक ग्रुप से दो दो टीमें अंतिम 16 में जगह बनाती हैं।

## गनेमत को पछाड़कर दर्शना ने पहली बार राष्ट्रीय स्कीट का खिताब जीता

**भाषा** । पटियाला

**खेलो** इंडिया युवा खेलों की चैंपियन राजस्थान की दर्शना राठौर ने बुधवार को यहां देश की शीर्ष रैंकिंग वाली महिला स्कीट निशानेबाज गनेमत सेखों को 50-46 से हराकर अपना पहला राष्ट्रीय स्कीट खिताब जीता। गनेमत ने हालांकि जूनियर महिला वर्ग में यहां न्यू मोती बाग गन क्लब में छह-महिलाओं के फाइनल में उत्तर प्रदेश की अरीबा खान के साथ 50-50 के स्कोर से बराबरी पर मैच छूटने के बाद शूट-ऑफ खिताब अपने नाम किया। दर्शना ने 41 के स्कोर के साथ जूनियर वर्ग का कांस्य पदक जीता। यहां जारी विज्ञप्ति के मुताबिक 22 नवंबर से 14 दिसंबर तक आयोजित होने वाली 64 वीं राष्ट्रीय निशानेबाजी चैम्पियनशिप प्रतियोगिता में शॉटगन स्पर्धाओं में महिलाओं की स्कीट प्रतियोगिताओं से पदक स्पर्धा का आगाज हुआ।

# सिंधू, श्रीकांत और प्रणीत दूसरे दौर में

**इंडोनेशिया ओपन**

**भाषा** । बाली

**भारत** की दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू ने बुधवार को यहां इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के महिला एकल के शुरुआती दौर में संघर्षपूर्ण जीत दर्ज की जबकि बी साई प्रणीत और किदाम्बी श्रीकांत ने भी एकल के दूसरे दौर में प्रवेश किया।

मौजूदा विश्व चैंपियन सिंधू ने जापान की अया ओहोरी के खिलाफ पहला गेम गंवाने के बाद अच्छी वापसी की। उन्होंने तीन गेम तक चले मैच में एक घंटे 10 मिनट चले मैच में ओहोरी को 17-21, 21-17, 21-17 से हराकर प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया।

इस जीत से सिंधू ने जापानी खिलाड़ी के खिलाफ अपने प्रभावशाली रिकॉर्ड को 11-0 पर पहुंचा दिया। पिछले सप्ताह यहां जापान की अकाने यामागुची से सीधे गेम में हारने के बाद सेमीफाइनल से बाहर होने वाली दुनिया में सातवें नंबर की सिंधू अगले दौर में जर्मनी की 23 वर्षीय शटलर यवोन ली का सामना करेगी।



तीसरी वरीयता प्राप्त भारतीय और दुनिया के 26वें नंबर के खिलाड़ी ली के बीच यह पहला मुकाबला होगा। पुरुष एकल में दुनिया के 16वें नंबर के खिलाड़ी बीसाई प्रणीत ने पहले दौर में फ्रांस के टोमा जूनियर पोपोव पर 21-19, 21-18 से जीत दर्ज की। पिछले हफ्ते के इंडोनेशिया मास्टर्स क्वार्टर फाइनल की तरह ही श्रीकांत ने फिर हमवतन एचएस प्रणय को पराजित किया। हायलो ओपन और इंडोनेशिया मास्टर्स में लगातार सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद पूर्व नंबर एक श्रीकांत ने यहां भी अच्छी फॉर्म जारी रखी और प्रणय को 56 मिनट में 21-15 19-21 21-12 से मात दी। एन सिक्की रेड्डी और ध्रुव कपिला की मिश्रित युगल जोड़ी क्योहेई यामाशिता और नारू शिनोया की जापानी जोड़ी से 7-21, 12-21 से हारकर पहले दौर से बाहर हो गई।

एन सिक्की रेड्डी के लिए दिन अच्छा नहीं रहा क्योंकि वह महिला युगल के भी पहले दौर में हारकर बाहर हो गईं। एन सिक्की रेड्डी और अनुभवी शटलर अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी बुल्गारिया की गैब्रिएला स्टोएवा और स्टेफानी स्टोएवा की पांचवीं वरीयता प्राप्त जोड़ी से 27-29 18-21 से हार गई। बी सुमित रेड्डी और पोनप्पा की जोड़ी मिश्रित युगल का शुरूआती मुकाबला हार गई।

# दया की शक्ति

**संत राजिंदर सिंह का कहना है कि हमारे आध्यात्मिक विकास का एक हिस्सा दयालु भावना विकसित करना है। ऐसा करने के लिए, हमें दूसरों को समझने की जरूरत है**



साल भर में ऐसे कई मौके आते हैं जब हम उपहार लेते और देते हैं। यह जन्मदिन, वर्षगांठ या विभिन्न छुट्टियों के अवसरों पर हो सकता है जो उपहार देने से जुड़े होते हैं। जब हम अपने घर में लिपटे हुए उपहारों के ढेर को देखते हैं, तो हम पाते हैं कि उनमें से अधिकांश भौतिक वस्तुएं हैं। हमें कपड़े, आभूषण, खिलौने, खेल, गैजेट या उपहार कार्ड और चीजें खरीदने के लिए मिले होंगे। फिर भी, इनमें से हर एक उपहार का समय के साथ क्षय होना तय है। पदार्थ से बना कुछ भी स्थायी नहीं रहता है और न ही ये उपहार, जिन्हें कि हम संजोते हैं। क्या कोई ऐसा उपहार है जिसे हम प्राप्त कर सकते हैं और जो अधिक मूल्यवान है और हमेशा रहेगा?

यह दया का उपहार है। दया हृदय को आकर्षित करती है और हृदय को अन्य के प्रति प्रेम से भर देती है। अगर हम अपने दिलों में दया उत्पन्न करते हैं, तो हम देखेंगे कि लोग हमारे करीब आते हैं। इससे उनमें बदलाव आएगा।

अपने जीवन में उन लोगों के बारे में सोचें जो आपके प्रति दयालु थे। हो सकता है कि हमने उनके लिए विशेष आकर्षण या स्नेह महसूस किया हो। हमारे जीवन में सबसे पहले जो लोग हमारे प्रति दयालु होते हैं, वे हमारे माता-पिता हैं। हम पहले उन लोगों के साथ आजीवन प्रेमपूर्ण बंधन विकसित करते हैं जो हमारी देखभाल करते हैं जब हम छोटे और असहाय होते हैं।

जैसे-जैसे हम बड़े होते हैं, कुछ लोग, जो हमारे प्रति दयालु होते हैं, अंततः हमारे मित्र बन जाते हैं। जब हम उस व्यक्ति से मिलते हैं जिससे हम शादी करने वाले हैं, तो हम पाते हैं कि उनमें हमारे प्रति एक विशेष प्रेमपूर्ण दया है जो गहरे प्रेम से उत्पन्न हुई है।

पहली छाप अक्सर स्थायी होती है। अगर लोगों को लगता है कि किसी के प्रति उनका पहली छवि अलग, असभ्य, लापरवाह और आक्रामक सी बनती है, तो वे उस व्यक्ति को अस्वीकार कर सकते हैं भले ही वो व्यक्ति कैसा भी प्रतिनिधित्व करता हो। दूसरी ओर, यदि वे किसी ऐसे व्यक्ति से मिलते हैं जो प्यार करने वाला, दयालु और देखभाल करने वाला है, तो वे उस व्यक्ति द्वारा प्रस्तुत हर चीज के प्रति आकर्षित होंगे। व्यक्ति की दयालुता के प्रति लोग आकर्षित होते हैं।

हमारे पास प्रेममयी दया दिखाने के कई अवसर होते हैं, जिसमें दूसरों को बदलने की शक्ति होती है। उनमें से एक है कर्म में दया। यह दया का एक बड़ा कार्य हो सकता है जैसे बीमारों की सेवा करना, भूखे को खाना खिलाना या बेघरों के लिए घर उपलब्ध कराना। यह एक छोटा सा कार्य हो सकता है लेकिन इसे जीवन भर याद रखा जाता है। आप किसी के लिए दरवाजा खोल सकते हैं जिसके हाथ खाली नहीं हैं। आप किसी के लिए किराने का सामान खरीद सकते हैं या किसी को उसकी कार के खराब होने पर कहीं के लिए लिफ्ट दे सकते हैं। यह सिर्फ एक मुस्कान भी हो सकती है जो किसी को प्यार और परवाह का एहसास कराती है। हमें नहीं पता कि कैसे एक प्यार भरा चेहरा या मुस्कान किसी का दिन याजीवन के लिए कितना महत्व रखते हैं।

**शब्दों के माध्यम से दया:** हमारे शब्दों के माध्यम से प्रेमपूर्ण कृपा दिखाने के अवसर होते हैं। एक दयापूर्ण शब्द और प्रोत्साहन, स्वीकृति या प्रशंसा का एक शब्द किसी को हमारे करीब महसूस कराने में बहुत मदद करता है। लोगों को यह बताना कि हम उनसे प्यार करते हैं, वे हमें जीवन भर के लिए प्रिय हैं। कुछ प्रेमपूर्ण, दयालु शब्द लोगों को हमारे प्रति सम्मान और आदर अनुभव करा सकते हैं।

**विचारों में दया:** अपने विचारों में भी प्रेममयी कृपा होना महत्वपूर्ण है। हमें लगता है कि हमारे विचार निजी हैं लेकिन दूसरे लोग उन्हें पढ़ सकते हैं क्योंकि वे कंपन पैदा करते हैं। विचार हमारे चेहरे पर दिखाई देते हैं। वे हमारी आंखों से दिखते हैं और हमारे खड़े होने और चलने के तरीके से व्यक्त होते हैं। लोग अपनी शारीरिक भाषा और अमूर्त संप्रेषण द्वारा बता सकते हैं कि हम उनकी देखभाल करते हैं या नहीं।

**हमारे कर्मों में दया:** हमारे आध्यात्मिक विकास का एक हिस्सा दया-भावना विकसित करना है। ऐसा करने के लिए, हमें खुद को दूसरों के स्थान पर रखना होगा। इसका अर्थ है दूसरों के सुख-दुख को महसूस करना। इसके लिए हमें स्वयं से यह पूछने की आवश्यकता है कि क्या हम जो शब्द बोलते हैं वे वही शब्द हैं जो हम चाहते हैं कि दूसरे हमसे कहें। इसका अर्थ यह है कि जो कर्म हम दूसरों के साथ करते हैं वे वही हैं जो हम चाहते हैं कि दूसरे हमारे साथ करें। इसका मतलब है कि इस ढंग से कार्य करना जैसे भगवान चाहते हैं कि हम कार्य करें।

प्रेम-कृपा विकसित करने से लोग हमारे आस-पास रहकर प्रसन्नता अनुभव करेंगे। हम उन्हें सुरक्षित महसूस कराएंगे। उन्हें लगेगा कि हम प्रेम करने वाले और मददगार हैं। हम इस किस्म के लोग होंगे जिनके साथ दूसरे रहना चाहेंगे। फिर वे पूछेंगे कि हम इतने दयालु कैसे हो गए। वे उस जीवन के बारे में सोचेंगे, जो हम जी रहे हैं। यदि हम सकारात्मक मूल्यों के साथ एक अच्छा जीवन जी रहे हैं, तो यह सकारात्मक जीवन के लाभों को दिखाने की दिशा में सबसे बड़ा प्रभाव होगा और जो उन्हें बदल देगा।

इसलिए, आइए हम प्रेमपूर्ण दयालुता विकसित करें। यदि हम कोई सेवा परियोजना करते हैं, तो हम भी प्रेम-कृपा विकसित करें, क्योंकि यह वो धारणा होगी जिस पर लोग सेवापूर्ण जीवन के मूल्य का मूल्यांकन करते हैं।

संत ईश्वर की दया का प्रतिबिम्बन प्रदर्शित कर आत्माओं को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। वे प्रेममयी दया के धाम हैं। जब वे हमसे प्यार करते हैं, देखभाल करते हैं और स्नेही होते हैं, तो हमारी आत्मा वापस भगवान की यात्रा की ओर झुक जाती है। प्रेममयी कृपा द्वारा हम परमेश्वर के प्रेम की झलक दिखा सकते हैं और उन सभी के जीवन को प्रभावित कर सकते हैं जो हमसे मिलते हैं। हम आध्यात्मिक जीवन का अनुसरण करके प्रेममयी दया विकसित कर सकते हैं।

दयालुता विकसित करने का एक तरीका ध्यान के माध्यम से भी है। ध्यान करना, अपने मन, वचन और कर्म का आत्मनिरीक्षण करना और निःस्वार्थ सेवा करना हमारे भीतर दया विकसित कर सकता है।

ध्यान में, हम ईश्वर के साथ एकाकार हो रहे हैं, जो सभी दया और प्रेम का स्रोत है। जब हम ध्यान के माध्यम से अपने भीतर की ओर जाते हैं, तो हम आंतरिक यात्रा पर पुनः भगवान की ओर बढ़ते हैं। यह प्रेम और दया की यात्रा है। हम प्रेम के सुरक्षात्मक आलिंगन में लिपटे हुए हैं। उस अवस्था में दया के सिवा किसी चीज के लिए कोई स्थान नहीं होता।

ध्यान हमें उन क्षेत्रों में ले जाता है जहां हम खुद को आत्मा के रूप में देखते हैं और जानते हैं कि हम सृष्टिकर्ता के अंश हैं। हम सर्व-सचेत हो जाते हैं। यह उस स्तर पर होना है कि हम अधिक प्यार करने वाले और देखभाल करने वाले इंसान बन जाते हैं।

ध्यान से हमें जो परिवर्तन मिलता है वो वह है जो हमारे पास नहीं है। यह एक दिव्य सुगंध की तरह है जो वातावरण में फैलती है। जब हम अपने लिए इस उपहार को प्राप्त करने के लिए तैयार होंगे, तो हमें दुनिया को बदलने में ज्यादा समय नहीं लगेगा।

**– लेखक एक आध्यात्मिक नेता हैं।**

# कोविड-19 के उपरांत मायने रखती है आस्था





प्रमोद पाठक

मानवता के विश्वास डगमगाने से कोविड-उपरांत दुनिया में सुधार आसान नहीं होगा। इन दो वर्षों में कोरोना का डर एक बुरा सपना था, जिसे भूलना हममें से ज्यादातर लोगों के लिए मुश्किल होगा। एकमात्र रास्ता विश्वास है। ईश्वर पर भरोसा। मानवता में विश्वास। अपने आप में विश्वास। लेकिन विश्वास को समझना कठिन है। इसका अधिक से अधिक अभ्यास करें। पैथोफोबिया से प्रेरित समूची मानवता के लिए, 1960 के दशक की बॉलीवुड फिल्म गाइड का एक एपिसोड कुछ सुराग दे सकता है। इस फिल्म ने न केवल मनोरंजन प्रदान किया, बल्कि उन लोगों की भी आत्मा को समृद्ध किया जो देख और सुन सकते थे। राजू गाइड, देव आनंद द्वारा अभिनीत नायक, परिस्थितियों से मजबूर होकर सामान्य भलाई के लिए संन्यासी बन जाता है। सूखी भूमि पर वर्षा लाने के लिए उनके अनशन पर बैठने की खबर फैलते ही चारों ओर से भीड़ उमड़ पड़ती है, जो उस स्थान को तीर्थ में बदल देती है। इस खबर के दूर-दूर तक फैलने के साथ ही इस कार्यक्रम को कवर करने के लिए एक विदेशी पत्रकार भी मौजूद होता है। महिला और नायक के बीच संवाद दिलचस्प है। "स्वामी, क्या आप मानते हैं कि आपके उपवास से जगह-जगह बारिश होगी!" महिला पूछती है। स्वामी ने दार्शनिक भाव से उत्तर दिया कि यदि 40 करोड़ लोग (तब भारत की आबादी) एक दिन भोजन छोड़ देते हैं, तो यह उतने ही लोगों को एक दिन के लिए भोजन करा सकता है। सवाल यह नहीं है कि बारिश होगी या नहीं, यह भी नहीं है कि वह रहता है या मर जाता है। सवाल यह है कि क्या इस खूबसूरती से सजी धजी दुनिया के पीछे कोई है, और यदि हां, तो क्या वह अपने लोगों की सुनता है। टेलीलॉजिकल तर्क का यह टुकड़ा एक लोकप्रिय ईश्वरवादी दावा है जो ईश्वर के अस्तित्व का प्रमाण प्रदान करता है। लेकिन इससे भी ज्यादा महत्वपूर्ण यह है कि फिल्म में बाद में क्या होता है। स्वामी की मृत्यु हो जाती है, लेकिन बारिश होती है, फिर भी, अपनी बात साबित करते हुए। ईश्वर है, और वह सुनता है। यही इस मामले कि जड़ है।

विश्वास है कि ईश्वर है और विश्वास है कि संकट के समय वह अपने लोगों के साथ खड़ा होता है। अनिश्चितताओं से भरी इस दुनिया में केवल विश्वास ही काम करता है। आस्था ईश्वर है। विश्वास शक्ति है। आस्था धर्म है। किसी भी धार्मिक क्रम में सृष्टि की कहानी को कभी भी वैज्ञानिक विवरण का अंश नहीं माना जाना चाहिए। इसे इस विश्वास की शास्त्रीय पौराणिक अभिव्यक्ति के रूप में देखा जाना चाहिए कि संपूर्ण प्राकृतिक व्यवस्था एक दैवीय रचना है। ईश्वर ही इस दुनिया का एकमात्र शासक और राज्यपाल है और हर चीज के पीछे की दिव्य योजना है। इस प्रकार, ईसाई कहावत, कि विश्वास मत करो ताकि तुम आस्था रख सको, विश्वास रखो ताकि तुम आस्था रख सको। विश्वास चीजों को घटित करता है। चिकित्सा विज्ञान में, चिकित्सा में आस्था की शक्ति का बार-बार परीक्षण किया गया है। आस्था की उपचारात्मक शक्ति को प्लेसीबो प्रभाव के माध्यम से मनोविज्ञान प्रयोगशालाओं में सिद्ध किया गया है। आस्था कई चमत्कारों का आधार है। आप देखते हैं कि आप क्या मानते हैं। कभी-कभी आप वही बनाते हैं जो आप मानते हैं। लेकिन अंतर्निहित शर्त है – सौ फीसदी आस्था।

इसलिए मेडिकल कॉलेजों में विद्यार्थियों को कहा जाता है कि जो मन नहीं जानता वह आंखें नहीं देख सकतीं। प्राचीन ग्रीक पौराणिक कथाओं में, साइप्रस के मूर्तिकार राजा, पाइग्मेलियन ने आदर्श महिला की एक मूर्ति बनाई, उस अपनी रचना से प्यार हो गया, और अपनी इच्छा के बल पर और देवी वीनस की सहायता से, उसने उसे जीवित कर दिया। सदियों बाद, जॉर्ज बर्नार्ड शॉ ने इसी तरह की थीम का उपयोग करते हुए विश्व प्रसिद्ध नाटक पाइग्मेलियन लिखा। आधुनिक प्रबंधन साहित्य में, पाइग्मेलियन प्रभाव नामक घटना की पहचान की गई है। यह सुझाव देता है कि यदि बातों पर विश्वास किया जाता है, तो वे स्वतः पूर्ण भविष्यवाणियां बन जाती हैं। इच्छाएं, तब, घोड़े बन सकती हैं।

**– पाठक प्रबंधन, लेखक, सार्वजनिक वक्ता और प्रशंसित प्रोफेसर हैं।**

# मानसिक स्वास्थ्य का करें उपचार



**अनामिका यदुवंशी कहती हैं कि आपका मानसिक स्वास्थ्य स्वस्थ रिश्ते में और प्रतिकूल परिस्थितियों को अपनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है**

स्वस्थ जीवन के लिए मानसिक और भावनात्मक स्वास्थ्य महत्वपूर्ण है, क्योंकि वे आपके सोचने, कार्य करने और महसूस करने में भूमिका निभाते हैं। जब आप भावनात्मक रूप से स्वस्थ होते हैं तो काम करना, पढ़ना या दूसरों की देखभाल करना अधिक उत्पादक हो सकता है। आपका मानसिक स्वास्थ्य एक स्वस्थ रिश्ते में और प्रतिकूल परिस्थितियों के अनुकूल होने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

अपना ख्याल रखना और जीवन का पूरा आनंद लेना अत्यावश्यक है। अपने मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल करने के लिए यहां कुछ सुझाव दिए गए हैं :


- **स्वयं को पहले रखें :** आत्म-आलोचना से बचें, और खुद के साथ दया और सम्मान के साथ व्यवहार करें। अपने शौक और पसंदीदा परियोजनाओं पर विचार करें, और अपने क्षितिज को व्यापक बनाने पर विचार करें। डांस क्लास लें, कोई वाद्य बजाएं, हर दिन पहेलियां हल करें, बगीचा लगाएं, या कोई दूसरी भाषा सीखें।
- **अच्छे लोगों को अपनाएं :** मजबूत सामाजिक या पारिवारिक संबंध वाले लोग आमतौर पर इन संबंधों से वंचित लोगों की तुलना में अधिक स्वस्थ होते हैं। आप किसी क्लब, कक्षा या सहायता समूह में भी शामिल हो सकते हैं जहां आप नए लोगों से मिल सकते हैं। सहयोगी परिजनों वे दोस्तों के साथ योजनाएं बनाएं।
- **अपने मन को शांत करें :** ध्यान करें, समझदारीपूर्ण अभ्यास करें, या प्रार्थना करें। एक आरामदेह व्यायाम और प्रार्थना आपके मानसिक व भावनात्मक स्वास्थ्य को उन्नत बना सकते हैं। ध्यान आपको शांत कर सकता है और आपके चिकित्सीय प्रभाव को बढ़ा सकता है।
- **बातचीत करें :** अपनी भावनाओं के बारे में बात करना कोई कमजोरी नहीं है। यह स्वस्थ रहने और अपने स्वास्थ्य पर नियंत्रण रखने का हिस्सा है। किसी ऐसी चीज के बारे में बात करना ठीक है जिस पर आप लंबे समय से विचार कर रहे हैं। ऐसा करने से आपका तनाव दूर होगा और आपका मन शांत होगा।
- **शराब या अन्य नशीले पदार्थों का सेवन न करें :** जितना हो सके अन्य दवाओं के सेवन और शराब पीने से बचें। शराब और अन्य नशीले पदार्थों का उपयोग कभी-कभी स्व-उपचारक औषधि के साधन के रूप में किया जा सकता है, लेकिन वे समस्याएं और भी बदतर कर देते हैं।
- **यदि आपको सहायता की आवश्यकता है, तो उसकी मांग करें :** सहायता मांगने का कार्य शक्ति प्रदर्शित करता है, कमजोरी नहीं। साथ ही, उपचार कारगर होता है, इसलिए हार न मानें। सही देखभाल के साथ, लोग मानसिक बीमारी और लत से उबर सकते हैं और खुशहाल जीवन जी सकते हैं।

हम एक तेज-तर्रार दुनिया में रहते हैं, जहां अक्सर हम अपने मानसिक स्वास्थ्य को नजरअंदाज कर देते हैं। खुश और स्वस्थ रहने के लिए हमें अपने मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए।

**– लेखिका जीवन प्रशिक्षक और प्रेरक उपचारक हैं।**

# आत्म चेतना है सहायक

**अजीत कुमार बिश्नोई का कहना है, भगवान सेवा भाव में किए गए कार्यों की सराहना करते हैं क्योंकि वे भलाई में योगदान करते हैं**



कर्मफल सिद्धांत, जैसा कि ईश्वर द्वारा निर्धारित किया गया है, ईश्वर द्वारा प्रदत्त दिशा-निर्देशों के अनुसार ही ईश्वरीय अधिकारियों द्वारा लागू किया जाता है। वे प्रभाव के प्रति भावुक हुए बिना उन्हें सख्ती से लागू करते हैं। आत्म-चेतना के लाभों के बारे में बताना जारी रखते हुए, यह हमारा ईश्वर के अस्तित्व में दृढ़ विश्वास भी विकसित करता है, जो सभी परिस्थितियों में मदद कर सकता है, क्योंकि कर्म दो प्रकार के होते हैं : भौतिक और आध्यात्मिक। ये आध्यात्मिक कार्य भगवान के दायरे में आते हैं, वही हमें अनेक प्रकार से पुरस्कृत कर सकता है। ये भौतिक कर्मों से श्रेष्ठ हैं। इसीलिए, व्यक्ति को साधना करने के लिए प्रेरित किया जाता है, और उसके कई तरीके होते हैं। व्यक्ति अपने स्वभाव के अनुसार उनमें से कोई भी चुन सकता है। उदाहरण के लिए, मैंने नाम का जाप करना, आध्यात्मिक ग्रंथ लिखना और उनके चित्र रूपों में भगवान के 'दर्शन' करने का विकल्प चुना है।

आत्मचेतना से प्रबल होने वाली ईश्वरीय चेतना अनेक लाभ लेकर आती है। एक बार जब मुझे उनकी उपयोगिता के बारे में पता चला तो मैं साधना करने के प्रति गंभीर हो गया। मुझे सबसे ज्यादा क्या चाहिए था? बेशक मन की शांति। यह केवल भगवान (भगवद गीता 2.66) से आ सकती है, क्योंकि वही किसी भी समस्या का समाधान कर सकता है, जिसका हम सामना कर रहे हैं। कई व्यक्तिगत मामले हैं, जिनके बारे में केवल हम और भगवान ही अवगत हो सकते हैं। यदि हम किसी भी समस्या का समाधान नहीं कर पाते हैं, तो उत्तर ईश्वर की ओर से आना चाहिए, जो हमारे बारे में हर बात से अवगत हैं। मुझे सुखद आश्चर्य हुआ जब ईश्वर की ओर से एक समाधान आया, जो केवल वही अपने सर्वज्ञ होने के कारण प्रदान कर सकते थे। इस तरह की घटनाओं ने मुझे आध्यात्मिक कार्य करने के प्रति गंभीर होने में मदद की है, बदले में भगवान से कई वरदान प्राप्त किए हैं, क्योंकि आध्यात्मिक क्षेत्र में भी वही कर्मफल सिद्धांत संचालित होता है, सिवाय इसके कि कर्म आध्यात्मिक हों।

धीरे-धीरे मेरा ईश्वर में विश्वास बढ़ता गया। अन्य लाभ भी अनिवार्य रूप से सामने आए हैं। शरीर से लगाव कम होने से मृत्यु का भय कुछ कम होने लगा, क्योंकि मैं समझता हूँ कि ईश्वर मेरे जीवन का

परम मध्यस्थ है। जैसे-जैसे मैं उससे जुड़ता गया हूं, मुझे पूरा यकीन हो रहा है कि भगवान मेरी देखभाल करेंगे। मौत से ज्यादा, दुखद मौत मरने के प्रति मेरा डर काफी कम होने लगा।

आत्म-अभिमानी बनने से कुछ और लाभ हमें उत्तरोत्तर प्राप्त होंगे। हम अगले जन्म के लिए बेहतर तैयारी करेंगे, जो निश्चित रूप से होगा। हम सभी की कई इच्छाएं होती हैं। 'धर्म' (7.11) के अनुसार इच्छाएं रखने में कुछ भी गलत नहीं है, हम अगले जन्म में उन्हें पूरा होते देखने की उम्मीद कर सकते हैं, अगर किन्हीं कारणों से हमें इस जीवन में सफलता नहीं मिल पाती है। हमें बस इतना करना है कि निर्धारित व्यवहार (6.17) के साथ चलते रहना है। भगवान बहुत दयालु है, वह अवश्य मदद करेगा। तथापि, ईश्वर सेवा भाव से किए गए कार्यों की अधिक सराहना करते हैं, क्योंकि वे सामान्य कल्याण में योगदान करते हैं।

**–बिश्नोई एक आध्यात्मिक लेखक हैं।**